चैत्र कृष्ण पक्ष द्वितीया
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 27 मार्च 2024
वर्ष -2, अंक -215, पृष्ठ - 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



अलनीनो ने तेजी से बढ़ाया समुद्र का जलस्तर 16

...मां ने घर से निकाल देने की दी थी धमकी 2

# मोदी ने संदेशखालि पीड़ित प्रत्याशी से की बात, बताया शक्ति स्वरूपा

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को बशीरहाट लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी रेखा पात्रा से बात की, जिन्होंने पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में महिलाओं के यौन उत्पीडन का मुद्दा उठाया था। पार्टी के नेताओं ने यह जानकारी दी।

टीएमसी नेता शाहजहां शेख के कथित अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठाने वाली पात्रा ने संदेशखालि की महिलाओं की पीड़ा सुनाई। भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि टीएमसी समर्थकों ने शुरू में भाजपा से उनकी उम्मीदवारी का विरोध किया, लेकिन अब उनका समर्थन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह कुछ ऐसा करेंगी कि जिससे लोगों को यहीं रोजगार मिले। प्रधानमंत्री ने उन्हें 'शक्ति स्वरूपा' कहकर संबोधित किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आपने संदेशखालि में लड़ाई लड़ी, आप 'शक्ति स्वरूपा' हैं...। उन्हें जनता तक यह संदेश ले जाना चाहिए कि टीएमसी सरकार राज्य के लोगों के खिलाफ कैसे काम कर रही है।



● रेखा पात्रा ने टीएमसी नेताओं के शोषण का मुद्दा उठाया था

### पिछले चुनाव में यहां से टीएमसी को मिली थी जीत

बशीरहाट, पश्चिम बंगाल की 42 लोकसभा सीट में से एक है। पिछले लोकसभा चुनाव में यहां से तृणमूल कांग्रेस को जीत मिली थी। तृणमूल कांग्रेस से निलंबित शेख और उसके कुछ सहयोगियों को ईडी अधिकारियों पर हमले के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है और वे सीबीआई की हिरासत में हैं।

## हिंदू हर मंगलवार को पूजा और मुसलमान शुक्रवार को वहां पढ़ सकते हैं नमाज

# एएसआई सर्वेक्षण के दौरान हिंदुओं ने भोजशाला में की पूजा

धार, एजेंसी

मध्य प्रदेश के धार जिले में विवादास्पद भोजशाला/कमाल मौला मस्जिद परिसर में मंगलवार को हिंदुओं ने पूजा-अर्चना की। साथ ही भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की टीम ने कोर्ट की ओर से निर्देशित सर्वेक्षण भी जारी रखा।

सात अप्रैल 2003 के एएसआई के आदेश के अनुसार हिंदुओं को हर मंगलवार को भोजशाला परिसर के अंदर पूजा करने जबकि मुसलमानों को शुक्रवार को वहां पर नमाज अदा करने की अनुमति दी गई है। सर्वेक्षण शुरू होने से पहले सुबह करीब 7.15 बजे हिंदू श्रद्धालु ऐतिहासिक परिसर में पहुंचे। 11 मार्च को मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने एएसआई को छह सप्ताह के भीतर भोजशाला परिसर का वैज्ञानिक सर्वेक्षण करने का निर्देश दिया था। मध्यकालीन युग के इस स्मारक को हिंदू, देवी वाग्देवी (सरस्वती) का मंदिर मानते हैं और मुस्लिम समुदाय इसे कमाल मौला मस्जिद कहता है। अदालत के निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए वरिष्ठ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ एएसआई की टीम ने 22 मार्च को आदिवासी बहुल जिले में विवादित परिसर में अपना सर्वेक्षण शुरू किया। भोज उत्सव समिति के उपाध्यक्ष बलवीर सिंह ने कहा कि एएसआई सर्वे से विवाद का बेहतर समाधान निकलेगा। उन्होंने दावा किया कि यह मां सरस्वती का मंदिर है और उन्होंने इसे हिंदुओं को देने की मांग की। इससे पहले, प्रसिद्ध पुरातत्वविद् केके मुहम्मद ने दावा किया था कि विवादास्पद परिसर मंदिर था और बाद में इसे इस्लामी पूजा स्थल में बदल दिया गया। माना जाता है कि एक हिंदू राजा भोज ने 1034 ई. में भोजशाला में वाग्देवी की मूर्ति स्थापित की थी। हिंदू समूहों का कहना है कि अंग्रेज इस मूर्ति को 1875 में लंदन ले गए थे।



● 7 अप्रैल 2003 के एएसआई ने दिया था आदेश

### भोजशाला में एएसआई का सर्वेक्षण जारी

भोजशाला परिसर में एएसआई विभाग का दल सुरक्षा प्रबंधों के बीच पहुंचा। भोजशाला परिसर में हिंदू सरस्वती देवी का मंदिर मानकर पूजा-अर्चना करते हैं, जबकि मुस्लिम इसे इबादतस्थल मानते हैं। यह व्यवस्था 20 वर्ष पहले बनाई गई थी। हाल ही में राज्य उच्च न्यायालय ने एएसआई को भोजशाला का सर्वेक्षण करने का आदेश दिया है। एएसआई की टीम ने पिछले सप्ताह से सर्वेक्षण की कार्रवाई प्रारंभ की। होली के अवकाश के बाद मंगलवार को फिर से टीम ने सर्वेक्षण शुरू कर दिया है।

## एक नजर

### सीआईएससीई की 12वीं मनोविज्ञान की परीक्षा स्थगित

नई दिल्ली। काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशंस (सीआईएससीई) ने 12वीं कक्षा की मनोविज्ञान की परीक्षा स्थगित कर दी। परीक्षा से एक दिन पहले एक केंद्र से प्रश्नपत्र के पैकेट खो जाने के बाद ये परीक्षा स्थगित करने की मंगलवार को घोषणा की गई। सीआईएससीई ने बताया कि अब यह परीक्षा चार अप्रैल को अपराह्न दो बजे आयोजित की जाएगी। बोर्ड की उप सचिव संगीता भाटिया ने बताया कि एक परीक्षा केंद्र ने 12वीं कक्षा के मनोविज्ञान विषय के प्रश्नपत्र के खो जाने की सूचना दी है।

### सीयूईटी-स्नातक के लिए आवेदन की अंतिम समयसीमा 31 तक बढ़ी

नई दिल्ली। साझा विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी)-स्नातक के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 31 मार्च तक बढ़ा दी गई है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष एम. जगदीश कुमार ने मंगलवार को यह घोषणा की। पहले यह समय सीमा मंगलवार रात 11 बजे तक थी। उन्होंने कहा, "अभ्यर्थियों और अन्य हितधारकों से प्राप्त अनुरोध के आधार पर सीयूईटी-यूजी - 2024 के लिए आवेदन पत्र ऑनलाइन जमा करने की समय सीमा 31 मार्च 2024 को रात 9 :50 बजे तक बढ़ा दी गई है।" परीक्षा 15 से 31 मई तक आयोजित होनी है।

### भाजपा उम्मीदवारों की छठी सूची जारी

नई दिल्ली। भाजपा ने मंगलवार को लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अपनी छठी लिस्ट जारी कर दी। इस लिस्ट में राजस्थान और मणिपुर के उम्मीदवारों के नाम हैं। इससे पहले रविवार को भाजपा ने अपनी पांचवीं लिस्ट जारी की थी। इस सूची में यूपी-बिहार समेत तमाम अन्य राज्यों के उम्मीदवारों के नाम थे। पांचवी सूची में अभिनेत्री कंगना रनौत को बीजेपी ने हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से उम्मीदवार बनाया, जबकि यूपी की पीलीभीत सीट से वरुण गांधी का टिकट कट गया है। उनकी जगह जितिन प्रसाद को उम्मीदवार बनाया गया है। इसके अलावा, कुरुक्षेत्र सीट से बीजेपी ज्वाइन करने वाले नवीन जिंदल को उतारा गया है। पांचवी लिस्ट में भारतीय जनता पार्टी ने 111 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की थी।

# अकाली दल से नहीं बनी बात पंजाब में अकेले लड़ेगी भाजपा

## पंजाब भाजपा के अध्यक्ष ने सभी सीटों पर उम्मीदवार उतारने की घोषणा की

नई दिल्ली, अमृत विचार नेटवर्क/एजेंसी

पंजाब में भाजपा ने अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान किया। शिरोमणि अकाली दल से गठबंधन न होने पर पार्टी ने यह फैसला लिया है। कई दिनों से ये माना जा रहा था कि दोनों दल साथ चुनाव लड़ेंगे, लेकिन अब पंजाब के बीजेपी अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने साफ कर दिया है कि पंजाब की सभी सीटों पर पार्टी अकेले चुनाव लड़ेगी। जाखड़ ने कहा कि पंजाब के बेहतर भविष्य के लिए पार्टी ने ये फैसला लिया है।

अकाली दल ने बीजेपी के सामने दो मुद्दे रखे थे, इनमें से पहला था किसानों को एमएसपी दिया जाना और दूसरा था बंदी सिखों पर फैसला लेने का। सजा पूरी होने के बावजूद बंदी सिखों की रिहाई की मांग अकाली दल लंबे समय से करता आ रहा है। करीब डेढ़ महीने से पंजाब हरियाणा बॉर्डर पर किसान एमएसपी की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं और अकाली दल चाहता था कि इस मुद्दे का भी हल निकाला जाए। 2020 में कृषि कानूनों को लेकर किसान प्रदर्शन कर रहे थे तभी अकाली दल और बीजेपी अलग हो गए थे। 2020 में तीन कृषि कानून के खिलाफ किसानों का गुस्सा बढ़ता जा रहा था अकाली दल के खिलाफ भी किसान उतर आए थे। शिअद को नुकसान होता देख पार्टी ने बीजेपी से किनारा कर लिया था। 2022 के विधानसभा चुनाव दोनों पार्टियों ने अलग-अलग लड़े थे। लोकसभा चुनाव में दोनों के गठबंधन के कयास लगाए जा रहे थे।



● पंजाब के बेहतर भविष्य के लिए पार्टी ने लिया ये फैसला : जाखड़

### हमारे लिए संख्या बल नहीं, सिद्धांत महत्वपूर्ण : शिअद



भाजपा फैसले के बाद शिरोमणि अकाल दल प्रमुख सुखबीर सिंह बादल ने कहा कि उनकी पार्टी के लिए संख्या बल से अधिक महत्वपूर्ण सिद्धांत हैं। उन्होंने वोट की राजनीति पर राष्ट्रीय पार्टियों को आड़े हाथ लिया। बादल ने कहा, शिअद कोई साधारण राजनीतिक दल नहीं है। 103 साल पुरानी शिरोमणि अकाली दल की जिम्मेदारी पंजाब एवं कौम की सुरक्षा, शांति एवं भाईचारा बनाए रखने की है। अकाली दल का गठन सरकार बनाने के लिए नहीं हुआ था।

### भाजपा में शामिल हुए कांग्रेस सांसद रवनीत सिंह बिट्टू



नई दिल्ली। पंजाब से तीन बार कांग्रेस के सांसद रहे रवनीत सिंह बिट्टू मंगलवार को भाजपा में शामिल हो गए। बिट्टू ने दावा किया कि लोगों ने प्रधानमंत्री मोदी को फिर से सत्ता में लाने का मन बना लिया है। बिट्टू पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह के पोते हैं। बेअंत सिंह को राज्य में आतंकवाद विरोधी अभियान का नायक माना जाता है। पद पर रहते हुए आतंकवादी हमले में उनकी हत्या कर दी गई थी। बिट्टू लोकसभा में लुधियाना का प्रतिनिधित्व करते हैं। भाजपा में शामिल होने के बाद उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित अन्य नेताओं की सराहना की।

# दिल्ली में सड़कों पर उतरी आप कई नेताओं को हिरासत में लिया

नई दिल्ली, एजेंसी

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ आम आदमी पार्टी मंगलवार को यहां सड़कों पर उतरी और जब उसके कई नेताओं, कार्यकर्ताओं ने केजरीवाल जिंदाबाद के नारे लगाते हुए पटेल चौक से लोक कल्याण मार्ग स्थित प्रधानमंत्री निवास की ओर कूच करने की कोशिश की तो उन्हें हिरासत में ले लिया गया।

राष्ट्रीय राजधानी को किले में तब्दील किए जाने का दावा करते हुए आप की दिल्ली इकाई के संयोजक गोपाल राय ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जिस तरह केंद्र सरकार ने शहर में धारा 144 के तहत पाबंदियां लगाई हैं, उससे ऐसा लगता है कि दिल्ली 'पुलिस राज्य' बन गई है। पुलिस ने प्रधानमंत्री आवास के आसपास के इलाके समेत राष्ट्रीय राजधानी के कई हिस्सों में भी सुरक्षा कड़ी कर रखी है। पुलिस ने अपने कर्मियों के साथ-साथ अर्धसैनिक बलों को तैनात किया है। लोक कल्याण मार्ग मेट्रो स्टेशन बंद कर दिया गया है जबकि पटेल चौक और केंद्रीय सचिवालय मेट्रो स्टेशनों पर भी अगले आदेश तक प्रवेश एवं निकास संबंधी बंदिशें लगाई गई हैं। आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता सोमनाथ भारती, दिल्ली विधानसभा की उपाध्यक्ष राखी बिड़लान, और पंजाब सरकार के मंत्री हरजोत सिंह बैंस समेत पार्टी के कई नेताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। राय ने कहा कि पुलिस बल का प्रयोग करने से यह आंदोलन नहीं रुकेगा।

उन्होंने दावा किया कि पार्टी की महिला कायकर्ताओं को घसीटा गया और उन्हें हिरासत में ले लिया गया। आप कार्यकर्ता सुबह से ही समूह में पटेल चौक मेट्रो स्टेशन के पास पहुंचने लगे क्योंकि पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोक कल्याण मार्ग स्थित आधिकारिक आवास को घेरने के लिए मार्च का आह्वान किया था। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि पटेल चौक क्षेत्र में धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लगी है, हम यहां किसी को इकट्ठा होने की इजाजत नहीं देंगे।

इस चेतावनी के बाद राय ने कहा कि इस देश में तानाशाही के खिलाफ लड़ाई उन लोगों का संघर्ष है जिन्हें लोकतंत्र एवं संविधान पसंद है। उन्होंने घोषणा की कि 31 मार्च को यहां रामलीला मैदान में होने वाली महारैली की तैयारी चल रही है। राय ने कहा कि इस रैली में लाखों लोग मौजूद रहेंगे तथा विपक्षी इंडिया गठबंधन के नेता केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ आवाज उठायेंगे। आप के वरिष्ठ नेता भारती ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर किए पोस्ट में कहा कि पुलिस ने उन्हें दिल्ली विधानसभा की उपाध्यक्ष एवं मंगोलपुरी से पार्टी की विधायक राखी बिड़लान के साथ हिरासत में ले लिया है। भारती ने कहा "यह देखकर हैरानी होती है कि दिल्ली पुलिस शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे 'आप' समर्थकों को गिरफ्तार कर रही है, जबकि भाजपा को रोकने के लिए कुछ नहीं कर रही है।



● पंजाब सरकार के मंत्री हरजोत सिंह बैंस समेत पार्टी के कई नेताओं को पुलिस ने हिरासत में

● आप नेताओं ने नारे लगाते हुए प्रधानमंत्री आवास की ओर कूच करने की कोशिश की

# राम मंदिर परिसर में एके 47 से चली गोली, पीएसी कमांडो की हालत गंभीर

अयोध्या कार्यालय

● गोली सीने से पार, घटना के बाद हलचल, छानबीन में जुटी पुलिस

**अमृत विचार :** राम जन्मभूमि परिसर में मंगलवार की शाम एक पीएसी कमांडो को एके-47 की गोली लग गई। गोली उसके बाई तरफ छाती से होते हुए पार हो गई। गंभीर हाल में कमांडो को श्रीराम अस्पताल और फिर मेडिकल कॉलेज दर्शन नगर ले जाया गया। घायल कमांडो को लखनऊ रेफर कर दिया गया है।

लखनऊ की 32 बटालियन पीएसी के जवानों की ड्यूटी राम जन्मभूमि परिसर की सुरक्षा में लगाई गई है। इसी बटालियन के ए दल के प्लाटून कमांडर रामप्रसाद (50) पुत्र अवसान कमांडो के रूप में तैनात थे। मंगलवार शाम लगभग 6 बजे कमांडो को परिसर स्थित पीएसी पोस्ट में ही संदिग्ध हाल में एक-47 की गोली लग गई। मौके पर मौजूद साथी जवान व परिसर की सुरक्षा में तैनात कर्मियों ने परिसर में फायरिंग की आवाज सुनी तो हलचल मच गई। आस-पास के लोग दौड़े और मामले की जानकारी अधिकारियों को दी। साथी जवानों ने घायल कमांडो को तत्काल श्रीराम अस्पताल पहुंचाया। श्री राम अस्पताल के इमरजेंसी ड्यूटी पर चिकित्सक ने कमांडो को तत्काल मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। मेडिकल कॉलेज दर्शन नगर पहुंचने पर डाक्टरों ने परीक्षण और एक्सरे कराया तो पता चला की गोली आरपार हो गई है। हालत गंभीर देख कमांडो को लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। घायल कमांडो मूल रूप से परिक्षेत्र के अमेठी जनपद स्थित जायस थाना क्षेत्र के अचलपुर गांव का निवासी है। लगभग 6 माह से यहां राम जन्मभूमि परिसर की सुरक्षा ड्यूटी में तैनात था।

राम जन्मभूमि थाने के प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र पांडे ने बताया कि पोस्ट में ही असलहा साफ करने के दौरान गोली चलने से कमांडो घायल हुआ है। एसपी सुरक्षा पंकज पांडेय ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# अमरोहा : भाजपा नेता अजीत चौधरी ने तमंचे से गोली मारकर की आत्महत्या



**अमरोहा।** पंडित दीनदयाल नगर कॉलोनी में किराये के मकान में रह रहे भाजपा नेता अजीत चौधरी ने तमंचे से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने तमंचा बरामद किया है। अजीत चौधरी मूल रूप से डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव वासीपुर गांव के रहने वाले थे। वह भाजपा में जोया मंडल के महामंत्री रहे। उन्होंने दो बार जिला पंचायत सदस्य का चुनाव भी लड़ा था। परिजनों ने बताया कि सोमवार को उन्होंने परिवार वालों के साथ होली मनाई। रात 10 बजे वह घर की छत पर गए । यहां उन्होंने पहले हवाई फायर किया। इसके बाद अपने सीने में तमंचा से गोली मार ली। गोली की आवाज सुनकर पत्नी सिंपल छत पर पहुंची तो अजीत को लहूलुहान हालत में देखकर होश उड़ गए। पत्नी के शोर मचाने पर मोहल्ले के लोगों की भीड़ जमा हो गई। अजीत को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# मुख्तार अंसारी बीमार, इलाज कराकर वापस भेजा बांदा जेल

कार्यालय संवाददाता,बांदा

**अमृत विचार :** बांदा जेल में बंद गैंगस्टर मुख्तार अंसारी को सोमवार आधी रात तबियत बिगड़ने पर जेल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। अंसारी को आईसीयू में रखकर एक दर्जन जांचें कराई गईं। मंगलवार देर शाम उसे जेल में भेज दिया गया।

मुख्तार अंसारी की सोमवार रात अचानक हालत बिगड़ी तो जिला जेल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर तत्काल कड़ी सुरक्षा के बीच नरैनी रोड स्थित रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने अंसारी को आईसीयू में रखकर तमाम जांचें कराईं। मेडिकल कॉलेज से जारी बुलेटिन के अनुसार पेट में दर्द होने पर मुख्तार को भर्ती कराया गया था। इलाज के बाद मंगलवार देर शाम उसे वापस जेल भेज दिया गया। खबर मिलते ही भाई अफजाल अंसारी, बेटा उमर अंसारी मिलने के लिए सुबह बांदा आए। अंसारी का एक चचेरा भाई भी आया। प्रशासनिक अधिकारियों ने सिर्फ अफजाल अंसारी को ही उससे मिलने दिया। बेटे उमर का आरोप था कि वह 900 किलोमीटर की दूरी से पिता से मिलने आया, लेकिन प्रशासन ने पिता से नहीं मिलने दिया, वह सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएगा।



● सोमवार आधी रात के बाद आईसीयू में भर्ती कराया, कराई गईं एक दर्जन जांचें

# फतेहपुर में मजदूरों पर चढ़ाया ट्रैक्टर, दो की गई जान

कार्यालय, संवाददाता फतेहपुर

● नशे में की वारदात, एक मजदूर गंभीर रूप से घायल

**अमृत विचार :** रविवार रात होली से पहले खेत में शराब और मीट पार्टी के दौरान नशे में धुत खेत मालिक ने मजदूरों पर ट्रैक्टर चढ़ा दिया। इससे दो मजदूरों की मौत हो गई जबकि एक अन्य घायल हो गया। उसका उपचार चल रहा है।

चांदपुर थाना क्षेत्र के दपसौरा गांव के राम बहुदार निषाद ने खेत में गेहूं की कटाई के लिए मजदूर मनोज निषाद निवासी रूरा को ट्रैक्टर ट्राली और मशीन संग बुलाया था। कटाई के लिए अन्य मजदूर मइयादीन, कल्लू और चुन्नू सिंह होली पर खेत पर शराब पार्टी कर रहे थे। खेत मालिक राम बहुदार ने नशे में ट्रैक्टर को स्टार्ट कर दिया और मीट बना रहे मजदूरों को रौंद दिया। घायल मनोज, कल्लू और मइयादीन को पुलिस ने सीएचसी अमौली में भर्ती कराया, जहां पर डॉक्टर ने मनोज को मृत घोषित कर दिया और घायल कल्लू व मइयादीन को जिला अस्पताल भेज दिया। जिला अस्पताल में मइयादीन निषाद की भी मौत हो गई। एएसपी विजय शंकर मिश्रा ने बताया कि नशे में खेत मालिक ने ट्रैक्टर दौड़ा दिया जिससे हादसा हुआ।

# के. कविता को तिहाड़ जेल ले जाया गया



**नई दिल्ली।** अदालत के आदेश के बाद भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता को तिहाड़ जेल ले जाया गया। अदालत ने मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की उस याचिका पर उन्हें नौ अप्रैल तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया था, जिसमें संघीय जांच एजेंसी ने कहा था कि यदि अति प्रभावशाली के. कविता को रिहा किया गया तो उनके द्वारा गवाहों को प्रभावित करने के अलावा सबूतों से छेड़छाड़ किए जाने की आशंका है।

# होली के बाद आज से चुनाव अभियान में उतरेंगे मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ।

**अमृत विचार :** गोरखपुर में रहकर होली मनाने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार से लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान में उतरने को तैयार हैं। दरअसल, लोकसभा आम चुनावों की घोषणा के बाद से ही शांत नजर आ रहे योगी अब नयी ऊर्जा के साथ चुनावी रैलियों में दिखने वाले हैं।

हालांकि रैलियों में शामिल होने से पहले से बुधवार से इस माह के अंत तक योगी उप्र. के अंदर प्रबुद्ध सम्मेलनों के जरिए अलग-अलग जिलों में प्रबुद्ध लोगों से वार्तालाप करेंगे। इस दौरान वह सरकार द्वारा किए गए कार्यों का पूरा लेखा-जोखा प्रस्तुत करेंगे। मुख्यमंत्री के प्रबुद्ध सम्मेलनों की शुरुआत पश्चिमी उप्र. से होने जा रही है, जहां पहले कुछ चरणों में चुनाव भी होने वाला है। 31 मार्च तक प्रस्तावित इन सम्मेलनों के माध्यम से मुख्यमंत्री यहां लोगों के साथ संवाद स्थापित कर वह चुनावों से पूर्व 'फिर एक बार मोदी सरकार' के संकल्प की चुनावी जमीन तैयार करेंगे।

योगी के इन सम्मेलनों की शुरुआत पश्चिमी उप्र. से हो रही है। पहले चरण यानी 19 अप्रैल को सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत में चुनाव होना है तो वहीं दूसरे चरण यानी 26 अप्रैल को अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा में चुनाव होना है।

## पश्चिमी उप्र. के कई जिलों में योगी आदित्यनाथ करेंगे प्रबुद्ध सम्मेलन



● 27 से 31 मार्च तक 5 दिनों में 15 जिलों में प्रबुद्ध जनों के साथ ही आम लोगों से भी होगा योगी का संवाद

### पांच दिन में 15 सम्मेलनों में लेंगे हिस्सा

भाजपा, उप्र. से जारी कार्यक्रम के अनुसार, योगी 27 से 31 मार्च तक यानी पांच दिनों में 15 जिलों को कवर करेंगे। उनके सम्मेलनों की शुरुआत बुधवार 27 मार्च को मथुरा, मेरठ और गाजियाबाद से होगी। अगले दिन 28 मार्च को मुख्यमंत्री का बिजनौर, मुरादाबाद और अमरोहा में कार्यक्रम है। योगी 29 मार्च को शामली, मुजफ्फरनगर और सहारनपुर में, 30 मार्च को बागपत (मोदीनगर), बुलंदशहर और गौतमबुद्धनगर में व 31 मार्च को बरेली, रामपुर और पीलीभीत में वह प्रबुद्ध सम्मेलन में हिस्सा लेंगे।

### मेरठ में 30 को मोदी, साथ होंगे जयंत चौधरी

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए प्रधानमंत्री मोदी 30 मार्च को मेरठ में रैली करेंगे। उसी मंच पर मोदी के साथ रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी भी होंगे। हालांकि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की प्रदेश भाजपा द्वारा अधिकारिक घोषणा न होने की वजह से कार्यक्रम में संशय बना हुआ है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में शामिल होने के बाद रालोद मुखिया पहली बार पीएम मोदी के साथ नजर आएंगे। मेरठ में मोदी की रैली से बागपत, मेरठ, बिजनौर की सीटों पर सीधा असर पड़ेगा।

# शिवम के अर्धशतक से सीएसके 200 पार




चेन्नई, एजेंसी

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने शिवम दूबे (51 रन) के अर्धशतक से मंगलवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ छह विकेट पर 206 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। सीएसके के लिए कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ और रचिन रविंद्र ने 46-46 रन का योगदान तथा पहले विकेट के लिए 62 रन की साझेदारी कर शानदार शुरूआत करायी। गुजरात टाइटन्स के लिए राशिद खान ने दो विकेट झटके जबकि साई किशोर, स्पेंसर जॉनसन और मोहित शर्मा को एक एक विकेट मिला। खबर लिखे जाने तक गुजरात ने 6.2 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 48 रन बना लिए थे। साई सुदर्शन 9 रन बनाकर क्रीज पर थे। वहीं चेन्नई सुपरकिंग्स के दीपक चाहर ने गुजरात के कप्तान शुभमन गिल और रिद्धीमान साहा को पवेलियन भेजा था।

## अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान रॉयल्स | 01 | 01 | 00 | 00 | 02 | +1.000 |
| चेन्नई सुपरकिंग्स | 01 | 01 | 00 | 00 | 02 | -0.779 |
| गुजरात टाइटंस | 01 | 01 | 00 | 00 | 02 | +0.300 |
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 01 | 01 | 00 | 00 | 02 | +0.200 |
| पंजाब किंग्स | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | +0.025 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | -0.180 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 | -0.200 |
| मुंबई इंडियंस | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 | -0.300 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 | -0.455 |
| लखनऊ सुपर जायंट्स | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 | -1.000 |

चेपॉक स्टेडियम में सोमवार को गुजरात ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। चेन्नई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 206 रन बनाए। रचिन रवींद्र (20 बॉल पर 46 रन) और शिवम दुबे (23 बॉल पर 51 रन) ने विस्फोटक पारियां खेलीं, जबकि कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने 36 बॉल पर 46 रन का योगदान दिया। अजिंक्य रहाणे ने 12 गेंदों पर 12 रन, समीर रिज्वी ने 6 गेंदों पर 14 रन, रविंद्र जडेजा ने 3 गेंदों पर 7 रन और डेरिल मिशेल ने 20 गेंदों पर नाबाद 24 रनों की पारी खेली। गुजरात की तरफ से राशिद खान ने दो विकेट झटके। वहीं साई किशोर, स्पेंसर जॉनसन और मोहित शर्मा ने एक-एक विकेट लिए। दूबे की पारी शानदार रही जिसमें उन्होंने साई किशोर पर दो गगनचुंबी छक्के जड़े और जॉनसन की गेंद पर भी छक्का जमाया। दूबे ने डेरिल मिचेल (20 गेंद में 24 रन) के साथ चौथे विकेट के लिए 5.5 ओवर में 57 रन की साझेदारी निभायी। जवाब में खेलते उतरी गुजरात टाइटंस की शुरुआत अच्छी नहीं रही। कप्तान शुभमन गिल और रिद्धीमान साहा के विकेट के रूप में टीम को दो झटके लगे।

### चेन्नई सुपर किंग्स :

| | |
|---|---|
| ऋतुराज का साहा बो जॉनसन | 46 |
| रचिन स्ट साहा बो राशिद खान | 46 |
| रहाणे स्ट साहा बो साई किशोर | 12 |
| शिवम का शंकर बो राशिद खान | 51 |
| डेरिल मिचेल रन आउट | 24 |
| समीर रिज्वी का मिलर बो शर्मा | 14 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 07 |

**अतिरिक्त** : 06

**कुल** : 20 ओवर में छह विकेट 206 रन

**गेंदबाजी** : अजमतुल्लाह ओमरजई 3-0-30-0, उमेश यादव 2-0-27-0, राशिद खान 4-0-49-2, साई किशोर 3-0-28-1, स्पेंसर जॉनसन 4-0-35-1, मोहित शर्मा 4-0-36-1

# कोहली की पारी से पंजाब पस्त

- पंजाब किंग्स की ओर से कप्तान शिखर धवन ने सर्वाधिक 45 रनों का योगदान दिया
- आरसीबी के लिए मोहम्मद सिराज और ग्लेन मैक्सवेल ने दो विकेट झटके
- आरसीबी के विराट कोहली को पारी की पहली ही गेंद पर मिला था जीवनदान

बेंगलुरु, एजेंसी

विराट कोहली के आक्रामक अर्धशतक की मदद से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने होली के दिन सोमवार को अपने घरेलू मैदान पर जीत के रंग बिखेरते हुए पंजाब किंग्स को आईपीएल के रोमांचक मैच में सोमवार को चार विकेट से हरा दिया। जीत के लिये 177 रन का लक्ष्य आरसीबी ने चार गेंद बाकी रहते हासिल किया। कोहली ने 49 गेंद में 11 चौकों और दो छक्कों की मदद से 77 रन बनाये। आरसीबी को आखिरी 24 गेंद में 47 रन की जरूरत थी जब दिनेश कार्तिक ने दस गेंद में नाबाद 28 और 'इंपैक्ट प्लेयर' महिपाल लोमरोर ने आठ गेंद में नाबाद 17 रन बनाये। कार्तिक ने फिनिशर की भूमिका बखूबी निभाते हुए हर्षल पटेल और अर्शदीप सिंह को छक्के जड़कर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया।



विराट कोहली

कोहली को अपनी पारी की पहली ही गेंद पर जीवनदान मिला और उसके बाद 33 के स्कोर पर भी वह बाल बाल बचे। दोनों बाद गेंदबाज सैम कुरेन थे। पहले ओवर में कैच छूटने के बाद उन्होंने कुरेन को तीन और चौके जड़कर 16 रन निकाले। उन्होंने कैगिसो रबाडा को चौका और लेग स्पिनर राहुल चाहर को भी छक्का लगाया। आरसीबी के दूसरे बल्लेबाजों को जहां रबाडा और स्पिनर हरप्रीत बरार ने परेशान किया, वहीं कोहली ने खुलकर शॉट लगाये। बरार ने चार ओवर में सिर्फ 13 रन देकर दो विकेट लिये। कोहली को हर्षल पटेल ने थर्डमैन पर बरार के हाथों लपकवाया। इससे पहले कप्तान शिखर धवन और जितेश शर्मा की उपयोगी पारियों के दम पर पंजाब किंग्स ने चिन्नास्वामी स्टेडियम की उछाल लेती पिच पर छह विकेट पर 176 रन बनाये। धवन ने 37 गेंद में 45 रन बनाये जबकि जितेश ने 20 गेंद में 27 रन की पारी खेली। प्रभसिमरन सिंह ने 17 गेंद में 25 रन बनाये। आरसीबी ने हरी भरी पिच पर टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया था।

आरसीबी के लिये मोहम्मद सिराज और ग्लेन मैक्सवेल ने दो दो विकेट लिये। पंजाब की शुरूआत खराब रही और जॉनी बेयरस्टो जल्दी आउट हो गए। पिछले साल विश्व कप से यहां चला आ रहा उनका खराब फॉर्म जारी रहा। सिराज की गेंद पर खराब शॉट खेलकर वह कवर्स में विराट कोहली को कैच दे बैठे। पहला विकेट 17 रन पर गंवाने के बाद धवन और प्रभसिमरन ने 38 गेंद में 55 रन जोड़े। धवन काफी सहज होकर खेलते नजर आये और ढीली गेंदों को नसीहत भी दी। उन्होंने बायें हाथ के स्पिनर मयंक डागर की गेंद पर लांग आन में छक्का जड़ा। प्रभसिमरन ने कैमरन ग्रीन को मिडविकेट पर फ्लिक शॉट खेलकर छक्का लगाया। खतरनाक होती इस साझेदारी को मैक्सवेल ने तोड़ा जब प्रभसिमरन उन्हें पूल शॉट खेलने आगे निकले और अनुज रावत ने विकेट के पीछे उनका कैच लपक लिया। रावत ने 12वें ओवर में लियाम लिविंगस्टोन का भी कैच लपका और इस बार गेंदबाज अलजारी जोसेफ थे। अगली गेंद पर पंजाब को सबसे बड़ा झटका धवन के विकेट के रूप में मिला।

वह मैक्सवेल को ऊंचा शॉट खेलने के प्रयास में लांग आन पर कोहली को कैच दे बैठे। पंजाब का स्कोर इस समय 12.1 ओवर में चार विकेट पर 98 रन था। इसके बाद जितेश ने डागर को लगातार दो छक्के लगाये। उन्होंने सैम कुरेन के साथ पांचवें विकेट के लिये 34 गेंद में 52 रन जोड़कर टीम को 150 रन के पार पहुंचाया। शशांक सिंह ने जोसेफ के आखिरी ओवर में 20 रन निकाले।

### पंजाब 176/6

20 ओवर, अतिरिक्त : 08

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| शिखर धवन का कोहली बो मैक्सवेल | 45 | 37 | 5/1 |
| जॉनी बेयरस्टो का कोहली बो सिराज | 08 | 06 | 2/0 |
| प्रभसिमरन सिंह का रावत बो मैक्सवेल | 25 | 17 | 2/2 |
| लियाम लिविंगस्टोन का रावत बो जोसेफ | 17 | 13 | 1/1 |
| सैम कुरेन का रावत बो दयाल | 23 | 17 | 3/0 |
| जितेश शर्मा का रावत बो सिराज | 27 | 20 | 1/2 |
| शशांक सिंह नाबाद | 21 | 08 | 1/2 |
| हरप्रीत बरार नाबाद | 02 | 02 | 0/0 |

**गेंदबाजी** : सिराज 4-0-26-2, ग्रीन 2-0-19-0, दयाल 4-0-23-1, जोसेफ 4-0-43-1, डागर 3-0-34-0, मैक्सवेल 3-0-29-2

### बेंगलोर 178/6

19.2 ओवर, अतिरिक्त : 18

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| विराट कोहली का बरार बो पटेल | 77 | 49 | 11/2 |
| फाफ डु प्लेसी का कुरेन बो रबाडा | 03 | 07 | 0/0 |
| कैमरन ग्रीन कर शर्मा बो रबाडा | 03 | 05 | 0/0 |
| रजत पाटीदार बो बरार | 18 | 18 | 1/1 |
| ग्लेन मैक्सवेल बो बरार | 03 | 05 | 0/0 |
| अनुज रावत पगबाधा बो कुरेन | 11 | 14 | 1/0 |
| दिनेश कार्तिक नाबाद | 28 | 10 | 3/2 |
| महिपाल लोमरोर नाबाद | 17 | 08 | 1/1 |

**गेंदबाजी** : कुरेन 3-0-30-0, अर्शदीप 3.2-0-40-0, रबाडा 4-0-23-2, बरार 4-0-13-2, पटेल 4-0-45-1, चाहर 1-0-16-0

## खेल डायरी

### बोपन्ना-एब्डेन मियामी ओपन के क्वार्टर फाइनल में

**मियामी गार्डन्स (अमेरिका)।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी रोहन बोप्पाना और उनके आस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एब्डेन ने यहां एक संघर्ष पूर्ण मुकाबले में ह्यूगो निस और जान ज़िलिंस्की को हराकर मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। बोपन्ना और एब्डेन की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी ने सोमवार की रात खेले गए एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के दूसरे दौर में मोनेगास्क के निस और पोलैंड के ज़िलिंस्की को 7-5, 7-6 (3) से पराजित किया। यह मुकाबला एक घंटा 39 मिनट तक चला।

### साथियान विश्व रैंकिंग में 60वें स्थान पर पहुंचे

**नयी दिल्ली।** भारत के शीर्ष टेबल टेनिस खिलाड़ी जी साथियान पिछले सप्ताह बेरूत में खेली गई प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने के दम पर मंगलवार को जारी विश्व रैंकिंग में 43 पायदान की छलांग लगाकर 60वें स्थान पर पहुंच गए जबकि महिला वर्ग में खिताब जीतने वाली श्रीजा अकुला अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 40वीं रैंकिंग पर पहुंच गई है। साथियान हाल में रैंकिंग में शीर्ष 100 से बाहर हो गए थे। बेरूत में खिताब जीतने पर उन्हें 125 अंक मिले।

### एसीसी ने महिला एशिया कप का कार्यक्रम किया जारी

**नयी दिल्ली।** एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) ने मंगलवार को महिला टी-20 एशिया कप का कार्यक्रम जारी कर दिया है। श्रीलंका के दांबुला में 19 जुलाई से शुरु टूर्नामेंट 28 जुलाई तक चलेगा। इस बार श्रीलंका की महिला टीम एशिया कप में आठ टीमें हिस्सा लेंगी। महिला टी-20 एशिया कप में भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका और बंगलादेश, संयुक्त अरब अमीरात, मलेशिया, नेपाल और थाईलैंड की टीमें हिस्सा लेंगी। कार्यक्रम के अनुसार 26 जुलाई को दोनों सेमीफाइनल खेले जायेंगे। वहीं फाइनल मुकाबला 28 जुलाई को होगा।

# लीग में पहली जीत की तलाश में एक दूसरे से भिड़ेंगे मुंबई और हैदराबाद

हैदराबाद, एजेंसी

मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अपने शुरुआती मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा और बुधवार को जब यह दोनों टीम आमने-सामने होंगी तो उनका लक्ष्य जीत दर्ज करके खाता खोलना होगा। पांच बार के चैंपियन मुंबई इंडियंस की शुरुआत हमेशा की तरह अच्छी नहीं रही। गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में जीत की स्थिति में होने के बावजूद आखिर में उसे हार का सामना करना पड़ा। इस मैच में हालांकि जसप्रीत बुमराह की शानदार गेंदबाजी, डेवाल्ड ब्रेविस की प्रभावशाली पारी और शीर्ष क्रम में रोहित शर्मा का उपयोगी योगदान उसके लिए सकारात्मक पहलू रहे।

**मुंबई इंडियंस :** हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, डेवाल्ड ब्रेविस, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला, गेराल्ड कोएत्ज़ी, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, ईशान किशन, अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका, मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी , नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, ल्यूक वुड, सूर्यकुमार यादव।

**सनराइजर्स हैदराबाद :** पैट कमिंस (कप्तान), अब्दुल समद, अभिषेक शर्मा, एडेन मार्कराम, ट्रैविस हेड, वानिंदु हसरंगा, मार्को यानसन, राहुल त्रिपाठी, वाशिंगटन सुंदर, ग्लेन फिलिप्स, सनवीर सिंह, हेनरिक क्लासेन, भुवनेश्वर कुमार, मयंक अग्रवाल, टी. नटराजन, अनमोलप्रीत सिंह, मयंक मारकंडे, उपेन्द्र सिंह यादव, उमरान मलिक, नीतीश कुमार रेड्डी, फजलहक फारूकी, शाहबाज अहमद, जयदेव उनादकट, आकाश सिंह, जाथवेध सुब्रमण्यन। **मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा।**

मुंबई को एक समय 36 गेंद पर 48 रन की जरूरत थी और उसके सात विकेट बचे हुए थे लेकिन वह इसे हासिल नहीं कर पाया जो टीम प्रबंधन के लिए चिंता का विषय होगा। पहली बार मुंबई की कप्तानी कर रहे हार्दिक पंड्या सातवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे लेकिन उनकी यह रणनीति नहीं चल पाई। उन्हें इस पर फिर से विचार करना होगा क्योंकि पिछले साल गुजरात टाइटंस की तरफ से खेलते हुए उन्होंने ऊपरी क्रम में अच्छा प्रभाव छोड़ा था। सलामी बल्लेबाज ईशान किशन केवल चार गेंद का सामना कर पाए थे और अब टीम को उनसे अच्छी शुरुआत की उम्मीद होगी।

# शाकिब अल हसन की दूसरे टेस्ट के लिए टीम में वापसी

**सिलहट (बांग्लादेश)।** ऑल राउंडर शाकिब अल हसन को आंख की समस्या के बाद फिट पाये जाने के बाद शनिवार को चटगांव में श्रीलंका के खिलाफ होने वाले दूसरे और अंतिम टेस्ट के लिए बांग्लादेश की टीम में शामिल किया गया। बांग्लादेश पहला टेस्ट चार दिन में 328 रन से हार गया था। शाकिब नवंबर में भारत में हुए विश्व कप के बाद से राष्ट्रीय टीम से बाहर हैं। उन्होंने 82 रन बनाये और दो विकेट लिये थे, जिससे टीम ने श्रीलंका को हरा दिया था। लेकिन उनके बायें हाथ की तर्जनी उंगली चोटिल हो गयी थी और नजर संबंधित समस्या का भी पता चला था। वह फिट होने के बाद पिछले दो महीनों से बांग्लादेश में और ढाका प्रीमियर लीग में खेल रहे हैं।


# भारत-ऑस्ट्रेलिया टेस्ट श्रृंखला 22 नवंबर से

मेलबर्न, एजेंसी

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला 22 नवंबर को पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में शुरू होगी। ऑस्ट्रेलिया अमूमन अपने सत्र का पहला टेस्ट मैच एडिलेड ओवल में खेलता रहा है लेकिन भारत के खिलाफ वहां दूसरा टेस्ट मैच खेला जाएगा जो 6 से 10 दिसंबर तक चलेगा। यह दिन रात्रि मैच होगा। तीसरा टेस्ट मैच 14 से 18 दिसंबर के बीच ब्रिस्बेन में खेला जाएगा जबकि मेलबर्न हमेशा की तरह 26 से 30 दिसंबर के बीच बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच की मेजबानी करेगा। सिडनी में नए साल पर 3 से 7 जनवरी के बीच पांचवा और अंतिम टेस्ट मैच खेला जाएगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को अगली गर्मियों के लिए अपने क्रिकेट कार्यक्रम की घोषणा की। भारत के खिलाफ श्रृंखला इसका हिस्सा है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के कार्यक्रम प्रमुख पीटर रोच ने कहा कि पर्थ को पहले टेस्ट की मेजबानी का अधिकार देने के पीछे सबसे महत्वपूर्ण कारकों में से एक इसका दोनों देशों के दर्शकों के लिए अनुकूल प्रसारण क्षेत्र का होना है। उन्होंने कहा, ''हमारी राष्ट्रीय टीम की स्पष्ट सलाह है कि टेस्ट श्रृंखला की शुरुआत उन स्थानों पर की जानी चाहिए जहां वे अधिक सहज हों तथा पर्थ और ब्रिस्बेन इस तरह के स्थान हैं।'' इससे पहले क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को घोषणा की थी कि बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए खेली जाने वाली यह श्रृंखला पांच टेस्ट मैच की होगी।

## बॉलीवुड हलचल

# कृष 4 की तैयारी शुरू करने वाले हैं एक्टर ऋतिक रोशन



मुंबई, एजेंसी। ऋतिक रोशन की सुपरहीरो थ्रिलर फिल्म कृष 4 की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। इस फ्रैंचाइजी की पिछली तीन फिल्में कोई मिल गया, कृष और कृष 3 सुपरहिट रही थीं, जिन्हें फिल्ममेकर राकेश रोशन ने डायरेक्ट और प्रोड्यूस किया था। अब खबरों की मानें तो राकेश रोशन ने इस फ्रैंचाइजी की चौथी फिल्म की तैयारियां शुरू कर दी हैं, जो एडवांस स्टेज पर हैं। हाल ही में आई एक रिपोर्ट के अनुसार ऋतिक रोशन अपने पिता राकेश रोशन के साथ मिलकर इस समर, कॉन्सेप्ट, स्क्रिप्ट और अन्य सेगमेंट का काम शुरू करेंगे। फिलहाल ऋतिक अपनी अपकमिंग सीक्वल फिल्म वॉर 2 की शूटिंग में व्यस्त चल रहे हैं। फिल्म की शूटिंग खत्म होते ही वो कृष 4 की तैयारी में जुटेंगे। रिपोर्ट में सूत्र के हवाले से आगे लिखा गया है कि ऋतिक और राकेश रोशन आइडिया और स्क्रिप्टिंग इसी साल पूरी करने की तैयारी में हैं। इसके बाद दोनों अगले साल इसकी शूटिंग शुरू करेंगे। फिलहाल फ्रैंचाइजी की चौथी फिल्म के लिए कई अलग-अलग स्क्रिप्ट्स और आइडिया तैयार किए गए हैं। बस अब उन्हें सही स्टोरी और आइडिया चुनना है। कृष फ्रैंचाइजी की शुरुआत साल 2003 की फिल्म कोई मिल गया से हुई थी, जिसमें प्रीति जिंटा, ऋतिक रोशन, रेखा ने अहम किरदार निभाया था। इसके 3 साल बाद फिल्म का स्पिन ऑफ सीक्वेंस कृष रिलीज किया गया था।



# ट्रेलर लॉन्च पर अक्षय ने टाइगर को दी मजेदार सलाह

**मुंबई, एजेंसी।** टाइगर श्रॉफ और दिशा पाटनी एक वक्त पर बॉलीवुड का पावर पैक्ड कपल माना जाता था। लेकिन दोनों का ब्रेकअप हो गया और वह अपनी-अपनी लाइफ में व्यस्त हो गए। इसके बाद दिशा को अक्सर एक शख्स के साथ देखा जाता था जो कथित तौर पर उनके बॉयफ्रेंड थे। अब कयास लगाए जा रहे हैं कि टाइगर और दिशा दोबारा साथ आ गए हैं। इसका अंदाजा दोनों की होली मस्ती को देखकर लगाया जा रहा है। इसी बीच फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' के ट्रेलर लॉन्च पर अक्षय कुमार ने टाइगर को ऐसी सलाह दी है, जिससे लोगों को एक और हिंट मिल गया है।26 मार्च को दोपहर में अपकमिंग फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' का ट्रेलर लॉन्च इवेंट था। जिसमें फिल्म की स्टार कास्ट और डायरेक्टर सब थे। अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, मानुषी छिल्लर और अलाया का अलग अंदाज देखने को मिला। इस इवेंट का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें अक्षय, टाइगर को हिंट देते नजर आ रहे हैं। अक्षय वीडियो में कहते दिख रहे हैं, "मैं टाइगर से ये कहना चाहूंगा कि हमेशा एक ही दिशा में रहा करो।" एक्टर की बात सुनकर सभी हंसने लगे। फिर अक्षय ने जाकर टाइगर को गले लगाया।

# शादी की बात पर मां ने घर से निकाल देने की दी थी धमकी

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड की जानी मानी डायरेक्टर और कोरियोग्राफर फराह खान एक फिल्मी परिवार में पली-बढ़ीं लेकिन उनका परिवार उस तरह का नहीं था, जहां उन्हें सब कुछ चांदी की थाली में परोसा जाता था। फराह ने कम उम्र में ही काम करना शुरू किया और जल्द ही, उन्हें एक कोरियोग्राफर के रूप में पहचान मिली। हाल ही में एक इंटरव्यू में फराह ने कहा कि उनका परिवार कई अन्य लोगों से अलग है क्योंकि वे नहीं चाहते थे कि बिना अपने पैरों पर खड़े हुए मैं शादी करूं। फराह ने कहा कि वह काम को लेकर सीरियस थीं और 20 साल की उम्र में, शादी और बच्चे उनके ख्याल में भी नहीं था, लेकिन 22 साल की उम्र में एक बार उनके मन में शादी का ख्याल आया था जब उनके परिवार ने उन्हें ऐसा न करने की सलाह दी थी। फराह ने कहा "शादी मेरे दिमाग में बिल्कुल नहीं थी। मुझे लगता है कि 22 साल या उसके आसपास की उम्र में मैंने सोचा था कि मैं शादी कर लूंगी लेकिन मेरा परिवार अजीब है। वे एकत्र हुए और उन्होंने कहा कि अगर तुमने जीवन में कुछ भी किए बिना इतनी कम उम्र में शादी कर ली तो हम तुम्हें घर से बाहर निकाल देंगे। इसलिए वे सामान्य माता-पिता जो करते हैं उसके बिल्कुल विपरीत थे।" फराह ने कहा, "मेरी माँ ने कहा कि मैं तुम्हें घर से बाहर निकाल दूंगी। शादी से तुम्हें खुद को आर्थिक रूप से स्वतंत्र होना होगा।" फराह ने कहा कि शिरीष कुंदर से मिलने से पहले उन्होंने कभी शादी के बारे में सोचा भी नहीं था।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com. आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल

**पुखरायां।** डीघ गांव के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सीएचसी से उन्हें रेफर कर दिया गया। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के डीघ गांव के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। डायल 112 पुलिस के देवेंद्र द्विवेदी व रवि कुमार ने दोनों को सीएचसी पुखरायां में भर्ती कराया गया। जहां से दोनों को जिला अस्पताल अकबरपुर रेफर कर दिया गया। घायलों की पहचान नहीं हो सकी है।

### कच्ची शराब समेत गिरफ्तार

**मूसानगर।** थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग गांवों से 40 लीटर कच्ची शराब बरामद कर दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। होली पर्व के चलते सोमवार को पुलिस गस्त कर रही थी। उपनिरीक्षक प्रभाकर यादव ने पुलिस बल के साथ कृपालपुर गांव के पास से मुकेश निवासी कृपालपुर को दस-दस लीटर की दो पिपिया कच्ची देशी शराब के साथ पकड़ लिया। वहीं थाना क्षेत्र के तुर्कीमऊ के दीपक तिवारी को खिरियनपुर तिराहे के पास से दस-दस लीटर की दो पिपिया कच्ची देशी शराब के साथ पकड़ा गया।

### गांजा समेत गिरफ्तार

**सिकंदरा।** पुलिस ने बारह किलो से अधिक गांजा समेत युवक को पकड़ा है। एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना सिकंदरा पुलिस, स्पेशल टीम व सर्विलांस टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए मुखबिर की सूचना पर ऊधव राजपूत निवासी ग्राम महाबलीपुर थाना कोतवाली जनपद कन्नौज को सूर्या ओवरब्रिज के नीचे से गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से 12 किलो 630 ग्राम गांजा बरामद किया गया। प्रभारी निरीक्षक महेश कुमार ने बताया कि आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज कर लिया गया है।

### चोरी की चार बाइकों समेत आरोपी गिरफ्तार

**मूसानगर।** पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक चोर को चोरी की चार बाइक, तमंचा व कारतूस समेत पकड़ा है। सोमवार को कानपुर नगर की सीमा बिबियापुर मोड़ पर पुलिस वाहन चेकिंग कर रही थी। तभी मूसानगर थाने के एसआई प्रभाकर यादव, एसआई मोहित वर्मा व बिंदा प्रसाद ने पुलिस टीम के साथ रंजीत दिवाकर निवासी तुर्कीमऊ को बिबियापुर मोड़ मुगल रोड पर धर दबोचा। उसके पास से चोरी की एक मोटर साइकिल, एक देशी तमंचा व दो कारतूस बरामद हुए। अभियुक्त की निशानदेही पर मूसानगर क्षेत्र के सनाया सालवान के जंगल से तीन और बाइकें बिना नंबर प्लेट के बरामद की गई। थाना प्रभारी दिनेश कुमार गौतम ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की जा रही है।



होली पर एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाते बच्चे। अमृत विचार



मूसानगर क्षेत्र में होली पर फाग गायन करते लोग। अमृत विचार



पुलिस लाइन में डीएम आलोक को गुलाल लगाते एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति।

# होली की मस्ती में डूबे लोग, जमकर बरसे रंग

**बच्चों, युवाओं व बुजुर्गों ने उड़ाया अबीर-गुलाल, महिलाओं ने भी रंग खेला • ढोलक की थाप व मंजीरे के साथ गाया फाग**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** रंगों का पर्व होली जिले में सोमवार को धूमधाम से मनाया गया। बच्चों, युवाओं व बुजुर्गों ने जमकर अबीर-गुलाल उड़ाया। महिलाओं ने भी रंग खेला। गांवों में टोलियों ने ढोलक की थाप व मंजीरा आदि के साथ फाग गाकर शमां बांधा गया।

होली खेले रघुवीरा अवध में... और आज बृज में होरी है रसिया... गीतों पर गुलाल उड़ाते लोग जमकर झूमे। देर शाम तक फाग गायन चला। वहीं, एक-दूसरे से मिलकर बधाई देने का सिलसिला सोमवार को पूरे दिन चलता रहा। होलिका दहन के बाद से जिले में रंग खेलने की शुरुआत हो गई। रविवार की रात में ही लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाना शुरू कर दिया। वहीं, सोमवार की सुबह से ही बच्चों व युवाओं ने रंग खेलने की शुरूआत कर दी। रंगों की फुहार के बीच फाग की टोलियां गांवों में निकल पड़ीं। गांव-गांव में घूमी टोलियों ने पर्व की बधाई भी दी। लोगों ने निर्धारित स्थानों पर फाग गायन किया और गुलाल उड़ाकर गीत गाए।

वहीं बुंदेलखंड की सीमा से लगे बीहड़ पट्टी के गांवों में होली पर फाग गायन की जगह-जगह टोलियां सजीं रहीं और ढोलक की थाप, हारमोनियम व झींके की धुनों के बीच फगुआरे जमकर झूमते रहे। बीहड़ पट्टी के गांवों में होली पर फाग की अलग छाप है। भाल, दमनपुर, बैना, सिलहरा, बेहमई, खोजारामपुर, बैजामऊ आदि गांवों में फगुआरों की टोलियों ने होली खेलय रघुवीरा अवध में... आदि गीतों पर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। मूसानगर क्षेत्र में होलिका दहन के बाद लोगों ने जम कर रंग गुलाल उड़ाया।

वहीं क्योंटरा बांगर गांव में सुबह से ही लोगों ने एक-दूसरे को रंग गुलाल लगा कर शूभकामना दी। इसके बाद गांव के लोगों ने फाग गायन कार्यक्रम किया और घर-घर जाकर फाग गायन कर गुलाल-अबीर लगाकर आपस में गले मिले। गांव के मोहन लाल, रामलाल, सोहन लाल, मुक्ता प्रसाद, पुस्कार, रामधनी, गोविंद दास, बनवारी, सरमन आदि ग्रामीणों ने फाग गाकर होली की खुशियां दुगुनी कर दी। इसी तरह अकबरपुर, रनियां, शिवली, रसूलाबाद, रूरा, डेरापुर, सिकंदरा, मूसानगर, राजपुर, संदलपुर समेत अन्य स्थानों पर फाग गायन के बाद में गुझिया खिलाकर सभी का मुंह मीठा कराया गया।



पुलिस लाइन में होली खेलते एसपी व पुलिसकर्मी। अमृत विचार

### डीएम-एसपी ने पुलिसकर्मियों के साथ मनाई होली, रंगों की बौछार

**कानपुर देहात।** जनपद के थानों व पुलिस लाइन में दूसरे दिन मंगलवार को कर्मचारियों ने होली खेली। वहीं पुलिस लाइन में जमकर गुलाल उड़ा। यहां डीजे की धुन पर एसपी समेत पुलिस कर्मियों ने नृत्य किया और एक दूसरे को रंग लगाया और रंगों की बौछार की गई। एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति, एएसपी राजेश पांडेय, आदि ने भी एक-दूसरे को रंग लगाया और बधाई दी। इस दौरान पहुंचे डीएम आलोक सिंह को एसपी ने रंग-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। उधर, माती जेल में भी होली का पर्व मनाया गया। यहां बंदियों ने एक दूसरे को गुलाल लगाया। महिला बंदियों ने भी खूब रंग खेला।

# पुष्पवर्षा से शिव बारात का स्वागत

संवाददाता शिवली

**अमृत विचार।** प्रति वर्ष की तरह कस्बे के आजाद नगर स्थित महाकालेश्वर मंदिर पर शिव-उमा का विवाह समारोह मंगलवार को आयोजित किया गया। मंदिर परिसर से धूमधाम से शिव बरात निकाली गई।

शिव व उमा की सजीव झांकी ने सबका मन मोह लिया। भक्ति गीतों पर थिरक रहे लोगों ने फूलों की वर्षा कर जयकारे लगाए। बरात में सबसे पहले समिति व राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने शिव सहित अन्य देवगणों की आरती उतारी। शिव बरात कस्बे के विभिन्न मंदिरों से होकर निकली। बड़ी संख्या में बराती भक्ति गीतों पर नाचते गाते हुए चल रहे थे। साथ में वाहनों पर अन्य देवगणों की झांकी चल रही थीं।



महाकालेश्वर मंदिर में लोगों को संबोधित करतीं राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला।

**• महाकालेश्वर मंदिर में शिव उमा विवाह का हुआ आयोजन**

जागेश्वर मंदिर पहुंची शिव बारात का स्वागत किया गया। शिव व उमा के विवाह की रस्में हुई। विवाह के बाद बरात विदा होकर फिर से महाकालेश्वर मंदिर पहुंची। इसके बाद कार्यक्रम का समापन हो गया। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल भी यात्रा में मौजूद रहा। वतन राज अग्निहोत्री, कृष्णा तिवारी, सौरभ, आशीष, शिवम तिवारी, बलदेव समेत सैकड़ों भक्त मौजूद रहे। अध्यक्ष साहुल दीक्षित ने बताया कि मंगलवार रात में मंदिर पर प्रसिद्ध कलाकार धनुष भंग का मंचन किया जाएगा।

# ट्रेन की चपेट में आया युवक, मौत

**पुखरायां।** रेलवे स्टेशन पुखरायां के पास एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के पुखरायां कस्बा के श्यामनगर निवासी राजेश कुमार ने बताया कि उसका भाई राजकुमार उर्फ भूरा पुत्र ज्ञान सिंह (36) पुखरायां रेलवे स्टेशन के समीप अचानक ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी उन्हें जीआरपी ने दी। मृतक पुखरायां कस्बा में कपड़े की दुकान पर काम करता था। रविवार को वह दुकान गया हुआ था। लेकिन रात तक वह वापस नहीं लौटा। मृतक की करीब पांच माह पूर्व जनपद हमीरपुर में शादी हुई थी। जीआरपी के उपनिरीक्षक अरविंद कुमार ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# 18 लोगों पर डकैती बलवा की रिपोर्ट

संवाददाता राजपुर

**• कोर्ट के आदेश पर छह माह पुराने मामले में हुई कार्रवाई**

**अमृत विचार।** सट्टी गांव में करीब छह माह पूर्व दो पक्षों के बीच हुई मारपीट व तोड़फोड़ के मामले में पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर 18 लोगों के खिलाफ बलवा सहित डकैती का केस दर्ज किया है।

सट्टी गांव निवासी ओसामा ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि 19 सितंबर 2023 को वह अपने घर के बाहर छज्जे में सपोर्ट के लिए पिलर बनवा रहा था। तभी गांव का हिस्ट्रीशीटर वहीद कसाई, हारुन, साहरुन, सोनू काना, ताज, वाटल, चांद बाबू, इरफान, कलीम, अकील, कलाम, इश्तियाक, मुश्ताक, आरिफ, वासिफ, अनवर, मासूम, लाला सभी लोग ने एक राय होकर जान से मारने की नियत से अचानक हमला कर दिया। मामले का संज्ञान लेते हुए कोर्ट ने सट्टी पुलिस को मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया। एसओ शिवशंकर ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर 18 लोगों के खिलाफ बलवा, डकैती समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# बिजली के खंभे से टकराई बाइक, युवक की मौत

संवाददाता रसूलाबाद

**अमृत विचार।** असालतगंज के पास बिल्हौर मार्ग पर बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बिजली के खंभे से टकरा गई। जिससे बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया है।



मृतक शिवाकांत।



युवक की मौत के बाद रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

झींझक क्षेत्र के छतरसा गांव निवासी शिवाकांत (24) पुत्र नरेश उर्फ मझले अपने साथी अनुज उर्फ शीलू (23) पुत्र राजपाल के साथ बाइक से ननिहाल मटौना बिल्हौर गए हुए थे। मंगलवार को दोनों बाइक में बैठकर बिल्हौर से घर वापस लौट रहे थे। तभी असालतगंज के पास में बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे विद्युत पोल में जा टकराई। जिससे शिवाकांत व अनुज गंभीर रूप से घायल हो गए।

**• ननिहाल से लौटते समय हुआ हादसा, बाइक सवार दूसरे युवक की हालत गंभीर**

राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से दोनों को महाराणा प्रताप सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रसूलाबाद पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर सौरभ शाक्य ने शिवाकांत को मृत घोषित कर दिया। वहीं अनुज का प्राथमिक उपचार किया गया। थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया। घटना से मृतक की पत्नी भारती, मां रामवती, भाई सोमकांत, राहुल आदि का रो-रो कर बुरा हाल रहा। पुलिस ने तहरीर मिलने पर कार्रवाई की बात कही है।

### पिकअप की टक्कर से किसान की गई जान

**रसूलाबाद।** पिकअप की टक्कर से किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। सीएचसी में परीक्षण के बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बुझवा निवासी हरिनाथ यादव (70) बाजार से होली त्योहार का सामान ले कर घर जा रहे थे। तभी बुझवा गांव के समीप हनुमान मंदिर के पास तेज रफ्तार पिकअप ने उन्हें र टक्कर मार दी। जिससे हरिनाथ गंभीर रूप घायल हो गए। उन्हें सीएचसी रसूलाबाद भेजा गया। जहां ईएमओ ने हरिनाथ को मृत घोषित कर दिया। घटना से मृतक के पुत्र मनोज, उमेश, मुकेश, नीतीश, पत्नी कुसमा आदि का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। थाना प्रभारी मुकेश कुमार सोलंकी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

## सार-संक्षेप

### बंदरों के झुंड ने युवक पर किया हमला

**राजपुर।** कस्बे के मुखर्जी नगर में बंदरों के झुंड ने एक युवक पर हमला कर घायल कर दिया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुखर्जी नगर निवासी रामू कटियार (38) ने बताया कि मंगलवार को वह घर से बाजार जा रहे थे। तभी बंदरों के एक झुंड ने उस पर हमला कर दिया। बंदरों ने रामू को कई जगह काट लिया। शोर मचाने पर लोगों ने बमुश्किल रामू को बंदरों के चंगुल से छुड़ाया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। मुखर्जी नगर के दीपक मिश्रा, जीतू कटियार, देवेंद्र कटियार, राकेश बाबू आदि ने बताया कि सरकारी अस्पताल के समीप बंदरों का झुंड है। बंदर आए दिन लोगों को निशाना बना रहे हैं।

### बिजली के पोल से टकराकर बाइक सवार घायल

**राजपुर।** गौरीकरन मार्ग पर तेज रफ्तार बाइक सवार सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। कालपी कोतवाली क्षेत्र के ममरौल गांव निवासी राधेश्याम (38) की भोगनीपुर के नन्हुआपुर गांव में ससुराल है। मंगलवार को वह अपनी बुलट से अपनी ससुराल जा रहा था। तभी गौरीकरन गांव के समीप तेज रफ्तार बुलट बिजली के खंभे से टकरा गई। हादसे में राधेश्याम के सिर में चोट लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। रिश्तेदारों ने उसे 108 एंबुलेंस से राजपुर पीएचसी भेजा। जहां डॉक्टर शिवकुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### छुट्टी पर घर आया फौजी संदिग्ध हालात में आग से झुलसा

**मंगलपुर।** होली पर छुट्टी पर आया एक फौजी घर में ही संदिग्ध हालत में बुरी तरह से आग से झुलस गया। हवासपुर सीएचसी से उसे गंभीर हालत में रेफर किया गया है। मंगलपुर थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत कुदौली-मड़ौली के मजरा किशनपुर गांव निवासी चरन सिंह (34) सेना में जवान के पद पर जम्मू में तैनात हैं। वह होली पर्व पर छुट्टी लेकर घर आए हुए थे। उनकी शादी कंचौसी क्षेत्र के मधवापुर निवासी आकांक्षा कुमारी से हुई है और दो बच्चे हैं। परिजनों के मुताबिक फौजी और उसकी पत्नी के बीच किसी बात को लेकर मतभेद था। मंगलवार की दोपहर बाद फौजी चरन सिंह संदिग्ध हालत में घर में ही आग से बुरी तरह झुलस गए। जानकारी पर परिजन आनन-फानन उन्हें सीएचसी हवासपुर ले गए। जहां डॉक्टर गौरव पोली ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर फौजी को जिला अस्पताल अकबरपुर रेफर कर दिया। मंगलपुर थाना प्रभारी देवेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि प्रथमदृष्टया फौजी को जलाए जाने की बात सामने आ रही है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# डिवाइडर से टकराया बाइक सवार युवक मौके पर तोड़ा दम

**रनियां।** रायपुर के पास कानपुर से अकबरपुर की ओर आ रहा बाइक सवार डिवाइडर से भिड़ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

कानपुर नगर के भौतीखेड़ा निवासी चंद्र पाल का बेटा शैलेंद्र कुमार (22) फॉल सिलिंग और रंगाई-पुताई का काम करता था। सोमवार को वह बाइक से बिना जानकारी दिए घर से निकल पड़ा। कानपुर से अकबरपुर की ओर आते समय रायपुर बंबे के पास तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर में जा टकराई। जिससे शैलेंद्र की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

सूचना पर पहुंचे मृतक के भाई विमल कुमार ने पुलिस को बताया कि भाई बिना जानकारी दिए घर से निकला था। पुलिस से सूचना मिलने पर उन्हें हादसे की जानकारी मिली। भौतीखेड़ा के ग्राम प्रधान राम नरेश ने बताया कि मृतक अविवाहित था। युवक की मौत पर भाई विमल कुमार, मां बिनीता देवी, पिता चंद्र पाल समेत अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। एसओ महेद्र पटेल ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।







# सड़क हादसों में चार लोगों की गई जान

## बाइकों की भीषण टक्कर में दो लोगों की मौत, चक रसूलपुर गांव के पास हुआ हादसा, परिजनों में कोहराम

संवाददाता बहुआ, फतेहपुर

**अमृत विचार।** सोमवार सुबह 11 मील चक रसूलपुर मोड़ के पास दो बाइकों की जोरदार टक्कर में बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई। हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

ललौली थाना क्षेत्र के लदिगवां निवासी नीरज पुत्र राजकुमार प्रजापति सोमवार सुबह अपने किसी काम से कस्बा शाह गया था। जहां से वह दोपहर बाद बाइक से वापस गांव लौटने के लिए निकला था। चकरसूलपुर गांव के पास सामने से आ रही दूसरी बाइक से जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में नीरज समेत दूसरी बाइक में सवार राजन उर्फ राम प्रकाश रैदास पुत्र रामबली रैदास निवासी खटौली जो ग्राम खटौली से दसवां मील की तरफ जा रहा था। जिसके साथ शिवम रैदास पुत्र कल्लू निवासी महाखेड़ा थाना ललौली भी था। हादसे में नीरज प्रजापति व राजन उर्फ राम प्रकाश रैदास की मौके पर ही मौत हो गई। शिवम रैदास को घायल अवस्था में जिला अस्पताल भेजा गया है। मृतकों के शवों को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं हादसे की जानकारी पर मौके पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मचा रहा।

### बेकाबू कार ने साइकिल सवार को रौंदा, मौत

**असोथर, फतेहपुर।** असोथर थाना क्षेत्र के टीकर गांव के भैरवा मोड़ के पास बेकाबू कार से कुचलने से साइकिल सवार की मौत हो गई। हादसे की जानकारी पर परिजनों में कोहराम मचा रहा। वहीं परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। असोथर थाना क्षेत्र के हैदरमऊ मजरे टीकर गांव निवासी कल्लू पुत्र ननकू रैदास सोमवार को अपने गांव हैदरमउ से टीकर होली का सामान खरीदने आया था। सामान खरीद कर वापस गांव लौट रहा था, जैसे ही भैरवा मोड़ के पास अपने गांव की ओर मुड़ने लगा तो अज्ञात तेज रफ्तार चार पहिया वाहन पीछे से साइकिल सवार कल्लू को कुचलते हुए निकल गया। हादसा देख आसपास के लोग मदद के लिए दौड़कर मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। हादसे की जानकारी पर मौके पर पहुंचे परिजनों में शव देख कोहराम मचा रहा। वहीं पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिजनों ने बताया कि मृतक अपने पीछे दो पुत्र एक पुत्री छोड़ गया है। थाना प्रभारी विनोद कुमार मौर्य ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। हादसा करने वाले वाहन की तलाश की जा रही है।


कल्लू।

### बाइकों की टक्कर से तीन लोग घायल

**बिंदकी।** कोतवाली क्षेत्र के खजुहा कस्बे के पास पेट्रोल पंप के निकट दो बाइक में तेज टक्कर हो गई। हादसे में एक बाइक में सवार दीपक विश्वकर्मा पुत्र राम मनोहर विश्वकर्मा और उमेश पुत्र संतोष कुमार दोनों निवासी खाड़े देवर कोतवाली बिंदकी गंभीर रूप से घायल हो गए जबकि दूसरी बाइक पर सवार रमेश निवासी जद्दूपूर थाना जाफरगंज घायल हो गए। हादसे की जानकारी पर पहुंची एंबुलेंस ने सभी घायलों को जिला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**फतेहपुर।** एक परिवार में होली की खुशियां गम में बदल गई। तेज रफ्तार ट्रैक्टर से ससुराल जा रहे बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के जगन का पुरवा गांव के पास सोमवार रात में करीब 12 बजे के आस पास बाइक सवार युवक ब्रजेश कुमार निवासी सैबसी घर से ससुराल जा रहा था, तभी तेज रफ्तार ट्रैक्टर चालक ने जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर लगते ही युवक बाइक से उछलकर सड़क पर सिर के बल गिर गया। सिर के बल गिरने से युवक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि युवक की शादी 15 दिन पहले हुई थी और वह रात में अपने घर से बाइक से ससुराल मानसिंह का पुरवा जा रहा था। थाना प्रभारी राम केवल पटेल ने बताया कि रात में एक बाइक सवार युवक को ट्रैक्टर चालक ने कुचल दिया। हादसे में युवक की मौत हो गई है और चालक ट्रैक्टर लेकर भाग गया है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

# शराब के नशे में दो पक्षों में चले लाठी-डंडे

संवाददाता असोथर, फतेहपुर

- दोनों पक्षों ने दी थाने में तहरीर, एनसीआर दर्ज

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के खैदीपुर मजरे सेमरी गांव में दो पक्षों में शराब के नशे में लाठी डंडे चले। जिसमें दोनों पक्षों से सात लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों से तहरीर लेकर एनसीआर दर्ज कर ली है।

खैदीपुर मजरे सेमरी गांव निवासी अवधेश पुत्र रामराज ने बताया कि गांव के ही विकास व रिंकू शराब के नशे में गाली गलौज कर रहे थे। उसने इसका विरोध किया तो मारपीट शुरू कर दी। शोर मचाने पर घर के देशराज पुत्र रामविशाल, छोटू पुत्र रामकृष्ण व शितलिया, रामकृपाल बीच बचाव करने आए तो विकास व रिंकू के पक्ष के लोग पिंटू व चिंता देवी ने मिलकर सभी लोगों के साथ लाठी डंडों से मारपीट की। जिसमें देशराज, छोटू, रामकृपाल, शितलिया देवी को गंभीर चोटें आईं। वहीं दूसरे पक्ष के पिंटू उर्फ रामप्रकाश पुत्र वीरेंद्र सिंह निवासी खैदीपुर मजरे सेमरी ने बताया कि 25 मार्च दिन सोमवार की दोपहर गांव के ही रहने वाले देशराज यादव पुत्र रामविशाल उसके स्कूल के बगल में लघुशंका करते समय बिना कुछ बात गाली गलौज कर रहे थे। जब इसका विरोध किया तो देशराज पुत्र रामविशाल, रामकृपाल पुत्र धर्मपाल, अवधेश पुत्र रामराज, फूलसिंह पुत्र धर्मपाल निवासी गण खैदीपुर ने रामप्रकाश, विकास, रिंकू, चिंता देवी को लाठी डंडों से मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी। जिसमें उपरोक्त चारों लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। थाना प्रभारी विनोद कुमार मौर्य ने बताया कि दोनों पक्षों से तहरीर लेकर एनसीआर दर्ज कर मेडिकल कराकर दोनों पक्षों से कार्रवाई करते हुए कोर्ट में पेश किया है।

# आखिर कब जलेंगी नेशनल हाईवे पर स्ट्रीट लाइटें

**औंग।** नेशनल हाईवे के अधिकारियों ने स्ट्रीट लाइटें जलवाने का भरोसा दिलाया था लेकिन अभी तक धरातल पर इसका अमल नहीं हो सका है। चौराहे पर हाईवे पर सिक्स लेन और सर्विस लेन में रात को प्रकाश की व्यवस्था न होने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है। छह माह पूर्व स्ट्रीट लाइटें लगा दी गई थी, इसका अलग से विद्युत ट्रांसफार्मर भी रखा जा चुका है लेकिन इन्हें चालू करने में हाईवे के अधिकारियों ने कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। लोगों ने बताया कि स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था के अन्तर्गत हाईवे पुल की दीवार पर पोल लगाए गए और कनेक्शन करने के लिए मोटी केबिल भी दीवार के ऊपर से लगा दी गई है, जबकि दीवार के अन्दर से केबिल डालने की व्यवस्था मौजूद है। इसके बाद भी अभी तक हाइवे रोशन नहीं हो सका है।

# लाखों रुपये खर्च के बाद भी टोटियों से पानी का इंतजार

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- कछुआ की चाल से चल रहा हर-घर नल योजना का कार्य

**अमृत विचार।** ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए बनाई गई पेयजल योजनाएं धरातल पर कारगर नहीं दिखती। कहीं कहीं ओवरहेड टैंक तक नहीं बने, जहां बन गए वहां फिलहाल घरों तक पेयजल आपूर्ति नहीं हो पा रही है।

ग्रामीण कहते हैं कि पिछली कई योजनाओं में करोड़ों रुपये योजना पर खर्च किए गए थे लेकिन अब तक पानी की बूंद तक नसीब नहीं हुई। गांव की सड़कें उखाड़कर पाइप लाइन बिछाई गई, कनेक्शन भी दिए गए, लेकिन अब तक पानी नहीं पहुंचा। टंकियां सिर्फ शोपीस बनकर रह गई हैं। जिले की सभी 740 ग्राम पंचायतों में हर घर नल- हर घर जल योजना के तहत लाखों की लागत से पानी की टंकी का निर्माण होना है। दो सैकड़ा से अधिक गांवों में ओवरहेड टैंक निर्मित भी हो चुके हैं। गांव में पानी की सप्लाई के लिए पाइप लाइन डाली गई। इस दौरान पानी सप्लाई के नाम पर लाखों रुपये पानी के तरह बहाए गए, लेकिन अभी तक किसी के घर तक शुद्ध जल नही पहुंचा। ग्रामीणों ने बताया कि टंकी को बने काफी समय हो है। गांव में पानी की सप्लाई के लिए पाइप भी डाले गए थे लेकिन सप्लाई के नाम पर सब शून्य है।

# शहरवासियों को तंग कर रहा जाम का झाम

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** बांदा-टांडा मार्ग के अलावा शहर के अन्य मार्गो में जाम की समस्या नासूर बन चुकी है। शहर के राधानगर से लेकर नउवाबाग तक भारी वाहन गुजरते हैं। दिन-रात फर्राटा भर रहे भारी वाहनों के कारण जहां लोग धूल से परेशान रहते हैं तो वहीं हर घंटे जाम की स्थिति बनी रहती है। कहीं वाहनों का टायर खराब होता है तो कहीं उनके इंजन में खराबी होने के कारण सड़क में ही खड़े हो जाते हैं। जिससे जाम की समस्या विकराल हो जाती है।

राधानगर, खमभापुर, जयराम नगर, तहसील के सामने से लेकर नउवाबाग नेशनल हाईवे तक मोहल्लों में रहने वाले लोगों की


शहर के अंदर कुछ इस तरह से हैवी वाहनों से लगता जाम। अमृत विचार

- जाम से निजात को प्रशासन के पास कोई इंतजाम नहीं

जाम से निजात की आस टूट चुकी है। सहालग के चलते रात के समय लोगों को जाम से जूझना पड़ता है। दिन में कई बार जाम की स्थिति रहती है। इसी तरह से बहुआ कानपुर मार्ग पर भी हैवी वाहनों के कारण पूरे दिन रुक-रुक कर जाम की समस्या से लोग परेशान रहते हैं। आए दिन लग रहे जाम को देखकर ऐसा लगता है कि प्रशासन के पास जाम से निजात दिलाने का कोई इंतजाम नहीं है।

# जंगल गई किशोरी से छेड़छाड़, मुकदमा दर्ज

संवाददाता, किशनपुर फतेहपुर

- शौच के लिए घर से निकली थी पीड़िता
- मामला दर्ज कर पुलिस ने शुरू की जांच

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के एक गांव में होली के दिन शौच क्रिया के लिए जंगल गई किशोरी से जबरन दुष्कर्म का प्रयास करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

किशोरी की मां का आरोप है कि होली के दिन करीब तीन बजे किशोरी शौच क्रिया के लिए जंगल गई थी। इस दौरान गांव के ही तीन युवकों ने उसका पीछा किया। जंगल पहुंचते ही वे किशोरी को पकड़ अरहर के खेत में घसीट ले गए और उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास करने लगे। किशोरी की चीख पुकार सुनकर परिजन पहुंचे। इसके बाद किशोरी के परिजन आरोपी युवकों के घर उलाहना देने पहुंचे तो आरोपी युवक अपने साथियों के साथ किशोरी के परिजनों से भिड़ गए। फिर दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी डंडे चले जिसका वीडियो भी वायरल हुआ। इसपर किशोरी के परिजनों ने पुलिस को लिखित प्रार्थनापत्र देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। किशनपुर थानाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपियों पर मारपीट व किशोरी से छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज कर किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है।

# गंगा में डूबे चार दोस्त, एक की मौत

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला श्रीनगर निवासी पांच दोस्त होली पर रंग खेलने के बाद गंगा स्नान करने गये थे। तभी चार दोस्त गहरे पानी में जाकर डूब गये। इसमें एक की डूबकर मौत हो गई। जबकि, अन्य को वहां मौजूद लोगों ने बचा लिया। घटना के बाद गंगा किनारे भीड़ एकत्र हो गई। पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

श्रीनगर निवासी चेतन (24) पुत्र जगदीश तिवारी सोमवार को दोस्तों के साथ होली खेल रहा था। रंग से सराबोर होने के बाद दोपहर करीब 12 बजे वह अपने दोस्त अभिषेक, विकास, गौतम जायसवाल, सचिन निर्मल के साथ गंगा नहाने आनंद घाट चला गया। जहां पानी दूर होने से सभी रेती पारकर नहाने चले गये। इस दौरान गौतम पानी से दूर खड़ा रहा। जबकि, अन्य युवक गंगा में उतर गए। तभी अचानक गहरे पानी में जाने से सभी डूबने लगे। गौतम के शोर मचाने पर वहां मौजूद गोताखोरों ने गंगा में छलांग लगा दी और विकास, अभिषेक व सचिन को बचा लिया। लेकिन, चेतन डूब गया। घटना की सूचना पर युवक के परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन रोते-बिलखते गंगा किनारे पहुंचे। इसके बाद गोताखोरों को युवक की तलाश को लगाया गया। मंगलवार शाम साढ़े चार बजे गोला घाट के सामने शुक्लागंज की ओर चेतन का शव मिला जिसे गोताखोरों ने बाहर निकाला। चेतन का शव देख पिता जगदीश, मां नीलू, बहन संतोषी बिलख पड़े। पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्ट के लिए भेजा। युवक की मौत से होली की खुशियां गम में बदल गईं।


रोते-बिलखते मृतक के परिजन। अमृत विचार


चेतन तिवारी।

### परिजनों में मचा कोहराम

चेतन घर का इकलौता बेटा था। उसकी एक बहन संतोषी है। उसकी मौत से मां नीलू का रो-रोकर बुरा हाल रहा। वह बार-बार यही करती रही कि मेरे घर का इकलौता चिराग बुझ गया। अब वह जीकर क्या करेगी।

- दिवंगत युवक घर का इकलौता चिराग था

# ई-रिक्शा में टक्कर के बाद मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- नेहरू नगर जोगा भोगा वाली गली के सामने हुआ हादसा

**अमृत विचार।** तेज रफ्तार बाइक सवार युवकों ने ई-रिक्शा में टक्कर लगने के बाद चालक को लात-घूसों से जमकर पीट दिया। इसमें वह गंभीर घायल हो गया। उसकी शिकायत पर पुलिस ने बाइक सवार दो युवकों को पकड़कर उनके विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की।

कानपुर के दर्शन पुरवा निवासी अश्वनी सोमवार को सवारी लेकर शुक्लागंज आया था। नेहरू नगर जोगा भोगा वाली गली के सामने ई-रिक्शा मोड़ते समय एक तेज रफ्तार बाइक ने रिक्शे में टक्कर मार दी। इसमें बाइक सवार कानपुर के महाराज पुर निवासी अजीत और मोहित ने चालक को जमकर पीट दिया। यह देख वहां मौजूद लोगों की भीड़ लग गई। तभी गस्त कर रहे सिपाही वहां पहुंच गए और दोनों पक्षों को कोतवाली लाए। पुलिस ने ई-रिक्शा चालक की तहरीर पर बाइक सवार युवकों पर मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की है।

**पुरानी रंजिश में युवक को पीटा, रिपोर्ट दर्ज**

**शुक्लागंज :** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के रजवा खेड़ा गांव में पुरानी रंजिश में सोमवार रात दो पक्षों में विवाद हो गया। इसमें घायल युवक ने आरोपियों के विरुद्ध पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की है।

रजवा खेड़ा निवासी जीतू निषाद का गांव के कुछ लोगों से पुराना विवाद चलता है। सोमवार रात घर के पास उसे गांव के मुकुंद, मुकेश व एक अन्य युवक ने उसे रोक लिया और रंजिश के चलते गालीगलौज करने लगे। जीतू ने आरोप लगाया कि विरोध करने पर उन लोगों ने लाडी-डंडों से उसे जमकर पीट दिया। जिससे उसे गंभीर चोटें आ गईं। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर तीनों के विरुद्ध मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की है।

## सड़क हादसों में 31 लोग घायल

**नवाबगंज।** अजगैन कोतवाली व आसीवन क्षेत्र में नशे व तेज रफ्तार के चलते कई स्थानों पर सड़क हादसे हुए। इसमें रीना, गनेश, विशाल, रामप्रकाश, गोमती, सुमित्रा, सुनीता, मनोज, भीमकुमार, मदन, बउवा, कृष्णादेवी, गंगा कुमारी, बउवा, अयोध्या, शेरसिंह, गंगाकुमारी, फुलकुमारी, नीतू, फूलकुमारी, लकी समेत 24 लोग घायल हो गये। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से सभी को इलाज के बाद घर भेज दिया गया। चिकित्सक शैलेंद्र अस्थाना ने बताया कि अधिकतर लोग नशे में थे। जिससे घटनाएं हुई हैं। वहीं आसीवन थानाक्षेत्र के लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग स्थित चौधरी खेड़ा गांव के बाहर पैदल जा रही रामरती पत्नी हीरालाल को बाइक ने टक्कर मार दी। इसमें वृद्धा व बाइक सवार अब्दुल वासिफ पुत्र अली मोहम्मद व मो. रईस घायल हो गए। वहीं इसी थानाक्षेत्र के बसोखा मोहम्मदपुर गांव निवासी सूरज, अभिषेक, नितिन हैदराबाद कस्बा जा रहे थे। तभी उन्नाव-संडीला मार्ग पर हरी चौराहे के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार तीन युवक घायल हो गए।

## सार-संक्षेप

### सामने आई बकरी को बचाने में पलटी कार, दो घायल

**शुक्लागंज।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के गांव लोचन खेड़ा के पास अचानक सामने आई बकरी को बचाने के चक्कर में तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर खंती में पलट गई। इसमें कार सवार दो युवक गंभीर घायल हो गये। मौजूद लोगों ने कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला। सोमवार शाम करीब सात बजे लोचन खेड़ा निवासी राकेश पुत्र मुन्ना अपने साथी राकेश पुत्र लक्ष्मण के साथ कार से कहीं जा रहा था। तभी लोचन खेड़ा मार्ग पर अचानक सामने बकरी आ गई। उसे बचाने में राकेश ने कार से नियंत्रण खो दिया और तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खंती में पलट गई। इसमें कार सवार दोनों युवक गंभीर घायल हो गये। जिन्हें वहां मौजूद लोगों ने एंबुलेंस से अस्पताल भेजा। जहां उनका इलाज किया जा रहा है।


राधा-कृष्ण मंदिर को सजाया गया। अमृत विचार

### राधा-कृष्ण मंदिर में खेली गई लट्ठमार होली

**शुक्लागंज उन्नाव।** नगर के मोहल्ला पोनीरोड स्थित श्री राधाकृष्ण दुर्गा मंदिर में बृज की होली उत्सव मनाया गया। इसमें मंगलवार को लट्ठमार होली आयोजित करने के साथ मंदिर में भव्य श्रृंगार भी हुआ। भक्तों ने अबीर-गुलाल उड़ाकर लट्ठमार होली खेली गई। मंदिर में स्थापित राधाकृष्ण की प्रतिमाओं का भव्य श्रृंगार किया गया। दोपहर से देरशाम तक मंदिर में भजन कीर्तन आयोजित होता रहा। इसके साथ जमकर लट्ठमार होली भी खेली गई। मंदिर व्यस्थापक कमल दोसर ने बताया कि बुधवार को गुलाब की होली, गुरुवार को फूलों की होली, शुक्रवार को जलेबी की होली और रंगों की होली का आयोजन होगा। बताया कि यह क्रम लगातार 3 मार्च तक चलेगा।

**रमजान माह** हर मुसलमान को कमाई के बाद खर्चे निकालकर बचत का ढाई फीसदी हिस्सा जकात निकालना जरूरी

# जरूरतमंदों को दें जकात, कई गुना मिलता है सवाब : कादरी

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** रमजान वह पाक महीना है, जिसमें जन्नत के दरवाजे खुल जाते हैं। इस महीने में की गई इबादत का सवाब कई गुना अधिक है।

काजी शहर मौलाना कारी फरीद उद्दीन कादरी ने बताया कि इस पाक महीने में जकात निकाली जाती है, इसलिए जरूरतमंदों को ही जकात दें जिससे जकात निकाने का मकसद पूरा हो सके। रमजान का पाक और मुबारक महीना चल रहा है। रमजान का अब लगभग आधा पड़ाव पूरा होने को है। ऐसे अब लोग जकात निकालने को फिक्रमंद हो गए हैं। हर साजिबे निसाब मुसलमान को जकात निकलना बहुत जरूरी है। हर मुसलमान को कमाई के बाद खर्चे निकालकर बचत का ढाई फीसदी हिस्सा जकात निकलना बहुत जरूरी है। ऐसा न करने वाले मुसलमान गुनाहगार होते हैं। इसलिए लगभग हर साहिबे निसाव मुसलमान रमजान के महीने में जकात निकालकर जरूरतमंदों को देते हैं।

लेकिन निकाली गई जकात सही हाथों में पहुंचे इस पर मंथन और बहस होती रहती है। अब एक बार फिर से रमजान का महीना चल रहा है और जकात निकालने का समय भी नजदीक आ गया है। अब हर साहिबे निसाब मुसलमान अपने माल का हिसाब किताब कर जकात निकालने के लिए उलेमाओ से संपर्क साध रहे हैं। लेकिन उलेमा जकात निकालने वालों को कितनी सही जकात निकाली जायेगी इसका हिसाब कर बता रहे हैं। अब जकात किसको देना है यह जकात निकालने वाले पर निर्भर है कि वह निकाली गई जकात को किसको देना चाहते हैं। उलेमा इतना इतनी जरूर सलाह दे रहे हैं कि जकात उन जरूरतमंद के हाथो में पहुंचना चाहिए जो इसके बाकई में हकदार हैं। जकात निकालना बहुत जरूरी है। इसलिए हर साहिबे निसाब मुसलमान को अपने माल का हिसाब कर जकात निकालना बहुत जरूरी है।


मस्जिद में मौजूद नमाजी। अमृत विचार

- नमाज के बाद आयोजित की गई तकरीर

### चौदहवें रोजा पर मांगी गई अमन-चैन की दुआ

**बांगरमऊ उन्नाव।** नगर के मोहल्ला दरगाह शरीफ स्थित जामा मस्जिद व मस्तू टोला स्थित मस्जिद अली में चौदहवें रमज़ान को तरावीह की नमाज़ में कुरआन पाक का पहला दौर मुकम्मल हुआ। बाद नमाज तरावीह मुल्क में भाईचारे व अमन चैन की दुआ की गई। इस दौरान शहर क़ाज़ी सैय्यद ज़ियाउल आरफ़ीन व हाफिज़ हैदर अली ने नमाजियों को रोजेदारों को अपनी आय के मुताबिक जकात निकालने की सलाह दी। मोहल्ला मस्तू टोला की मस्जिद अली में हाफिज अनस कमर ने और जामा मस्जिद में नायब शहर काजी हाफिज फिरोज ने तरावीह की नमाज में कुरान पाक का पहला दौर मुकम्मल किया। इस दौरान मौलाना फैसल बिलाल जामई व मौलाना आफसार ने कुरआन और रमज़ान की फज़ीलत बयान की। इस मौके पर मस्जिद अली में हाफ़िज़ शकील, अकील, मुफीस वारसी, सैय्यद सिराजुल आरफीन, हाजी लईक अहमद, मुईन रज़ा व मो. कैफ सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे। प्रोग्राम के आखिर में शहर क़ाज़ी सैय्यद ज़ियाउल आरफ़ीन ने मुल्क में अमन-चैन बनाए रखते हुए सभी की खुशहाली व तरक्की की दुआ मांगी। उधर जामा मस्जिद में नायब शहर काजी हाफिज फिरोज ने मुल्क में भाईचारे व अमन चैन की दुआ मांगी। यहां हाफिज रशीद, हकीम शाहिद अली, अब्दुल मजीद, सरफराज खान व मुअज्ज़म आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना
सूचित हो कि मैं मधुर कुमार शुक्ला से अपना नाम बदलकर मधुर शुक्ला रख रहा हूँ। आज से मुझे मधुर शुक्ला के नाम से जाना व पहचाना जाये। **निवासी -पावर हाउस के पीछे, आशा नगर, हरदोई।**

सूचना
मैने अपना नाम शोभा सिंह SHOBHA SINGH से बदलकर सोभा सिंह SOBHA SINGH कर लिया है उक्त दोनों नाम एक ही महिला के हैं समस्त दस्तावेजों में मुझे सोभा सिंह SOBHA SINGH नाम से पहचाना जाए। **सोभा सिंह पत्नी राकेश कुमार सिंह 109/344 आर के नगर कानपुर**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पुत्र मो0 जुबैर पुत्र स्वर्गीय मोहम्मद फारूक निवासी ग्राम पोस्ट मदनपुर थाना कोतवाली फतेहपुर को गलत चाल चलन के कारण बेदखल करती हूं अब मेरा अपने स्वर्गीय पुत्र मोहम्मद जुबेर से किसी भी प्रकार का कोई वास्ता सरोकार भविष्य में नहीं रहेगा **तैय्यबा खातून पत्नी स्वर्गीय मोहम्मद फारूक निवासी ग्राम और पोस्ट मदनपुर थाना कोतवाली फतेहपुर जनपद बाराबंकी**

सूचना
सूचित हो कि मेरी पुत्री अंजली वर्मा के हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट के अंकपत्र सह प्रमाण पत्र में मेरा नाम महेश प्रसाद वर्मा त्रुटिवश अंकित हो गया है। जबकि मेरे आधार कार्ड व अन्य अभिलेखों में सही नाम महेश प्रसाद है। अतः मेरी पुत्री के शैक्षिक अभिलेखों में मेरा सही नाम महेश प्रसाद अंकित किया जाये। **महेश प्रसाद पुत्र स्व0 नन्दलाल निवासी ग्राम रमुवापुर, पो0 माधौगंज, तहसील बिलग्राम, जिला हरदोई, वर्तमान पता लक्ष्मी बिहार कालोनी, निकट गल्लामण्डी सरकुलर रोड, हरदोई।**



बुजुर्गों में भी दिखा जोश। अमृत विचार



रस्तौगीगंज के शिव मंदिर में फूलों की होली खेलतीं महिलाएं। अमृत विचार

# गली-मोहल्लों में होरियारों की मस्ती, उड़ा गुलाल

## दिन भर बजे होली के तराने, डीजे की धुन पर थिरका यंगिस्तान, मस्ती में डूबे बच्चों का उत्साह बस देखते ही बना, रंग से रहे सराबोर

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** 'होलिया में उड़े रे गुलाल..आज बिरज में होली रे रसिया..ओ रंग बरसे, ..भीगे चुनर वाली, ..होली आई रे कन्हाई, आज न छोड़ेंगे बस हम..'। होली के तराने, मटकते हुरियारे, उड़ता रंग-अबीर गुलाल। होलिका दहन के बाद सोमवार को सुबह से ही दोआबा में जमकर रंग बरसा। गली मोहल्ले होरियारों की टोली शोर मचाते हुए घूमी। पिचकारी से एक दूसरे को भिगोने की मस्ती और बच्चों के गाल पर गुलाल का टीका लगाने के साथ सभी बोले हैप्पी होली।

शहर में रविवार की रात होली जलाई गई। कई मोहल्लों में रातभर लोग जागते रहे। फिल्मी गीतों पर जमकर थिरके। जगह-जगह ढोल-नगाडे.बजे। सोमवार को शहर पर सुबह से होली का सुरूर चढ़ा। जो मंगलवार को भी जारी रहा। हुरियारे हरे, नीले, पीले रंगों में रंगे नजर आए। हुरियारों की टोलियां जगह-जगह घूमीं। एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर गले मिले और बधाईयां दीं। होली के गीत जगह-जगह सुनाई देने लगे। ग्रामीण क्षेत्रों में मंदिरों पर ढोलक-मझीरों के साथ फागें गाईं तो माहौल खुद-ब-खुद थिरकने लगा। होली के त्योहार पर कहीं अराजकता न फैले इसके लिए पुलिस कर्मियों की गाड़ियां लगातार सड़क पर दौड़ती रहीं। शहर में सैकड़ा भर से अधिक जगह होलिका दहन हुई। कुछ बड़े मोहल्ले आवास विकास कालोनी, पीएसी व पुलिस लाइन कालोनी, शादीपुर, पटेलनगर, रेलबाजार, राधानगर, चौक, बाकरगंज समेत पूरे शहर में सुबह से ही खूब होली खेली गई। घर-घर में होली की तैयारियां तेज रहीं। गुझिया, पॉपड़, नमकीन, खस्ता, मिठाई सहित अन्य सामान बनाए गए। घर के कामों से निपटने के बाद महिलाओं में भी रंग का सुरूर देखने को मिला। मोहल्लों में महिलाओं ने अपनी सखी सहेलियों के साथ जमकर अबीर गुलाल उड़ाया। सुबह होते-होते लोग होली की मस्ती में डूब गए।



शहर के आवास विकास कालोनी में होली खेलते बच्चे। अमृत विचार

### सोशल साइट्स पर चला बधाइयों का दौर

होली के त्योहार पर एक दूसरे को बधाई देने का सिलसिला रविवार की रात से ही शुरू हो गया। लोगों ने इसके लिए फेसबुक, व्हाट्स एप और मोबाइल फोन का जमकर इस्तेमाल किया। सबसे अधिक व्हाट्स एप पर फोटो और बधाई संदेश भेजकर लोगों ने एक साथ एक ही समय जानने वाले लोगों को होली की शुभकामनाएं दीं।

### ग्रामीण इलाकों में भी उड़ा रंग-गुलाल, मिटे गिले शिकवे

ग्रामीण क्षेत्रों में भी होलिका दहन के साथ सोमवार व मंगलवार को खूब अबीर गुलाल उड़े। हरे, नीले, पीले, लाल रंगों से शहर की सड़कें रंग गईं। रंग अबीर-गुलाल से लोगों के चेहरे रंग गए। हुरियारों ने खूब रंग उड़ाया। गिले, शिकवे मिटा, सभी एक-दूसरे से गले मिले और हैप्पी होली कहा। 'आज न छोड़ेंगे बस हम..,भीगे चुनर वाली..होली पर दिल मिले..' जैसे तरानों पर होरियार खूब झूमे। रंग के साथ जाम छलके और कहीं भांग भी घुटी। कहीं गुलाल उडे.तो कहीं पिचकारियों से बच्चों ने खूब होली खेली।

### जेल के बंदियों ने की मस्ती उड़ाया अबीर- गुलाल

होली के त्योहार की धूम जहां जिले भर में रही। वहीं जिला जेल में भी बंदियों ने जमकर गुलाल उड़ाया। त्योहार को लेकर बंदियों में काफी उत्साह था, जेल प्रशासन ने उन्हें गुलाल उपलब्ध कराया, इसके अलावा त्योहार पर विशेष पकवान भी बंदियों के लिए बनवाए गए थे। बंदियों ने अबीर गुलाल से होली खेलकर एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं।

### जगह-जगह डीजे पर लगते रहे ठुमके

होली जैसे त्योहार पर मजा उठाने के लिए लोगों ने घरों के बाहर और पार्कों में पहले से तैयारी कर डीजे लगवाया था। कई जगहों पर साउंट सिस्टम भी रखे थे। रंग बरसे-भीगे चुनर वाली, बलम पिचकारी जैसे होली के गीतों पर काफी देर तक ठुमके लगाकर मस्ती की।

# मटकी फोड़ प्रतियोगिता में युवाओं ने दिखाया जोश

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- शहर के मुराइनटोला मोहल्ला में आयोजित हुआ कार्यक्रम
- मटकी फोड़ स्थल को रंग बिरंगी झंडियों से सजाया गया

**अमृत विचार।** होली में युवाओं की टोलियां शहर में घूमतीं रहीं और मौजमस्ती करती रहीं। कई स्थानों पर होली के त्योहार को देखते हुए विशेष व्यवस्थाएं की गईं थीं। शहर के मुराइन टोला मोहल्ले में दूसरे दिन मंगलवार को मटकी फोड़ का आयोजन हुआ। यहां पर रंग बिरंगी झंडियों से क्षेत्र को सजाया गया था।

युवा वर्ग यहां पर एकत्रित हुए और रंग लगाकर एक दूसरे को शुभकामनाएं दी। इसके बाद गाते बजाते हुए मटकी फोड़ प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। होली के दिन युवाओं की टोलियां फाग गायन करतीं हुईं घरों में गईं और होली की शुभकामनाएं दीं। होली के त्योहार पर इस बार डीजे में बज रहे गीतों में युवाओं एवं बच्चों ने जमकर डांस किया। जिन पर पूरे दिन होली के गीत गुंजायमान रहे। कई स्थानों पर पानी की छोटी टंकियों में भी रंग घोला गया था, जिसमें युवाओं को घेर-घेरकर रंगा गया। रंगों के साथ साथ कीचड़ की और कपड़ा फाड़ होली भी खेली गई। होली के त्योहार में लोग इस कदर रंगे हुए थे कि एक-दूसरे का चेहरा भी पहचान में नहीं आ रहा था। कई स्थानों पर फाग की टोलियां भी निकलीं, जिसमें लोग फाग गायन करते हुए चल रहे थे।

### ढोलक की थाप पर थिरके

ग्रामीणांचलों में फाग के कलाकारों के द्वारा होली में मिलन करा दे जोगी जी वाह जोगी जी, जैसे गीतों व ढोलक मंजीरा की थाप की मनमोहक प्रस्तुति से लोगो को मंत्रमुग्ध कर दिया। वही कलाकारों ने महिला का रूप रख के नृत्य प्रस्तुत किया। यह देख मोहल्लेवासियों ने जमकर नगद राशि इनाम स्वरूप प्रदान की। फाग के कार्यक्रम में आसपास के मोहल्ले वालों का भी जमावड़ा लगा रहा।



मुराईन मोहल्ले में मटकी फोड़ते युवा। अमृत विचार

# गैस सिलेंडर फटने से दुकान हुई ध्वस्त

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

- कई मकानों में पड़ी दरारें, लोगों में मचा रहा हड़कंप
- दहशत में अपने घरों से भागकर लोगों ने बचाई जान

**अमृत विचार।** होली पर्व पर एक दुकान में रखे तीन गैस सिलेंडर में एक के बाद एक फट गए, जिससे दुकान के परखच्चे उड़ गए। आसपास के मकानों में दरार पड़ गई। गैस सिलेंडर फटने से घरों से भाग कर लोगों ने जान बचाई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने दुकान में लगी आग को काबू किया।

गाजीपुर थाना से 70 मीटर दूर एक दुकान पर रखे तीन घरेलू गैस सिलेंडर सोमवार की रात करीब दो बजे के आसपास एक के बाद एक करके फट गए। धमाके से से दुकान के परखच्चे उड़ गए और आग लग गई। साथ ही आसपास बने मकानों में दरार पड़ गई। रात में अचानक धमाकों की आवाज और मकान हिल जाने से घरों से लोग जान बचाने के लिए सड़क पर भाग कर आ गए। हादसे की सूचना पर मौके पर पुलिस पहुँची और फायर ब्रिगेड टीम को सूचना दिया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। थाना प्रभारी विनोद मिश्रा ने बताया एक दुकान में रखे 3 गैस सिलेंडर फटने से दुकान के परखच्चे उड़ गए हैं और कई मकान क्षतिग्रस्त हुए है। रात में हादसा होने से किसी प्रकार की जन हानि नहीं हुई है। दुकानदार राम प्यारे साहू ने बताया रात में दुकान बन्दकर घर चला गया था। सुबह जानकारी हुई कि दुकान में गैस सिलेंडर फटने से आग लग गई रही। आग लगने से करीब एक लाख रुपए का नुकसान हुआ है।



गैस सिलेंडर फटने के बाद अस्त- व्यस्त पड़ा सामान। अमृत विचार

# पत्नी की हत्या का आरोपी पति दो साथियों समेत गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- चार साल पहले पत्नी की हत्या कर शव नदी में फेंक दिया

**अमृत विचार।** चार साल पहले पत्नी की हत्या करने के बाद से फरार पति को पुलिस ने दो साथियों के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को होली पर उनके चोरी छिपे घर आने की जानकारी मिली थी।

कोतवाली प्रभारी राजेन्द्र सिंह ने बताया कि हुसैनगंज थाना क्षेत्र के महादेवना पुर गांव निवासी मोहनलाल होमगार्ड के पद पर तैनात थे। उनका पुत्र सत्य प्रकाश भिटौरा बाईपास पर रहता था। सत्य प्रकाश ने 2020 में घरेलू कलह से परेशान होकर अपनी पत्नी राज कुमारी की हत्या कर दी थी। इसमें उसके दोस्त अखिलेश कुमार और उत्तम ठाकुर ने भी उसका साथ दिया था। तीनों ने शव को गंगा नदी में फेंक दिया था। मामले में मुकदमा दर्ज होने के बाद से तीनों आरोपी फरार थे। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने तीनों को मंगलवार को लखनऊ से रायबरेली की ओर जाने वाली सड़क से गिरफ्तार कर लिया। तीनों आरोपियों को जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्रा ने बताया कि सत्य प्रकाश ने 2018 में प्रेम प्रसंग के बाद सामूहिक विवाह समारोह में राजकुमारी से शादी की थी। उसके बाद आरोपी के परिवार ने विरोध किया तो आरोपी अपने ससुराल में रहने लगा था। बाद में शहर में किराए के मकान में रहता था। पत्नी के द्वारा रोजाना लड़ाई झगड़े से परेशान होकर दोस्तों के साथ मिलकर पत्नी की हत्या कर टेंपो पर शव लादकर गंगा नदी में फेंक दिया था।

# पुल के नीचे पड़ा मिला युवक का शव पुलिस ने हत्या की जताई आशंका

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

- ग्रामीणों ने मारने के बाद फेंकने की जताई आशंका
- पुलिस प्रेम-प्रसंग मान रही है घटना की वजह

**अमृत विचार।** होली के पहले एक युवक का शव पुल के नीचे पड़ा मिलने पर लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस प्रेम-प्रसंग में हत्या किए जाने सहित अन्य बिन्दुओं पर जांच पड़ताल कर रही है।

बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के ससुर खदेरी पुल के नीचे एक 20 वर्षीय युवक का शव पड़ा मिला। जानवर चरा रहे युवक ने शव को देखा तो लोगों को जानकारी दी। शव मिलने पर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। स्थानीय लोगों के सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों ने हत्या करने के बाद शव फेंके जाने की आशंका जताई। कोतवाली प्रभारी संजय कुमार पांडेय ने बताया कि एक युवक का शव ससुर खदेरी नदी पुल के नीचे मिला है। मृतक की पहचान रितिक पुत्र धनराज रैदास (20) के रूप में हुई है। परिजनों को सूचना दी गई है। युवक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजते हुए जांच पड़ताल किया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई होगी।



शव मिलने पर पुल में लगी लोगों की भीड़। अमृत विचार

# करंट की चपेट में आने से गर्भवती महिला की मौत

संवाददाता बिंदकी, फतेहपुर

- पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा
- महिला के पिता की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस

**अमृत विचार।** घर का दरवाजा बंद करते समय करंट की चपेट में आने से गर्भवती महिला झुलस गई। परिजन महिला को अस्पताल लाए जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। महिला के पिता की सूचना पर पुलिस मौके पर गई और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

बिन्दकी कोतवाली के मिलकिनखेड़ा (दरवेशपुर) गांव निवासी शिव सिंह यादव की शादी एक वर्ष पूर्व मालवा थाने के चक्की गांव निवासी ओमप्रकाश यादव की पुत्री सोनम देवी के साथ हुई थी। सोमवार की देर शाम घरेलू काम करते समय बिजली का तार कटा होने से लोहे के दरवाजे में उतरे करंट की चपेट में आ गई। परिजन महिला को अस्पताल ले गए, जहां पर डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका के पिता की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## सर्पदंश से अधेड़ की जान गई

**बिंदकी, फतेहपुर।** बिन्दकी कोतवाली के सिकठुनपुर (गंगौली) गांव निवासी शिवराम सोमवार की शाम बकरी चराने जंगल गया था। तभी जंगल में सर्प ने डस लिया। चीख पुकार सुनकर पास में चारा काट रही उसकी पत्नी की चीख पुकार पर पास के नलकूप में काम कर रहे लोग उसे सीएचसी लाए, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा। भतीजे बृजेश ने बताया कि चाचा बकरी चराने गए थे। जंगल में सर्प में डस लिया है।

# सूने पड़े घर से लाखों का माल किया पार

संवाददाता असोथर, फतेहपुर

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के सराय खालिस में होली पर्व पर सूने घर को चोरों ने अपना निशाना बना डाला।

हथगाम थाना क्षेत्र के कामापुर गांव निवासी राहुल कुमार मौर्य पुत्र गुलाब मौर्य पिछले दस साल से असोथर थाना क्षेत्र के सराय खालिस गांव मंक घर बनाकर परिवार सहित रहकर डीजे और मोटरसाइकिल गैराज की दुकान चलाता है। बताया कि होली पर्व पर परिवार सहित अपने गांव कामापुर माता पिता के साथ होली का त्योहार मनाने गया था। वहीं सोमवार की रात सूने घर को देखकर अज्ञात चोरों ने दरवाजे का ताला तोड़कर कमरे में रखी अलमारी से 60 हजार रूपये नगद, सोने के आभूषण में दो अंगूठी, दो जंजीर, सात लाकेट का हार, एक मनचली, तीन लाकेट का माला और चांदी के आभूषण एक हाफ पेटी, एक फुल पेटी, एक जोड़ी पायल चोरी कर ले गए। जिसमें पीड़ित के अनुसार लगभग सात लाख रुपये की चोरी हुई है।

मंगलवार की सुबह जब पड़ोसियों ने देखा तो राहुल को फोन पर सूचना दिया। जानकारी मिलते ही राहुल परिवार सहित आनन फानन में घर पहुंच मौके का नजारा देख होश उड़ गए। राहुल मौर्य ने पुलिस को लिखित तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने मौके पर पहुंच जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मामले में थाना प्रभारी विनोद कुमार मौर्य ने कहा कि तहरीर मिली है । जांच के बाद मुकदमा पंजीकृत किया जाएगा।



चोरी की घटना के बाद घर में फैला पड़ा सामान।

- घर में लगे सीसीटीवी कैमरे को किया क्षतिग्रस्त

## कुत्ते के हमले से बालिका घायल

**चौडगरा।** कल्यानपुर थाना क्षेत्र के अलीपुर गांव में धीरज कुमार सविता की सात वर्षीय पुत्री स्नेहा मंगलवार को घर के बाहर खेल रही थी। तभी एक कुत्ते ने उस पर हमलाकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिजनों ने उसे आनन-फानन में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां से डाक्टर ने उसे कानपुर के लिए रेफर कर दिया।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

**चुनावी कवायद** | पिछले चुनाव की अपेक्षा 15 लाख रुपये की हुई बढ़ोतरी, निर्धारित सीमा से अधिक व्यय पर की जाएगी कार्रवाई

# चुनाव में 95 लाख रुपये खर्च कर सकेंगे उम्मीदवार

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** हाल ही में होने जा रहे लोकसभा चुनाव में इस बार उम्मीदवार 95 लाख तक की धनराशि खर्च कर सकेंगे। पिछली बार के मुकाबले इसमें 15 लाख रुपये का इजाफा हुआ है। 2014 एवं 2019 में खर्च की सीमा 70 लाख थी। प्रत्याशियों के व्यय पर निगाह रखने के लिए टीमें काम करेंगी और बीच-बीच में और खर्च का लेखा-जोखा भी प्रस्तुत करना होगा।

प्रत्येक चुनाव में निर्वाचन आयोग द्वारा उम्मीदवारों के लिए खर्च की सीमा तय की जाती है। जिससे चुनाव में बेहिसाब पैसा खर्च कर मतदाताओं को प्रभावित करने पर अंकुश लगाया जा सके। पिछले लोकसभा चुनाव में जहां खर्च की सीमा 70 लाख रुपए निर्धारित की गई थी वहीं इस बार लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार 95 लाख तक की धनराशि खर्च कर सकेंगे। हालांकि इस दौरान उनको रैली, जुलूस, वाहन व्यवस्था, चुनाव कार्यालय, खानपान से लेकर विभिन्न प्रकार के मदों में व्यय होने वाली धनराशि का पूरा ब्यौरा निर्वाचन आयोग को देना होगा।

खर्च पर नजर रखने के लिए टीमें बनाई गई हैं जो उम्मीदवारों के कार्यक्रमों की वीडियोग्राफी करेगी और अपने हिसाब से खर्च की निगरानी की जाएगी। इसके अलावा बीच-बीच में खर्च का हिसाब भी लिया जाएगा। यदि निर्धारित सीमा से अधिक धनराशि खर्च होती है तो संबंधित प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव आयोग द्वारा कार्रवाई अमल में लाई जा सकती है।



### व्यय पर टीमों की होगी पैनी नजर

लोकसभा हो या विधानसभा हर इलेक्शन में उम्मीदवारों द्वारा पानी की तरह पैसा बहाया जाता है, जिससे मतदाताओं को अपने पक्ष में किया जा सके। इसको लेकर नगदी वितरण से लेकर तमाम हथकंडे अपनाए जाते रहे हैं। इस पर अंकुश लगाने के लिए चुनाव आयोग द्वारा खर्च की सीमा तय की गई है। जिला प्रशासन द्वारा गठित की गई टीमें प्रत्याशियों के व्यय पर पैनी निगाह रखेगी। निगरानी के लिए टीमे गठित कर दी गई हैं।

## रंग लगाने को भिड़े दो पक्ष, मारपीट

**फतेहपुर।** जोनिहां चौकी क्षेत्र के जोनिहा मोड़ पर दो गुटों के बीच रंग डालने को लेकर मारपीट हुई। रास्ते से निकल रहे किसी व्यक्ति ने मारपीट का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। चौकी प्रभारी संजीव सिंह ने बताया सड़क पर कुछ युवकों के द्वारा मारपीट की गई है। चुनाव और होली को देखते हुए धारा 144 लागू है उसके बाद भी माहौल बिगड़ने की कोशिश की गई। इस मामले में अज्ञात युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मारपीट करने वाले युवकों की तलाश की जा रही है।

# जेंडर रेशियो बढ़ा तो बूथों पर होगा नारी शक्ति का 'वंदन'

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



### जिले में महिला वोटरों की स्थिति

| विधानसभा क्षेत्र | महिला वोटर | थर्ड जेंडर | जेंडर रेशियो |
|---|---|---|---|
| छिबरामऊ | 2,23,095 | 19 | 881 |
| तिर्वा | 1,76,729 | 24 | 866 |
| कन्नौज सदर | 2,01,614 | 14 | 884 |
| योग | 6,01,438 | 57 | 878 |

- जिले में प्रति एक हजार पुरुषों पर 878 महिलाएं, बढ़ी महिला वोटरों की संख्या
- छिबरामऊ व तिर्वा विधानसभा क्षेत्र में संख्या अधिक है



"मतदाता पुनरीक्षण अभियान शुरू होने से पहले सभी बीएलओ व सुपरवाइजरों को जेंडर रेशियो व ईपी रेशियो पर फोकस रखने के लिए कहा गया था। जिले में लिंगानुपात पिछले वर्षों की तुलना में बढ़ा है। इससे निश्चित ही लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी।

–आशीष कुमार सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी

**अमृत विचार।** जिले में ईपी रेशियो के साथ ही जेंडर रेशियो (लिंगानुपात) भी बढ़ा है। खास बात यह है कि पिछले सालों की तुलना में इस बार जेंडर रेशियो 878 पर पहुंच गया है, जिसके अनुसार जिले में प्रति एक हजार पुरुषों पर 878 महिलाएं हैं। जानकारों की मानें तो इस बार बूथों पर नारी शक्ति का 'वंदन' होगा। पुरुषों की तरह महिलाएं भी घर की दहलीज को लांघ कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने में सहयोग करेंगीं।

विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान में इस बार ईपी रेशियो (इलेक्टोरल टू पॉपुलेशन) जहां 63.73 प्रतिशत पहुंच गया है तो मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद तीनों विधानसभा क्षेत्रों में लिंगानुपात बढ़ गया है। छिबरामऊ व कन्नौज सदर विधानसभा क्षेत्र में महिला मतदाताओं की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। मतदाता सूची से पहले जिले में जब आलेख्य का प्रकाशन किया गया तो जेंडर रेशियो 864 था, जो बाद में बढ़कर 878 पर पहुंच गया। छिबरामऊ विधानसभा क्षेत्र में लिंगानुपात में सबसे अधिक 19 प्रतिशत व तिर्वा विधानसभा क्षेत्र में 16 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

विदित हो कि कोई भी चुनाव हो तो महिलाओं का वोट सबसे निर्णायक माना जाता है। जेंडर रेशियो बढ़ने से इस बार लोकसभा चुनाव के परिणाम चौंकाने वाले होंगे।

# समाज की रीढ़ है प्राथमिक शिक्षा

संवाददाता सौरिख, कन्नौज



गोष्ठी को संबोधित करते खंड शिक्षा अधिकारी सर्वेश कुमार यादव। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विकास खंड कार्यालय के सभागार में ब्लॉक स्तरीय ग्राम प्रधान एसएमसी अध्यक्ष एवं प्रधानाध्यापक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

मंगलवार को गोष्ठी में खंड विकास अधिकारी निरंजन त्रिवेदी ने कहा कि प्राथमिक शिक्षा हमारे समाज की रीढ़ है। सरकार गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिए बहुत कार्य कर रही है। खंड शिक्षा अधिकारी सर्वेश कुमार यादव ने कहा कि सरकार ने भौतिक कायाकल्प के द्वारा विद्यालयों में सभी पैरामीटर पूर्ण कर दिया है। एआरपी अखिलेश बाबू शुक्ला ने शारदा कार्यक्रम, संजय वर्मा एवं प्रवीण यादव ने निपुण भारत एवं डीबीटी के बारे में बताया। हिमांशु प्रताप के संचालन में हुए कार्यक्रम में दुष्यंत यादव, गिरिजेश सिंह, नैमिष दुबे, नीरज यादव, देवेश शर्मा, क्षितिज ,श्याम सिंह, रामशरण शाक्य, आलोक चौहान आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

## एक नजर

### रंजिश में बुजुर्ग को मारपीट कर किया घायल

**तिर्वा, कन्नौज।** कोतवाली क्षेत्र के खखरिया गांव निवासी रामचंद्र (75) ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि दो दिन पहले घर पर बैठा हुआ था। इसी दौरान गांव के ही निवासी सतीश चंद्र, शिव सिंह, मनमोहन व धर्मराज आए और चल रहे पुराने विवाद को गालीगलौज कर मारपीट कर घायल कर दिया। परिजनों को आता देख आरोपी जान से मार देने की धमकी देते हुए भाग गए।

### भूमि विवाद में महिला के साथ की मारपीट

**तिर्वा, कन्नौज।** कोतवाली क्षेत्र के भुगैतापुर्वा गांव निवासी रेखा देवी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि दो दिन पहले शाम को घर के बाहर खड़ी थी। इसी दौरान गांव के ही निवासी शनि, शकील, उस्मान अली आए और जमीन विवाद के चलते गालीगलौज कर मारपीट कर घायल कर दिया है। पुलिस ने पीड़िता कि तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### भंडारे के लिए जत्था हुआ रवाना

**तिर्वा, कन्नौज।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी उत्तराखंड के टनकपुर क्षेत्र में स्थित मां पूर्णागिरी मंदिर में होली के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। होली के बाद मंगलवार की शाम को भंडारे का सामान लेकर करीब 20 से अधिक लोगों के साथ रवाना हो गए है। करीब दस दिन से अधिक भंडारे के आयोजन के लिए कस्बा के कुछ चुनिंदा व्यापारियों से धनराशि एकत्र की गई है। इस मौके पर राममनोहर गुप्ता, राजीव, लल्ली हलवाई, संजय गुप्ता, शोभित गुप्ता, मनोज गुप्ता, अरुण गुप्ता समेत कस्बा के अन्य निवासी भंडारे के साथ रवाना हो गए है।

### घरों में दौड़ा करंट महिला समेत दो जख्मी

**छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम भगवंतपुर में घरों में हाईटेंशन करंट दौड़ गया। चपेट में आने से महिला समेत दो लोग झुलस गए। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भगवंतपुर में मंगलवार को ट्रांसफार्मर में हुए फाल्ट के बाद एलटी लाइन में एचटी का करंट दौड़ गया। चपेट में आने से किरन देवी पत्नी छोटू सिंह व मेघा पुत्री पवन कुमार झुलस गई। आनन फानन में परिजनों ने दोनों को नगला दिलु स्थित सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया। यहां कुछ देर चले उपचार के बाद दोनों की हालत में सुधार हो गया।

### घरेलू कलह के बाद युवक ने लगाई फांसी

**छिबरामऊ, कन्नौज।** सकरावा थाना क्षेत्र के ग्राम जसमेड़ी निवासी उत्तम पुत्र ध्रुव सिंह ने घरेलू कलह के चलते सोमवार रात करीब दो बजे कमरे में छत के कुंडे में रस्सी से फंदा लगाकर गला कस लिया। जानकारी होते ही परिजन उत्तम को नगला दिलु स्थित सौ शैय्या अस्पताल लेकर आये। यहां चिकित्सक ने तिर्वा स्थित डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर राजकीय महाविद्यालय के लिए रेफर कर दिया। वहां से भी चिकित्सक ने कानपुर हैलट भेज दिया।

# यूनियन बैंक में लगी आग, लाखों का नुकसान

## बिजली के शार्ट सर्किट से हुआ हादसा, ढाई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दमकल ने पाया काबू

संवाददाता छिबरामऊ-कन्नौज


आग बुझाते फायर ब्रिगेड के जवान। अमृत विचार


मौके पर मौजूद एसडीएम व सीओ। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सोमवार को जब पूरा नगर होली की मस्ती में डूबा था, तभी दोपहर लगभग डेढ़ बजे यूनियन बैंक में शार्ट सर्किट होने से आग लग गई। जानकारी होने पर पुलिस व फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। लगभग ढाई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

सोमवार को मुख्य मार्ग से गुजरने वाले लोगों ने यूनियन बैंक के शटर के अंदर से धुआं उठता देख, आग लगने की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बैंक के लिपिक शिवेंद्र सिंह चौहान को बुलाकर ताला खुलवाया। इस बीच चेयरमैन मनोज दुबे भी मौके पर पहुंच गए। शटर खुलते ही धुएं का गुबार निकल पड़ा। शटर खुलते ही फायर कर्मियों ने आग बुझाने के प्रयास शुरू किए। इस बीच एसडीएम उमाकांत तिवारी, सीओ ओमकारनाथ शर्मा व कोतवाल जितेंद्र प्रताप सिंह भी मौके पर पहुंच गए। लगभग ढाई घंटे के बाद आग पर काबू पाया जा सका। बैंक की लॉबी में लगे कंप्यूटर, फर्नीचर, सीसीटीवी कैमरे, डीवीआर व अभिलेख आदि जलकर नष्ट हो गए। आग बुझने के बाद एसडीएम ने बैंक के मुख्य शटर में ताला डलवा दिया। उधर दूसरी तरफ बैंक में आग लगने की जानकारी होते ही यूनियन बैंक के ग्राहकों समेत सैकड़ों की संख्या में भीड़ मौके पर पहुंच गई।

### आग से 35 लाख का नुकसान, तीन दिन बाद काम शुरू करा देने का किया दावा

- यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के उप क्षेत्रीय प्रमुख हरीश कुमार ने बताया कि आग से बैंक की लॉबी में लगे कंप्यूटर, फर्नीचर, अभिलेख, एसी आदि आदि जलकर नष्ट होने से लगभग 35 लाख रुपए के नुकसान का अनुमान है। नुकसान की रिपोर्ट हेड क्वार्टर को सौंपी जाएगी। तीन दिनों के अंदर ही व्यवस्था में सुधार कराकर पूर्व की भांति दोबारा काम शुरू करा दिया जाएगा।

### स्ट्रांग रूम व रिकॉर्ड रूम सुरक्षित

- बैंक में लगी आग से लॉबी व बैंक कर्मियों के केबिन जलकर नष्ट हो गए। बैंक के अंदर बने स्ट्रांग रूम व रिकार्ड रूम आग की चपेट में आने से बच गए। अगर यहां तक आग पहुंच जाती को शायद बैंक के साथ साथ ग्राहकों को लंबा नुकसान हो सकता था। रिकार्ड रूम में सैकड़ों की संख्या में ग्राहकों की फाइलें रखी थी, जिनमें उनके अभिलेखों की मूल प्रतियां जमा थी। हालांकि बैंक अधिकारियों का दावा है कि स्ट्रांग व रिकार्ड रूम फायर प्रूफ तैयार किया जाता है। यहां तक आग पहुंच भी जाती तो नुकसान होने की संभावना न के बराबर है।

# ट्रैक्टर व डीसीएम भिड़ंत में चालक-परिचालक की मौत

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- तीन दिन पहले मानीमऊ में हुई थी दुर्घटना, ट्रैक्टर चालक पर रिपोर्ट

**अमृत विचार।** ट्रैक्टर की टक्कर से डीसीएम चालक, परिचालक की मौत हो गई। तीन दिन पहले हुई दुर्घटना में ट्रैक्टर चालक पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। जीटी रोड मानीमऊ में 24 मार्च को ट्रैक्टर व डीसीएम की आमने सामने भिड़ंत हो गई। घटना में दो लोगों की मौत हो गई। मामले में मृतक के भाई बोबी पुत्र प्रेम पाल निवासी नरोरी परसोन बागवाला जिला एटा ने सदर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप लगाया है कि भाई विद्याशरन पुत्र राम गोपाल डीसीएम लेकर हिसार हरियाणा से स्टील लाद कर कानपुर जा रहा था। गाड़ी में परिचालक अंशुल पुत्र सुखवीर भी था। जैसे ही वह डीसीएम लेकर सुबह तीन बजे मानीमऊ के निकट पहुंचा उसी समय विपरीत दिशा से तेज रफ्तार आ रहे ट्रैक्टर से डासीएम की भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में उसके भाई व परिचालक की मौत हो गई। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

### आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर हादसा, दो की मौत

**तिर्वा, कन्नौज।** एक्सप्रेस वे पर अनियंत्रित कार डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में कार सवार दो लोगों की मौत हो गई। जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। होली पर शनिवार की देर रात कार सवार इटावा के बालूगंज निवासी आशीष कुमार पुत्र रघुराज, मैनपुरी के भानी करहल निवासी निकी यादव पत्नी अमित कुमार लखनऊ से आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे होते हुए आगरा जा रहे थे। जैसे ही उनकी कार ठठिया और कानपुर सीमा के बीच पहुंची तो डिवाइडर से टकराकर पलट गई। कार सवार दोनो घायलों को यूपीडा कर्मचारी चिकित्सा महाविद्यालय लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतकों के परिजनों को सूचना दी। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह। अमृत विचार

# स्वतंत्रदेव बने लोकसभा क्षेत्र के चुनाव संयोजक

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत, सांसद कार्यालय पर ली बैठक
- मिशन 400 पार को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को दिए टिप्स

**अमृत विचार।** भाजपा ने लोकसभा चुनाव में मिशन 400 पार को सफल बनाने के लिए चुनाव संयोजक नियुक्त किए हैं। कन्नौज लोकसभा क्षेत्र के लिए प्रदेश सरकार में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव को संयोजक बनाया गया है। मंगलवार को सांसद कार्यालय में उन्होंने बैठक पर भाजपा कार्यकर्ताओं को टिप्स दिए।

मंगलवार को जीटी रोड स्थित सांसद कार्यालय पहुंचे मंत्री स्वतंत्रदेव का जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने कार्यकर्ताओं के साथ स्वागत किया। मंत्री ने प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक ली, जिसमे जिला लोकसभा क्षेत्र संयोजक नरेन्द्र राजपूत, विधायक कैलाश राजपूत सहित पार्टी के प्रमुख लोग उपस्थित रहे। चुनाव संयोजक स्वतंत्रदेव ने कहा कि सभी को पूरी ताकत से चुनाव में लगना है और कन्नौज में दोबारा कमल खिलाना है। उन्होंने चुनाव की तैयारियों का भी जायजा लिया और बताया कि इस बार 400 पार मिशन को हासिल करने के लिए सभी को एकजुट होकर ऐसी शक्तियों से लड़ना है, जो राष्ट्र विरोधी है। बैठक में जिला मीडिया प्रभारी शरद मिश्रा समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# डीजे के विवाद में युवक से मारपीट, घर में लगाई आग

कार्यालय संवाददाता कन्नौज/तिर्वा


तिर्वा में मारपीट के बाद चिकित्सा महाविद्यालय में भर्ती घायल।


जिला अस्पताल में भर्ती घायल कप्तान।

**अमृत विचार।** इस्वापुर गांव में डीजे के विवाद में गांव के चार लोगों ने युवक की पिटाई कर दी। वह कोतवाली शिकायत करने पहुंचा तो उसके मकान में आग लगा दी। मामले की तहरीर कोतवाली पुलिस को दी गई है। दूसरी घटना में तिर्वा क्षेत्र में हुई जहां रंजिशन मारपीट के बाद फायरिंग की गई। घटना में एक व्यक्ति घायल हो गया।

सदर कोतवाली के गांव इस्वापुर निवासी कप्तान पुत्र गोविंद ने सदर कोतवाली में दी तहरीर में कहा कि उसके गांव में होली पर डीजे लगा था। युवक नृत्य कर रहे थे। इसी बीच गांव के चार लोगों ने उसके साथ मारपीट कर दी। इसकी शिकायत लेकर वह कोतवाली सदर आया था। इसी बीच उक्त लोगों ने उसके मकान में आग लगा दी। इससे उसका कीमती सामान जल कर नष्ट हो गया। मामले में पुलिस ने अभी तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।मामले की की पुलिस जांच में जुट गई है।

तिर्वा प्रतिनिधि के अनुसार कोतवाली के कटराबहसार गांव निवासी नरेंद्र सिह पुत्र सूरजभान की माता का स्वर्गवास हो गया था। सोमवार को शांतिपाठ का आयोजन चल रहा था। वह अपने परिवार के साथ घर पर था। उसी दौरान पुरानी रंजिश को लेकर गांव के महेंद्र सिह पुत्र कृपाल, सचिन पुत्र महेंद्र सिह, चंदौली निवासी अवनेश, हरचंदापुर निवासी गोपाल अपने साथ सात अज्ञात लोगों को लाए और रंजिश के कारण गालीगलौज करने लगे। जब विरोध किया तो मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के साथ फायरिंग भी की। गोली लगने से वह घायल हो गया।परिजनो ने पुलिस को सूचना देने के साथ उसे डॉ.भीमराव रामजी आंबेडकर चिकित्सा महाविद्यालय में भर्ती कराया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

**जमीन की रंजिश में घर में घुसकर पीटाः** भूमि विवाद को लेकर फाबडा मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। सदर कोतवाली के गांव सैदहा गोर्वधनी निवासी देवी दयाल पुत्र पाती राम ने आरोप लगाया कि 23 मार्च की रात 8:30 बजे भूमि विवाद को लेकर गांव के ही निवासी सुदामा पुत्र राम गुलाम, शेखर, चमन, वीटू पुत्रगण सुदामा ने गालीगलौज करते हुए फावड़ा मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने मेडिकल परीक्षण कराने के बाद रिपोर्ट दर्ज की है।

### जातिसूचक गाली देने का विरोध करने पर युवक को पीटा

**छिबरामऊ, कन्नौज।** घर के सामने जातिसूचक गाली देने का विरोध करने पर दबंगों ने युवक के साथ मारपीट कर दी। लोगों के आ जाने पर तमंचे से फायर कर धमकी देते हुए भाग गए। युवक के भाई ने पुलिस को तहरीर दी है। कांशीराम कालोनी निवासी संजय पुत्र भारत सिंह ने बताया कि सोमवार की सुबह करीब दो बजे वह परिवार के साथ घर पर था। तभी कुछ दबंग घर के बाहर आकर जाति सूचक गालियां देने लगे। विरोध करने पर भाई धीरज के साथ मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद उक्त लोगों ने तमंचे से फायर कर दिया। आसपास के लोगों के आ जाने पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। उसे जिला अस्पताल भेजा गया।

# अश्लील हरकत के विरोध पर पीटा

**कन्नौज।** बहनोई ने साली से अश्लील हरकत की। साढू ने विरोध जताया तो उससे मारपीट कर दी गई। इस दौरान साली जमीन पर गिर कर बेहोश हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई का अश्वासन दिया पर कोई तहरीर नहीं दी गई।

सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का निवासी युवक अपनी ससुराल अरौल में पत्नी को बुलाने गया था। वहां उसके दो साढू भी मौजूद थे। उन्होंने पत्नी से अश्लीलता की तो युवक ने विरोध जताया। इसके बाद वह बाइक पर पत्नी को बैठा कर घर के लिये निकला। तिर्वा क्रासिंग पर पहुंचा तो लाखन तिराहा निवासी उसके दोनों साढू ने बाइक रोक ली और उससे मारपीट की। यही नहीं यहां पर भी दोनों ने साली से अश्लीलता शुरू कर दी। विरोध करने पर युवक से मारपीट करने लगे। इससे उसकी पत्नी बेहोश होकर गिर पड़ी। युवक ने परिजनों को जानकारी दी तो वे मौके पर पहुंच गये। इस पर दोनों साढू भाग निकले। चना पर पहुंची यातायात पुलिस महिला व उसके पति को यातायात बूथ पर लाये। यहां से कंट्रोल रुम को सूचना दी।

# कंप्यूटर कोर्स में सफल छात्राओं को प्रमाण पत्र


एक कंप्यूटर सेंटर में सफल छात्राएं, मुख्य अतिथि स्मरजित अग्निहोत्री व साथ में सेंटर हेड विपिन मिश्र। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- मुख्य अतिथि ने सफल छात्राओं का किया उत्साहवर्धन

**अमृत विचार।** नगर के मोहल्ला ग्वाल मैदान में एक कंप्यूटर सेंटर में उच्च श्रेणी में उत्तीर्ण छात्राओं को पुरस्कार के साथ प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

ओ लेवल में शैलजा द्विवेदी, आंचल दुबे तथा झनक ठाकुर अव्वल रहीं। सी.सी.सी. में शैजिया रफी, जाह्नवी वैश्य, रीता देवी, ऋतिक दीक्षित, दिव्यांशी तिवारी, श्रुति मिश्रा अव्वल रहीं। यह दोनों कोर्स सरकारी हैं जबकि यूनिवर्सिटी कोर्स एडीसीए में श्रुति मिश्रा, स्नेहलता, नंदनी जैन तथा कीर्ति कुमारी सफल रहीं।

इन सभी ने सौ फीसदी अंक प्राप्त किए। मंगलवार को सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार व अवकाश प्राप्त प्रधानाचार्य स्मरजित अग्निहोत्री रहे। उन्होंने सफल छात्राओं को पुरस्कार व प्रमाण पत्र प्रदान कर उत्साहवर्धन किया। इस दौरान सेंटर हेड विपिन मिश्र ने भी छात्राओं का उत्साह बढ़ाया।

## कार्रवाई — बीएसए ने 71 अध्यापकों की सूची जारी की थी, न आने पर नौ को मिला नोटिस

# एरियर के लिए सत्यापन कराने नहीं आ रहे शिक्षक

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

### सत्यापन न कराने पर इन शिक्षकों को नोटिस

- नवीन त्रिपाठी प्राथमिक स्कूल तिर्वा खास, उमर्दा
- दीपिका देवी प्राथमिक स्कूल गणेपुर्वा, हसेरन
- प्रीती गुप्ता, उच्च प्राथमिक स्कूल निस्तौली, उमर्दा
- रविंद्र सिंह, प्राथमिक स्कूल नगलामछल, हसेरन
- ओमी तिवारी, प्राथमिक स्कूल, महसौनापुर, उमर्दा
- पूजा कनौजिया, प्राथमिक स्कूल सरायप्रयाग, तालग्राम
- रश्मि ओमरे, प्राथमिक स्कूल विजयीनगला, छिबराऊ
- महेश चंद्र, उच्च प्राथमिक स्कूल नेकपुर, हसेरन
- नीरज शर्मा, प्राथमिक स्कूल धिंगपुर, छिबरामऊ

- एक सप्ताह में अभिलेखों का सत्यापन न कराया तो होगी विभागीय कार्रवाई

### इन अभिलेखों का है मामला

आधार कार्ड, पैन कार्ड, पिता का नाम, मानव संपदा, बीएड, स्नातक, हाईस्कूल आदि शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र सत्यापित नहीं हैं। इसको लेकर ही संबंधित शिक्षकों को बुलाया गया है।

**अमृत विचार।** एक ओर तो शिक्षक बकाया वेतन (एरियर) के लिए शिकायतें करते हैं तो दूसरी ओर कई अध्यापक अभिलेखों का सत्यापन कराने नहीं आ रहे हैं। नौ अध्यापकों को नोटिस जारी कर जवाब-तलब हुआ है। साथ ही एक सप्ताह का फिर से समय देते हुए विभागीय कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है।

बीएसए उपासना रानी वर्मा ने तलब किए स्पष्टीकरण नोटिस में कहा है कि 69 हजार शिक्षक भर्ती समेत अन्य भर्तियों के तहत वेतन भुगतान के लिए बचे अध्यापकों को 14 मार्च को पत्र जारी किया गया था। शिक्षकों की पत्रावलियों की जांच के बाद 71 शिक्षकों की सूची जारी हुई थी।

साथ ही आधार अपडेट हिस्ट्री व पैन सत्यापन रिपोर्ट मांगी गई थी। निर्देश दिए गए थे जिन शिक्षकों के आधार व पैन सत्यापन लंबित हैं वह बीआरसी कन्नौज/नगर क्षेत्र में तैनात ब्लॉक क्वालिटी/एमआईएस कोआर्डिनेटरों के समक्ष कार्य दिवसों में उपस्थित होकर सत्यापन कार्य पूरा कराएं। बीएसए के पत्र के मुताबिक 71 शिक्षकों की सत्यापन सूची में नौ शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित नहीं हुए। उनको नोटिस जारी कर एक सप्ताह में स्पष्टीकरण मांगा गया है। साथ ही बीआरसी में सत्यापन प्रक्रिया पूरी कराने के निर्देश दिए गए हैं। अगर उन्होंने सत्यापन नहीं कराया तो माना जाएगा कि तथ्य छिपाने का प्रयास किया जा रहा है। उसके बाद विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

# जुआ खेलते पांच जुआरी गिरफ्तार

**कन्नौज।** कोतवाली पुलिस ने पांच जुआरियों को जुआ खेलता पकड़ा।

सरायमीरा चौकी प्रभारी शेखर सैनी ने सूचना पर ऋतुकला गांव निवासी अखिलेश पुत्र काली चरन, यूसुफपुर भगवान निवासी अंसार इकबाल, उमा शंकर पुत्र राम गोपाल, विनोद पुत्र सुरेश व सलेमपुर निवासी जयसिंह पुत्र गोपी चरन को गिरफ्तार किया है। कोतवाली प्रभारी दिग्विजय सिंह ने बताया कि खास सूचना मिली थी कि भाजपा कार्यालय रोड पर खाली पड़े प्लाट में कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी की। जुआ खेल रहे सभी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।



गुलाल से होली खेलते सौरिख नगर पंचायत के चेयरमैन राहुल गुप्ता। अमृत विचार



आसकरनपुरवा में बच्चों संग होली खेलती प्रधानाध्यापक सरिता गौतम। अमृत विचार



समाजसेवी आलोक दीक्षित को गुलाल लगाते बच्चे। अमृत विचार



होली खेलते डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल, एसपी अमित आनंद व एडीएम आशीष सिंह।

# सिर चढ़कर बोली होली की 'उमंग', उल्लास का रंग

## परंपरागत तरीके से मनाया गया त्योहार, बच्चे-युवा व महिलाओं के अलावा बुजुर्गों ने भी जमकर उड़ाया अबीर-गुलाल

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** महापर्व होली की उमंग में जब उल्लास के रंग भरे तो पूरा वातावरण सतरंगी हो गया। बच्चों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों ने भी जमकर होली खेली। शहर हो, कस्बा हो या गांव या मोहल्ला, हर जगह होली का हुड़दंग दिखाई दे रहा था। लोगों ने जहां पुरातन परंपराओं का निर्वहन किया तो उसे आधुनिक स्वरूप भी दिया।

होलिका दहन के बाद लोगों ने आखत डालकर परिक्रमा की और जयकारे लगाए। इसके बाद रंगोत्सव शुरू हुआ। एक-दूसरे को गुलाल लगाकर गले मिले। एक-दूसरे के घर जाकर बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया। कई उत्साही युवाओं ने डीजे लगाकर होली के गीतों पर नृत्य किया। सबसे अधिक बच्चे प्रफुल्लित थे। बच्चों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाया और पिचकारी से रंगों की बौछार की। युवाओं और महिलाओं ने तो होली पर जमकर मौज-मस्ती की। ग्रामीण इलाकों में मंगलवार को रंगोत्सव मनाया गया। गांवों में सभी रंगों से सराबोर नजर आए।

**भांग की मस्ती का छाया खुमार:** त्योहार पर नशेबाजी के भी विविध रंग देखने को मिले। भांग और शराब की मस्ती का लोगों पर खुमार छाया रहा। शहर हो या गांव हर जगह लोग झूमते हुए दिखाई दिए। प्रशासन ने होली के दिन शाम पांच बजे शराब की दुकानें खुलवा दीं थीं।



सदर ब्लाक के देवधरापुर गांव में होली में आखत डालते लोग। अमृत विचार



रंगों के पर्व होली पर गुरसहायगंज में जश्न मनाते युवा।



जलालाबाद में पुलिस टीम के साथ मौजूद कोतवाल जेपी शर्मा।





होली खेलतीं विधायक अर्चना पांडेय व उनके पति राजेश पांडेय। सांसद सुब्रत पाठक को गुलाल लगाते आईटी सेल प्रभारी अभिषेक पांडेय। अमृत विचार

### रंगों की बौछार के साथ फिजाओं में गूंजे फाग

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** आस्था, परंपरा और धार्मिक अनुष्ठान के उपरान्त विधि विधान से होलिका दहन किया गया। लोगों ने आखत डाले और जयकारे लगाए। लोगों ने आपस में गले मिलकर गिले-शिकवे दूर किए। नागरिकों सहित जनप्रतिनिधियों ने भी एक दूसरे के गुलाल लगाकर व गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दी। गुलाल रंगों से एक दूसरे को सराबोर कर ढोल, नगाड़ों, डीजे व बैंड-बाजों की धुनों पर धूमधाम से नाच गाकर होली का त्योहार मनाया। देर रात तक होली मिलन का जश्न चलता रहा। रंगों की बौछार के साथ फिजाओं में फाग भी गूंजते रहे। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद, कोतवाल जेपी शर्मा, कस्बा प्रभारी रोबिन सिंह ने रूटमार्च किया। पुलिस की सजगता व चौकसी के चलते पर्व को शांति व सौहार्द के साथ सम्पन्न कराया गया।

# खाकी ने मचाया धमाल अफसरों पर उड़ा गुलाल

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** होली पर पर जहां लोगों में उत्साह था, तो दूसरे दिन अफसर व पुलिस कर्मी भी होली के रंग में रंगे नजर आए। पुलिस लाइन में खाकी ने धमाल मचाया तो कलक्ट्रेट में डीएम समेत आला-अफसरों ने होली खेली। जिले के सभी थानों और पुलिस चौकियों में भी त्योहार मनाया गया।

मंगलवार को रिजर्व पुलिस लाइन में एसपी अमित कुमार आनंद ने होलिकोत्सव का आगाज किया। उन्होंने एएसपी डॉ. संसार सिंह के साथ पुलिस कर्मियों को रंग लगाया। इसके बाद सभी अधिकारी कलक्ट्रेट पहुंचे और जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल व अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह के साथ होली खेली। लाइन में पुलिस कर्मियों ने डीजे की धुनों पर नृत्य किया। फायर ब्रिगेड के वाटर हाइड्रेंट से रंगों की वर्षा की गई तो कई पुलिस कर्मियों ने एक-दूसरे के कपड़े फाड़कर जश्न मनाया।

**छिबरामऊ।** मंगलवार को होली मिलन कार्यक्रम में कोतवाल जितेंद्र प्रताप सिंह के साथ पुलिस कर्मियों ने जमकर होली खेली। खुशनुमा माहौल के बीच एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर बधाई दी।



छिबरामऊ कोतवाली में डीजे की धुन पर नृत्य करते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

# भोपाल में मिला लापता नौसैनिक का शव

संवाददाता सौरिख, कन्नौज

- **शव गांव पहुंचते ही परिजनों में मचा कोहराम, 38 दिन से था लापता**
- **आठ साल पहले नौसेना में भर्ती हुआ था युवक, दो मार्च को थी शादी**

**अमृत विचार।** क्षेत्र से लापता नौसैनिक का शव भोपाल के एक होटल में मिला। पोस्टमार्टम के बाद शव को गांव लाया गया, जहां परिजनों में कोहराम मच गया। गांव में ही नौसैनिक के शव का सैनिक सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। बताया गया कि उसकी दो मार्च को शादी थी, लेकिन इससे पहले ही वह रहस्यमय ढंग से लापता हो गया था।

सकरावा थाना क्षेत्र के ग्राम शरीफपुर निवासी 25 वर्षीय पुष्पेंद्र कुमार पुत्र राकेश चंद्र आठ साल पहले नौसेना में भर्ती हुए थे। दो मार्च को उनकी शादी थी, लेकिन 15 फरवरी को वह रहस्यमय तरीके से लापता हो गए। परिजनों ने उनकी तलाश की लेकिन कहीं पता नहीं नहीं चला। 23 मार्च को 38 दिन बाद पुष्पेंद्र का शव भोपाल के एक होटल में पड़ा मिला। भोपाल पुलिस ने पुष्पेंद्र के ताऊ रामअवतार को फोन कर सूचना दी, जिस पर परिवार के लोग वहां पहुंच गए। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द किया गया। मंगलवार को शव गांव पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीणों ने बताया कि पुष्पेंद्र अपने माता-पिता का एकलौता बेटा था, जबकि उसकी दो बहनें अर्चना व निशू हैं। बेटे की मौत पर मां तारा देवी बेसुध हो गई। दोपहर बाद गांव में ही सैनिक सम्मान के साथ पुष्पेंद्र का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# अतिरिक्त दहेज के लिए महिला को घर से निकाला

संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** दहेज में बाइक की मांग कर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया गया। मायके में भी पहुंच कर उससे मारपीट की। मामले की रिपोर्ट सदर कोतवाली में दर्ज कराई गई है।

सदर कोतवाली के गांव बंसरामऊ निवासी लक्ष्मी पत्नी विनोद ने सदर कोतवाली में दामाद विनोद कुमार उर्फ गोलू, पुत्री की सास राजकुमारी निवासी ठठिया थाना क्षेत्र के गांव घग्गापुर्वा रुरा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप लगाया है कि उसने अपनी पुत्री पुत्री अंजली की शादी तीन मई 2023 को की थी। शादी में करीब पांच लाख रुपये खर्च किए थे। इसके बाद भी पति व सास खुश नहीं थे। पुत्री से मारपीट करने लगे। पंचायत हुई पर नहीं माने। अतिरिक्त दहेज में बाइक की मांग करने लगे। असमर्थता जताने पर परेशान करने लगे।

# झोलाछाप के इलाज से युवक की मौत

संवाददाता, सौरिख, कन्नौज

**अमृत विचार।** राजस्थान से होली की छुट्टी पर आए युवक को बुखार आने पर परिजनों ने झोलाछाप से उपचार कराया। हालत बिगड़ने पर परिजन फर्रुखाबाद ले जा रहे थे तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। युवक के परिजनों ने झोलाछाप के खिलाफ थाने में प्रार्थना पत्र देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

सकरावा थाना क्षेत्र की चौकी दौलताबाद के जसमेड़ी गांव निवासी अवनीश पुत्र राजेंद्र सिंह पाल (25) राजस्थान में एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी कर रहा था। शनिवार को होली पर अपने गांव जसमेडी लौटा था। रविवार को बुखार आने पर पड़ोस में स्थित दौलताबाद गांव में एक झोलाछाप से परिजनों ने उपचार कराया। सोमवार की रात हालत बिगड़ने पर परिजनों ने झोलाछाप को फोन किया तो उसने फोन नहीं उठाया। इस पर परिजन प्राइवेट वाहन से अवनीश को फर्रुखाबाद ले जा रहे थे लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मृतक के भाई अरुण पाल सिंह ने झोलाछाप पर गलत उपचार का आरोप लगाते हुए दौलताबाद चौकी पर प्रार्थना पत्र दिया है।



अवनीश।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस घटना से मृतक के पिता राजेंद्र सिंह, भाई अरुण, मां कुसमा देवी एवं बहनों मीनू व उत्तरा का रो रोकर बुरा हाल है। झोलाछाप अपना क्लीनिक बंद कर मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों ने बताया झोलाछाप मेडिकल स्टोर खोले हुए हैं और उसी की आड़ में डॉक्टरी भी कर रहा है।

# तमंचे के बल पर घर में घुसकर किया दुष्कर्म

संवाददाता सौरिख, कन्नौज

- **पुलिस ने दर्ज की नामजद एफआईआर, आरोपी की तलाश**

**अमृत विचार।** घर में तमंचे के बल पर गांव के एक युवक ने महिला से दुष्कर्म किया। उस समय उसका पति मवेशियों से फसल की रखवाली करने खेत पर गया था। पीड़िता ने युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला रात 11 बजे के करीब घर पर अकेली थी। पति मवेशियों से फसल की रखवाली करने के लिए खेत पर गया था। महिला को घर में अकेला पाकर गांव का युवक अंकित तमंचा लेकर घर में घुस गया और धमकी देते हुए दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। युवक जाते समय महिला व उसके पति को जान से मारने की धमकी देकर चला गया। जब वह खेतों से वापस आए तो घटना की जानकारी पति को दी। सुबह वह पति के साथ थाने पहुंचा। मामले की जानकारी पुलिस को दी। थानाध्यक्ष सचिन कुमार सिंह ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

# फाल्ट से 10 घंटे गुल रही गांवों की बिजली

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- **गोलकुआं पर केबिल बाक्स फटने से आई समस्या**
- **मानपुर उपकेंद्र से जुड़े गांव कोल्ड स्टोरेज हुए प्रभावित**

**अमृत विचार।** सरायमीरा के गोल कुआं पर केबिल बाक्स में आये फाल्ट से रात एक बजे से सुबह 10 बजे तक कोल्ड स्टोरेज व एक सैकड़ा गांव की बिजली गुल रही। जानकारी पर सुबह पहुंचे कर्मचारियों ने सुधार कर आपूर्ति बहाल की।

मानपुर उपकेंद्र को आने वाली 33000 लाइन में सोमवार की रात करीब एक बजे गोलकुआं के पास तेज धमाके के साथ केबिल जल गई। इससे सरायमीरा के अलावा तिर्वा क्रासिंग के की तरफ के मोहल्लों व एक सैकड़ा गांव की बिजली गुल हो गई। होली के कारण





लाइनमैन भी मौजूद नहीं थे। इससे करीब 10 घंटे बिजली गुल रही। सुबह होने पर लाइनमैन को फाल्ट की जानकारी दी गई। मंगलवार को सुबह करीब नौ बजे कर्मचारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने जली हुई केबिल को निकाल कर फाल्ट ठीक किया। इसके बाद करीव 10 बजे बिजली व्यवस्था सामान्य की गई। इसके बाद कोल्ड स्टोरेज समेत अन्य फैक्ट्री चली।

मालुम हो कि मानपुर उपकेंद्रको जाने वाली अंडर ग्राउंड लाइन में कभी गोलकुआ के पास तो कभी पीएसएम कालेज के निकट फाल्ट होता रहता है। इससे अक्सर बिजली कई-कई घंटे गुल रहती है। इस संबंध में अधिशाषी अभियंता मगन सिंह का कहना था कि फाल्ट रात में होने से सुधार नहीं किया जा सका।दिन में फाल्ट को ठीक कर मानपुर उप केंद्र से आपूर्ति बहाल कर दी गई है।

### चाचा, भतीजे को पीटा

**तालग्राम, कन्नौज।** कस्बा के मोहल्ला कटरा निवासी निखिल कुमार का कहना है कि उसके चाचा शेरसिंह बकरी चराकर लौट रहे थे। तभी मोहल्ले के अजय, रमेश, सुरजीत व रिषभ ने रुपये के लेनदेन को लेकर गाली गलौज की। मना करने पर उसे व उसके चाचा को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

### गवाह को जान से मारने की धमकी

**तालग्राम, कन्नौज।** ग्राम नरुइया निवासी मिजाजी लाल शर्मा ने बताया कि गत दिनों पूर्व गांव में पूर्व प्रधान की हत्या कर दी गई थी। इस मुकदमे में वह गवाह है। उसी मामले में गांव का विजेन्द्र यादव आरोपित है। बीते दिन विजेन्द्र यादव व उसके पुत्र रोहित ने गवाही देने पर जान से मारने की धमकी दी।

## सार-संक्षेप

### पतंग उड़ाते समय छत से नीचे गिरा युवक, हाथ-पैर टूटे

**कन्नौज।** मकान की छत पर पतंग उड़ाते समय पैर फिसलने से युवक नीचे आ गिरा। इससे उसका पैर व हाथ टूट गया। शहर के मोहल्ला फर्स निवासी हिमांशू मंगलवार को अपने मकान की छत पर पतंग उड़ा रहा था। इसी दौरान उस का पैर फिसल गया। इससे वह मकान की छत से नीचे जा गिरा। इस दुर्घटना में उसका एक पैर, हाथ टूट गये व सिर में चोट आई। जिला अस्पताल से चिकित्सा महाविद्यालय रेफर कर दिया गया।

### दो ने जहरीला पदार्थ पीया

**कन्नौज।** दो लोगों ने जहरीला पदार्थ पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। सदर कोतवाली के गांव नरायनपुर्वा निवासी अनिल कुमार (26) पुत्र राम पाल ने जहरीला पदार्थ पी लिया। हालत खराब होने पर परिजन जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। दूसरी घटना हरदोई जनपद के थाना मल्लावा गांव महिमपुर की है। यहां की निवासी रंजना (22) पुत्री मनोहर लाल ने जहरीला पदार्थ पी लिया। दोनों को परिजन जिला अस्पताल लाये।

### समधन कस्बा के युवक की कोटा में मौत

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** समधन कस्बा के एक युवक ने कोटा में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मंगलवार की सुबह जानकारी होने पर परिजनों में चीख पुकार मच गई। कस्बा समधन के मोहल्ला गोरीनवादा निवासी साबिर का पुत्र ऊरूज (20) राजस्थान कोटा के विज्ञान नगर में नीट की तैयारी कर रहा था। किसी बात से क्षुब्ध होकर उसने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के पिता साबिर ने बताया कि पुत्र के दोस्त जब उसे कोचिंग जाने के लिए उठाने पहुंचे तो घटना का पता चला। वह पुत्र को डॉक्टर बनाना चाहता था लेकिन मौत ने सब खत्म कर दिया। जानकारी मिलने के बाद परिजन कोटा के लिए रवाना हो गए।

### छेड़छाड़ की शिकायत पर शांतिभंग की कार्रवाई

**तिर्वा, कन्नौज।** ठठिया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि दो दिन पहले गांव के ही निवासी चार युवक घर आए। रंग लगाने के बहाने बेटी के साथ अश्लील हरकतें करने लगे। विरोध करने पर मारपीट शुरू कर दी। इससे तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने जांच कर दोनों पक्ष से मारपीट की घटना को दर्शाते हुए शांतिभंग की कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया है। थानाध्यक्ष किशनपाल सिंह ने बताया की मामला मारपीट का था। छेड़ाखानी का आरोप बेबुनियाद है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव तख्त पर पड़ा मिला

**सौरिख,कन्नौज।** थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर निवासी सुरेंद्र उर्फ बाबा (28) पुत्र राम प्रकाश रविवार शाम अपने दरवाजे पर तख्त पर लेट गया। सुबह जब देखा तो वह मृत मिला। यह देख परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

### शराब सहित युवक को पकड़ा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** कोतवाल जेपी शर्मा के नेतृत्व में उप निरीक्षक चंद्रभान यादव ने अभियान चलाकर छापेमारी की। पुलिस ने सोमवार की शाम लगभग 04 बजे ग्राम रायपुर निवासी राधा कृष्ण को 80 क्वाटर देशी शराब के साथ पकड़ लिया। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की है।

### युवक को मारपीट कर किया घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर के मोहल्ला अशोक नगर निवासी लखन गुप्ता का कहना है कि मोहल्ले के संजू, देव, रवि व आमिर ने 25 मार्च की शाम 03 बजे दरवाजे पर आकर गालीगलौज की। जब उसने विरोध किया तो उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

व्यवस्था | निर्वाचन आयोग ने लांच किया सी-विजिल एप, 100 मिनट में होगा निस्तारण


# आचार संहिता का उल्लंघन दिखे तो करें एक क्लिक

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- **लाइव फोटो और वीडियो भी कर सकते अपलोड, मिलेगी हर जानकारी**

**अमृत विचार।** यदि आपके क्षेत्र में कहीं भी आदर्श आचार संहिता का खुलेआम उल्लंघन हो रहा है तो किसी अधिकारी से शिकायत करने के बजाय उसे सी-विजिल एप पर दर्ज करें। 100 मिनट के अंदर शिकायत पर प्रभावी कार्रवाई की जाएगी और उसकी निस्तारण आख्या शिकायतकर्ता के पास भेज दी जाएगी। निर्वाचन आयोग ने आम लोगों के लिए सी-विजिल एप लांच किया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराए जाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने मोबाइल ऐप सी-विजिल एप लांच किया है। इसके जरिए





सी-विजिल एप।

आमजन आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की रिपोर्ट कर सकेंगे। यह एप निर्वाचन की घोषणा की तिथि से प्रभावी हो गया है। उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति इस एप के जरिए कहीं भी आचार संहिता के उल्लंघन की जानकारी दे सकेगा।

सी-विजिल एप चुनावी गड़बड़ियों पर तत्काल लगाम लगाने में सहायक है। एप का बीटा वर्जन लोगों व चुनाव कर्मियों के लिए उपलब्ध होगा।

### एप पर इस तरह करें शिकायत

उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने बताया कि सी-विजिल एप के माध्यम से आम नागरिक आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत कर सकता है। मोबाइल से प्ले स्टोर या एप स्टोर से सी-विजिल एप डाउनलोड कर आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लघंन की शिकायत, लाइव फोटो अथवा लाइव वीडियो अपलोड कर शिकायत की जा सकती है। शिकायत दर्ज होने पर सम्बन्धित रिटर्निंग आफिसर द्वारा अपने नजदीक के उड़नदस्ता टीम (एफएसटी) को शिकायत स्थल पर भेजा जाता है। शिकायत को निर्धारित करके सम्बन्धित रिटर्निंग आफिसर के पोर्टल पर अग्रसारित किया जाता है तथा सम्बन्धित रिटर्निंग आफिसर द्वारा शिकायत के निस्तारण के क्रम में निर्णय लिया जाता है।

#### इस तरह की शिकायतें होंगी दर्ज

आम तौर पर सी-विजिल एप में धनराशि वितरण, गिफ्ट व कूपन वितरण, शराब वितरण आदि शिकायतों के अतिरिक्त बिना अनुमति पोस्टर, बैनर लगाना, बिना अनुमति बैठक करना, बिना अनुमति के प्रचार में गाड़ी लगाना, धार्मिक तथा उन्मादी भाषणबाजी करने सम्बन्धी परिवाद अंकित किये जाते है। इनका निस्तारण 100 मिनट के अंदर किया जाता है और प्रभावी कार्रवाई की जाती है।

# सड़क दुर्घटनाओं में पांच लोग घायल

संवाददाता, तालग्राम/गुरसहायगंज

**अमृत विचार।** अलग-अलग हादसों में पांच लोग घायल हो गए जिसमें से एक की हालत गंभीर है।

आगरा-लखनऊ राजस्थान के जयपुर थाना जोबनेर निवासी मूलचन्द (50) कार लेकर अयोध्या से मथुरा जा रहा था। कार में उसके साथ बड़े भाई सीताराम (60) व चालक थाना जोमेर के गोकुलपुर्वा निवासी गिरधारी लाल (55) भी सवार थे। मंगलवार की सुबह कार एक्सप्रेस-वे के किमी 177 पर पहुंची। तभी आगे चल रही कार को ओवरटेक करते समय पीछे से जा टकराई गई। इससे कार में सवार तीनों लोग घायल हो गए। उन्हें सुरक्षा अधिकारी ओमप्रकाश सिंह व थाना पुलिस ने यूपीडा एम्बुलेंस से कस्बा की सीएचसी में भर्ती कराया। यहां से तिर्वा चिकित्सा महाविद्यालय रेफर कर दिया गया।

उधर, ग्राम अमोलर निवासी सुरजीत कुमार (31) मंगलवार की सुबह घर से बाइक लेकर गुरसहायगंज जा रहा था जबकि थाना इंदरगढ़ के हसेरन पट्टी निवासी मुकेश कुमार (35) गुरसहायगंज स्थित रिश्तेदारी से घर लौट रहा था। तभी अमोलर पानी टंकी के पास दोनों बाइकों में आमने-सामने की टक्कर हो गई। इससे दोनों बाइक सवार घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घायलों को एम्बुलेंस से सीएचसी में भर्ती कराया। जहां सुरजीत को चिकित्सा महाविद्यालय रेफर कर दिया गया। अन्य दुर्घटना में थाना इंदरगढ़ के ग्राम भगवंतापुर निवासी हर्षित (16) को घायल अवस्था में सीएचसी लाए। उसे तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

# दबंगों ने खून से खेली होली, एक की जान गई

फर्रुखाबाद। होली के त्योहार पर दुर्व्यसनों की वजह से कई जगह मारपीट की घटनाएं सामने आईं। दबंगों ने शराब के नशे में कई जगह उत्पात मचाया। पड़ोसी जिला एटा में आखत डालते समय दबंग ने गोलियां बरसाकर चार लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसमें एक युवक की डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में मौत हो गई। कहीं रंग से होली खेली गई तो कहीं खून से। होली पर कई जगह सुरक्षा व्यवस्था को तार-तार कर दिया गया। किस तरह दबंग हावी रहे इस पर यहां पेश है अमृत विचार की रिपोर्ट...

## गोलीबारी से एक की मौत, चार घायल

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद


लोहिया अस्पताल में भर्ती घायल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पड़ोसी जिला एटा में होली पर आखत डालते समय दबंगो की गोली से घायल दो युवकों को डॉ. राममनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां एक की उपचार के दौरान मौत हो गई।

थाना जसरथपुर के गांव नगला मुरली निवासी मृतक के भाई अवनीश ने बताया कि गांव में राम अवतार और अवधेश के बीच विवाद चल रहा था। राम अवतार ने आखत न डालने की सभी को चेतावनी दी थी। वह लोग आखत डालने पहुंचे तो दबंगों ने ताबड़ तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। गोली लगने से प्रदीप यादव, विवेक यादव पुत्र औसान यादव व राजीव व राकेश सहित चार लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल प्रदीप यादव व विवेक यादव को लेकर डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल पहुंचे।

जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने प्रदीप यादव को मृत घोषित कर दिया। घायल विवेक यादव को भर्ती कर उपचार शुरू कर दिया।मृतक के भाई अवनीश ने बताया कि उसकी किसी से कोई रंजिश नहीं थी। गांव के ही रामऔतार की अवधेश के परिवार के बीच रंजिश चल रही है।

- थाना जसरथपुर के गांव नगला मुरली का मामला
- आरोपी ने गांव वालों को दी थी आखत न डालने की चेतावनी

रामऔतार के परिवार की तरफ से होली पर आखत न डालने देने का ऐलान किया गया था। शाम करीब 5 बजे मेरा परिवार आखत डालने के लिए होलिका दहन स्थल पर पहुंचा। तभी धीरेंद्र, मनोज, सनोज पुत्र रामऔतार, रामऔतार, रिंकू पुत्र रामबाबू आदि ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोली लगने से प्रदीप, विवेक पुत्र औसान, राजीव व राकेश घायल हो गए । अस्पताल प्रशासन ने मृतक प्रदीप के शव को मोर्चरी में रखवाकर पुलिस सूचना भेज दी है।

## भाजपा के जिला सह संयोजक के परिवार को गाना बजाना पड़ गया महंगा

**फर्रुखाबाद।** मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के गांव पिपरगांव में भाजपा के जिला सह-संयोजक जनार्दन सैनी के परिवार को मोदी आएंगे, योगी लाएंगे गाना बजाने पर दबंगों ने हमला कर दिया। वहीं जमकर लाठी-डंडे, ईंट, पत्थर चलाने लगे। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने भाजपा संयोजक के परिवार के लोगों को कोतवाली में बैठा लिया है। असरदार लोगों की सिफारिश पर देर शाम पुलिस ने कोतवाली में बैठाए गए लोगों को छोड़ दिया। पीड़ित परिवार ने दबंगों पर मुकदमा दर्ज कराने के लिए मोहम्दाबाद कोतवाली में तहरीर दी है। पीड़ित सर्वेश सिंह सैनी ने अरोप लगाया कि वह अपने परिवार के साथ रंग खेल रहे थे और डीजे पर गाना बजा रहे थे। उसी समय उनके परिवार पर दबंगों ने हमला कर दिया। पड़ोसी अक्षय, प्रभाकर व अतुल हाथों में लोहे की रॉड, लाठी-डंडे लेकर आये और हमला कर दिया। साथ ही जमकर पथराव किया। गांव में भगदड़ मच गई। दबंगों के आतंक व मारपीट एवं पथराव का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई।


अस्पताल में मौजूद पुलिस और मौके पर जुटे लोग। अमृत विचार

## परिवार में झगड़ा होते देख गश खाकर गिरी किशोरी, मौत

संवाददाता कायमगंज

**अमृत विचार।** कोतवाली कायमगंज क्षेत्र में होली के दिन दो पक्ष झगड़ा कर रहे थे। जिसे देख कर किशोरी गश खाकर गिर गई। मौके पर मौजूद पुलिस उसे अस्पताल ले गई। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव मदारपुर की रहने वाली शिवानी (15)पुत्री ग्रीशचंद के परिवारी राम अवतार जाटव पुत्र मंगली तथा रक्षपाल पुत्र बनवारी दोनों सगे चचेरे भाई आपस में झगड़ रहे थे। बताया गया कि उस समय शिवानी अपने दरवाजे पर आकर खड़ी हो गई और हो रहे झगड़े को उदास होकर देख रही थी। तभी अचानक शिवानी गश खाकर वहीं जमीन पर गिर पड़ी। संयोग से विवाद की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच चुकी थी।

पुलिस ने तुरंत उसे कायमगंज सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर सुनील कुमार ने किशोरी को मृत घोषित कर दिया।

कोतवाली प्रभारी रामअवतार अस्पताल पहुंचे। जहां उन्होंने मृतका के परिजनों से मामले की जानकारी ली। परिजनों ने किसी तरह की कोई शक या शिकायत न करने की बात कही। इसके बाद गमगीन माहौल में साथ आए परिजन किशोरी का शव लेकर गांव वापस चले गए ।

## दबंग ने दरोगा पर की फायरिंग, गिरफ्तार हुआ

संवाददाता कंपिल

- कई राउंड फायरिंग से दहशत में आए ग्रामीण
- ग्रामीणों ने पुलिस के आश्वासन के बाद किया होलिका दहन

**अमृत विचार।** दबंग युवक ने फ़ायरिंग कर गांव में होलिका दहन नहीं होने दिया। उसने कई राउंड फायरिंग कर गांव में दहशत फैलायी। मौके पर पहुंची पुलिस पर आरोपी ने फायरिंग कर दी। जिससे दारोगा बाल बाल बच गए। पुलिस ने आरोपी को घेराबंदी कर तमंचा, कारतूस सहित दबोच लिया। आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेजा गया है।

सोमवार सुबह होली के दिन क्षेत्र के गांव गिरधारी नगला में सभी ग्रामीण इकट्ठे होकर होलिका दहन करने की तैयारी कर रहे थे। उसी समय गांव का एक दबंग युवक अनिल पुत्र मेघनाथ तमंचे व कारतूस लाकर होलिका दहन के निकट चकरोड पर खटिया डालकर बैठ गया। उसने लोगों से होलिका दहन न करने की बात कह तमंचे व रायफल से फायरिंग शुरू कर दी। जिससे लोगों में भगदड़ मच गयी।

ग्रामीणों ने घरों में छिपकर जान बचायी। शाम चार बजे तक ग्रामीण होलिका दहन करने का साहस नहीं जुटा सके। ग्रामीणों ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाने के दारोगा शिव बहादुर सिंह साथी पुलिस कर्मी के साथ गांव पहुंच गए। दरोगा को अपनी तरफ आता देख युवक ने उन पर फायरिंग शुरू कर दी। गोली उनके सिर के पास से निकल गयी। जिससे वह बाल बाल बच गए।

पुलिस ने युवक को तमंचे ,देशी रायफल व कारतूस सहित दबोच लिया। पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर थाने ले आई। थानाध्यक्ष जितेंद्र चौधरी ने गांव पहुंच ग्रामीणों से होलिका दहन करने की बात कही। पुलिस के समझाने के बाद ग्रामीणो ने शाम पांच बजे होलिका दहन किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास, तमंचा कारतूस में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। एसओ जितेंद्र चौधरी ने बताया मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## मारपीट के मामले में चार गिरफ्तार

**कमालगंज।** होली के त्योहार के दिन अलग-अलग मामले में गाली गलौज व मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। थाना क्षेत्र के समदपुर निवासी संजीव कुमार को एक युवती के साथ गाली गलौज करने की शिकायत पर पकड़ लिया। क्षेत्र के नारायनपुर गढ़िया निवासी अनुज कटियार को उधारी के रुपयों को लेकर मारपीट करने पर गिरफ्तार किया। उधर शेखपुर निवासी कारन का पड़ोसी गांव अमानाबाद निवासी गुलाब सिंह से शराब के नशे में विवाद हो गया। पुलिस दोनों को थाने ले आई। यहां पूछताछ के बाद मंगलवार को चारों आरोपियों का शांतिभंग में चालान कर दिया गया।

## युवक को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा, वीडियो वायरल

**फर्रुखाबाद।** थाना कादरीगेट क्षेत्र के मोहल्ला बिर्राबाग में गाली-गलौज का विरोध करने पर दबंगों ने युवक को जमकर पीटा। दबंग की मारपीट व गाली गलौज का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। सीओ सिटी प्रदीप सिंह ने बताया कि मारपीट के वायरल वीडियो मामले की जांच की जा रही है। आगे की कार्रवाई जांच के बाद की जाएगी।


युवक को पीटते दबंग। वीडियो ग्रैब

### एक नजर

#### युवक ने बरगद के पेड़ पर फांसी लगाकर दी जान

**फर्रुखाबाद।** शहर कोतवाली क्षेत्र में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव कब्जे में ले लिया है। शहर के मोहल्ला रकाबगंज कांशीराम कॉलोनी में स्वर्गीय कन्हैयालाल के 21 वर्षीय पुत्र गोविंद ने बरगद के पेड़ पर रस्सी से फंदा डालकर फांसी लगा ली। परिजन रात में ही लोहिया हॉस्पिटल ले गए। वहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि युवक नशे का आदी था। रविवार देर रात अपने साथियों के साथ उसने शराब का सेवन किया। उसके बाद उसने देर रात बरगद के पेड़ पर रस्सी का फंदा डालकर आत्महत्या कर ली बजरिया चौकी इंचार्ज प्रशांत कुमार ने शव पोस्ट मार्टम के लिए भिजवाया।

#### होली मिलन समारोह आज

**फर्रुखाबाद।** गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी माता चंद्रावती इंटर कॉलेज रामपुर ढपरपुर, चिलसरा रोड फर्रुखाबाद में होली मिलन समारोह का आयोजन 27 मार्च प्रात: 11 बजे से आरंभ होगा। यह जानकारी सांसद मुकेश राजपूत ने दी।

#### हंसिया मारकर किया घायल

**क़ायमगंज फर्रुखाबाद।** कम्पिल थाना क्षेत्र की कटरी के गांव में पानी निकासी को लेकर हमलावरों ने ग्रामीण को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने घायल का मेडिकल सीएचसी में कराया। घायल ने पुलिस को तहरीर भी दी है। कंपिल क्षेत्र के गांव गंगपुर शाहपुर निवासी शिवपाल सिंह ने थाना पुलिस को बताया कि उसके घर के दरवाजे के सामने हैडपंप लगा है। वहां पानी फैलता रहता है। पानी निकलने का कोई भी निकास नहीं है। इसको लेकर पड़ोसियों से कहासुनी हो गई। आरोपितों ने लाठी डंड़ो व हंसिया से बार कर घायल कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पुरानी रंजिश के चलते गांव में लहराए असलहे

**शमसाबाद।** पुरानी रंजिश को लेकर गांव में असलहा लेकर घूमें एक पक्ष ने दहशत फैलाई। दूसरे पक्ष ने पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस के पहुंचने से पहले ही दबंग फरार हो गए। थाना क्षेत्र के गांव पहाड़पुर बैरागढ़ में कुछ माह पूर्व में खेत के लिए पानी को लेकर पूर्व प्रधान रक्षपाल शाक्य का गांव के पप्पू और सदानंद से विवाद हो गया था। जिसमें दोनों पक्षों से जमकर लाठी-डंडे चले थे। जिसमें पूर्व प्रधान की उपचार के बाद मौत हो गई थी। पूर्व प्रधान के परिजन ने पप्पू और सदानंद दोनों भाइयों के खिलाफ और पवन पुत्र पप्पू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी । जिसमें तीनों आरोपी जेल गए थे। तीन-चार दिन पूर्व में पवन और पप्पू दोनों पिता पुत्र की जमानत हो गई। जिसमें पिता पुत्र दोनों घर पर थे। तभी पूर्व प्रधान के परिजन होली वाले दिन 25 मार्च को दोपहर में असलहे लेकर पवन के मकान की तरफ गए। तभी पवन ने अवैध असलहा देख सूचना पुलिस को दी। भारी मात्रा में पुलिस फोर्स गांव में पहुंचा तब तक आरोपी फरार हो चुके थे। थाना अध्यक्ष बलराज भाटी ने बताया पुरानी रंजिश के चलते सूचना मिली थी कि कुछ ग्रामीण अवैध असला लेकर घूम रहे हैं। पुलिस भेजी थी। कोई भी गांव में मिला नहीं है और न ही कोई तहरीर मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## खेत जोतने का विरोध करने पर मारपीट, फायरिंग

**कमालगंज।** दो बीघा खेत में खड़ी फसल ट्रैक्टर से जोत देने का विरोध करने पर मारपीट हो गई। छह लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

थाना क्षेत्र के पसईनगला निवासी रामसेवक ने गांव बिचपुरी निवासी अभिनव कुमार, सुभाष, मोनू, रामवीर, अजीत व एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई कि गांव के किनारे उसका छह बीघा खेत है। जिसमें मक्का की फसल बोई है। रविवार आरोपियों ने दो बीघा खेत ट्रैक्टर से जोत दिया। जावह परिवार के अजब सिंह, बालकराम, सुनीता व शकुंतला के साथ पहुंचा तो मारपीट करने लगे। तमंचा से फायर भी किए। थानाध्यक्ष राजेश राय ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## ट्रेन की चपेट में आया थाने का रसोइया, मौत

संवाददाता, कायमगंज


घटनास्थल पर मौजूद आरपीएफ के जवान व अन्य लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कायमगंज चीनी मिल के निकट रेलवे ट्रैक के पास थाने में रसोइया का काम रहे अधेड़ का शव पड़ा पाया गया। कांशीराम कॉलोनी निवासी 55 वर्षीय बबलू गुप्ता पुत्र मुंशीलाल गुप्ता का सोमवार को सवेरे कासगंज-कानपुर रेलवे ट्रैक पोल संख्या 169 के सामने क्षत-विक्षत अवस्था में पड़ा पाया गया।

मृतक बहुत ही गरीब परिवार का है। गुजर बसर के लिए बबलू कोतवाली पुलिस रसोइया का काम करता था। बबलू के बड़े भाई दिव्यांग कमलेश ने बताया कि रात 11:00 बजे तक बबलू कॉलोनी में ही था। इसके बाद वह कॉलोनी के ही रहने वाले चंदू पुत्र रामजीत के साथ कहीं चला गया। उसे पता नहीं इसके बाद वह लौटा या फिर नहीं लौटा। सुबह ट्रेन से कटे हुए किसी व्यक्ति की खबर मिली तो उसने मौके पर जाकर देखा। पता चला कि यह शव तो मेरे ही भाई का है।

फिलहाल मृतक के भाई कमलेश ने किसी पर हत्या जैसे किसी कांड की शक जाहिर नहीं की है। उसका कहना है कि हम लोग गरीब हैं। हम लोगों की किसी से कोई रंजिश नहीं है। सूचना मिलते ही आरपीएफ के उप निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह तथा पुलिस चौकी मंडी प्रभारी एसआई केके कश्यप घटना स्थल पर पहुंचे। जांच-पड़तालव कर पोस्टमार्टम के लिए शव को जिला मुख्यालय फतेहगढ़ भिजवा दिया।

## जंगला तोड़कर किसान के घर चोरी

**शमसाबाद।** किसान के घर से रात में जंगला तोड़कर चोरों ने हजारों के जेवरात पार कर दिए। थाना क्षेत्र के गांव असगरपुर निवासी मैकू लाल सक्सेना का गांव के बाहर सड़क किनारे मकान है। जिसमें रात में ताला लगा था। मैकू लाल अपनी पत्नी अनीता और बच्चों के साथ गांव में बने दूसरे मकान में लेटे थे। रात के किसी समय चोरों ने मकान का जंगला तोड़कर कमरे में रखें बक्से का ताला तोड़कर उसमें रखे एक जोड़ी कुंडल, एक मंगलसूत्र,चांदी का गुच्छा और एक जोड़ी पायल पार कर दी। सुबह जब गृह स्वामी अपने मकान पर पहुंचा तो जंगला टूटा देख सूचना 112 नंबर पुलिस को दी। पुलिस पहुंची और जांच पड़ताल की। थाना अध्यक्ष बलराज भाटी ने बताया तहरीर नहीं मिली है।

## होली पर मार्ग दुर्घटनाओं में 16 लोग घायल, 7 की हालत गंभीर

संवाददाता क़ायमगंज, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** होली के दिन अलग अलग हुई मार्ग दुर्घटनाओं में 16 लोग घायल हो गए।

होली त्योहार पर अलग अलग मार्ग दुर्घघटना में नगर के मोहल्ला सदबाड़ा निवासी धर्मपाल सिंह, कम्पिल के मोहल्ला प्रीतमनगर निवासी ननकू, क्षेत्र के गांव ममापुर निवासी किशन, थाना मेरापुर क्षेत्र के गांव नौगांव निवासी रंजीत व दीपक, ढमढेरा निवासी बनवारी लाल, कंपिल क्षेत्र के निजामुद्दीपुर निवासी दीपक व आनंद, रौकरी निवासी अबधेश, नगर से सटे गांव कुबेरपुर निवासी फहीम, प्रेमनगर निवासी बंटू, कुआखेड़ा निवासी धर्मेंद्र, बरझाला निवासी सोनू, सुभानपुर निवासी विपिन कुमार चार वर्षीय पुत्र राज, कंपिल के अंबेडकर नगर निवासी तारावती, सरईया निवासी गुरुदेव घायल हो गए। सभी घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां किशन, रंजीत, बनवारी, दीपक, अरुण, बंटू व धर्मेंद्र को रेफर कर दिया गया।

## विकास कार्य न होने पर ग्रामीणों का प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- लोकसभा चुनाव में मतदान के बहिष्कार की दी चेतावनी
- ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक डॉ. सुरभि को लिखा पत्र

**अमृत विचार।** ब्लाक क्षेत्र नवाबगंज के गांव जयसिंहपुर में विकास कार्य न होने पर पट्टिकाएं पकड़ कर ग्रामीणों ने विरोध-प्रदर्शन किया। साथ ही उन्होंने समाधान न होने पर लोकसभा चुनाव में मतदान के वहिष्कार की चेतावनी भी दी।

होली के त्योहार पर जयसिंपुर के दर्जनों ग्रामीणों ने गांव में विकास न होने पर बैनर पोस्टर लेकर विरोध कर दिया। ग्रामीणों ने बताया की गांव की स्थिति नरकीय बनी हुई है। सुखनंदन सिंह, मोहन सिंह, अजय पाल, रघुनंदन सिंह, विकास कुमार, मुकेश, राजेश, सुरेंद्र,राजवीर, बाबू यादव विजय सिंह, स्वदेश, जबर सिंह, आदि ने कहा गांव मे विकास कार्य न होने कारण काफी ग्रामीण काफी परेशान है।

गांव की सड़क व गलियो में चारो तरफ कीचड़ ही कीचड़ भर गया है। रोड न होने से आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वही बीमारियां फैलने का डर सता रहा है।

कई बार ग्राम प्रधान व उच्चाधिकारियों से गुहार लगाई गई लेकिन कुछ नहीं हुआ। कीचड़ आदि होने से ग्रामवासी गिरकर चोटिल हो जा रहे हैं। उनका कहना है समस्या यदि उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो सभी ग्रामवासी लोक सभा चुनाव में मतदान बहिष्कार करंगे।

## विवाहिता की मौत, ससुरालियों पर इलाज में लापरवाही का आरोप

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल में उपचार के दौरान विवाहिता की मौत हो गई। परिजनों ने दहेज न देने के चलते उसका उपचार ठीक से न करवाने का आरोप लगाकर थानें में तहरीर दी। पुलिस नें शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है।

पड़ोसी जिला शाहजहांपुर के मोहम्मदी खदीरावा निवासी 23 वर्षीय कल्पना पत्नी देवेश कुमार मिश्रा का विवाह वर्ष 2023 में हुआ था। कल्पना थाना कादरी गेट के ग्राम चांदपुर निवासी शिवशरण की पुत्री थी। शिवशरण नें बताया कि बीते 22 मार्च को कल्पना का फोन आया। उसने बताया कि ससुराल वाले उसकी तबियत खराब होनें के बाद भी इलाज नही करा रहे हैं। इसके बाद उन्होंने नें कल्पना को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान कल्पना की मौत हो गयी। कल्पना के पिता नें दहेज की मांग को लेकर बेटी का इलाज न करानें से उसकी मौत का आरोप लगाया है।

होली की मस्ती

सुबह से लेकर शाम तक होली के उत्साह में डूबे रहे युवा, आखत के बाद एक-दूसरे के घर होली मिलने पहुंचे लोग

# खूब उड़ा अबीर-गुलाल, डीजे की धुन पर जमकर थिरके युवा

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद


होली पर फिल्मी गाने पर नाचते युवा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** होली का पर्व पारंपरिक तरीके से हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। लोगों ने एक-दूसरे को रंग में भिगोया और अबीर लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। सुबह से शुरू हुई होली की धूम दोपहर तक छाई रही। स्थिति यह रही कि रंगों के बीच एक-दूसरे को पहचानना मुश्किल हो गया था। इस बीच सड़कें रंगों से सराबोर दिखाई दीं।

सोमवार को हर किसी पर होली का खुमार सिर चढ़कर बोल रहा था। होली के गीतों और डीजे की धुनों पर युवाओं की टोली सड़कों पर नृत्य करती नजर आई। युवाओं के साथ हर आयु वर्ग के लोग होली के रंग में सराबोर दिखाई दिए। बच्चों ने पिचकारी व रंग भरे गुब्बारों के साथ जमकर लुत्फ उठाया। आलम यह था कि अबीर-गुलाल से रंगे होने के चलते कोई एक-दूसरे को पहचान तक नहीं पा रहा था।

महिलाओं और युवतियों ने एक-दूसरे के घर जाकर जमकर होली खेली। कोई रंग भरी बाल्टी डाल रहा था तो कोई हरा, लाल पक्का रंग एक-दूसरे के चेहरे पर लगा रहा था। शहर में जगह-जगह डीजे पर युवा होली की मस्ती में थिरक रहे थे। होली पर भांग व शराब के नशे में चूर लोग जगह-जगह दिखाई दिए। सुबह से ही युवाओं की टोलियां सड़कों पर दिखाई दी।

ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे-छोटे बच्चे रंग और पिचकारी के साथ टोलियों में घूमते नजर आए। शहर से लेकर देहात तक लोग एक दूसरे को गुलाल का टीका लगाकर पुराने गिले शिकवे भुलाकर पर्व को मनाते देखे गए। होली पर विवाद की स्थिति न रहे, इसको लेकर पुलिस बल पूरे दिन शहर में गश्त करता रहा।


होली के हुड़दंग में मस्त बच्चे। अमृत विचार

### देर शाम तक चला होली मिलने का सिलसिला

होली खेलने के बाद लोग नहा-धोकर तैयार हुए। नए कपड़े पहनने के बाद होली मिलने का सिलसिला दोपहर बाद शुरू हुआ, जो देर शाम तक चलता रहा। होली मिलने के लिए बच्चे काफी उत्साहित थे। कई जगह होली मिलने पहुंचे बच्चों को लोगों ने होली का नेग भी दिया।








सैफई में फूलों की होली खेलते सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव। अमृत विचार



होली के कार्यक्रम में भाग लेते क्षेत्रीय लोग। अमृत विचार

# इलेक्टोरल बांड घोटाला में मोदी सरकार कटघरे में : अखिलेश

## सैफई में अखिलेश, रामगोपाल, शिवपाल व अन्य ने खेली फूलों की होली

संवाददाता सैफई, इटावा

**अमृत विचार।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि अपने कारनामों के कारण भाजपा सरकार अब वसूली सरकार बन गई है। सारी दुनियां में मोदी सरकार की वसूली सरकार के रूप में ख्याति हो चुकी है। वह होली खेलने के बाद मौजूद कार्यकर्ताओं व समर्थकों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा है कि जिस तरह से हजारों करोड़ों रुपये के इलेक्ट्रोरल बांड का घोटाला सामने आया है । उससे केंद्र की मोदी सरकार और भाजपा कहीं न कहीं कटघरे में खड़ी हो गई है। केंद्र की मोदी सरकार की दुनियां भर में इस मामले को लेकर के किरकिरी हो रही है। कहा कि चंदा किसी से भी स्वेच्छा से दिया जाता है लेकिन मोदी सरकार के दबाव में ईडी सीबीआई के जरिए लोगों से जबरिया वसूली की जा रही है। बीजेपी यह सब छुपाने के लिए कार्रवाई कर रही है। कहा कि यह केवल 2024 का चुनाव नहीं है बल्कि यह हमारे देश के भविष्य और आने वाली पीढ़ी के भविष्य का चुनाव है। इसीलिए मैंने कई मौकों पर कहा जिस तरीके से समुद्र मंथन हुआ था, इस तरीके से इस बार संविधान मंथन होने जा रहा है। इस संविधान मंथन में ऐसे वह लोग हैं जो संविधान को बचाना चाहते हैं और दूसरी तरफ वह लोग हैं जो संविधान को खत्म करना चाहते हैं। कार्यक्रम में मैनपुरी सांसद डिंपल यादव ने लोगों को होली की शुभकामनायें दीं और लोकसभा चुनाव में पूरी ताकत से जुटने का आह्वान किया। उनके साथ रामगोपाल यादव, शिवपाल सिंह, सांसद डिंपल यादव, धर्मेंद्र यादव, अंशुल यादव, तेज प्रताप तेजू, अशोक यादव, गोपाल यादव, प्रदीप शाक्य बबलू, फुरकान अहमद, कुलदीप गुप्ता संटू, वीरू आदि थे।



मंच पर मौजूद डिंपल यादव, शिवपाल सिंह यादव एवं अन्य नेतागण। अमृत विचार

### अपने- अपने बूथ को बचाना है

बीजेपी जिस तरह से तैयारी कर रही है वह 51 फीसदी से अधिक वोट चाह रही है। इसलिए हमारे कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ को बचाएं। बूथ परसेंट बढ़ायें 51 फीसदी से आगे ले जाएं। वोट डालने से लेकर वोट पड़वाने तक हमें पूरी तरह सावधान रहना है। अगर सावधान नहीं रहे तो इस बार लोकतंत्र नहीं बचेगा। हमें आपको जो अधिकार मिले वह सब छीन लिए जाएंगे। कन्नौज के एक छात्र के नौकरी न मिलने के कारण डिग्री जलाकर आत्महत्या करने का उदाहरण देने के साथ कहा कि फिरोजाबाद में एक बेटी ने आत्महत्या कर ली। 5 हजार से अधिक शिक्षामित्र ने आत्महत्या की है। उन्होंने कहा है कि बीजेपी का 2014 में जनता ने स्वागत बहुत अच्छा किया था अब मुझे भरोसा है 24 में विदाई भी अच्छे से करेंगे। उत्तर प्रदेश से हटेंगे तो यह देश से हटेंगे। भाजपा ने कोई विकास नहीं किया जो विकास सपा ने शुरू किये थे उनको केवल रोकने का काम किया है।

# भ्रष्टाचार की जननी भाजपा को हरा देगा इंडिया गठबंधन

- शिवपाल यादव ने कार्यकर्ताओं को किया संबोधित

**सैफई, इटावा।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने कहा है कि देश के लिए भ्रष्टाचार की जननी बन चुकी भारतीय जनता पार्टी को इंडिया गठबंधन हर हाल में हरा देगा।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव होली के अवसर पर इटावा स्थित अपने चौगुर्जी आवास पर पत्रकारों से बात कर रहे थे।

कहा कि भाजपा को इस बार हराना है और नेताजी मुलायम सिंह यादव के संदेशों को लेकर कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाना है। भाजपा के वादे झूठ है सभी वादे खोखले निकले है।

### प्रहलाद बन केंद्र की भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंके : रामगोपाल

**सैफई।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव प्रो .रामगोपाल यादव ने होली के अवसर पर देशवासियों का आह्वान करते हुये कहा है कि देशवासी केंद्र की भ्रष्ट सरकार को प्रहलाद भक्त बन कर उखाड़ फेंकने का काम करें। सोमवार को होली के अवसर पर समाजवादी पार्टी के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव प्रो . रामगोपाल यादव ने सैफई स्थित अपने आवास पर पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि भक्त प्रहलाद ने जैसे होलिका को नष्ट कर दिया था उसी तरह दिल्ली से लेकर यूपी तक सत्ता की बुराई फैली हुई है उसे देशवासी भक्त प्रहलाद की तरह एकजुट होकर नष्ट कर दें। उन्होंने कहा कि इस दफा होली पर उल्लास देखने को नहीं मिल रहा है क्यों कि लोगों के पास पैसा नहीं है उसकी बड़ी वजह हर किसी को भली भांति पता है।

# सपा मुखिया ने कार्यकर्ताओं व परिवार के साथ खेली होली

- नेताजी मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद दूसरी होली

**सैफई, इटावा।** फूलों की होली के रूप में देशभर में चर्चित सैफई की होली समाजवादी पार्टी के मुखिया ने परिवार के साथ फूलों की होली खेली। इस दौरान भारी संख्या में कार्यकर्ता जुटे हैं। सपा संस्थापक नेताजी मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद यह दूसरी होली खेली गई है। सैफई में सपा मुखिया अखिलेश यादव, समाजवादी पार्टी के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव और सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव, सांसद डिंपल यादव, पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव, पूर्व सांसद तेज प्रताप यादव, जिलापंचायत अध्यक्ष अंशुल यादव, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष आदित्य यादव,अनुराग यादव,कार्तिकेय यादव समेत परिवार सभी सदस्यों ने सैफई आवास पर बनाए गए पंडाल में प्रदेशभर से आए पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ बड़े ही उत्साह के साथ होली का पर्व मनाया।

संचालन पूर्व राज्य मंत्री अशोक यादव द्वारा किया गया। इस मौके पर सुभाष यादव पूर्व राज्यमंत्री, प्रदीप यादव विधायक, मुकुल यादव एमएलसी,अरविंद यादव सदस्य जिला पंचायत,शिवराम सिंह यादव राष्ट्रीय अध्यक्ष मंडी कर्मचारी संघ,राजवीर सिंह यादव राजकीय ठेकेदार नगला तेज,चंदगीराम यादव प्रधान, सिंह यादव खदरी,रामबाबू यादव बघुइया,प्रदीप यादव आढ़तिया महोला,बलवीर सिंह यादव राष्ट्रीय अध्यक्ष यूपी जल निगम वेलफेयर एसोसिएशन,रामफल बाल्मिक प्रधान सैफई,संतोष शाक्य पूर्व प्रधान, राजवीर बाबा,गनेश फौजी मोहनपुरा,सोनू यादव प्रधान,आनंद उर्फ बबलू पूर्व प्रधान झिंगूपुर,लालजी दुवे, अंकित उर्फ बीटू, सर्वेश यादव बाबा प्रधान हरदोई, मुकेश गुप्ता पूर्व प्रधान,आदेश यादव नगला बरी,अरुणेंद्र उर्फ नीलू यादव प्रधान अतिराजपुर,शरद यादव अध्यक्ष यूपीयूएमएस एम्पलाई एसोसिएशन अमित शुक्ला आदि मौजूद रहे।

### कार्यकर्ताओं ने अखिलेश को लगाया गुलाल

**सैफई, इटावा।** ससमाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपने आवास परिसर में फूलों की होली खेली। यहां सुबह से दोपहर बाद तक फाग गायन भी हुआ। होली खेलने के लिए बड़ी संख्या में पार्टी के लोग पहुंचे। होली की शुरुआत अखिलेश यादव ने अपने पिता स्व मुलायम सिंह यादव की समाधि स्थल पर प्रार्थना के साथ की। हर साल की तरह सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने होली का त्योहार अपने पैतृक घर मे मनाया। सोमवार की सुबह चाचा रामगोपाल यादव, शिवपाल यादव, धर्मेंद्र यादव समेत परिवार के अन्य लोगों संग अखत डाले। सैफई उनके आवास परिसर में फूलों की होली का कार्यक्रम हुए। अखिलेश यादव ने कार्यकर्ताओं संग जमकर होली खेली। दूर दराज से आये पार्टीजनों ने अखिलेश को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के बिना होली पर सैफई में पहले सा उत्साह देखने को नही मिला। बिन मुलायम परिवार के लोगों ने दूसरी होली मनाई।

# हाईटेंशन लाइन के करंट से चार बच्चे व दो महिलाएं झुलसीं

संवाददाता इकदिल,इटावा

**अमृत विचार।** होली खेल रहे छोटे छोटे चार बच्चे हाई टेंशन लाइन के चपेट में झुलसकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें बचाने में दो महिलाएं भी बुरी तरह झुलस गईं।

थाना क्षेत्र के गांव बैसोली घाट में रहने वाले रिंकेश उर्फ रिंकू की तीन साल की बेटी प्रिया सोमवार दोपहर में भाई और बहनों के साथ गांव में बने नए घर की छत पर होली खेल रहे थे। उनके घर के छत के छज्जे के पास से 11 हजार केवीए की बिजली लाइन के तार बेटी ने पकड़ लिए, उसे चिपकते देख बचाने के लिए दौड़ कर पहुंचा भाई आठ साल का ऋषि उसकी दस साल की बहन रीना, चचेरी बहन श्वेता करंट की चपेट में आ गए । चीख पुकार सुनकर बचाने आई पड़ोस की गंगाश्री पत्नी राधाकृष्ण, दादी लड़ेती पत्नी अजब सिंह बुरी तरह झुलस गईं। वहां गंभीर हालत देख डॉक्टरों ने चारों बच्चों को सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। एसपी सिटी अभयनाथ त्रिपाठी के साथ थाना प्रभारी भीमसेन पोनिया ने फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर जांच की। घायल बच्चों की मां अनिता देवी ने बताया कि वह अपने दूसरे घर पर काम कर रही थी ।

इसी बीच उसके बच्चे खाली पड़े नए मकान पर दादी के साथ आ गए खेलते खेलते बच्चों ने तार पकड़ लिए। बच्चों की मां, जिठानी दीप्ती देवी के साथ ग्रामीणों ने बिजली विभाग के अफसरों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया है कि पूरे गांव में और घर के पास में हाईटेंशन लाइन बना दी गई।

### नीम के पेड़ पर चार साल से टिका है टूटा पोल

गांव के मुकेश कुमार के घर के पास एक बिजली पोल टूटकर नीम के पेड़ पर बीते चार साल से टिका हुआ पड़ा है और उसके तार उनकी छत पर रखे हुए हैं कई बार तार हटाने और टूटे खंभा को लगाने को कहा लेकिन अभी तक कोई ध्यान नहीं दिया गया है। पूरे गांव में 11 हजार की हाईटेंशन बिजली के तार हटा कर गांव के बाहर एक ट्रांसफ़ॉर्मर लगाकर घरों में लाइन देने की मांग अफसरों से की है।

# चूल्हे की चिंगारी से लगी आग

**भरथना, इटावा।** भरथना थाना क्षेत्र में गांव कोठी ऊमरसेड़ा में मंगलवार सुबह साढ़े सात बजे घर में चूल्हे से निकली आग की लपटें ऊपर रखे छप्पर में जा लगी। जिससे घर में आग लग उठी देखते ही देखते दूसरा घर भी चपेट में आ गया।

अग्नि पीड़ित सोनू ने बताया कि खाना बनाते समय चूल्हे से उठी आग की लौ से ऊपर रखे छप्पर में जा लगी। समीप में रखे अन्य छप्पर भी जलने लगे। भीषण आग के बीच परिवार के सदस्य पिता मोहम्मद सलीम, पत्नी रोशनी ,बेटी तान्या, मंतसा, बेटा मोहम्मद अजहर, मोहम्मद अजमल घिर गए। जिस पर सभी ने घरों से भाग कर अपनी जान बचाई। आग में घर गृहस्थी का सारा सामान जल कर नष्ट हो गया। पड़ोसी अग्नि पीड़ित वीर मोहम्मद ने बताया की पड़ोस के छप्पर की आग ने उसके छप्पर को अपनी चपेट में ले लिया, पत्नी मरियम बेगम ,बेटा आरिफ, सैफ अली, फैज अली ने भागकर जान बचाई। ग्रामीणों ने निजी संसाधनों से किसी तरह आग पर काबू पाया तब तक दोनो घरों का काफी सामान जल कर राख हो गया।

# मुठभेड़ में तीन गोवंश तस्कर हुए गिरफ्तार

- एक बदमाश पुलिस की गोली लगने से हुआ घायल
- थाना प्रभारी के बुलेटप्रूफ जैकेट में भी लगी गोली

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** गोवंश तस्करों ने जसवंतनगर पुलिस पर फायर कर दिया। जिसमें थाना प्रभारी के बुलेटप्रूफ जैकेट में गोली लगी है। पुलिस ने मुठभेड़ में तीन तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। एक बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने कंटेनर से 26 गोवंश बरामद किए हैं।

एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि जसवंतनगर पुलिस को सूचना मिली कि सिरसा की मड़ैया में एक कंटेनर में गोवंश लादे जा रहे हैं। पुलिस टीम फौजी होटल के पास पहुंची तो कंटेनर में सवार बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया। जिसमें एक गोली थाना प्रभारी कपिल दुबे की बुलेट प्रूफ जैकेट में लगी। जवाबी फायरिंग में पुलिस की गोली संजय यादव के दाहिने पैर में लगी। घायल समेत दो अन्य बदमाशों को पुलिस ने देर रात करीब डेढ़ बजे फौजी होटल के पास जंगल से गिरफ्तार कर लिया। बदमाशों से दो तमंचे, एक खोखा कारतूस, तीन जिंदा कारतूस व एक चाकू बरामद हुआ। संजय यादव निवासी गंगादासपुर थाना ऊसराहार के दाहिने पैर में गोली लगी। जिससे वह घायल हो गया। वहीं पकड़े गये दो बदमाश सत्यवीर निवासी पीहरपुर थाना बलरई व संजीव कुमार निवासी पीहरपुर थाना बलरई के रहने वाले हैं।

### गोवंश इकट्ठा करके बिहार ले जा रहे थे तस्कर

मौके से पुलिस ने कंटेनर से 26 गोवंश बरामद किए। साथ ही एक ऑटो भी बरामद हुआ। पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि वह जंगलों में गोवंश को इकट्ठा कर लेते हैं। फिर इन्हें कंटेनर में लादकर बिहार में बेच देते हैं। बरामद ऑटो के बारे में बताया कि इससे आस-पास के क्षेत्र में रेकी करते हैं। बदमाशों ने पुलिस को पांच अन्य तस्करों के नाम भी बताए हैं। एसएसपी ने बताया अन्य आरोपियों को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# फाग में दो पक्षों में संघर्ष, महिलाओं समेत 10 घायल

**बसरेहर, इटावा।** होली की फाग गायन के दौरान गांव में ढोलक बजाने को लेकर हुई कहासुनी ने भयंकर रूप ले लिया जब दो साल रंजिश की आग में जल रहे एक परिवार के लोगों ने पुलिस सिपाही तथा होमगार्ड के परिवार ने एक दूसरे पर पथराव करके हमला कर दिया। इसमें इसी गांव का कानपुर में सिपाही के रूप में तैनात सिपाही संतोष कुमार की बेटी रागिनी, होमगार्ड राजवीर उसकी पत्नी ममता देवी, मां फूलनश्री, भाई उदयवीर, नाहर सिंह, मुरारी लाल, केशा देवी , बबलू, अनुज कुमार जबकि दूसरे पक्ष से शिवराम के बेटे उपदेश तथा मोहित घायल हो गए सभी घायलों को पुलिस ने सीएचसी पर भेजा, पहले पक्ष के सभी घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना प्रभारी कपिल चौधरी ने बताया कि गांव में दो साल पहले से इन दोनों पक्षों में रंजिश चली आ रही है, इसमें एक पक्ष ढोलक बजा रहा था, दूसरे पक्ष में शोक का माहौल था। इसको लेकर झगड़ा हो गया, दोनों पक्षों की रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है। मामले की जांच की जा रही है।

## सार-संक्षेप



कार्यकर्ताओं के साथ होली खेलतीं सदर विधायक सरिता भदौरिया। अमृत विचार

### भाजपा विधायक ने कार्यकर्ताओं के साथ खेली होली

**इटावा।** सदर विधायक सरिता भदौरिया ने अपने आवास पर होली मिलन समारोह में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर होली खेली ।उन्होंने कहा कि होली त्यौहार भक्ति का प्रतीक है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी अबकी बार 400 पार पहुंच रही है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को होली की शुभकामनाएं दी ।जिला महांमंत्री अन्नू गुप्ता, जिला मंत्री जितेन्द्र गौड, पूर्व जिला अध्यक्ष शिव प्रताप राजपूत, विधायक प्रतिनिधि हरि नारायण बाजपेई, पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्य, पूर्व ब्लाक प्रमुख अशोक चौबे, रमेश राजपूत, ओम रतन कश्यप, राम कुमार चौधरी, क्षेत्रीय महामंत्री विकास भदोरिया, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष संजू चौधरी, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष बिरला शाक्य, नगर अध्यक्ष विवेक गुप्ता , अशोक चौहान, विवेक रंजन गुप्ता, जितेन्द्र जैन, चंदन पोरवाल, अंकुल चौहान उपस्थित रहे।



होली के बाद लोगों को बधाई देते लोग। अमृत विचार

### होली पर लोगों ने एक-दूसरे को दी बधाई

**इटावा।** शहर के आवास विकास कालोनी में होली का त्योहार परम्परागत तरीके से मनाया गया। होली जलाने के बाद मोहल्ले के लोगों ने एक दूसरे से मिलकर होली की बधाई दी। मोहल्ला निवासी रिटायर्ड पुलिस अधिकारी राम नाथ सिंह ने बताया कि मोहल्ले के लोग परम्परागत तरीके से होली का त्यौहार आपसी भाई चारे के साथ मनाते है। होलिका दहन के समय मोहल्ले के लोग एकत्रित होकर पूजन अर्चना के बाद पूरे विधि विधान से होली जलाते है। उसके बाद सभी लोग एक दूसरे के घर जाकर गुलाल लगाकर लोगों को होली की बधाई देते है।

### सड़क हादसों में दो लोग हुए घायल

**इटावा।** जिले के अलग अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में दो लोग घायल हो गए। दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पहली घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस लाइन तिराहे के पास हुई जहां तेजी से आ रही कार ने बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार घायल हो गया। औरैया जिले के सिंगपुर निवासी सर्वेश कुमार पुत्र छक्की लाल अपनी बाइक से जा रहा था। पुलिस लाइन तिराहे के पास तेजी से आ रही कार ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार सर्वेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके अलावा पैदल जा रहे राम नरेश निवासी पुरवा वगिया को तेजी से आ रेह आटो ने टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए एसएसपी से लगाई गुहार

**इटावा।** चौबिया थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने अपने ही गांव के तीन लोगों पर उसकी नाबालिग पुत्री को बहला फुसला कर भगा ले जाने व उसके साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। उसने एसएसपी की प्रार्थनापत्र देकर मामला दर्ज कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के एक गावं की रहने वाली महिला ने एसएसपी को दिए प्रार्थनापत्र में आरोप लगाया कि उसके ही गांव के तीन लोग उसकी नाबालिग पुत्री को बीस मार्च को बहला फुसलाकर भगा ले गए। किशोरी को होटल में रखकर उसके साथ दुष्कर्म किया। खोजबीन के बाद उसके परिवार के लोगों ने आगरा से किशोरी की पकड़ लिया और घर ले आए। बाद में वह रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए थाने गए तो उसकी रिपोर्ट दर्ज नही की गई। बाद में पीड़ित ने एसएसपी को तहरीर देकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

**माहे रमजान** — महफिल में पेश किए गए कलाम, देश में अमन- चैन और आपसी सौहार्द के लिए अल्लाह से दुआ की

# इमाम हसन की पैदाइश पर हुआ महफिल का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** स्थानीय घटिया अजमत अली स्थित मस्जिद पंजतनी में रोजा अफ्तार एंव इशां की नमाज के बाद रसूल अल्लाह के नवासे इमाम हसन की पैदाइश की खुशी में महफिल का आयोजन किया गया।

महफिल में तस्लीम रज़ा ने कलाम पेश करते हुए कहा जुलमतें छटने लगीं हर सू उजाला छा गया, सैय्यदा की गोद मे नूरे मोहम्मद आ गया। सलीम रजा ने कलाम पेश करते हुए कहा सरवरे कौनो मका के हैं अता प्यारे हसन, जानशीने हज़रते शेरे खुदा प्यारे हसन। तनवीर हसन ने कलाम पेश करते हुए कहा नबी के लाल हुए हैं इमाम मौला हसन, नवासे पहले बने हैं इमाम मौला हसन। अख्तर अब्बास ने कलाम पेश करते हुए कहा जश्ने हसन की बड़ी आनबान है, लगता है मेरे पांव तले आसमान है। इसके अलावा आसिफ रिज़वी अश्शू, अली अब्बास रिज़वी सलमान, आबिद रज़ा ने भी कलाम पढ़े। मौलाना अनवारुल हसन ज़ैदी इमामे जुमा इटावा ने इमाम हसन की शान में बेहतरीन कलाम पेश किए। उन्होंने कहा जहां देश मे हिन्दू भाई होली का पर्व मना रहे हैं वही शिया समुदाय ने अपने इमाम मौला हसन की पैदायश का जश्न मनाया। श्री जैदी ने देश में अमनचैन और आपसी सौहार्द के लिए अल्लाह से दुआ की। मौलवी ताबिश रिज़वी ने दुआए मुजीर की तिलावत की। इसी क्रम में अंजुमन हैदरी के अध्यक्ष राहत अक़ील शक्कन के जन्मदिन पर मस्जिद पंजतनी में रोज़ा अफ्तार का आयोजन हुआ। महफ़िल और रोज़ा अफ्तार में हाजी कमर अब्बास नक़वी, हाजी अरशद मरगूब, शावेज़ नक़वी, राहत हुसैन रिज़वी, मो. मियां, मो. अब्बास, तहसीन रज़ा, हसन अब्बास, जुनैद, जावेद, सुहेल अली, इबाद रिज़वी, आतिफ शब्बर अक़ील, जीशान हैदर, शौजब रिज़वी, अली साबिर, अदनान जाफ़री, आले रज़ा सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।



कलाम पेश करते मौलाना अनवारुल हसन जैदी। अमृत विचार

# चैतन्य महाप्रभु का हुआ महाभिषेक

- श्रद्धाभाव से मना गौर पूर्णिमा महोत्सव
- पांच क्विंटल फूलों से जमकर खेली गई होली

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** श्री श्री गौर निताई परिवार के तत्वावधान में पक्का तालाब स्थित सत्संग स्थल पर गौर पूर्णिमा महामहोत्सव श्रद्धाभाव के साथ उल्लासमय वातावरण में मनाया गया। प्राकट्य दिवस पर चैतन्य महाप्रभु का महाभिषेक किया गया और भक्तों के द्वारा हरिनाम संकीर्तन के बीच जमकर पॉच क्विंटल फूलों की होली खेली गई। पक्का तालाव के किनारे साक्षात ब्रजधाम सा नजारा दिखाई दिया । बधाई व होली गीतों पर भी श्रद्धालु जमकर झूमे।

फागुन मास की पूर्णिमा पर चैतन्य महाप्रभु का प्राकट्य हुआ था इसीलिए इसे गौर पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। सबसे पहले पंडित मनुपुत्र दास ने पंचामृत, फलों के रस नारियल पानी व दिव्य औषधियो से विधि विधान के साथ चैतन्य महाप्रभु का महाभिषेक किया । श्रद्धालुओं ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर जमकर फूल बरसाए। पंडित मनु पुत्र दास ने कहा कि चैतन्य महाप्रभु ने गोपियों के द्वारा भगवान से जो प्रेम किया गया था, उसका भी अनुभव किया था। हरि नाम संकीर्तन भजन तीर्थों से भी अधिक पावन तीर्थ कहा गया है । जिससे जीवो का उद्धार बड़े सहज भाव से हो जाता है। सभी को अपने उद्धार के लिए हरिनाम संकीर्तन करना चाहिए।



चैतन्य महाप्रभु का अभिषेक करते पंडित मनु पुत्र दास।

यज्ञो दानमध्ययनं तपश्च चत्वार्येतान्यन्वेतानि सणि।
दम: सत्यमार्जवमानृशंस्यं चत्वार्येतान्यनुयान्ति संत: ॥

यज्ञ, दान, अध्ययन तथा तपश्चर्या –ये चार गुण सज्जनों के साथ रहते हैं और इंद्रियदमन, सत्य, सरलता तथा कोमलता –इन चार गुणों का सज्जन पुरुष अनुसरण करते हैं।

## संपादकीय

# अशोभनीय बयानबाजी

भारतीय राजनीति में महिलाओं की सहज भागीदारी तमाम चुनौतियों के बीच अभी भी एक दुष्कर कार्य है। जेंडर संवेदनशीलता के मुद्दे पर सभी राजनीतिक दलों का रवैया एक जैसा है। राजनीति से जुड़ी महिलाओं को अभद्र भाषा से लेकर अपमानजनक टिप्पणियों का सामना करना पड़ता है। प्रसिद्ध अभिनेत्री हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी कंगना रनौत के विरुद्ध कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत और एचएस अहीर की अशोभनीय टिप्पणी पर राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। राष्ट्रीय महिला आयोग ने चुनाव आयोग से कार्रवाई की मांग की है। हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने मंगलवार को कहा कि लोकसभा चुनाव लड़ रहीं अभिनेत्री कंगना रनौत और उनके निर्वाचन क्षेत्र मंडी के खिलाफ कांग्रेस नेताओं की कथित अपमानजनक टिप्पणियों की कानूनी समीक्षा की जाएगी। हालांकि, सुप्रिया श्रीनेत के इंस्टा अकाउंट से कंगना रनौत के लिए लिखी गई पोस्ट पर सफाई दे दी है, लेकिन ऐसा व्यवहार असहनीय और महिलाओं की गरिमा के खिलाफ है। पोस्ट में पूछा गया कि मंडी में क्या भाव चल रहा है? विरोध के रास्तों पर हार मानकर एक ऐसी ओछी बात कह देना, जिससे औरत की अस्मिता और उसकी इज्जत पर प्रहार हो, यह राजनीति का गिरता स्तर ही बताता है।

गौरतलब है कि पिछले लोकसभा चुनावों से पहले सपा नेता आजम खान ने भी अभिनेत्री जया प्रदा के लिए अमर्यादित टिप्पणी की थी। राजनीति ही नहीं सार्वजनिक जीवन में जितनी भी महिलाएं हैं, चाहे वो नेता हो, अभिनेत्री हों या खिलाड़ी, उनके चरित्र और व्यवहार का रिमोट लोग अपने हाथ में ही रखना चाहते हैं। एमनेस्टी इंटरनेशनल 2020 की रिपोर्ट बताती है कि 2019 के आम चुनाव के दौरान 95 भारतीय महिला राजनेताओं के ट्वीट का विश्लेषण करने पर पाया गया कि महिला राजनेताओं के बारे में सात में से एक ट्वीट अपमानजनक था। दुर्भाग्यपूर्ण है कि खुद एक महिला होने के बावजूद कांग्रेस प्रवक्ता ने एक अन्य महिला के खिलाफ ऐसी ओछी टिप्पणी की और यह कहकर पीछे हटने की कोशिश कर रही हैं कि किसी ने उनके दूसरे खाते का इस्तेमाल किया है। इसको समाप्त करने के लिए या कम करने के लिए राजनीतिक दलों के पास कोई दूरगामी योजना नहीं है। महिलाओं के विरुद्ध अश्लील और अपमानजनक टिप्पणी करने पर कार्यवाही करने का कोई नियम कायदा तक राजनीतिक दलों में नहीं है। भारतीय राजनीति किस तरह से जेंडर संवेदनशील हो सकती है? इसके लिए भी किसी राजनीतिक दलों के पास कोई आचार संहिता नहीं है। सच्चाई यही है कि राजनीति के लगातार गिरते स्तर ने हमें ऐसे विचारों का आदी बना दिया है।

# सत्ता की आकांक्षाओं और वास्तविकता के बीच टकराव मात्र है सुशासन



रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

देखने वाली बात यह है कि मुगल शासक क्या इब्ने सीना जैसे दार्शनिकों के बारे में जानते थे जिसने पॉलिटिकल गवर्नेंस और सुशासन के बारे में बहुत कुछ कहा। देखने की दूसरी बात यह कि क्या गुड गवर्नेंस के नियम और इनके पीछे का दर्शन, शासक और सत्ता वर्ग के साथ हमेशा ही 'कनफ्लिक्ट' में रहता है।

नेता लोग अक्सर 'गुड गवर्नेंस' या सुशासन की बात करते थकते नहीं हैं। प्रांतों और केंद्र सरकार का हर एक शासकीय प्रमुख यह दावा करता है कि उनके राज में ही गुड गवर्नेंस आई है। यह शब्द भाव कहां से आया? क्या भारत में कभी सुशासन रहा है। सुशासन आखिर है क्या? क्या रामराज्य, जिसे हममें से किसी ने नहीं देखा और बस सुना मात्र है, हमारे लिए सुशासन की कल्पना रही है। क्या गरीबी और इनइक्वलिटी, प्रताड़ना और दुःख राम राज्य में नहीं थे? उस वक्त 'स्टेट रिसोर्सेज' थे या नहीं और अगर थे तो इन्हें कौन, कैसे कंट्रोल करता था। क्या इक्वीटेबल डिस्ट्रीब्यूशन ऑफ रिसोर्सेज हुआ करता?

राम का राज्य थोड़े से क्षेत्र में था जिसकी सीमाएं भी हमें मालूम नहीं। ज्ञात जानकारी के अनुसार यह सरयू क्षेत्र के होता था जिसका रकबा आजकल के एक जिले जितना ही रहा होगा। रामराज्य की समृद्धि का आकलन हम उससे नहीं लगा सकते जिस प्रकार से यह भारतीय हिंदी सिनेमा और टीवी सीरियल्स में अभिव्यक्त किया जाता रहा है। मेरे हिसाब से उस समय रेशम के बने हुए वैसे शानदार वस्त्र और आभूषण कभी नहीं थे, जैसा सागर प्रोडक्शन्स इंटरनेशनल द्वारा निर्मित रामायण सीरियल में अक्सर दिखाया गया। उस समय के स्टेट एडमिनिस्ट्रेशन, फाइनेंसेस, पब्लिक फैसिलिटीज और गवर्नेंस के बारे में हमें कुछ नहीं मालूम, ऐसा मेरी अवधारणा है। हो सकता है श्रीराम के राजकाल के बारे में जो भी तत्कालीन साहित्यकारों ने लिखा वह सिर्फ गौरवगाथा है।

आधुनिक वक्तों में गुड गवर्नेंस के कांसेप्ट को ग्लोबल कॉन्टेक्स्ट में पहली बार दूसरे विश्व युद्ध की समाप्ति पर 28 मार्च सन् 1947 को यूनाइटेड नेशन्स इकनोमिक कमीशन फॉर एशिया एंड फार-ईस्ट की स्थापना के पांच महीना बाद जब इसका नाम बदलकर 'इकोनॉमिक एंड सोशल कमीशन फॉर एशिया एंड पेसिफिक' किया गया उस समय डिफाइन किया गया था। इसके उद्देश्यों में कहा गया कि 'सुशासन, अन्य बातों के अलावा, सहभागी, पारदर्शी और जवाबदेह है। यह प्रभावी और न्यायसंगत भी है और यह कानून के शासन को बढ़ावा देता है। सुशासन यह सुनिश्चित करता है कि राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक प्राथमिकताएं समाज में व्यापक सहमति पर आधारित हों और विकास संसाधनों के आवंटन पर निर्णय लेने में सबसे गरीब और सबसे कमजोर लोगों की आवाज सुनी जाए।' तब क्या सोशलिज्म को हम गुड गवर्नेंस कहेंगे? दुनिया के बड़े मुल्कों के पोलिटिकल गवर्नेंस के सिस्टम के अनुसार गुड गवर्नेंस के तौर-तरीके विकसित होते हैं और एक देश की गुड गवर्नेंस दूसरे देश के पॉलिटिकल सिस्टम के अनुसार ढाल ली जाती है। गुड गवर्नेंस के या सुशासन के सार्वभौम माने नहीं भी बदलें तो भी हर एक देश अपने सिस्टम के अनुसार गुड गवर्नेंस को डिफाइन तो करता ही है।

> भारत में गुड गवर्नेंस को लोकतंत्र के जरिये से स्थापित करने का प्रयास हुआ जिसमें आमजन की असरदार और सक्रिय भागीदारी को सिद्धांतत: स्वीकार किया गया, लेकिन संवैधानिक व्यवस्थाओं के बावजूद अभी तक गुड गवर्नेंस का असर पूरे तौर से दिखाई नहीं दिया है।

इस हिसाब से अगर देखें तो रामराज्य के वक्तों में पॉलिटिकल आइडियोलॉजी वही रही होगी जिसे राजा जनक और वशिष्ठ जैसे मुनियों ने तय किया होगा। आखिर राजगुरुओं ने ही उस समय सुशासन को तय किया होगा, लेकिन हमें प्राचीनतम भारत के पॉलिटिकल एडमिनिस्ट्रेशन या स्टेट एडमिनिस्ट्रेशन के बारे में कुछ अधिक नहीं मालूम। कुछ लर्नेड जर्नल्स में छपे पर्चों को और किताबों में प्रकाशित जानकारी को देखा गया कि इसमें गवर्नेंस के 'दर्शन' के बारे में तो बहुत कुछ मालूम हुआ, लेकिन ऐसा कुछ नहीं दिखा जिन नुक्तों के बारे में हल्का सा जिक्र मैंने किया है। हर एक कानून और नियम का पीछे 'दर्शन' की एक दृष्टि काम करती है, लेकिन गवर्नेंस के बारे में सॉलिड प्रूफ और एविडेंस अगर नहीं है तो एडवांस्ड सिविल सोसाइटी इसे कैसे मान सकती है। इसका एविडेंस न हो तब भी हिन्दुओं के 'सेक्रेड टेक्स्ट्स' में इसकी झलक तो मिलती ही है और गुड गवर्नेंस के लिए उत्तरोत्तर प्रगतिशील समाज अपने प्राचीन दर्शन और शास्त्रों के अनुसार वर्तमान कानूनों के इसी अनुसार निर्मित और स्थापित करने के उपरांत इन्हें न्याय पूर्ण व्यवस्था के अनुसार लागू करता है जिसका अवलोकन न्यायालय की जिम्मेवारी होती है और वह भी तत्परता से। ऐसे में क्या हम राजा राव द्वारा रचित 'कन्थपुरा' उपन्यास से कुछ सूत्र ग्रहण कर सकते हैं जिसमें हम रामराज्य की झलक पा सकते हैं? इसके नैरेटिव में राव जी ने रामायण और पुराणों के अलावा मिथकों का प्रयोग किया है। ब्रिटिश राज के परिप्रेक्ष्य में राव जी ने इस उपन्यास के कथावस्तु में भारत के लोगों की संवेदनशीलता और आमजन के 'दर्शन' का ताना-बाना दक्षता से बुना है। इस मामले में उद्धरणों के तौर से हम मशहूर ब्रिटिश निबंध लेखक और चिंतक फ्रांसिस बेकन (1561-1626) को भी इस्तेमाल कर सकते हैं। बेकन का जीवन काल करीब वही है जिस समय भारत में अकबर और जहांगीर का शासन कायम था। इन मुगल सम्राटों की पॉलिटिकल गवर्नेंस की स्थिति पूरी तरह से तुर्क और इस्लामिक नहीं थी, बल्कि इसमें भारतीय दर्शन तत्व भी शामिल थे।

देखने वाली बात यह है कि मुगल शासक क्या इब्ने सीना जैसे दार्शनिकों के बारे में जानते थे जिसने पॉलिटिकल गवर्नेंस और सुशासन के बारे में बहुत कुछ कहा। देखने की दूसरी बात यह कि क्या गुड गवर्नेंस के नियम और इनके पीछे का दर्शन, शासक और सत्ता वर्ग के साथ हमेशा ही 'कनफ्लिक्ट' में रहता है अर्थात् क्या इनके बीच तनाव और टकराव का होना एक कुदरती जरूरत है? अगर हर एक शासक या सत्ताधारी सुशासन का दावा करता रहा है तो भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी और अन्याय से लोग दुखी क्यों रहते हैं, शिकायत बनी क्यों रहती हैं? इसकी वजहों पर बहुत विमर्श इस समय उपलब्ध है। दक्षिण भारत में राजा राव (सन् 1908-2006) बड़े माने हुए लेखक और चिंतक हुए हैं। गांधी जी द्वारा संचालित भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के सिद्धांतों और मूल्यों के अनुसार एक दक्षिण भारत के एक गांव कंथपुरा की स्वशासन को पृष्ठभूमि में रखकर राव जी ने इसी नाम से उपन्यास लिखा जिसका गजब का नैरेटिव है। कंथपुरा के नैरेटिव के भीतर हम स्वशासन के जरिए सुशासन की गंध सूंघ सकते हैं, लेकिन कितने सत्ताधारियों को 'कंथपुरा' के बारे में मालूम है। साहित्य और सुशासन के ऐसे अंतरंग संपर्क दूसरी किताबों में अनुपलब्ध हैं। संस्थानों और व्यक्तियों को भ्रष्ट करने की आवश्यकता क्या सत्ताधारियों के इरादों और दर्शन की श्रेष्ठता के बीच के 'कनफ्लिक्ट' का अध्ययन मात्र है या इससे न्यायपरकता पर लांछन लगाए जा सकने की एक एक्सरसाइज माना जाता रहा है जिसके पक्ष में जाहिर है, सत्ताधारी अधिकतम संख्या में रहते हैं?

भारत में गुड गवर्नेंस को लोकतंत्र के जरिए से स्थापित करने का प्रयास हुआ जिसमें आमजन की असरदार और सक्रिय भागीदारी को सिद्धांततः स्वीकार किया गया, लेकिन संवैधानिक व्यवस्थाओं के बावजूद अभी तक गुड गवर्नेंस का असर पूरे तौर से दिखाई नहीं दिया है। चाहे ग्राम्यांचल हैं या नगरांचलों की शासन व्यवस्था। भ्रष्टाचार और अराजकता, कानून के सामने बराबरी हर समय, हर स्थिति में, व्यक्तिगत स्वतंत्रता, इनका हनन होता है ऐसे समाचारों से अखबार भरे रहते हैं। क्या इस सत्ताचारी शासक वर्ग को इस बात के लिए कभी प्रेरित नहीं करता कि गुड गवर्नेंस को आघात पहुंचने की अवस्थाएं मौजूद रहीं हैं और वे दूर हो ही नहीं पा रही हैं? 'हैंडबुक ऑफ गुड गवर्नेंस', 'इंटेलीजेंट गवर्नेंस इन द ट्वेंटीफर्स्ट सेंचुरी', 'गुड गवर्नेंस एंड डेवलपमेंट' और 'गुड गवर्नेंस, डेमोक्रेटिक सोसाइटीज एंड ग्लोबलायिजेशन' जैसी किताबें कुछ सोचने को तो मजबूर करती हैं, लेकिन विशाल और विविधताओं से भरपूर देश भारत में गुड गवर्नेंस के इम्प्लीमेंटेशन और संचालन एक चुनौती रहा है। देश के बड़े सत्ताधीशों की अच्छी सोच के बावजूद व्यावहारिक और सामान्य गुड गवर्नेंस लोकल स्तर पर भी हो जाए तो बहुत है। जाहिर है यह सत्ताधीशों से 'कनफ्लिक्ट' की नहीं, बल्कि उनसे त्याग की पहले मांग करता है, जो इनके लिए पॉलिटिकल गवर्नेंस की वर्तमान स्थिति के चलते हुए 'संभव' से परे की बात नजर आती है।

## प्रसंगवश

# महादेवी वर्मा और स्त्री विमर्श



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

महादेवी वर्मा की जयंती पर हिंदी भाषी लोग उतने मुखर नहीं होते जितने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर। स्त्रियां भी महादेवी के स्त्री चिंतन और सामाजिक सक्रियता के उदाहरणों पर मौन रह जाती हैं। महादेवी के साहित्य का एक स्त्री के छायावादी साहित्य के रूप में अध्ययन स्त्री और छायावाद दोनों को नए अर्थ से भर देता है। उन्होंने 'शृंखला की कड़ियां' लिखी थीं, फिर भी एक स्त्री विमर्शकार के रूप में उनके अवदान को स्त्रियां भी याद नहीं करतीं।

निराला के 'झूम- झूम मृदु गरज-गरज घनघोर' के बादल और महादेवी की 'मैं नीर भरी दुख की बदली' के फर्क को देखा जा सकता है। आखिर स्त्रियां ही इतना क्यों रोती हैं, पढ़ी-लिखी स्त्रियां भी? पुरुष को क्यों ऐसा रोना नहीं आता? यह हार्मोन का मामला नहीं है, यह नियति नहीं है, बल्कि हजारों साल के आतंककारी पितृसत्तात्मक मानसिक दबाव का मामला है। हमारे समाज में धर्मांधता बढ़ी है तो पितृसत्ता भी मजबूत हुई है, भले कुछ महिलाओं को मंत्री बनाकर उदारवाद का मिथ्या प्रदर्शन किया जाए। महादेवी का अश्रु महज रोने-गाने का मामला नहीं है, वह एक नए संसार के लिए तड़प है, 'करें दृग आंसू का व्यापार, चाहिए एक नया संसार'। वर्तमान संसार असह्य है, इसलिए एक नया संसार चाहिए। वह बड़े सपनों, संघर्षों और बलिदान का जमाना था, जहां सपने हों पहरेदार, चाहिए एक नया संसार। वह सारा कुछ आजादी के लिए था, सिर्फ अंग्रेजी दासता से नहीं। हर दासता से मुक्ति के लिए, धार्मिक गुलामी से भी मुक्ति के लिए। आज इतने विस्तार से कल्पना करने की शक्ति समाज खोता जा रहा है। वह 'मैं-मैं' और 'मेरा अनुभववाद- तेरा अनुभववाद' में फंसा है। महादेवी मंदिर की आरती बेला के शंख और घड़ियाल के शोर के बीच कहती हैं, 'यह मंदिर का दीप, इसे नीरव जलने दो।' जब धर्म एक शोर होता है, वहां ईश्वर छोड़कर बाकी सबकुछ होता है।

आज बाजार उछल-उछल कर स्त्री की परिभाषा तय कर रहा है। धार्मिक अंधविश्वासों की तरह बाजारवाद हावी है। महादेवी का स्त्री विमर्श धार्मिक अंधविश्वास और बाजारवाद का विरोध करता है। आजकल का स्त्री विमर्श कितना करता है?

# कारपोरेट कंपनी बने दल, हाईजैक जनतंत्र



अमित त्यागी
वरिष्ठ स्तंभकार

> लोक का दुर्भाग्य है कि आज वह सिर्फ एक भीड़ बनकर रह गया है। इस भीड़ का एक भाग पक्ष में दिखता है और दूसरा विपक्ष में।

लोकतंत्र का वर्तमान स्वरूप कारपोरेट के अनुसार हो चुका है। अब दलों में जनभावना के अनुसार निर्णय नहीं होते हैं, बल्कि उच्च स्तर के आदेशों का पालन नीचे कराया जाता है। अब गांधी, लोहिया कोई नहीं बनना चाहता, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति तंत्र से जुड़ना चाहता है, क्योंकि तंत्र के माध्यम से वह सब कमाया जा सकता है, जो अपने पुरुषार्थ एवं मेहनत से प्राप्त नहीं हो सकता है।

तंत्र से सवाल पूछने वाले लोग भी तंत्र से जुड़ गए हैं और वह वहां स्थापित होकर गौरवान्वित अनुभव कर रहे हैं। वह लोक की पीड़ा समझते हैं, किंतु स्वहितों के कारण तंत्र के आगे नतमस्तक हैं। संपूर्ण राजनीतिक तंत्र पिशाची प्रवृत्ति का हो गया है। चुनावों में राजनीतिक तंत्र के द्वारा लोक का मखौल बनाया जाने लगा है। लगभग सभी दलों में प्रत्याशी का चयन जनभावना के अनुरूप न होकर हाईकमान की सर परस्ती से होने लगा है, ऐसे में लोक का नेतृत्व करने वाले नेता अब नेपथ्य में चले गए हैं और हाईकमान की अनुकंपा वाले प्रसाद पाकर स्थापित होते जा रहे हैं। लोक का दुर्भाग्य है कि आज वह सिर्फ एक भीड़ बनकर रह गया है। इस भीड़ का एक भाग पक्ष में दिखता है और दूसरा विपक्ष में।

लोकतंत्र पहले लीग मैचों की तरह था जिसमें चार-पांच दल आपस में प्रतिद्वंद्विता रखते हुए विजय प्राप्त करते थे। एक उत्सव की तरह चुनाव होते थे और दो तीन महीने जनता इसका रसपान करती थी। अब सीधे दो पक्षों के बीच फाइनल होने लगा है। इस नई व्यवस्था का कारण स्पष्ट है कि भारत को अमेरिकी तर्ज पर ढाला जा चुका है। अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव को प्रेरणास्रोत की तरह देखने वाली राजनीतिक व्यवस्था ने पिछले दो दशक में भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था का उत्पीड़न करते हुए सुनियोजित तरीके से दो दलीय व्यवस्था स्थापित कर दी है। धन का मानक अन्य सभी सामाजिक मानकों पर अब सर्वोच्च है।

एलेक्टोरल बांड भी इसी व्यवस्था से उपजा एक प्रारूप है। अब चुनावी चंदे का कारपोरेट नाम एलेक्टोरल बांड है। राजनीतिक दल अपने लूटतंत्र को छुपाते हुए जनता के बीच अपनी साख बचाने के लिए किसी भी स्तर पर अपने कार्यकर्ता को पुर्जे की तरह बदल देते हैं। लोकतंत्र में तंत्र लोक के लिए बनाया जाता है। हर चुनाव के बाद एक तंत्र बनता है। वह तंत्र उसी का शोषण करता है, जो उसका निर्माण करता है। तंत्र को बनाने वाला लोक हर बार ठगा जाता है। जैसा लोक चाहता है वैसा तंत्र को कार्य करना चाहिए। क्या ऐसा हो रहा है? शायद नहीं।

तंत्र को नियंत्रित करने के साधन भी सीमित होते चले जा रहे हैं। तंत्र लगातार लोक की राह में रोड़ा बन रहा है, जो व्यवस्था अंग्रेजों ने अपने राज करने के लिए बनाई थी वह आज भी बरकरार है। तंत्र से जुड़े लोग कभी नहीं चाहते हैं कि इस तंत्र को बदलने की कोई आवाज लोक से उठे। लोक से उठी हर आवाज को यह तंत्र या तो दबा देगा या किसी भी माध्यम से दबवा देगा। यह तंत्र मालिक बनकर लोक को मजदूर बना रहा है। आज खेत लोक के हैं, किंतु उसकी कीमत तंत्र तय करता है। जमीन पर कार्य कार्यकर्ता करते हैं, पर चुनावी टिकट आलाकमान तय करता है।

तंत्र से जुड़े लोगों द्वारा आपसी मिली भगत से आज देश में, जो लूट मची है, ऐसी लूटपाट करने वाले अंग्रेजों से तो हमने 1947 में मुक्ति पा ली थी, पर पिछले दो दशक में अमेरिकी तर्ज पर ढल चुके इस तंत्र में बैठे काले अंग्रेजों और अपने खुद के जयचंदों का हम क्या करें? अब इस राजनीतिक तंत्र में जो व्यक्ति तंत्र का हिस्सा बनता है वह रातों-रात करोड़पति बन जाता है। इसके बाद धन से राजनीतिक पद पा जाता है, जो लोक से जुड़ा रहता है, उसके हिस्से में सिर्फ संघर्ष आता है। उसका कार्य होता है कि आलाकमान के कुकृत्यों को जनता के बीच सुकृत्य बनाकर प्रस्तुत करे।

देश में इस समय एक वैचारिक आंदोलन की आवश्यकता है। अन्ना हजारे के नेतृत्व में भ्रष्टाचार के विरुद्ध एक बड़ा आंदोलन एक दशक पहले हुआ। उस व्यवस्था से निकले अरविंद केजरीवाल ने लोगों के अंदर आंदोलन के प्रति विश्वास भी समाप्त कर दिया। सामान्य जनमानस अब इंस्टाग्राम एवं अन्य सोशल मीडिया पर आनंदित हो रहा है। सब कुछ समझते हुए भी उसके पास विकल्पहीनता है। यह विकल्पहीनता भी उसी राजनीतिक तंत्र का एक प्रारूप है।

## सोशल फोरम

# राजनेताओं की भाषा

> मेरा दावा है बहुत सारे रचनाकार और पत्रकार सिर्फ अपनी जाति की बदौलत ही वैशाख में हरी-हरी घास चर रहे हैं और जब तक जीवित हैं वे चरते हुए ही मिलेंगे।



कर्मेंदु शिशिर
वरिष्ठ लेखक

राजनीति इतनी विकृत हो गई है कि जो बुद्धिजीवी उसके संपर्क में आते हैं उनके भीतर वही वायरस प्रवेश कर जाता है। राजनीति उस कचरे की तरह हो गई है जिससे बदबू निकलने लगी है जिनको पसंद है वे इत्मीनान से गींजते रहे, मैं भले अकेले रहूं, लेकिन मैं ऐसा नहीं कर सकता।

राजनेताओं और प्रवक्ताओं की गंदी जुबान और घटिया भाषा कोई आश्चर्य की बात नहीं, लेकिन यह देखकर मैं हैरान हूं कि 65-70 की उम्र तक पहुंच चुके लेखक, संपादक और पत्रकार भी अब ऐसी ही भाषा बोलने लगे हैं। हैरान-परेशान जब मैं शांत होकर ऐसे लोगों की पूंछ टटोलता हूं तो कुछ-कुछ समझ में आने लगता है। उछलकूद और दुर्मुख होने के पीछे इनकी जाति और जातिगत नेताओं की चाटुकारिता की बैट्री है। अगर वह इस या उस जाति के नहीं होते तो वे दो कौड़ी के कलमघिस्सू भी मुश्किल से बन पाते। ऐसे लोग हाथ में अलकतरा लिए हर पल फेसबुक पर भी मौजूद रहते हैं और तलाशते रहते हैं ऐसे लोगों को जो अल्पसंख्यक कमजोर जाति से हो और जिनका उनकी तरह का कोई राजनीतिक जुड़ाव न हो। अगर ऐसे लोग उनसे या उनकी जाति के किसी नेता से मात्र असहमत होता हुआ दिखा तो तुरंत उसके मुंह पर अलकतरा पोत देते हैं। ऐसे लोगों को मैंने देखा है कि जहां उनको लगता है कि यहां टार्गेट किया तो अलकतरा के बदले एसिड भी आ सकता है। फिर तो वे रास्ता ही बदल लेते हैं या मिमियाने लगते हैं। लोकतंत्र के खतरे को लेकर रेंकने में ये अगली कतार में रहते हैं।

मेरा दावा है बहुत सारे रचनाकार और पत्रकार सिर्फ अपनी जाति की बदौलत ही वैशाख में हरी-हरी घास चर रहे हैं और जब तक जीवित हैं वे चरते हुए ही मिलेंगे। आप उनका कुछ नहीं कर सकते। ऐसे परजीवी बुद्धिजीवी बहुत हो गए हैं। तमाम प्रतिकूलताओं के विरुद्ध साहस से प्रतिरोधी आवाज देने के लिए माद्दा चाहिए। ऐसा जिसके पीछे न जाति की ताकत हो और न सत्ता की।

**–फेसबुक वॉल से**

# आईए हम भी सोच बदलें अपनी



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

> हमारे यहां की रवायत है कि किसी की भी थोड़ी बहुत पूछ परख करना हो तो उसके मरने का इंतजार किया जाता है। शराबी आदमी को यह दुनिया मरने के बाद भी इज्जत के लिए तरसा देती है।

टुन्न आदमी से बतिया कर देखिए। वो बेचारा पूरी कोशिश में होता है कि उसे शराबी न मान ले आप। वो आपसे तौल-तौल कर बाते करेगा जितना तमीजदार हो सकता है, उससे दस गुना होने की पूरी कोशिश करेगा। चलेगा तो एक-एक कदम संभालकर रखेगा। पीने वाले से ज्यादा सभ्य, सतर्क और तार्किक होना मुश्किल है। शराब का जिक्र काफी होता है। आपको पीने वाले की आंखों की तेज चमक चौंधिया देगी। वो इतना खुश हो जाएगा कि उसकी खुशी संभालना आपको भारी पड़ सकती है। वो शराब के सामने किसी को गिने ऐसा होता नहीं। यदि आप भी पीने वालों में से हो, पिलाने की हैसियत रखते हों तो वह फौरन से पेश्तर आपका यार हो जाएगा। गले से लगा लेगा आपको और आपके लिए कुछ भी करने के लिए तैयार हो जाएगा।

ये फक्कड़, वीतरागी और खोए-खोए लोग हैं। बाकी किस्मों के इश्क की ही तरह ही शराब से इश्क उन्हें उदार और भलामानस बना देता है। ऐसे दसियों लोग आपको अपने आसपास, परिचितों में ही मिल जाएंगे, जो दो पैग लगाने के बाद जो भी करते हैं वो बेमिसाल होता है। छतरपुर पोस्टिंग के वक्त मेरा बच्चों के डॉक्टर से परिचय हुआ था। डॉक्टर साहब जब लगा चुके होते थे तब वो अपनी काबिलियत के चरम पर होते थे। छोटे-छोटे बच्चों लिए मां-बाप की भीड़ यही चाहती थी कि डॉक्टर साहब उनका बच्चा देखने के पहले एकाध पैग लगा चुके हो तो बेहतर है। मैं अपने निजी अनुभव से यह मानता हूं कि पीने वाले ज्यादा खुशमिजाज, व्यवहार कुशल, मिलनसार, भरोसेमंद और यारबाज होते हैं और यही गुण उसे जिंदगी की रेस जीतने में मदद करते हैं। आप न पीने वाले को देख लें। भाई इसी बात के नशे में रहेगा कि मैं नहीं पीता। नीरस जिंदगी जीता है वो। रात को आठ बजे तक अकेले-अकेले मुंह बनाते हुए अपना दाल-दलिया खा लेता है। चैनल पर न्यूज देखता है और दस बजते-बजते खर्राटों के हवाले हो जाता है। अब ऐसी जिंदगी किस काम की। इससे तो दो पैग लगाकर यारों की मंडली जुटाने वाले भले।

शराबी भगवान से डरता है और भगवान से ज्यादा बीबी-बच्चों से डरता है। बिना किसी के कहे ही माने बैठा होता है कि उसने गलती की है, ऐसे में देर रात तोहफों से लदा-फदा घर लौटता है। बंदा यारों के साथ मन हल्का करके लौटा होता है। इसलिए घर में सुख-शांति बरकत बनी रहती है। आप ठंडे दिमाग से गौर करें तो मेरी इस बात से राजी होंगे कि पीने वालों की तुलना में न पीने वाले ज्यादा तुनकमिजाज, झगड़ालू और बददिमाग होते हैं। दुनिया में जितनी भी गड़बड़ियां हुई हैं, उनमें से अधिकतर के पीछे न पीने वाले बंदों का ही हाथ है। अब हिटलर को ही ले लें। बंदे ने शराब को हाथ नहीं लगाया, पर कभी पर आदमियों का खून पीने में कोई कसर बाकी नहीं रखी। जबकि पीने वाले ऐसे लीडरों की लंबी-कतार मिलेगी आपको जो सच्चे अर्थों में जनता से प्रेम करते थे।

हमारे यहां की रवायत है कि किसी की भी थोड़ी बहुत पूछ परख करना हो तो उसके मरने का इंतजार किया जाता है। शराबी आदमी को यह दुनिया मरने के बाद भी इज्जत के लिए तरसा देती है। पर भगवान के घर देर है अंधेर नहीं। वो हाथों-हाथ लेता है पीने वालों को। आप ने जन्नत में शराब की नदियां बहने की बात सुनी ही होगी। इन नदियों की वजह से ही उसे जन्नत कहा गया है और ये नदियां ही उसे दोजख से अलग करती हैं। ये नदियां वहां इसलिए हैं, क्योंकि ऊपर वाला भी शराब से इश्क करने वालों का ख्याल रखता है। उन्हें बतौर वीआईपी ट्रीट करता है। यदि ऐसा न होता तो जन्नत में शराब की नदियां बहाने का कोई तुक नहीं था। आइए हम भी सोच बदलें अपनी। शराब से इश्क करने वालों से तमीज से पेश आएं। इज्जत करें उनकी। इसलिए करें, क्योंकि ऊपर वाला भी यही करता है।

# आम बने खास



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

दिल्ली प्रदेश के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल प्रारंभ से ही नाटक करने में बेजोड़ रहे हैं। अन्ना के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन से राजनेता और फिर मुख्यमंत्री बनने के पश्चात वर्ती घटनाएं इसकी गवाह हैं। इन्होंने अपनी पार्टी का नाम 'आम आदमी' पार्टी' रखा। हालांकि केजरीवाल सहित इसके नेताओं के तौर-तरीके कभी आम आदमी जैसे नहीं रहे। उन्होंने सब कुछ वैसा ही किया जैसा अन्य पार्टियां करती हैं। हां! मुफ्तखोरी को बढ़ावा देने तथा नाटक, पाखंड करने में औरों से कुछ आगे हैं।

इनकी शुरुआती घोषणा थी कि वे जनता की सवारी से चलेंगे और सड़क पर बैठकर जन सुनवाई करेंगे, किंतु एक दिन सब मंत्री आटो-टेम्पों से चले, फोटो मीडिया में आईं और अगले ही दिन से सब चमचमाती कारों से चलने लगे। ऐसे ही सड़क से जन सुनवाई एक दिन भी पूरी नहीं कर सके थे। बीच में ही छत पर चढ़ गए थे। जिस कांग्रेस को भ्रष्ट बताया और उनकी मुख्यमंत्री शीला दीक्षित को जेल भेजने की घोषणा करता रहे। शुरू में उन्हीं से गठबंधन करके सरकार चलाई। केजरीवाल की सत्ता और शक्ति की भूख बहुत प्रबल रही है और वे इस अधूरे प्रांत के मुख्यमंत्री/सरकार की शक्तियां बढ़ाने के लिए कई बार सुप्रीमकोर्ट गए। वे मुख्यमंत्री होकर सड़क पर धरने प्रदर्शन करते रहे और छोटी-छोटी बातों के लिए आए दिन सुप्रीमकोर्ट गए, जिस पर उन्हें अदालत ने फटकारा भी।

एक समय था, जब वे आए दिन प्रेस वार्ता करके किसी न किसी नामचीन नेता को भ्रष्ट घोषित करते थे। हालांकि इन आरोपितों में कुछ ने इन पर कोर्ट में आपराधिक मानहानि का मुकदमा भी किया जिसमें इन्होंने माफी मांगी। अब वे प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दिल्ली शराब घोटाले में जेल भेजे गए हैं और पाखंड चालू है। इसके पहले, अब तक के इतिहास में जिन मुख्यमंत्रियों पर जेल जाने की तलवार लटकी, उन्होंने पहले ही इस्तीफा दे दिया। ये नायाब और पहले मुख्यमंत्री हैं, जो जेल जाने के बाद भी पद पर डटे हैं और सरकार चलाते रहने का दावा कर रहे हैं। इन्होंने दिल्ली की मंत्री आतिशी को एक आदेश भेजा है जिसमें कहा गया है कि "दिल्ली वासियों को पानी की दिक्कत न होने पाए"। आदेश कंप्यूटर पर टाइप है।

संप्रति ये अदालत से जांच एजेंसी द्वारा पूछताछ के लिए रिमांड पर लिए गए हैं और ईडी की हिरासत में हैं। जांच एजेंसी ने उन्हें न तो कंप्यूटर दिया है, न कागज। अदालत ने भी उन्हें ऐसी कोई अनुमति नहीं दी है, किंतु पाखंड चालू है कि इन्हें दिल्लीवासियों की बड़ी चिंता है। समझा जाता है कि इनकी पत्नी सुनीता इनसे मिलने गईं थीं। वे टाइप शुदा कागज, कलम ले गईं और इनके हस्ताक्षर करवा कर बाहर कागज़ ले गईं। अब यह विषय भी फरेब और जालसाजी का बनता है।

दरअसल जेल की अपनी नियमावली है। न्यायिक हिरासत में बिना अदालत की अनुमति से ये सरकार कैसे चला सकते हैं? पूछताछ के लिए रिमांड पर होने पर इन्हें विवेचना एजेंसी के अनुशासन के अधीन रहना होगा। कानून से ऊपर कोई नहीं है। मालूम हो कि इन्होंने अठारह विभाग तक उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को आवंटित किए थे और अपने पास कोई विभाग नहीं रखा। ये जिम्मेदारी से बचते रहे, लेकिन अब काम की चिंता है। ये देश के अकेले मुख्यमंत्री हैं, जो अपने पास कोई काम नहीं रखते थे। छद्म लाजवाब है!


दिबियापुर में होली खेलतीं श्रीराम सेना की पदाधिकारी। अमृत विचार


होली पर नगर पंचायत अध्यक्ष राघव मिश्रा का स्वागत करते लोग।


फाग गाते ग्रामीण। अमृत विचार

# महका अबीर-गुलाल, बरसे रंग, उमंग में झूमे लोग

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** रविवार की रात होलिका दहन के बाद सोमवार की सुबह पूरे जिले में ऐसा रंग बरसा कि जन जन का तन और मन उमंग में डूब गया। गुलाल की भीनी भीनी खुशबू से घी की नगरी औरैया महक उठी। जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने अपने कैम्प ऑफिस आवास पर होली खेली और जनपदवासियों को रंग पर्व की शुभकामनाएं भी दीं।


होली की मस्ती में डूबे होरियारे। अमृत विचार

वहीं पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने मंगलवार को पूरे जिले की पुलिस फोर्स के साथ जमकर रंग बरसाया। रंगों से सराबोर लोगों ने रंगपर्व होली को जीवंत कर दिया। मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने भी रंगोत्सव धूमधाम से मनाया। नगर के सुभाष चौक सहित सभी प्रतिष्ठित लोगों के चबूतरों पर जमकर रंग और अबीर उड़ा। पूरे जिले में 10 बजे सुबह शुरू हुई होली दोपहर तीन बजे तक पांच घंटे चली। औरैया नगर में पूर्व मंत्री राम जी शुक्ला की हवेली पर होली का आयोजन किया गया। इसके लिए दरवाजे पर रंगों के ड्राम लगाए गए। इनसे रंग और गुलाब की बरसात की गई। लाल जी शुक्ला,व्यापार मंडल के अध्यक्ष बबलू बाजपाई सहित सैकडों की मौजूदगी ने होली के रंगों को और गहरा कर दिया। ढोल व बैंडबाजे के संग खेली होली नें इसको और मस्त कर दिया। चुनाव के चलते राजनेताओ के साथ लोगों ने अबीर-गुलाल और रंग बरसाया तो डीजे का धमाल शुरू हो गया। रंग, इत्र, गुलाल के मेल को यह होली करीब पांच घंटे तक चलती रही।

जिले के सभी नगरों में फाग और रसिया के लगातार गायन के साथ हुरियारों के पैर भी खूब थिरकते रहे।

दिबियापुर में पूर्वमंत्री लाखन सिंह राजपूत ने प्रेममयी होली का वर्णन करते हुए कहा द्वापर में जब श्रीराधारानी निद्रा में थीं तो लीलाधारी श्रीकृष्ण ने सोते हुए उन पर रंग लगा दिया। राधाजी निद्रा से उठीं, तो सखियों से पूछा ये रंग किसने लगाया। सखियों ने बताया कान्हा ने लगाया ।दिबियापुर चेयरमैन राघव मिश्र ने रंगपर्व को प्रेमपर्व बताया और अपनें प्रतिष्ठान पर खूब रंग खेला।

**युवाओं ने साथियों को लगाया रंग:** होली पर युवाओं की टोली हुड़दंग करती नजर आई। अपने साथियों के साथ जमकर युवाओं ने जमकर होली खेली। गुलाल व अबीर के साथ रंग और स्प्रे से भी होली खेली गई।

### रंगों से किया सराबोर

**फफूंद,औरैया।** सोमवार को होली का त्योहार नगर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। रंगों से नगर सराबोर नजर आया। हर तरफ अबीर उड़ता दिखा। लोगों ने मतभेद भुलाकर त्योहार मनाया। होली पर सुबह से ही लोग उत्साहित नजर आए। हर तरफ लोगों को मस्ती करते देखा गया। सोमवार की सुबह से रंग खेलना शुरू किया। गांव-गांव हुरियारों की टोलियां निकलीं। देर शाम तक हर तरफ रंग बरसता रहा। होली पर सबसे अधिक उत्साह बच्चों में दिखाई दिया। बच्चे अपने साथियों के साथ पिचकारी से एक-दूसरे पर रंग फेंकते हुए देखे गए। होली में लोगों के चेहरे इस प्रकार से रंगे गए थे कि होली खेलने वाले लोगों को पहचानना भी मुश्किल हो रहा था। छोटों ने बड़ों के पैर छूकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

### ग्रामीणों ने धूमधाम से मनाई होली

बिधूना औरैया नगर एवं क्षेत्र में छिटपुट घटनाओं को छोड़कर होली का त्योहार धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर होलिका दहन के बाद लोगों ने एक दूसरे को रंग अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। शांति एवं सौहार्द पूर्ण वातावरण में होली मनाये जाने को लेकर पुलिस प्रशासन खासा चौकन्ना रहा और स्थानीय प्रशासन के लोग नगर एवं क्षेत्र में भ्रमण करते रहे। पुलिस ने छिटपुट घटनाओं में झगड़ा फ़साद के आरोप में लगभग एक दर्जन लोगों का शांति भंग के अंदेशे में चालान कर दिया। इस अवसर पर गांवों में जमकर फाग हुईं जबकि युवा डीजे की धुन पर थिरकते नजर आये।

# महामूर्ख की उपाधि से नवाजे गये 'औरैया रत्न' आनन्द

कार्यालय संवाददाता,औरैया

**अमृत विचार।** सोमवार को फूलगंज मैदान में विगत कई बरसों की भांति रंग-बिरंगी होली पर्व के अंतर्गत हंसी-ठिठोली व स्वस्थ मनोरंजन से परिपूर्ण आयोजित महामूर्ख सम्मेलन में महामूर्ख सम्मेलन कमेटी, औरैया द्वारा समाजसेवी संगठन एक विचित्र पहल सेवा समिति के संस्थापक एवं 'औरैया रत्न' आनन्द नाथ गुप्ता एडवोकेट को 'महामूर्ख' व ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष समाजसेवी व शिक्षक नीरज चौधरी को 'विशिष्ट महामूर्ख' की उपाधि से नवाजा गया।

महामूर्ख सम्मेलन वर्ष-2023 में महामूर्ख की उपाधि से नवाजे गये शहर के प्रमुख चिकित्सक डॉ. जी.एन. अग्रवाल द्वारा नए महामूर्ख वर्ष-2024 को विधिवत कार्यभार ग्रहण कराया गया, कार्यक्रम का मनोरंजक पूर्ण सफल संचालन शिक्षक प्रशांत अवस्थी ने किया, वर्ष भर लोगों को इंतजार कराने वाले मनोरंजन से भरपूर पसंदीदा कार्यक्रम में शहर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। महामूर्ख सम्मेलन में समिति समिति बनाई गयी। इस मौके पर प्रमुख रूप से आयोजकगण हरगोविंद तिवारी व अमरनाथ बिश्नोई के साथ ही राजीव चड्डा, राधेश्याम शुक्ल, पुष्पक शुक्ल, आनंद कुशवाहा, श्याम कुमार चौबे, अजय अंजाम, फाग टीम के साथ ओम प्रकाश ओझा आदि रहे। समाज व शहर के लोगों ने हर्ष व्यक्त करते बधाइयां प्रेषित की हैं।

### जमकर लगाए ठुमके

होली पर जगह-जगह सामूहिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। लोगों ने डीजे और स्पीकर लगाकर होली के गीतों पर जमकर ठुमके लगाए। युवाओं के साथ ही बुजुर्ग व महिलाएं भी थिरकती नजर आईं। सुरक्षा के लिए पुलिस बल गस्त करते रहे।


महामूर्ख की उपाधि से नवाजे जाते आनन्द नाथ गुप्ता। अमृत विचार

# दो दिन पूर्व अपहृत बच्चे का ट्रॉली बैग में मिला शव

## मुठभेड़ में आठ आरोपी गिरफ्तार, फिरौती के उद्देश्य से किया था अपहरण,खेलने के बहाने ले गए थे आरोपी

संवाददाता ऐरवाकटरा, औरैया

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र की चौकी एवं गांव उमरैन से शनिवार को अपहृत हुए बच्चे का शव पुलिस ने एक ट्रॉली बैग में बरामद कर लिया है। इसके अलावा पुलिस ने मुठभेड़ में घटना में संलिप्त आठ आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक चारू निगम भी घटना स्थल पर पहुंच गयीं थीं और जांच पड़ताल की ।


जांच-पड़ताल करतीं एसपी चारू निगम। अमृत विचार


बिलखती बच्चे की मां व अन्य परिजन। अमृत विचार

थाना क्षेत्र की चौकी एवं गांव उमरैन निवासी सर्राफा व्यवसाई शकील का 11 वर्षीय पुत्र शुभान अपने घर से शनिवार की दोपहर में 3 बजे पड़ोसी व कुछ अन्य के साथ खेलने के लिए निकला था। लेकिन वह रात तक नहीं आया तो गायब होने की जानकारी पुलिस को दी।

जिस पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की। साथ ही बच्चे के परिजनों से बात की, जिस पर परिजनों ने पड़ोसी मुन्ना व उसके कुछ साथियों पर बच्चे को बहला फुसलाकर ले जाने का शक व्यक्त किया। जिसके बाद पुलिस ने पड़ोसी रियाज सिद्दीकी उर्फ मुन्ना आदि के मोबाइल नंबर पता किए और उनकी लोकेशन ट्रेस की। इस दौरान हैरान करने वाली बात यह सामने आयी कि उक्त नम्बरों का मूवमेंट दिल्ली एनसीआर में दिखा। जिस पर पुलिस को शक हुआ कि यह लोग बच्चे को लेकर यूपी से बाहर गये हैं।

पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने बताया कि इसके बाद नोएडा, दिल्ली एनसीआर व बुलंदशहर आदि कई जगह पर पुलिस टीम के साथ कोऑर्डिनेशन किया गया। बताया कि विशेष रूप से डीसीपी नोएडा और उनकी क्राइम टीम के साथ काम किया गया। साथ ही जो मोबाइल नंबर दिल्ली की तरफ मूव हुए उनके लिए डीसीपी आउटर डिस्ट्रिक्ट से बात हुई। उन्होंने भी अपनी एक टीम बच्चे की खोजबीन में लगा दी। जिसका नेतृत्व सब इंस्पेक्टर मनोज कुमार कर रहे थे उनके साथ लगातार हमारे सर्विलांस की टीम काम कर रही थी। हमारी भी टीम लगातार आरोपियों के रूट को ट्रेस करते हुए रविवार की शाम लगभग 5 बजे दिल्ली की टीम से मिली। इसके बाद टीम ने जिस अभियुक्त अवधेश मिश्रा का नंबर ट्रेस हुआ था उसको पकड़ा और पूछताछ की। उसने बताया कि वह बच्चा गाड़ी में है वहां पर उसके तीन साथी दीपक गुप्ता ऐरवाकटरा, जतिन दिवाकर नांगलोई दिल्ली व रवी निहाल विहार दिल्ली भी है। बताया कि उसकी निशानदेही पर पश्चिम विहार में एक सफेद रंग की गाड़ी बरामद की गई, जिसमें एक नीले रंग का ट्रॉली बैग मिला जिसे खोलकर देखा गया तो उसमें हाथ व पैर बंधे एक बच्चा था जिसकी दम घुटने से मौत हो चुकी थी। फिर भी एक उम्मीद के तहत बच्चे को पास के ही अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस दौरान गाड़ी के पास मौजूद तीनों आरोपी मौका पाकर भागने लगे तो पुलिस ने घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया। बताया कि दिल्ली में बच्चे के शव को ट्राली बैग में बरामद करने के साथ वहां पर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। एसपी ने कहा कि आरोपियों ने जब बच्चे को अपहरण किया,उसी समय ट्रॉली बैग में डाल दिया था।

बताया कि पकड़े गये चारों आरोपियों को उमरैन लाने के बाद उनसे आज दिन में पड़ोसी व अन्य साथियों को निश्चित स्थान बाऊखेडा के जंगल (आरोपियों के प्लान के तहत निर्धारित जगह) पर बुलाने को कहा। तो रियाज सिद्धीकी , आशीष, अंकित व शोभन वहां पहुंचे। जिन्होंने पुलिस की गाड़ियां देखते ही उन पर फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग के समय दिल्ली में पकड़े गये आरोपी भी भागने का प्रयास करने लगे। बताया कि जिस पर पुलिस ने जवाबी फायरिंग जिसमें आठों आरोपियों के पैर में गोली लगी और वह घायल हो गये।

### बोले आरोपी

गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि पड़ोसी रियाज सिद्दीकी उर्फ मुन्ना के कहने पर उन्होंने पूरा प्लान बनाया था। पड़ोसी मुन्ना ही पूरे मामले का मास्टर माइंड है। उसी के कहने पर हम सभी लोग तैयार हुए थे।

### देर रात्रि हुआ सुभान का अंतिम संस्कार


शुभान।

**एरवाकटरा, औरैया।** थाना क्षेत्र के कस्बा उमरैन में सोमवार की रात्रि 9 बजे अपहृत किए गए नाबालिग सुभान का शव नोएडा से जैसे ही उसके घर आया तो स्वजनों में कोहराम मच गया । देर रात्रि उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया । सुभान का शव देखकर हर किसी की आंखें नम थी जबकि हर कोई मासूम को अपहृत कर हत्या कर दिये जाने वाले अपहरणकर्ताओं को कोस रहा था। सुभान की मां शकीला बेगम का तो हाल बेहाल था और वह अपने लाल का मुंह देखकर बेहोश हो रही थी। सुभान की मौत से गमजदा कस्बे एवं क्षेत्र के लोगों ने होली नहीं मनाई, जबकि लोगों के घरों के चूल्हे भी ठंडे पड़े रहे। शोकाकुल माहौल में सुभान के शव को कस्बे के कब्रिस्तान में दफन कर दिया गया ।

# बाइक व ऑटो की भिड़ंत में दो की मौत

संवाददाता अजीतमल,औरैया

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मुरादगंज के पास मुगल रोड पर ऑटो और बाइक की जोरदार टक्कर हो गई, जिससे बाइक सवार युवक सहित ऑटो में बैठी एक महिला की मौत हो गई। वहीं मृतक महिला का बच्चा घायल हो गया।

अजीतमल कोतवाली क्षेत्र के गांव मिलक निवासी प्रबल सिंह (25) मंगलवार को बाइक से गांव से मुरादगंज जा रहा था। जैसे ही वह दलेलनगर के पास पहुंचा था। तभी सामने आ रहे तेज रफ्तार ऑटो ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार युवक सहित ऑटो में बैठी सवारियां घायल हो गईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अजीतमल भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने प्रबल सिंह को मृत घोषित कर दिया। वहीं ऑटो में बैठी सवारियों में आशा पत्नी कुंवर लाल निवासी कोठी कस्वाजाना, यश बाबू पुत्र शिव पाल निवासी धर्मपुर फफूंद, बुधवती पत्नी राजेंद्र निवासी धर्मपुर फफूंद, रविंद्र पुत्र छोटेलाल, त्रिवेणी पत्नी रविंद्र निवासीगण अयाना और डेढ़ वर्षीय अज्ञात बच्चे को प्राथमिक उपचार दिया। वहीं इलाज के दौरान ऑटो में सवार एक महिला की भी मौत हो गई। मृतक महिला की शिनाख्त चंद्र प्रभा पत्नी गब्बर सिंह निवासी खेराडांडा थाना अयाना के रूप में हुई। मृतक महिला का बच्चा भी घायल हुआ है। सीओ राममोहन शर्मा ने बताया कि बाइक और ऑटो की टक्कर में दो लोगों की मौत हुई है। मृतक युवक और महिला की पहचान कर ली गई है। मृतक महिला का डेढ़ वर्षीय बच्चा भी गंभीर घायल है, उसे सैफई रेफर किया गया है।


रोते- बिलखते परिजन। अमृत विचार

- **चार लोग गंभीर रूप से घायल सभी अस्पताल में भर्ती**

### बच्चों को बचाने गये चाचा को भी पीटा

**अछल्दा,औरैया।** अछल्दा थाना क्षेत्र के अंतर्गत तुर्कपुर गांव निवासिनी पूनम पत्नी स्व . शिवकुमार ग्राम तुरुकपुर ने थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि रविवार को दिन के करीब 1.30 बजे मेरा पुत्र अंकित अछल्दा बाजार करने के लिये जा रहा था। जैसे ही अंकित नहर पुल के पास पहुंचा वैसे ही वहां पहले से साजिश के तहत घात लगाकर मनीष पुत्र कुलदीप, मान स्वरूप पुत्र दीवान सिंह, सौरभ पुत्र मनोज एवं उसके साथी रिषी पुत्र महेश बाबू ने गाली गलौज करते हुये अंकित को रोका तो अंकित ने गाली देने का विरोध किया तो उक्त सभी ने मिलकर लाठी डंडो सरिया एवं लात घूसों से मारपीट शुरू कर दी। उसी समय मौके पर अचानक मेरा देवर सुभाष पुत्र कृपाराम ग्राम तुरुकपुर आ गया। उसने बीच बचाव का प्रयास किया तो सभी लोगो ने मिलकर उस पर भी जान लेवा हमले करके सुभाष के साथ मारपीट कर दी जिससे उनको तमाम चोटें आयी हैं। इस मारपीट के दौरान उन्होंने ने मरे पुत्र अंकित का मोबाइल फोन भी क्षतिग्रस्त कर दिया है। थाना प्रभारी अशोक कुमार उपाध्याय ने बताया पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### मारपीट कर तालाब में गिराया ई-रिक्शा

अछल्दा ।थाना क्षेत्र काशीपुर गांव निवासी प्रमोद कुमार ने थाने में तहरीर देते हुए पुलिस को बताया कि दिनांक-24 मार्च को रात के 9 .50 बजे के करीब प्रार्थी ई- रिक्शा से घर की तरफ जा रहा था। शराब के नशे में गांव के तीन लोगों ने गाली-गलौज करते हुये मेरे रिक्शा को धक्का देकर तालाब में गिरा दिया है। जब मैंने विरोध किया तो सभी ने एक हो कर। कुल्हाड़ी एवं कांता निकाल झगड़ा करने लगे मेरे साथ कोई अप्रिय घटना होने भी आशंका है। थानाप्रभारी अशोक उपाध्यय ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है।

**विधिक शिविर** मामलों को मिल-बैठकर आपस में निपटाने को कहा

# ग्रामीणों को दी कानून की जानकारी

संवाददाता बिधूना औरैया

**अमृत विचार।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जिला जज गिरीश कुमार वैश्य एवं सचिव स्वाती चंद्रा के निर्देशन में मंगलवार विकास खंड सहार की ग्राम पंचायत टिढुआ के ग्राम निवाजपुर में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन हुआ।

इस अवसर पर आपस के मामलों को मिल-बैठकर निपटाने को कहा गया। समझाया गया कि इससे दोनों पक्षों का पैसा और समय बचता है। कटुता का भाव नहीं रहता है। ग्राम न्यायालय एवं राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। वरिष्ठ पीएलवी देवेन्द्र प्रताप सिंह सेंगर ने महिलाओं के अधिकारों के साथ महिलाओं में गर्भाशय में होने वाले कैंसर के संबंध में विस्तार से जानकारी दी ।पीएलवी रविन्द्र राजपूत ने मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना एवं शासन की मूलभूत सुविधाओं से लोगों को अवगत कराया । जबकि पीएलवी वेदप्रकाश वर्मा ने भी विधिक जानकारियां दी ।इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य नीलम राजपूत ने कहा न्याय आपके द्वार चल कर आया है आप लोग इसका लाभ उठाएं। शिविर में आशाराम श्यामेंद्र सिंह वीरेंद्र सिंह रविंद्र सिंह सुरेश चंद्र बाबूराम शिवनारायण वीरपाल सुमंत पंचीलाल बेचेलाल नरेंद्र सिंह शिवराम आदि रहे।


विधिक साक्षरता शिविर में मौजूद ग्रामीण व बोलते वक्ता। अमृत विचार

# पटरी के बीच गिरा यात्री ऊपर से गुजर गई ट्रेन, घायल

संवाददाता अछल्दा, औरैया

**अमृत विचार।** महानंदा एक्सप्रेस ट्रेन से यात्रा कर रहा एक व्यक्ति ट्रेन की गति धीमी होने पर रेलवे स्टेशन पर उतरने लगा तभी उसका पैर फिसल गया। जिससे वह रेलवे लाइन के बीच में जा गिरा। ऊपर से पूरी ट्रेन निकल गयी। ट्रेन जाने के बाद आरपीएफ के जवानों ने उसे ले जाकर अस्पताल में भर्ती कराया। यात्री के सिर में गंभीर चोट होने के चलते डॉक्टर ने रिफर कर दिया।

महानन्दा एक्सप्रेस में मंगलवार को रामू पुत्र शिवनरेश उम्र 41 वर्ष निवासी पुर्वा भदौरिया चौकी रुरुगंज कानपुर से महानन्दा एक्सप्रेस ट्रेन में बैठ गया था। अछल्दा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन की गति धीमी होने पर वह रेलवे स्टेशन पर उतरने लगा तभी उसका पैर फिसल गया जिससे वह ट्रेन के नीचे गिर कर रेलवे लाइन के बीच मे जा गिरा पूरी ट्रेन गुजरने के बाद प्रत्यक्षदर्शियों ने ट्रेन से गिरे व्यक्ति के जिंदा होने पर आरपीएफ एवं एंबुलेंस को सूचना दी। घायलवस्था में आरपीएफ के जवानों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर भर्ती करवाया जहां पर सिर में चोट होने पर डॉक्टर अमरदीप ने गम्भीर अवस्था मे सैफई मेडिकल कालेज में रिफर कर दिया आरपीएफ ने घायल के परिजनों को सूचना दी जिससे परिजन भी अस्पताल पहुंच गये ।




# दस साल के सैफ खान ने रखा पहला रोजा

**फफूंद, औरैया।** मुसलमानों का सबसे पवित्र महीना रमज़ान का आज पन्द्रहवां रोजा है। इस्लाम धर्म में इस महीने की बड़ी अहमियत और फजीलत है। ये महीना रहमत, बरकत और मगफिरत का महीना है। जिसमें हर मुसलमान बालिग, मर्द व औरत पर एक महीने के रोजे फर्ज किये गये। इसी क्रम में नगर के एक दस साल के बच्चे ने अपने जीवन का पहला रोजा रखकर दुआ मांगी।

सोमवार को नगर के मुहल्ला मेवतियांन निवासी दस वर्षीय सैफ खान ने अपने जीवन का पहला रोज़ा रख अपने खुदा को राजी कर इफ्तार के वक्त अल्लाह से अपना रोज़ा कुबूल होने की दुआएं मांगी ।जीवन का पहला रोजा रखने वाले सैफ को उनके माता पिता सहित परिवार वालों तथा मोहल्ला वासियों ने हौसला की।

# टॉफी का लालच देकर बच्ची से की दरिंदगी

कार्यालय संवाददाता औरैया

**अमृत विचार।** घर से कुछ ही दूरी पर शौच करने के लिए गई नाबालिग को पास में ही ईंट भट्ठे पर काम करने वाले मजदूर ने टॉफी का लालच देकर उसको बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। परिजनों ने दुष्कर्म करते युवक को देख लिया और उसे पकड़कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक की सात वर्षीय नाबालिग बच्ची मंगलवार को घर से दो सौ मीटर की दूरी पर शौच को गई थी। तभी उस बच्ची को पास में ही ईंट भट्ठे पर काम करने वाले 26 वर्षीय जरिया हमीरपुर निवासी मजदूर ने उसे टॉफी का लालच देकर उसको बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। परिजनों ने दुष्कर्म करते युवक को देख तत्काल मौके पर पहुंचकर आरोपी युवक को पकड़कर कोतवाली पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस युवक को अपने साथ कोतवाली ले आई। सीओ एमपी. सिंह ने बताया कि सात वर्षीय बच्ची घर के पास शौच करने गई थी। पास के ही भट्ठे पर एक युवक ने उसके साथ दुष्कर्म की घटना कारित की। परिजनों ने उसे यह घटना करते देख लिया और युवक को पकड़कर पुलिस को सूचना दी।

वहीं मौके से एक शराब की शीशी भरी और एक खाली एवं टॉफी मौके से मिली। परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और बच्ची का मेडिकल परीक्षण कराया गया।

## चुनाव कमाल का...

- 2024 के लोकसभा चुनाव का बिगुल बच चुका है। इस चुनाव में यदि मतदान के दौरान आपको लगता है कि आपके योग्य कोई भी उम्मीदवार नहीं है। तो नोटा का बटन दबाकर आप अपना विरोध दर्ज करा सकते हैं। अभी तक जितने भी लोकसभा अथवा विधानसभा के चुनाव हुए उसमें नोटा की भागीदारी लगभग 2 से 3 फीसदी ही रही। शायद आपको मालूम न हो कि यदि मतगणना में नोटा को सबसे अधिक वोट मिलते हैं तो चुनाव रद्द भी हो सकता है। इसके बाद चुनाव आयोग दोबारा चुनाव कराएगा। जब तक देश में नोटा की व्यवस्था नहीं थी। तब तक चुनाव में अगर किसी को लगता था कि उसके मापदण्ड पर कोई भी उम्मीदवार योग्य नहीं है, तो वो लोग वोट नहीं डालने ही नहीं जाते थे और इस तरह से उनका वोट बेकार हो जाता था। वे लोग मतदान से वंचित रह जाते थे। ऐसे में साल 2009 में चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को नोटा का विकल्प देने संबंधी अपने निर्णय से अवगत कराया था। और वर्ष 2013 में न्यायालय ने मतदाताओं को नोटा का विकल्प देने का आदेश दिया। प्रकार ईवीएम में एक और विकल्प नोटा शामिल हुआ।

# मुस्लिम बनाम दलित कार्ड से भाजपा का होगा बेड़ापार

## बसपा के एकला चलो से मिशन : 80 का मंत्र तलाशने में जुटी भाजपा, मुस्लिम वोटरों की एकजुटता के जवाब में दलित कार्ड पर फोकस




धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार** : पिछले लोकसभा चुनाव तक बसपा से टिकट का मतलब सांसद बनने की गारंटी था, मगर इसबार अकेले मैदान में उतरने से माहौल नहीं बन पा रहा है। भाजपा इसी कमजोरी को हथियार बनाकर इसबार मिशन:80 में मुस्लिम बनाम दलित कार्ड खेलने की तैयारी में है।

भाजपा के साथ आरएसएस के दलित कॉडर भी मायावती और सपा नेताओं की अदावत को गांव-गांव समझाने में जुटे हैं। 'इंडिया' गठबंधन के पक्ष में मुस्लिम वोटों के एकतरफा ध्रुवीकरण की चुनौतियां से दलित कार्ड के सहारे किलेबंदी हो रही है। भाजपा से दलितों में कोई नाराजगी भी नहीं है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हमेशा दलित



**माया की सपा से अदावत का फायदा उठाने में आरएसएस भी सक्रिय**

चिंतकों और नेताओं से जुड़े कार्यक्रम हो या त्योहार सिद्दत से जुड़ते हैं। लोकसभा चुनाव से ही पहले दलितों को जोड़ने के लिए हर बस्ती तक पहुंच चुकी है। पार्टी ने प्रदेश में दो दिन का विशेष दलित बस्ती संपर्क अभियान भी चलाया। संत गाडगे और रविदास जयंती समारोह में दलितों की भागेदारी देखने लायक थी। भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र कनौजिया बताते हैं कि पार्टी से दलितों का जुड़ाव इसबार मतदान में दिखेगा। विधानसभा क्षेत्रों में भीम सम्मेलन, जाटव बस्तियों में सम्मेलन, समाज के युवाओं से संवाद आदि कार्यक्रमों से भाजपा के हर बूथ पर दलित नेताओं की टीम मिली है।

उधर, लोकसभा चुनाव में बसपा का चुनाव प्रबंधन और तैयारी अन्य दलों के मुकाबले कमजोर दिख रही है, जहां पिछले चुनावों तक दावेदारों की कतारें रहती थीं, वहीं इसबार टिकटार्थी ढूंढने पड़ रहे हैं। 25 सीटों पर घोषित हुए प्रत्याशियों में कुछ नाम ऐसे हैं, जिनका चुनाव से कभी सरोकार नहीं रहा। ज्यादातर नए और अनुभवहीन भी हैं। कुछ तो सिर्फ इस बात के लिए लड़ रहे हैं कि बसपा के कॉडर वोट मिलने से उनकी पहचान बन जाएगी, तो आगे विधानसभा चुनाव में कहीं भी टिकट की दावेदारी काम आएगी।

### 14 हारी हुईं सीटों के साथ 7 जीतीं सीटों पर भी चुनौती बरकरार

भाजपा की वैसे तो 11 सीटें हैं, जहां पिछली बार लोकसभा चुनाव में हार-जीत का अंतर 25 हजार से कम था। इसमें सात जीतीं हुई सीटों पर इसबार भी चुनौतियां बरकरार है। इसमें जौनपुर जिले की मछलीशहर सीट पर भाजपा के बीपी सरोज ने मात्र 181 वोट से बसपा के ई. त्रिभुवन राम को हराया था। त्रिभुवन राम बसपा सरकार में पीडब्ल्यूडी के मुख्य अभियंता के साथ और कर्ता-धर्ता की हैसियत में थे। मेरठ सीट पर भाजपा के राजेंद्र अग्रवाल ने बसपा के हाजी याकूब को मात्र 4729 वोट से हराया था। भाजपा इसबार टिकट बदलने की तैयारी में है, यहां से रामायण सीरियल में राम की भूमिका निभाने वाले अरूण गोबिल और कवि कुमार विस्वास का भी नाम आ रहा है। मुजफ्फरनगर सीट पर भाजपा के संजीव बालियान ने रालोद के चौधरी अजीत सिंह को 6526 वोटों से हराया था। इसबार भाजपा के साथ आई रालोद ने दावेदारी नहीं की तो बालियान का टिकट पहली सूची में ही पक्का हो गया। कन्नौज सीट पर भाजपा के सुब्रत पाठक ने सपा की डिंपल यादव को 12353 वोटों से हराया था, इसबार सपा प्रत्याशी नहीं घोषित करके इंतजार कर रही है। चंदौली सीट पर केंद्रीय मंत्री डा महेंद्र पांडेय 13959 वोट से जीते थे, जबकि सुल्तानपुर सीट पर मेनका गांधी मात्र 14526 वोट से और बलिया सीट से वीरेंद्र सिंह मस्त मात्र 15519 वोट से जीते थे। महेंद्र को छोड़ सबकी सीट पर प्रत्याशी की घोषणा फंसी हुई है। इसी के साथ हारी हुई 14 सीटों पर भी भाजपा जीतने के लिए पूरा जोर लगा लगाने में जुटी है।

### उपेक्षित महसूस कर रही निषाद पार्टी

भाजपा के साथ हमेशा कदम ताल करने वाले निषाद पार्टी के मुखिया संजय निषाद भी खुद को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। लोकसभा चुनाव में तमाम सीटों पर जीत-हार में निर्णायक की भूमिका निषाद (मल्लाह बिरादरी) की रही है। नदी तटीय इलाकों में वोटरों का वर्चस्व है। फिर भी अभी तक एक भी सीट नहीं दी गई। जबकि भाजपा को कोसने वाले सुभासपा के प्रमुख ओमप्रकाश राजभर ने घोसी सीट हासिल कर ली है। आस-पास की कुछ अन्य सीटों के लिए दबाव बना रहे हैं। लेकिन निषाद पार्टी दबाव बनाने में भी पिछड़ती दिख रही है।

## भाजपा ने बहराइच से सांसद के बेटे को बनाया प्रत्याशी

**बहराइच, अमृत विचार।** भाजपा की ओर से बहराइच लोकसभा सीट से प्रत्याशी की घोषणा करते हुए सांसद के बेटे डॉक्टर आनंद गोंड को प्रत्याशी बनाया है। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और अन्य की टीम ने शनिवार देर शाम को सूची जारी की। जिसमें उन्होंने बहराइच सुरक्षित लोकसभा सीट से वर्तमान सांसद अक्षयवर लाल गोंड के बेटे डॉक्टर आनंद गोंड को प्रत्याशी बनाया है। बहराइच सुरक्षित लोकसभा सीट से भाजपा ने निरंतर प्रत्याशी बदले। वर्ष 2014 में भाजपा ने सावित्री बाई फुले को टिकट दिया और उन्होंने जीत दर्ज कर लोकसभा का प्रतिनिधित्व किया। इसके बाद साध्वी सावित्री बाई फुले कांग्रेस में चली गई तो वर्ष 2019 के चुनाव में भाजपा ने अक्षय वर लाल गोंड को टिकट दिया। उन्होंने भी जीत दर्ज की। इस बार के चुनाव में भाजपा ने सांसद के बेटे डॉक्टर आनंद गोंड को प्रत्याशी बनाया है।



डॉ. आनंद गोंड

# अमेठी तो खास, यहां के मुद्दे हैं आम

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार** : मैं अमेठी हूं, मेरे अतीत में प्रभु श्रीराम की यादें हैं, द्वापर से भी गहरा जुड़ाव है, नंदमहर धाम में भगवान श्रीकृष्ण और नंद बाबा ने प्रवास किया, पद्मावत जैसे काव्य की रचना करने वाले सूफी संत मलिक मोहम्मद जायसी मेरे आंगन में पले बढ़े, जायस में गुरु गोरखनाथ ने तप किया, कालिकन धाम, दुर्गन भवानी, समसेरियन भवानी, देवीपाटन, अहोरवा भवानी सहित कई अन्य सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासतों की अनमोल धरती मेरे पास है।

पहले मैं सुलतानपुर जिले की हिस्सा थी, मुझे 1967 में संसदीय सीट के रूप में पहचान मिली। इसके बाद से कुछ ऐसा हुआ कि हम पर सभी की नजर टिक गई। हो भी क्यों न, हमारी धरा से जीतने वाले सांसद ने प्रधानमंत्री तक का मुकाम जो हासिल किया। तमाम उतार चढ़ाव के बीच 2010 में मुझे जिले का रूप दिया गया। इसके बाद विकास की योजनाएं बनीं, कुछ पर काम हुआ तो कुछ अभी फाइलों में ही लटकी हुई हैं। कुछ मुद्दे चुनाव में खूब उछले, लोगों की जुबां पर आए, लेकिन बाद में खामोश हो गए। मेरा सबसे बड़ा दर्द अनियोजित विकास से जुड़ा है।

1980 के दशक में औद्योगिक घरानों ने अमेठी के ऊसर की तस्वीर बदलने के लिए कारखानों की स्थापना की। इसमें इंडोगल्फ, बीएचईएल, सम्राट साइकिल फैक्ट्री, ऊषा इलेक्ट्रीफायर, सीमेंट फैक्ट्री, सूर्या माल्टेक प्राइवेट लिमिटेड, वेस्पा स्कूटर सहित दो सौ से अधिक औद्योगिक इकाइयां स्थापित हुईं। 1991 के बाद से एक-एक करके ये बंद होती चली गईं। इनमें ऊषा, वेस्पा, सम्राट, मालविका स्टील की इमारतें खंडहर हो गईं।जगदीशपुर उतलेवा, कौहार, टिकरिया और त्रिशुंडी अभी चमक बिखेर रही हैं।

**वीआईपी सीट अमेठी**



राहुल गांधी



स्मृति ईरानी



पूर्व ब्लॉक प्रमुख रमेश कुमार सिंह का कहना है कि औद्योगिक इकाइयों के विकास को लेकर ठोस प्रयास की आवश्यकता है। पुराने उद्योगों को शुरू कराया जाय, जिससे लोगों को रोजगार मिल सके। उद्योग स्थापना से न सिर्फ रोजगार बल्कि पर्यटन को भी बढ़ावा मिलता है।



युवा मुस्तकीम बघेल का कहना है कि सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकों की कमी है। इससे मरीज परेशान हो रहे हैं। उन्हें रायबरेली और बीएचएल जाना पड़ रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करना ही होगा।



राज बहादुर लोधी का कहना है कि पांच साल से पुल का निर्माण अधूरा है। समय का ख्याल रखना चाहिए। पुल का निर्माण अगर हो जाता तो 15 किलो मीटर का चक्कर नहीं लगाना पड़ता। निर्माण पूरा होने से सहूलियत मिल जाती।



समाजसेवी जितेंद्र सिंह का कहना है कि परिवहन सेवा बहुत ही आवश्यक है। इसका विस्तार किया जाना चाहिए। गौरीगंज जिला मुख्यालय है। कम से कम बस स्टेशन होना चाहिए, जिससे आवागमन सुगम हो सके।



प्रतिष्ठित व्यवसाई राम सिंह का कहना है कि अमेठी जिला मुख्यालय पर उच्च शिक्षा के लिहाज से एक भी सरकारी महाविद्यालय नहीं है। ऐसे में युवाओं की उच्च शिक्षा में समस्या आती है।

# इस बार मित्रसेन के बड़े बेटे ने ठोंकी ताल

**विरासत** मंत्री, सांसद, विधायक से लेकर ब्लॉक प्रमुख तक रहे परिवार के सदस्य

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार** : लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा, इंडिया गठबंधन और बसपा ने अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी। लेकिन इसमें सेन परिवार के किसी को भी टिकट नहीं मिला। तब से सियासी हल्के में एक सवाल चर्चा में रहा। बगैर सेन परिवार के यह लोकसभा चुनाव होगा? कयास तरह-तरह के लगाए जा रहे थे। लेकिन अब तस्वीर साफ हो गई कि इस लोकसभा चुनाव में भी सेन परिवार की मौजूदगी बतौर प्रत्याशी रहेगी। स्व. मित्रसेन यादव के बड़े बेटे पूर्व आईपीएस अरविंद सेन यादव ने चुनाव मैदान में आने कि लिए ताल ठोंक दी है। कहा कि हर स्थिति में चुनाव लड़ेंगे।

सियासत में कई परिवारों की वंशबेलि चलती रही है। परिवार भी उनमें से एक है। यह पांच बार के विधायक और तीन बार के सांसद स्व. मित्रसेन यादव का परिवार है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी से अपना राजनीतिक कैरियर शुरू करने वाले मित्रसेन भाकपा के साथ ही सपा और बसपा से भी जनप्रतिधि चुने गए। श्री यादव का लंबा राजनीतिक इतिहास है। 20 सदीं में वह चार बार विधायक और दो बार सांसद रहे। 21 सदीं में भी एक बार विधायक और एक बार सांसद रहे। उनके छोटे पुत्र आनंद सेन यादव तीन बार विधायक और प्रदेश में मंत्री रहे। सन् 2019 का लोकसभा चुनाव और 2022 का विधानसभा चुनाव लड़ा लेकिन दोनों बार हार गए। आनंद सेन यादव का बेटा हैरिंग्टनगंज से ब्लाक प्रमुख है। इसके पहले स्व. मित्रसेन की दोनों पुत्र बधुएं प्रियंका सेन और इंदू सेन ब्लाक प्रमुख रह चुकी है।

कई दशक से शायद ही ऐसा कोई चुनाव रहा हो, जिसमें सेन परिवार का दखल न रहा हो। लोकसभा चुनाव घोषणा हुई। सेन परिवार के समर्थकों को उम्मीद थी कि किसी न किसी को टिकट मिलेगा लेकिन ऐसा नहीं हुआ। राजनीतिक हल्के में सेन परिवार को लेकर चर्चा तेज रही। समर्थक अपनी राह खोजने लगे थे। लेकिन इस बीच स्व. मित्रसेन के बड़े बेटे अरविंद सेन ने फैजाबाद से लोकसभा चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी। अब समर्थकों को सहेजने और प्रचार में लग गए हैं।

### सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी हैं अरविंद सेन

**अयोध्या।** आईपीएस अफसर रहे अरविंद सेन, स्व. मित्रसेन यादव के बड़े बेटे हैं। बातचीत में उन्होंने कहा कि वह भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। टिकट की घोषणा अभी नही हुई है। टिकट में कुछ इधर-उधर होने के सवाल पर उनका कहना है कि मैं चुनाव मैदान छोड़ूंगा नहीं।



अरविंद सेन

कहते हैं कि बाबू जी (मित्रसेन यादव) की जीवन पर्यन्त पहचान कम्युनिष्ट ही रही है। देश काल, परिस्थिति के चलते उन्होंने कोई फैसला लिया हो, यह अलग बात है। अब उनकी पहचान और परिवार की प्रतिष्ठा को कुछ लोग ठेस पहुंचा रहे हैं। उसे मिटाने की कोशिश कर रह हैं। उनकी प्रतिष्ठा और सम्मान की सुरक्षा में कुछ भी करना पड़ेगा तो करेंगे। 33 साल की सेवा के बाद अपमानित होकर लौटा। (किसी मामले में उन्हें जेल जाना पड़ा था) तो यहां भी अपमान करने जैसी स्थिति मिली। इसके लिए संघर्ष करना है। परिणाम चाहे कुछ भी हो, उसकी सुरक्षा, संरक्षा करना है। अपने लोगों को पहचानना है। उनके सम्मान को बचाने के लिए प्रयास करेंगे। टिकट इधर-उधर होने के सवाल पर उनका दो टूक कहना था कि इसकी उम्मीद नहीं है लेकिन मैं अब चुनाव मैदान छोड़ूंगा नहीं। छोड़ने पर तमाम तरह के आरोप लगेंगे। अब भी आरोप लग रहे। मुकदमा वापस लेने के लिए आए। लेकिन हमारी थाती को जस तरह से डैमेज किया जा रहा है। उसके लिए संघर्ष करूंगा। मुद्दों की सियासत की चर्चा करते हैं। नई पीढ़ी को सियासत का नया मार्ग दिखाना चाहते हैं।

# बहराइच लोकसभा सीट से सिर्फ दो महिला प्रत्याशियों को मिला टिकट, दर्ज की जीत

राजू जायसवाल, बहराइच

**अमृत विचार** : महिलाओं को आगे बढ़ाने की दंभ भरने वाली पार्टियां भी लोकसभा चुनाव में महिलाओं को टिकट नहीं दे रहे हैं। अब तक के इतिहास पर नजर डाले तो वर्ष 1952 से हो रहे लोकसभा चुनाव में सिर्फ दो बार ही महिला प्रत्याशियों को चुनाव मैदान में उतारा गया है। दोनों बार महिला प्रत्याशियों ने जीत का परचम लहराते हुए सदन में क्षेत्र की आवाज को बुलंद की। महिला सुरक्षा और भागीदारी को लेकर सभी पार्टियां अपना अपना दावा करती हैं। भाजपा की ओर से इस बार संसद में महिला सुरक्षा बिल भी पारित किया गया है। इसके बाद भी बहराइच लोकसभा सीट से महिला प्रत्याशियों की भागीदारी काफी कम मात्रा में रही। भाजपा, कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी की ओर से सिर्फ पुरुष प्रत्याशियों को ही तवज्जो दिया गया है। ऐसे में सभी पार्टियों की ओर से महिलाओं को बढ़ावा देने और उनकी हिस्सेदारी पर बात करने वाले लोगों पर सवाल उठ रहा है। बहराइच लोकसभा सीट में विधान सभा बहराइच, महसी, नानपारा और मटेरा विधान सभा क्षेत्र की जनता मतदान करती है। लेकिन 71 साल के लोकसभा चुनावों में अब तक सिर्फ दो महिला प्रत्याशियों को ही चुनाव मैदान में उतारा गया है। जिसमें भाजपा से वर्ष 2014 में साध्वी सावित्री बाई फुले और सपा ने वर्ष 2004 में रूबाब सईदा को प्रत्याशी बनाया था। दोनों ने अपनी अपनी सीट पर जीत भी दर्ज की थी। सपा से जीत दर्ज करने वाली रूबाब सईदा का इसी वर्ष निधन भी हो चुका है। बहराइच लोक सभा सीट पर 15 वर्ष पूर्व कोई भी चुनाव लड़ सकता था। लेकिन 15 वर्ष पूर्व लोक सभा सीट को 25 वर्ष के लिए आरक्षित कर दिया गया था। जिसमें अब दो चुनाव के बाद पुन: आरक्षण हटाकर सामान्य बन सकती है।



सावित्री बाई फुले



रूबाब सईदा

**परिसीमन के बाद जीते प्रत्याशी**

| प्रत्याशी | पार्टी | वर्ष |
|---|---|---|
| कमल किशोर | कांग्रेस | 2009 |
| सावित्री बाई फुले | भाजपा | 2014 |
| अक्षयवर लाल गोंड | भाजपा | 2019 |

- **वर्ष 1952 से चल रहे चुनाव में भाजपा और सपा छोड़ किसी ने नहीं दिखाई रुचि**
- **सभी लोकसभा चुनाव में पुरुषों को दिया गया ज्यादा तवज्जो**

# भाजपा के समक्ष होगी बाराबंकी पर कब्जा बरकरार रखने की चुनौती

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

**अमृत विचार** : भारतीय जनता पार्टी ने 53 बाराबंकी लोकसभा सीट से आखिरकार प्रत्याशी की घोषणा कर सभी कयासों पर विराम लगा दिया है। पार्टी ने अनुभव को तरजीह देते हुए पूर्व विधायक और मौजूदा जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत को लोकसभा प्रत्याशी बनाया है। भाजपा ने अपनी पांचवीं सूची में बाराबंकी से राजरानी रावत के नाम का ऐलान किया है। बाराबंकी से मौजूदा सांसद उपेंद्र सिंह रावत को टिकट मिलने के बाद उनका कथित अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। विवाद बढ़ने पर बीजेपी आलाकमान के नकेल पर सांसद उपेंद्र रावत ने चुनाव न लड़ने का फैसला ऐलान किया था। जिसके बाद से डैमेज कंट्रोल करने के लिए बीजेपी नए चेहरे की तलाश में थी। सोमवार को होली के दिन राजरानी रावत के नाम के ऐलान के साथ तमाम अटकलों पर विराम लग गया है।

वहीं बीते शनिवार को सपा कांग्रेस के गठबंधन के बाद कांग्रेस के हिस्से में आई बाराबंकी सीट से तनुज पुनिया पर कांग्रेस ने भरोसा जताया है। कांग्रेस के दिग्गज नेता पीएल पुनिया के पुत्र तनुज पुनिया अपने पिता की राजनीतिक विरासत संभालने के लिए चौथी बार चुनाव मैदान में होंगे। वरिष्ठ आईएएस रहे डॉ. पीएल पुनिया ने सेवानिवृति के बाद बाराबंकी को ही अपनी राजनीति का केंद्र और कर्मस्थली बनाया। वह यहां से लोकसभा के सांसद भी रहे। पीएल पुनिया ने जिले में कांग्रेस को मजबूत किया। इनके पुत्र तनुज रुड़की से आईआईटी रुड़की से इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने के बाद विदेश भी पढ़ने गए। पीएल पुनिया उन्हें अपना उत्तराधिकारी बना रहे हैं। वह प्रियंका गांधी की यूथ टीम के सदस्य भी हैं। 2017 में तनुज पुनिया ने जैदपुर सीट से विधानसभा का चुनाव लड़ कर अपना राजनीतिक सफर शुरु किया था लेकिन पहले चुनाव में मिली हार के बाद भी तनुज पुनिया सक्रिय रहे। इसीलिए कांग्रेस नेतृत्व 2022 फिर से ज़ैदपुर सीट से प्रत्याशी बनाया था लेकिन जीत नसीब नहीं हुई। वहीं 2019 के चुनाव में कांग्रेस ने तनुज को लोकसभा का टिकट दिया। यह चौथा मौका है जब कांग्रेस ने पुनिया पर भरोसा जताते हुए उनके पुत्र तनुज को टिकट देकर एक बार फिर दांव लगाया गया है। प्रमुख दोनों दलों के प्रत्याशियों के नाम सामने आने के बाद अब देखना है जिले की जनता राजरानी रावत को सांसद बनने का ताज पहनाती है या तनुज के सिर पर हाथ रखकर जीत का आशीर्वाद देती है।

**19 लाख मतदाता करेंगे फैसला** : इन दोनों में किसके सिर पर जीत का सेहरा बंधेगा। यह तो 20 मई को होने वाले मतदान के बाद 4 जून की मतगणना के दिन मालूम होगा। 19 लाख 11 हजार 666 मतदाताओं द्वारा इन दोनों में किसे सबसे अधिक पंसद किया जाएगा यह समय बताएगा। इस बार जहां युवाओं के लिए तनुज एक अलग छाप छोड़ सकते हैं वहीं राजरानी रावत महिलाओं के वोट हासिल करने में सफलता मिल सकती है। 10 लाख 10 हजार 81 पुरुष तो 9 लाख एक हजार 518 महिलाओं के साथ 67 थर्ड जेंडर मतदाता वोट करेंगे।



राजरानी रावत



तनुज पुनिया

- **भाजपा से राजरानी और गठबंधन से कांग्रेसी नेता तनुज पुनिया की होगी टक्कर**
- **बाराबंकी लोकसभा सीट पर दोनों प्रमुख दलों ने घोषित किए प्रत्याशी**

### डीडीसी से शुरू हुआ था राजरानी रावत का राजनीतिक सफर

- राजरानी जहां करीब ढाई दशक से राजनीति में सक्रिय हैं।
- 1995 में निदूरा प्रथम से जिला पंचायत सदस्य (डीडीसी) चुनी गईं।
- 1996 में फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र से पहली बार भाजपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा, लेकिन सपा प्रत्याशी से हार गईं।
- 2000 में निदूरा तृतीय से दोबारा जिला पंचायत सदस्य चुनीं गईं।
- 2002 में फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी के रूप में जीत हासिल की।
- 2007 में फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ीं और बसपा प्रत्याशी से शिकस्त मिली।
- 2014 में सपा प्रत्याशी के रूप लोकसभा चुनाव लड़ीं। भाजपा की प्रियंका सिंह रावत ने शिकस्त दी।
- अप्रैल 2019 में भाजपा में घर वापसी की।
- 2021 में निदूरा चतुर्थ से डीडीसी सदस्य चुनी गईं।
- मौजूदा समय में बाराबंकी जिला पंचायत अध्यक्ष हैं राजरानी रावत।

# जब भाजपा ने बिना लड़े गंवा दी थी सुलतानपुर सीट

## गोंडा के वरिष्ठ नेता सत्यदेव सिंह का पर्चा हो गया था खारिज

अजय कुमार पांडेय, सुलतानपुर

**अमृत विचार** : राम लहर में सुलतानपुर सीट पर भाजपा ने लगातार तीन बार जीत दर्ज की थी। चौथी बार भाजपा बिना लड़े ही सीट गंवा दी थी और वाक ओवर देते हुए सीट बसपा के खाते में डाल दी। जिसका खामियाजा भाजपा को दो और चुनाव में भुगतना पड़ा और उसे हार मिली।

1991 में अयोध्या के संत विश्वनाथ दास शास्त्री ने पहली बार रामलहर में सुलतानपुर संसदीय सीट पर जीत दर्ज भाजपा का खाता खोला। हालांकि1996 में पार्टी ने उनको मौका नहीं दिया। उनके स्थान पर विवादित ढांचा ध्वंस के समय फैजाबाद (अब अयोध्या) के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रहे देवेंद्र बहादुर राय (डीबी राय) को प्रत्याशी बनाया था। डीबी राय ने 1996 और फिर 1998 में इस सीट पर पार्टी का कब्जा बरकरार रखा। अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली सरकार के एक वोट से गिरने के बाद 1999 में एक बार फिर लोकसभा चुनाव हुआ। इसमें पार्टी ने फिर अपना प्रत्याशी बदल दिया। 1999 के चुनाव में गोंडा निवासी पार्टी के वरिष्ठ नेता सत्यदेव सिंह सुलतानपुर से उम्मीदवार थे। नामांकन के आखिरी दिन उन्होंने पर्चा दाखिल किया था। तत्कालीन जिलाधिकारी/निर्वाचन अधिकारी अनुराग श्रीवास्तव ने उसे विलंब होने के आधार पर खारिज कर दिया था। इस मुद्दे पर काफी विवाद हुआ था।

उस समय कल्याण सिंह राज्य के मुख्यमंत्री थे, लेकिन पार्टी को उनसे कोई सहायता नहीं मिल सकी थी। तीन बार से जीती जा रही सीट पर पार्टी प्रत्याशी के बिना लड़े ही मैदान से बाहर हो जाने के कारण भाजपा नेता कार्यकर्ता काफी निराश हुए थे। बसपा ने इस अवसर का पूरा लाभ उठाया। भाजपा की लोक सभा चुनाव में नमौजूदगी ने बसपा का काम आसान कर दिया। बसपा प्रत्याशी जयभद्र सिंह ने इस चुनाव में जीत हासिल कर सुलतानपुर लोकसभा सीट पर यहां बसपा का खाता खोला। इसके बाद बसपा का सिलसिला चल पड़ा। बसपा ने 2004 में ताहिर खान को उम्मीदवार बनाया था। पार्टी के भरोसे पर खरे उतरते हुए ताहिर ने जीत दर्ज की। भाजपा प्रत्याशी डा वीना पांडेय जमानत नहीं बचा सकी। 2009 के चुनाव में भाजपा ने सूर्यभान सिंह को प्रत्याशी बनाया तो कांग्रेस के डा संजय सिंह चुनाव जीत गए। हालांकि, मोदी लहर में 2014 में वरुण गांधी ने रिकार्ड मतों से जीत दर्ज कर एक बार फिर सीट भाजपा के खाते में डाल दिया। 2019 के लोक सभा चुनाव में मेनका गांधी को पार्टी ने प्रत्याशी बनाया। वे भी सुलतानपुर सीट पर जीत दर्ज की।इस बार भी मेनका गांधी ही चुनाव मैदान में हैं।



सत्यदेव सिंह




**सुलतानपुर सीट पर 1999 में हुए चुनाव के आंकड़े**

| प्रत्याशी | पार्टी | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| जय भद्र सिंह | बसपा | 1,73,558 |
| राम लखन वर्मा | सपा | 1,58,959 |
| पवन पांडे | निर्दलीय | 1,29,525 |
| दीपा कौल | कांग्रेस | 82,385 |



मेनका गांधी

## भाजपा व सपा का प्रत्याशी घोषित बसपा का इंतजार

**अमृत विचार, सुलतानपुर** : लंबी कवायद के बाद बहुप्रतीक्षित भारतीय जनता पार्टी ने सुलतानपुर लोकसभा सीट से सांसद मेनका संजय गांधी को फिर से प्रत्याशी बनाया है। उनके प्रत्याशी बनने पर काफी दिनों से उठा पटक चल रही थी। टिकट मिलने के बाद अब जिलेवासियों को उनके सुलतानपुर आने का इंतजार है। उनके जिले में आने की अभी तक कोई अधिकृत सूचना नहीं जारी हुई है। समाजवादी पार्टी ने बीते दिनों ही भीम निषाद को अपना प्रत्याशी बनाकर भेजा है। भीम निषाद अंबेडकरनगर के निवासी है और यहां के लिए नया चेहरा हैं। फिर भी वे जिले में अपना चुनाव प्रचार शुरू कर दिया हैं। बहुजन समाजवादी पार्टी की ओर से अभी तक प्रत्याशी चयन पर मुहर नहीं लगी है। बसपा प्रत्याशी घोषित होने के बाद ही तस्वीर साफ होगी।

## एक नजर

### हुड़दंगियों पर हुई शांतिभंग की कार्रवाई

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** थानाक्षेत्र में होली पर्व पर हुड़दंग मचाने वाले पांच लोगों पर पुलिस ने शांति भंग की कार्रवाई की है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि बांक निवासी वीरेंद्र उर्फ बउआ व गयाप्रसाद, विदोखर पुरई निवासी देवेंद्र सिंह, पंधरी निवासी जितेंद्र व कस्बे के धर्मेश्वर बाबा निवासी पुष्पेंद्र सिंह को हुड़दंग मचाने पर डायल 112 ने थाने के सुपुर्द किया था। सभी के खिलाफ शांति भंग की कार्यवाही की गई है।

### कार ने बाइक सवारों को मारी टक्कर, दो युवक घायल

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** कस्बे के धर्मेश्वर बाबा मोहाल में बांदा मार्ग पर बाइक सवार दो युवक कार की टक्कर से घायल हो गए। कस्बे के धर्मेश्वर बाबा मोहाल निवासी वीरेंद्र (33) व गगन (28) मोहल्ले में मंगलवार को शाम करीब चार बजे परमहंस इंटर कॉलेज के पीछे डीजे लगाकर वापस बांदा मार्ग पर आ रहे थे। तभी बांदा मार्ग पर चढ़ते ही उन्हें अज्ञात कार ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे यह दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस इन्हें इलाज के लिए पीएचसी लाई। यहां से सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### आवाज कम करने को कहा तो पीट दिया

**कानपुर।** नवाबगंज थानाक्षेत्र के सुखऊपुरवा निवासी सुरेश सिंह ने तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित के अनुसार 24 मार्च की रात 12 बजे आरोपी घर के सामने तेज आवाज में डीजे बजा रहे थे। उन्होंने धीमा करने को कहा तो विमल गौतम, साहिल व मोनू ने उन्हें और उनके बेटे रोहित सिंह को पीट दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

# सड़क हादसे में पिता-पुत्र और बेटी की मौत

## उन्नाव से बाइक पर रिश्तेदार के यहां जा रहे थे तीनों, उल्टी दिशा में आ रहे लोडर ने टक्कर मारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर/सरसौल

**अमृत विचार।** महाराजपुर थानाक्षेत्र में हुए भीषण सड़क हादसे में पिता-पुत्र और बेटी की मौत हो गई। वह उन्नाव से बाइक से रिश्तेदार के घर जा रहे थे। एक स्थान पर रुककर वह तीनों खड़े थे तभी उल्टी दिशा में तेज रफ्तार से आया लोडर तीन को टक्कर मारता हुआ खंती में चला गया। जिससे पिता-पुत्र की मौके पर मौत हो गई वहीं बेटी को हैलट में डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद लोडर चालक भाग निकला।

जिला उन्नाव के बंथर निवासी 50 वर्षीय ब्रजविलास तिवारी उर्फ प्यारेलाल किसान थे। वह सोमवार को होली पर अपनी ससुराल नरवल के नेवादा उजागर 23 वर्षीय बेटे विकास तिवारी, 22 वर्षीय बेटी आरती तिवारी को लेकर बाइक से जा रहे थे। उनके भतीजे विनीत तिवारी ने बताया कि सरसौल साढ़ मार्ग पर लखापुरवा और बौसर गांव के पास पानी पीने के लिए तीनों सड़क किनारे रुक गए। इसी दौरान उल्टी दिशा में तेजी से आ रहा लोडर तीनों को टक्कर मारकर घसीटते हुए खंती में चला गया। पिता और पुत्र की मौके पर मौत हो गई। वहीं बेटी आरती को पुलिस ने हैलट अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

महाराजपुर इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह ने बताया कि लोडर को कब्जे में ले लिया गया है। चालक की तलाश की जा रही है।


ब्रजविलास।


विकास।


आरती।


खंती में क्षतिग्रस्त लोडर।

### होली की खुशियां मातम में बदलीं

घटना की सूचना मिलते ही उन्नाव के बंथर गांव में लोग स्तब्ध रह गए। घर में कोहराम मच गया। घर के लोग उस घड़ी को कोस रहे थे जब विकास व आरती ने पिता ब्रजविलास से होली पर मामा के घर चलने की जिद की थी। ब्रजविलास किसानी तो उनका बेटा विकास एक फैक्ट्री में जॉब करता था। वहीं बेटी आरती बीएससी की छात्रा थी। पत्नी पुष्पा और छोटा बेटा प्रकाश तिवारी उर्फ तन्नू का रो-रोकर हाल है।

## सड़क हादसों में चार की जान गई, आधा सैकड़ा घायल

**कानपुर।** होली पर अलग-अलग सड़क हादसों में चार लोगों की मौत हो गई और 50 से ज्यादा घायल हो गए। हिट एंड रन के मामले भी सामने आए। घायलों को हैलट व अन्य अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

**वैन ने किसान को मारी टक्कर, मौत:** सचेंडी थानाक्षेत्र में रावल गांव निवासी 50 वर्षीय किसान कुंवरपाल उर्फ शिवकुमार सोमवार करीब 11.30 बजे घर से बाइक से निकले थे। सुरार और रघुनाथपुर के बीच तेज रफ्तार वैन ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच कर परिजनों को सूचना दी।

**वाहन की टक्कर से मजदूर की मौत:** पनकी थानाक्षेत्र में सचेंडी के बाजार बिरहरा गांव निवासी 24 वर्षीय मजदूर अनिल सिसोदिया सोमवार रात ड्यूटी से घर लौट रहा था। एलएमएल चौराहे के पास अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। पनकी पुलिस उसे लेकर हैलट अस्पताल पहुंची जहां देर रात डॉक्टरों ने अनिल को मृत घोषित कर दिया।

### थाने के सामने हादसे में अधेड़ की मौत

मूलरूप से खुर्जा के रहने वाले 55 वर्षीय मजदूर मोहम्मद सईद को सोमवार शाम बाबूपुरवा थाने के सामने अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे हैलट अस्पताल पहुंचाया। जहां देर रात मौत हो गई।

### घायलों का अस्पतालों में किया गया उपचार

होलिका दहन से लेकर रंग पर्व तक कमिश्नरेट के सभी थानाक्षेत्रों में अलग-अलग हादसे हुए। कोई नशे में धुत होकर बाइक से खड़े वाहन में टकरा गया। वहीं किसी ने तेज फर्राटा भरते समय किसी को टक्कर मारकर घायल कर दिया। किसी के हेड इंजरी तो किसी के पैर तो वहीं किसी के अन्य चोट लगी। इस तरह के लगभग आधा सैकड़ा से ज्यादा घायल हैलट और उर्सला अस्पताल पहुंचे। जहां उनका इलाज किया गया।

### युवक की ट्रेन से कटकर मौत

चकेरी थानाक्षेत्र के सजारी गांव निवासी शिवपाल का 19 वर्षीय पुत्र राकेश होलिका दहन में जाने की बात कह कर घर से निकला था लेकिन रात भर घर नहीं आया। सोमवार सुबह इलाकाई लोगों ने राकेश का शव सजारी रेलवे लाइन के पास पड़े होने की जानकारी दी।

## सार-संक्षेप

### भौंती पुल से युवक को फेंकने का आरोप

**कानपुर।** पनकी थानाक्षेत्र में युवक को रंजिश के चलते भौंती पुल से फेंककर हत्या करने का आरोप लगाया है। परिजनों के अनुसार वह शाम को बाइक से घर से निकला था। रात में पुलिस का फोन परिजनों के पास पहुंचा और हैलट पहुंचने को कहा। परिजन हैलट पहुंचे तो वह मृत मिला। पनकी रेलवे स्टेशन के पास रहने वाला 30 वर्षीय सोनू गुप्ता एक फैक्ट्री में नौकरी करता था। मां सरोज और बड़े भाई सुनील ने बताया कि वह शाम को छह बजे घर से बाइक से निकला था। बताया कि घर के पास रहने वाले युवक ने नौ मार्च को उन लोगों पर चोरी का आरोप लगाकर जमकर मारापीटा था। जिसकी शिकायत उन लोगों ने पुलिस से की थी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। जिसके बाद आरोपी युवक रंजिश मानता था। आरोप है कि उसने बेटे को देख लेने की धमकी भी दी थी। बताया कि रात 7.30 बजे उनके पास पुलिस का फोन आया जिसमें बेटे की मौत की सूचना देकर हादसा हो जाना बताया। जिसके बाद परिवार में कोहराम मच गया। उसकी पत्नी रूपा बेटे ऋषि व आकाश का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों का आरोप है कि उसी आरोपी युवक ने रंजिश के चलते उसे भौंती पुल से नीचे फेंककर हत्या कर दी। पनकी इंस्पेक्टर मानवेंद्र सिंह ने बताया कि परिजनों के आरोपों की जांच की जा रही है। आसपास के सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं।


घटना की जानकारी देती मां व भाई। अमृत विचार

### कच्चे घर में आग लगाई, जान से मारने का प्रयास

**मौदहा (हमीरपुर)।** खपरैल वाले निजी घर में सो रहे व्यक्ति को जान से मारने की नीयत से कुछ लोगों ने आग लगा दी। जिसमें पीड़ित बाल बाल बच गया। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खंडेह निवासी सुभान अली पुत्र मुनव्वर अली ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि बीते रविवार की रात जब वह अपने घर में सो रहा था, तभी पड़ोसी दबंग निजाम अली, जाकिर अली, शाकिर अली सहित अन्य लोगों ने उसे जान से मारने की नीयत से घर में आग लगा दी। हालांकि शोर शराबा सुनकर लोगों के इकट्ठा होने पर आग पर काबू पाया गया। जिससे उसकी जान बच सकी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में चौकी प्रभारी रिंकू तिवारी ने बताया कि पीड़ित के मकान में आग लगा दी है, लेकिन किसने लगाई है जानकारी नहीं है। जांच की जा रही है। बताते चलें कि इस मामले में आरोपियों की नजर पीड़ित की जमीन पर है। जिसको लेकर आए दिन पीड़ित परिवार को जान से मारने की धमकी मिलती रहती हैं। जिसको लेकर पीड़ित ने फरवरी के शुरुआत में एसडीएम सहित अन्य अधिकारियों से मामले की शिकायत की थी।

### तेरह साल पुराने बलवा मामले के तीन और आरोपी गिरफ्तार

**मौदहा (हमीरपुर)।** एक दशक से अधिक पुराने मामले में पुलिस ने तीन नामित वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। हालांकि इस मामले में दो को कोतवाली से ही किसी के दबाव में आकर भगा देने का आरोप है। अन्य नामित लोगों में दहशत का माहौल है। जबकि कुछ आरोपी तो प्रदेश छोड़कर दिल्ली, रायपुर और भिलाई आदि स्थानों पर शरण ले चुके हैं। बीते एक दशक से अधिक पहले कस्बे में हुए चेयरमैन बुद्धू पहलवान की आकस्मिक मौत पर भारी हंगामा, बंदी तथा आगजनी, हत्या के प्रयास सहित आदि की धाराओं में 35 लोग नामित व सौ से अधिक अज्ञात पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमें दर्ज किए थे। इस मामले में पुलिस ने 11 लोगों को पहले गिरफ्तार कर चुकी है। लम्बे समय से निष्क्रिय पड़े इस मामले में मंगलवार को सक्रिय हुई पुलिस ने न्यायालय द्वारा जारी वारंट के आधार पर कोतवाली कस्बा निवासी जावेद रिजवी, बाबू ठेकेदार और रईस को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जबकि अन्य वारंटी अभियुक्तों की तलाश किए जाने का दावा किया जा रहा है। वहीं सिलौली निवासी रजौला कुशवाहा और कुलदीप को भी चार साल पहले के मुकदमे में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### गंभीर बीमारी से जूझ रहे बच्चे को दिया रक्त

**बांदा:** सेवर्स आफ लाइफ के मीडिया प्रभारी सुनील सक्सेना ने बताया कि अविनाश (9) ब्लड कैंसर की बीमारी से पीड़ित है। परिवार वाले समय-समय पर रक्तदान करते रहे हैं ।आज फिर उसको ब्लड की अवश्यकता पड़ी। लड़के के मामा का कॉल सेवर्स ऑफ लाइफ अध्यक्ष सलमान खान के पास पहुंचा बच्चे के मामा ने बताया की बच्चे के ब्लड नही बनता है उसका इलाज पीजीआई में चल रहा है। बच्चे के माता पिता दोनो ही इस दुनिया में नही है। आज सुबह जब उसको खून की उलटी आई तब उसको फौरन ही जिला अस्पताल में भर्ती करवाया। डॉक्टर ने शीघ्र की ब्लड चढ़ाने को बोला है कृपया मदद करे। सलमान ने तत्काल ही अपने ग्रुप सेवर्स ऑफ लाइफ में डिमांड पोस्ट की कुछ ही देर में सुनील पांडे जिला अस्पताल पहुंच गए और अविनाश के लिए रक्तदान किया। सुनील ने बताया की वो बाहर रहते है त्योहार में बांदा आए हुए थे जैसे ही डिमांड देखी तो फौरन ही जिला अस्पताल पहुंचकर रक्तदान किया। रक्तदान में सेवर्स ऑफ लाइफ अध्यक्ष सलमान खान मुख्य सदस्य आसिफ अंसारी मौजूद रहे। सुनील इससे पहले भी सात बार रक्तदान कर चुके हैं।

### मतदान से पहले आयोग घर-घर पहुंचाएगा सूचना पर्ची

**कानपुर देहात।** लोकसभा चुनाव में सभी मतदाताओं को मतदाता सूचना पर्ची जारी की जाएगी। इस मतदाता सूचना पर्ची के आगे के भाग पर वोटर लिस्ट में भाग संख्या व नाम, क्रम संख्या, पोलिंग स्टेशन का नाम, मतदान की तिथि और क्यूआर कोड आदि होगा। मतदाता सूचना पर्ची के पीछे के भाग पर पोलिंग स्टेशन का नक्शा, बीएलओ का नाम व मोबाइल नंबर, मतदान करने के लिए निर्धारित वैकल्पिक दस्तावेज का ब्योरा तथा अन्य महत्वपूर्ण निर्देश रहेंगे। मतदाता सूचना पर्ची के साथ प्रत्येक परिवार को हिंदी में रंगीन वोटर गाइड भी दी जाएगी। मतदाता सूचना पर्ची का वितरण मतदान की तिथि के नौ दिन से पांच दिन पूर्व तक सभी मतदाताओं को उपलब्ध कराई जाएगी। मतदाता सूचना पर्ची, पंजीकृत मतदाता को या उसके परिवार के किसी वयस्क सदस्य को रजिस्टर पर हस्ताक्षर कराने के बाद दी जाएगी। आयोग के अनुसार रंगीन वोटर गाइड में चित्रों के माध्यम से मतदाता ईवीएम से कैसे अपना मतदान करें। सुविधा एप जैसे सक्षम-ईसीआई, वोटर हेल्पलाइन एप, अपने अभ्यर्थी को जाने (नो योर कैंडीडेट) एप और सी-विजिल एप की जानकारी दी गई है। इसके साथ ही पंजीकरण, मतदान, दिव्यांगजनों और वरिष्ठजनों को घर से मतदान व डाक मतपत्र की सुविधा के बारे में बताया गया है।

### 200 लोगों को पाबंद करने का नोटिस एसडीएम कोर्ट भेजा

**पुरवा।** आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से निपटाने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। कोतवाली प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह ने कहा कि अब तक 200 लोगों को पाबंद करने को नोटिस एसडीएम कोर्ट भेजी गई हैं। साथ ही मिनी गुंडाएक्ट में 10 व गुंडाएक्ट में 4 को पाबंद करने के साथ 150 शस्त्र जमा कराए जा चुके हैं। पुलिस शरारती तत्वों पर पैनी नजर बनाए हुए है। 56 हिस्ट्रीशीटरों का भी सत्यापन पर कराया जा रहा है कि समाज में उनका इस समय कैसा क्रियाकलाप है।

# आठ ससुरालियों पर दहेज हत्या का मामला दर्ज

संवाददाता पुखरायां

- 24 मार्च को गौर गांव में विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत का मामला

**अमृत विचार।** गौर गांव में तीन दिन पहले विवाहिता की संदिग्ध हालात में हुई मौत के मामले में मायके पक्ष के लोगों ने दहेज हत्या का आरोप लगाकर आठ ससुरालियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है।

बता दें कि बीती 24 मार्च को भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के गौर गांव निवासी महक का संदिग्ध परिस्थितियों में शव फंदे पर लटका मिला था। कोतवाली पुलिस ने छानबीन की थी और फॉरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल से साक्ष्य संकलित कराए थे। पुलिस ने घटना की जानकारी मृतका के पिता को दी थी। मौके पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने ससुरालियों पर दहेज हत्या का आरोप लगाकर तहरीर दी।

मृतका के पिता लतीफ खां ने पुलिस को बताया कि उसने अपनी पुत्री महक का विवाह भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के गौर गांव निवासी फिरोज के साथ किया था। शादी के बाद से ही ससुरालीजन कम दहेज लाने की बात कहकर उसकी पुत्री को प्रताड़ित करने लगे। आरोप है कि एक चार पहिया वाहन व अतिरिक्त दहेज की मांग की जाने लगी। जब मांग पूरी नहीं हुई तो उसको प्रताड़ित किया जाने लगा। बीती 24 मार्च को उसकी पुत्री की हत्या कर शव को फंदे से लटका दिया गया।

पुलिस ने मृतका के पिता की तहरीर पर पति फिरोज, ससुर शरफुद्दीन, सास छुन्न, देवर सूर्यांश, लाल, निवासीगण गौर, नंद गुल्फ़सा, नंदोई इशरफीक, ममिया ससुर इरफान निवासी गण अज्ञात के विरुद्ध धारा दहेज हत्या समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू की है।

## आग से दो घरों की गृहस्थी जली महिला झुलसी

**कानपुर देहात।** घर में खाना बनाते समय रसोई गैस के रेगुलेटर में लीकेज से आग लग गई। बुझाने के प्रयास में महिला झुलस गई। आग से दो घरों की गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया।

गजनेर थाना क्षेत्र के बिरसिंहपुर निवासी संदीप कुमार की पत्नी रूबी देवी घर में खाना बना रही थी। तभी अचानक रसोई गैस सिलिंडर के रेगुलेटर में आग लग गई। जिसे बुझाने में रूबी देवी झुलस गई। इसी दौरान घर के ऊपर रखे छप्पर में भी आग लग गई। जिससे घर में रखा सामान जलकर खाक हो गया। आग ने पड़ोस में रहने वाले बड़कऊ के घर को भी अपनी चपेट में ले लिया। जिससे वहां भी गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। लोगों की सूचना पर पहुंची थाना पुलिस व फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पुलिस ने रूबी देवी को सीएचसी गजनेर भिजवाया।

# होली के दिन निजी स्कूल में पढ़ाई का वीडियो वायरल

संवाददाता मूसानगर

- एसपी के निर्देश पर सीओ भोगनीपुर ने शुरू की जांच
- वायरल वीडियो की अमृत विचार पुष्टि नहीं करता

**अमृत विचार।** शासन के घोषित अवकाश के बावजूद होली के दिन सोमवार को कस्बे के एक प्राइवेट स्कूल में बच्चों को बुलाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। मामले में जांच के निर्देश दिए गए हैं। हालाकि वायरल वीडियो की अमृत विचार पुष्टि नहीं करता है।

मूसानगर कस्बा स्थित एक पब्लिक स्कूल प्रशासन ने होली वाले दिन बच्चों को स्कूल बुलाकर शिक्षण कार्य किया। अवकाश के दिन भी बच्चों को आता-जाता देखकर लोगों ने आपत्ति जताई। लेकिन शिक्षण कार्य जारी रहा। जिसके बाद स्कूल में मौजूद बच्चों का वीडियो किसी ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। जिससे महकमे समेत पुलिस अधिकारी हरकत में आ गए। मामले में एसपी ने स्थानीय पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए।

इस बावत भोगनीपुर सीओ देवेंद्र कुमार ने बताया कि मामले में जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इस बारे में शिक्षा विभाग के अधिकारियों को भी अवगत करा दिया गया है।


मूसानगर के निजी स्कूल में होली पर मौजूद बच्चे। (स्त्रोत-वायरल वीडियो)

# मारपीट में 18 लोग हुए घायल

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

- अजगैन कोतवाली और सोहरामऊक्षेत्र में हुईं घटनाएं

**अमृत विचार।** होली के त्योहार पर अजगैन कोतवाली व सोहरामऊ थानाक्षेत्र में हुई मारपीट में 18 लोगों को चोटें आ गईं। सभी को इलाज के बाद घर भेज दिया गया।

क्षेत्र के गांव मक्काखेड़ा, लखनापुर, जैतीपुर, बिचपरी, सोहरामऊ, आशाखेड़ा, महनौरा व कुशहरी में होली के त्योहार पर मारपीट व कहासुनी हो गई। लोगों ने बीच-बचाव कर थाने में समझा-बुझाकर शांत कराया। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गांव कुशहरी में जमकर मारपीट हुई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाया और 4 लोगों का मेडिकल कराया गया। मक्का खेड़ा में होली पर रंगबाजी में जमकर मारपीट हुई। जिसमें पुलिस ने घायलों का मेडिकल कराया। इसमें मुकेश अजगैन, राहुल, राजेश, आलोक, गीता, आनन्द, रमाकान्ती, शिवकुमार, बबलू, संजय कुमार, तुलसी, दशरथ, लल्लू, प्रेम प्रकाश, अमित, सत्यम, मुन्शी, बबलू, छोटेलाल, महादयाल, भीखा, राकेश, अजय, सीमा, भरत, ममता, रतीलाल, दीपक, सर्वेश, दिलीप कुमार को चोटें आईं और सभी को थाने से समझा-बुझाकर घर भेजा गया। अजगैन कोतवाली प्रभारी अवनीश कुमार व सोहरामऊ एसओ कमल दुबे ने बताया कि सभी लोगों को हिदायत देकर घर भेज दिया है।

## अज्ञात कारणों से छप्पर में लगी आग, हजारों का सामान जला

**पुरवा।** असोहा थानाक्षेत्र के गांव कंचनपुर निवासी अमरजीत गुप्ता के छप्पर के बंगले में सोमवार देररात करीब दो बजे अज्ञात कारणों से आग लग गई। लपटें उठती देख अमरजीत आनन-फानन में पत्नी मधू, बेटे रिशु, बिशु व बेटी पिंकी को लेकर बाहर भागा। शोर सुन आसपास के लोगों ने निजी संसाधनों से करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से अमरजीत की गृहस्थी का सामान टीवी, बेड, तखत, अलमारी सहित करीब एक कुंतल गेहूं जलकर खाक हो गया। गनीमत रही कि बड़ी घटना होते बच गई और जनहानि नहीं हुई। अमरजीत की सूचना पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल अशोक कुमार ने जांच कर करीब 42 हजार का नुकसान होने की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजने की बात कही है।

## इलाज के पैसे मांगने पर मारपीट, रिपोर्ट

**कानपुर।** इलाज के बाद पैसे मांगने पर युवकों ने अस्पताल कर्मचारी को पीटा। जूही थाने में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई।

जूही, ओ ब्लॉक निवासी विपिन कुमार प्रजापति ने बताया कि वह एसडी हॉस्पिटल में कार्य करते हैं। सोमवार दोपहर मिथुन, अंकित, सनी साथियों के साथ आए और इलाज कराया। पैसे मांगने पर उक्त तीनों ने साथियों के साथ मिलकर लात घूसों से उनकी पिटाई कर दी।

# खड़ंजा निर्माण को किसी ने दी भूमि तो किसी ने किया श्रमदान

संवाददाता,फतेहपुर चौरासी उन्नाव

- ग्राम प्रधान ने आस्था स्थलों तक आवागमन सुविधा उपलब्ध कराने का चला रखा है अभियान

**अमृत विचार।** ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायत कठिघरा के ग्रामीणों ने एक नजीर पेश कर हरदेव बाबा तक आवागमन करने को न सिर्फ खड़ंजा मार्ग का निर्माण कराया है, बल्कि रास्ते के लिए स्वयं की जमीनें भी उपलब्ध कराई है। समूचे क्षेत्र में ग्रामीणों की इस पहल की सराहना की जा रही है।

ग्राम प्रधान कुलदीप कुमार श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अक्सर किसी न किसी धार्मिक स्थल (मंदिर आदि) के लिए मार्ग निर्माण कराते रहते हैं। ऐसे निर्माण कार्यों में वह स्थानीय ग्रामीणों से श्रमदान का सहयोग भी लेते हैं। प्रधान की ओर से इस बार हरदेव बाबा मार्ग पर खड़ंजा लगवाए जाने की पहल की गई। डामर रोड से हरदेव बाबा के स्थान तक खड़ंजा निर्माण में लोगों की कृषि भूमि थी। प्रधान की पहल पर खेत मालिक मुन्नीलाल विमल, हरिप्रसाद गौतम व राधेलाल रावत ने खतों से होकर खड़ंजा निर्माण पर सहमति दे दी। इसलिए श्रमदान के तौर पर जनसहयोग लेते हुए ग्राम प्रधान ने खड़ंजा निर्माण करा दिया। बता दें कि इससे पूर्व ग्राम प्रधान पंचायत क्षेत्र के भुईहारी माता व काली माता मंदिर का खड़ंजा लगवा चुके हैं। इसी तरह बाबा साहब आंबेडकर प्रतिमा, सैय्यद बाबा व खुनखुनिया बाबा मजारों तक खड़ंजा लगवा चुके हैं।

स्वास्थ्य

मेडिकल कॉलेज नेत्र रोग विभाग में आएगी एलआईओ मशीन

# रेटिनोपैथी ऑफ प्री-मेच्योर बच्चों की होगी जांच

एक्सक्लूसिव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** समय से पहले जन्म लेने वाले कम वजन के नवजात की आंखों में कुछ विकृति पायी जाती है। माता पिता को एक या दो साल बाद बीमारी का पता चलता है। ऐसे बच्चे दृष्टिहीनता के भी शिकार हो सकते हैं। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के नेत्र रोग विभाग में रेटिनोपैथी ऑफ प्री मेच्योर बच्चों की आंख की स्क्रीनिंग जन्म के बाद की जाएगी। इसके लिए विभाग में एलआईओ मशीन आएगी।

मेडिकल कॉलेज की नेत्र रोग विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो.शालिनी मोहन ने बताया कि समय से पहले जन्म लेने वाले बच्चों की आंखों की रोशनी जाने का खतरा रहता है। ऐसे बच्चों की आंखों में रेटिनोपैथी जैसी गंभीर बीमारी हो सकती है। इस बीमारी में आंखों में जाने वाली खून की कोशिकाएं गर्भावस्था के दौरान धीरे-धीरे विकसित होती हैं, जिसकी वजह से उनके आंखों के पर्दों पर कई परतें जमा हो जाती हैं और बच्चों को कम दिखाई देता है। समय से जांच होने पर इस बीमारी का इलाज संभव है। आरओपी से ग्रस्त बच्चों की विभाग में लेजर से सर्जरी की जाएगी, इसके लिए जल्द ही विभाग में एलआईओ मशीन आएंगी, जिसकी कीमत करीब 10 लाख रुपये है। मशीन के आने पर प्री मेच्योर बच्चों की स्क्रीनिंग भी की जा सकेगी। सौ में से दो प्रतिशत बच्चे आरओपी से ग्रस्त मिलते हैं।


विभागाध्यक्ष प्रो .शालिनी मोहन।

### ऐसे होता आरओपी बीमारी का इलाज

विभागाध्यक्ष प्रो . शालिनी मोहन ने बताया रक्तवाहिनियों के असामान्य बढ़ने से रेटिना भर जाता है और वह क्षतिग्रस्त भी हो सकता है। प्रथम स्टेज में बीमारी खुद ठीक भी हो जाती है। लेकिन दूसरी स्टेज में इस बीमारी का लेजर तकनीक से इलाज किया जाता है।

### लगातार ऑक्सीजन देने से रेटिना पर पड़ता असर

खानपान, गलत रहन-सहन, संक्रमण, खून की कमी, उच्च रक्तचाप, हाई ग्रेड फीवर आदि हाई रिस्क में शामिल गर्भवती को प्री-मेच्योर डिलीवरी की आशंका रहती है। प्री-मेच्योर डिलीवरी वाले नवजातों को सांस लेने में तकलीफ होने पर आक्सीजन दी जाती है। लगातार दस दिन से अधिक लगातार आक्सीजन देने से रेटिना पर प्रतिकूल असर पड़ता है। ऐसे में जन्म से 28 दिन के भीतर बच्चे की नेत्र जांच जरूरी होती है।

# होली के हुड़दंग में महिला डॉक्टर से की छेड़खानी, नाक तोड़ी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- लाजपत नगर में दबंगों ने की जमकर अराजकता

**अमृत विचार।** होली के हुड़दंग में नजीराबाद थानाक्षेत्र में महिला डॉक्टर से छेड़खानी की गई। आरोप है कि कार रोककर अश्लील इशारे करते हुए डांस कर रहे युवकों ने तमंचा दिखाकर जबरदस्ती शीशा खुलवाया और गाली गलौज की। विरोध किया तो आरोपियों ने मारपीट कर दी। जिससे उनकी नाक में फ्रैक्चर हो गया। उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

लाजपत नगर निवासी महिला डॉक्टर ने पुलिस को बताया कि 24 मार्च की रात 11:40 पर वे अपनी कार से जीटीबी हॉस्पिटल की तरफ से हवेली रेस्टोरेंट की तरफ जा रही थीं। रेस्टोरेंट से पहले होलिका के पास कुछ लड़के डांस कर रहे थे। एक लड़का अउवा उर्फ अजय सिंह उनकी तरफ देखकर अश्लील इशारे करने लगा। पति के विरोध करने पर तमंचा दिखाकर डराने लगा। उसके साथ 10-12 लड़के और थे। सभी ने जबरदस्ती कार का शीशा खुलवा लिया और महिला डॉक्टर के साथ छेड़छाड़ की।

विरोध करने पर पति की भी पिटाई कर दी। इसके बाद वे सब गाली गलौज करते और धमकाते हुए भाग निकले। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर अजय सिंह उर्फ अउआ और 10-12 अज्ञात के खिलाफ बलवा, छेड़छाड़, मारपीट, धमकी में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## एक नजर

### जेएनयू छात्रसंघ चुनाव में जीत पर अखिलेश ने दी बधाई

अमृत विचार, लखनऊ : समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय नई दिल्ली छात्रसंघ चुनाव में जीत पर छात्रों को बधाई दी है। मंगलवार को जारी एक बयान में सपा प्रमुख ने कहा कि पीडीए की एकजुटता ने सभी महत्वपूर्ण पदों पर जीत हासिल की। अखिलेश ने कहा, भाजपा समर्थित एबीवीपी को भारी अंतर से बुरी तरह से हराया है। दलित अध्यक्ष सहित सभी विजयी पदाधिकारियों और उन्हें चुनने वाले सजग, सतर्क मतदाता विद्यार्थियों को भी बहुत बधाई। जेएनयू की नकारात्मक छवि बनाने वालों को आगे भी यूं ही हराते रहने व देशहित में सकारात्मक राजनीति का झंडा फहराते रहने के लिए शुभकामनाएं।

### सपा के पूर्व जिला सचिव भाजपा में शमिल

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा चुनाव की रणभेरी बजने के साथ ही राजनीतिक दल अपना कुनबा बढ़ाने में जुट गए हैं। भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने मंगलवार को समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला सचिव लालमणि यादव और अन्य पार्टी के कार्यकर्ताओं को भाजपा की सदस्यता दिलाई। द्विवेदी ने दूसरे दलों से आए लोगों का स्वागत किया और केंद्र एवं राज्य सरकार की ओर से चलाई जा रहीं जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी बताया।

### भानपा ने लोकसभा में चार विस में दो प्रत्याशी घोषित किए

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को लेकर भारत नमन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम बहादुर गौतम ने भानपा से मोहनलालगंज से रज्जन लाल गौतम, लखनऊ से राकेश यादव बाबा, लालगंज से आजमगढ़ से पुंडरी गौतम व बस्ती में अनिरुद्ध कुमार पाण्डेय को प्रत्याशी बनाया है। साथ ही विधानसभा के उप चुनाव में लखनऊ पूर्व से ऋषभ सिंह व रामपुर से पवन कुमार को प्रत्याशी घोषित किया है।

# महाकुंभ के महाआयोजन को सफल बनाने में जुटे 14 विभाग

## महाकुंभ क्षेत्र के साथ-साथ क्षेत्र के बाहर भी बड़े पैमाने पर परियोजना की शुरुआत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : महाकुंभ को राज्य सरकार भव्य और दिव्य बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। इस महाआयोजन के लिए शासन के 14 विभागों को 384 विकास परियोजनाओं पर 7500 करोड़ बजट के सापेक्ष 250 परियोजनाओं के लिए 2228 करोड़ जारी हो चुके हैं।

महाकुंभ से इतर चल रहे 100 से ज्यादा कार्यों के लिए सरकार ने 3057 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की थी, जिसमें शुरू हो चुके 80 कार्यों के लिए 688 करोड़ रुपये से ज्यादा की धनराशि जारी हो चुकी है। कुंभ को लेकर कुल 14 विभागों के कार्य चल रहे हैं। इसमें पर्यटन विभाग की पांच परियोजनाएं भी हैं। इनमें तीन की शुरुआत हो चुकी है, जिसके लिए प्रस्तावित 28 करोड़ के बजट के एवज में 8.64 करोड़ की राशि जारी की जा चुकी है। इसी तरह सिंचाई विभाग के सभी 8 कार्य के लिए प्रस्तावित 250 करोड़ में से करीब 90 करोड़ रुपये प्रदेश सरकार द्वारा जारी किए जा चुके हैं।



▶▶ कुल 384 परियोजनाओं के लिए 7500 करोड़ रुपये की धनराशि हो चुकी स्वीकृत

प्रयागराज डेवलपमेंट अथॉरिटी के अंतर्गत 42 प्रोजेक्ट्स के लिए 175 करोड़ रुपये, यूपी ब्रिज के 4 प्रोजेक्ट्स के लिए 255 करोड़, पीडब्ल्यूडी के 41 प्रोजेक्ट के लिए 320 करोड़ रुपये, हेल्थ एंड वेलफेयर डिपार्टमेंट के 17 प्रोजेक्ट्स के लिए 29 करोड़, वन विभाग के 4 प्रोजेक्ट्स के लिए 13.33 करोड़, मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में 11 प्रोजेक्ट्स के लिए 31.20 करोड़, यूपीपीसीएल के 22 प्रोजेक्ट्स के लिए 196 करोड़, प्रयागराज म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के 29 प्रोजेक्ट्स के लिए 103 करोड़, यूपी जल निगम के 15 प्रोजेक्ट्स के लिए 86 करोड़, यूपीएसआरटीसी के 7 प्रोजेक्ट्स के लिए करीब 8 करोड़ और प्रयागराज मेला अथॉरिटी के तहत 7 प्रोजेक्ट्स के लिए 223.53 करोड़ जारी किए जा चुके हैं। वहीं, गंगा पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड से संबंधित 5 प्रोजेक्ट्स के लिए 107 करोड़ से ज्यादा का फंड स्वीकृत है। अभी डीपीआर की प्रक्रिया जारी है, जिसके बाद धनराशि जारी की जाएगी।

### महाकुंभ के अलावा भी व्यापक पैमाने पर चल रहा विकास कार्य

महाकुंभ के अतिरिक्त भी प्रयागराज को पर्यटन और यात्रियों की सुविधाओं के लिए संवारा जा रहा है। इसके अंतर्गत 7 विभागों के प्रोजेक्ट्स संचालित हैं। इसमंज टूरिज्स डिपार्टमेंट के कुल 29 प्रोजेक्ट्स के लिए 70 करोड़ से ज्यादा की धनराशि स्वीकृत हो चुकी है और 23 करोड़ से ज्यादा की राशि जारी भी की जा चुकी है। इसी तरह प्रयागराज डेवलपमेंट अथॉरिटी के 10 प्रोजेक्ट्स के लिए स्वीकृत 102 करोड़ में से 20 करोड़ की राशि जारी की जा चुकी है। यूपी ब्रिज के अंतर्गत 12 प्रोजेक्ट्स के लिए 620 करोड़ जारी हो चुके हैं तो पीडब्ल्यूडी के 18 प्रोजेक्ट्स को 8 करोड़ और प्रयागराज म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के 22 प्रोजेक्ट्स के लिए 17 करोड़ की राशि दी गई है। सिंचाई विभाग के 7 प्रोजेक्ट्स के लिए 58 करोड़ और गंगा पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के 3 प्रोजेक्ट्स को 496 करोड़ के फंड की स्वीकृति मिल चुकी है और जल्द राशि जारी किए जाने की संभावना है।

### लघु उद्यमियों को उत्पादन का 45 दिनों में भुगतान होना जरूरी

अमृत विचार : प्रदेश में सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों द्वारा बेचे गये सामान का भुगतान 45 दिन में हो जाना चाहिये। इसके लिए एमएसएमई डव्लपमेन्ट एक्ट-2006 के तहत सभी 18 मंडलों में मंडलायुक्त की अध्यक्षता में फैसिलिटेशन काउंसिल की स्थापना की गई है, इसमें इण्डियन इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन के सदस्य समेत चार अन्य लोग शामिल हैं। संबन्धित जानकारी 27 मार्च को कार्यशाला में विशेषज्ञों द्वारा दी जाएगी। उक्त जानकारी देते हुए मंगलवार को आईआईए के नीरज सिंघल ने बताया कि सभी फैसिलिटेशन काउंसिल में अध्यक्ष के अतिरिक्त 72 सदस्य हैं। इन सदस्यों के लिए बुधवार को आईआईए भवन में काउंसिल संबन्धित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा, इसमें काउंसिल सम्बन्धित नियमों और कानूनों की जानकारी दी जाएगी। कार्यशाला का उद्घाटन अपर मुख्य सचिव एमएसएमई अमित मोहन प्रसाद द्वारा किया जाएगा, साथ ही आयुक्त राजेश कुमार भी होंगे। उच्च न्यायालय के सुरेश ढोले बतौर वक्ता मौजूद रहेंगे।

### सपा ने फरहत अली को बनाया बदायूं का नगर अध्यक्ष

अमृत विचार, लखनऊ : समाजवादी पार्टी में हिसामुद्दीन निवासी जौनपुर को राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव और फरहत अली निवासी बदायूं को सपा जिला बदायूं का नगर अध्यक्ष नामित किया गया है। यह जानकारी पार्टी की ओर से मंगलवार को साझा की गई है।



गोरखपुर में होली पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी, मंत्री डॉ. संजय निषाद, सांसद रवि किशन। अमृत विचार

# होलिका भस्म की पूजा कर योगी ने मनाई होली

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरक्षपीठाधीश्वर की भूमिका में गोरखपुर में मंगलवार को होलिका भस्म की पूजा कर होली की शुरुआत की। उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में फाग गीतों का आनंद लिया और गोवंश को भस्म, गुलाल लगाकर गोसेवा की। मुख्यमंत्री ने भीम सरोवर के पास बतखों को भी दाना खिलाया। बाद में दोपहर बाद होली मिलन का सिलसिला शुरू हुआ।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के होलिकोत्सव की शुरुआत मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर में बतौर गोरक्षपीठाधीश्वर होलिका भस्म की पूजा से हुई। मंदिर के मेला ग्राउंड में जलाई गई होलिका के पास जाकर योगी आदित्यनाथ ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच होलिका भस्म (सम्मत की राख) की पूजा की और आरती उतारी। इस अनुष्ठान के बाद मंदिर के प्रधान पुजारी कमलनाथ समेत अन्य साधु संतों व श्रद्धालुओं ने इसी भस्म से गोरक्षपीठाधीश्वर का तिलक लगाकर आशीर्वाद लिया। गोरक्षपीठाधीश्वर ने भी उन्हें तिलक लगाकर होली की मंगलकामना की।

होलिका दहन स्थल से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, गुरु गोरखनाथ जी के मंदिर पहुंचे और श्रीनाथ जी को होलिका भस्म अर्पित किया। इसके बाद मंदिर के द्वार पर फाग गीतों का आयोजन हुआ। मुख्यमंत्री योगी ने भी कुछ देर वहां रुककर फाग का आनंद उठाया और सबको होली की बधाई व शुभकामनाएं दीं।

▶▶ गोरक्षपीठाधीश्वर और संतों ने एक-दूसरे को लगाया भस्म का तिलक

### गोवंश को लगाया तिलक गुड़ खिलाकर की गोसेवा

होली के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंदिर की गोशाला पहुंचे और गोवंश को भस्म व गुलाल लगाकर उनके लिए भी मंगलकामना की। उन्होंने गोवंश को गुड़ और दूध रोटी खिलाकर उनकी सेवा की। गोशाला में मुख्यमंत्री योगी की आवाज सुनकर गोवंश उनके पास दौड़ते हुए चले आए। मुख्यमंत्री ने माथा व गर्दन सहलाकर सभी गोवंश को खूब दुलार भी किया। भीम सरोवर किनारे टहल रहे बतखों को दाना खिलाया।

# एटीएस में दाखिले के लिए 28 को होगी परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : आश्रम पद्धति विद्यालय में छात्र-छात्राओं के दाखिले के लिए 28 मार्च को परीक्षा होगी। विभिन्न कक्षाओं में प्रवेश के लिए होने वाली परीक्षा को लेकर समाज कल्याण विभाग तैयारियों में जुटा हुआ है।

बता दें कि समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश में 94 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं और इसमें लगभग 32 हजार छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि 70 बच्चे सभी 94 आश्रम पद्धति विद्यालय में दाखिले के लिए परीक्षा देंगे।

▶▶ 94 आश्रम पद्धति विद्यालयों में लगभग 32 हजार छात्र-छात्राएं हैं अध्यनरत

▶▶ इसी शैक्षणिक सत्र से जौनपुर में दो और अयोध्या में एक नए आश्रम पद्धति विद्यालय का होगा संचालन

इसके अलावा कक्षा छह, सात, आठ, नौ और ग्यारहवीं में रिक्त सीटों के लिए दाखिला परीक्षा होगी। उन्होंने बताया कि जौनपुर में दो और अयोध्या में एक नए आश्रम पद्धति विद्यालय में भी कक्षा छह, सात और आठ में दाखिले के लिए परीक्षा होगी। बताया कि अप्रैल से जौनपुर और अयोध्या के नए विद्यालय का भी संचालन किया जाएगा।

# आचार संहिता के उल्लंघन पर सी-विजिल ऐप पर मतदाता करें शिकायत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता के उल्लंघन पर मतदाता सी-विजिल ऐप के जरिए शिकायत करें। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने मतदाताओं से यह अपील की। उन्होंने कहा कि आचार संहिता के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सी-विजिल ऐप के जरिए आम नागरिक आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत कर सकता है। मोबाइल से प्ले स्टोर या ऐप स्टोर से सी-विजिल ऐप डाउनलोड कर आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लघंन की शिकायत, लाइव फोटो या लाइव वीडियो अपलोड कर शिकायत की जा सकती है। आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन होने पर सी-विजिल ऐप में अपने मोबाइल नम्बर से लॉगिन करके मतदाता अपनी शिकायत की सतत निगरानी भी कर सकता है।

उन्होंने कहा कि सी-विजिल ऐप पर शिकायत करने के लिए नाम व मोबाइल नम्बर की कोई बाध्यता नहीं है, पर अगर शिकायतकर्ता अपना नाम व मोबाइल नम्बर देता है तो शिकायतकर्ता ऐप के माध्यम से अपनी शिकायत की निगरानी भी कर सकता है। शिकायत दर्ज होने पर सम्बन्धित रिटर्निंग ऑफिसर अपने नजदीक के उड़नदस्ता टीम (एफएसटी) को शिकायत स्थल पर भेजकर कार्रवाई करेंगे।

▶▶ मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं से की अपील

### सी-विजिल ऐप में दर्ज होने वालीं शिकायतें

आम तौर पर सी-विजिल ऐप में धनराशि वितरण, गिफ्ट- कूपन वितरण, शराब वितरण संबंधी शिकायतों के अतिरिक्त बिना अनुमति पोस्टर, बैनर लगाना, बिना अनुमति बैठक करना, बिना अनुमति के प्रचार में गाड़ी लगाना, धार्मिक व उन्मादी भाषणबाजी करने सम्बन्धी शिकायतें दर्ज होंगी।

# लिव-52 एवं सीस्टोन सिरप पर प्रतिबन्ध हटा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : लिव -52 समेत आयुर्वेद की ढाई दर्जन से ज्यादा औषधियों में उन सभी को प्रतिबन्ध मुक्त कर दिया गया है, जिनमें जांच के दौरान शास्त्रीय औषधि की उपलब्धता थी। उक्त क्रम में ही सीस्टोन सीरप व लिव-52 को बाजार में बिक्री के लिए अनुमति प्रदान कर दी गई है। यह जानकारी मंगलवार को आयुर्वेद निदेशक डॉ.पीसी सक्सेना ने दी।

उन्होंने बताया कि 12 मार्च को विभिन्न औषधि निर्माता कंपनियों की लिव-52, सीस्टोन सीरप आदि तमाम औषधियों के सैंपल एकत्र कर जांच की गई थी, जिनमें करीब 31 प्रकार की दवाएं अधोमानक मिलने पर प्रतिबन्धित कर दी गई थीं। जिसके लिए केन्द्रीय आयुष मंत्रालय को भी जानकारी प्रेषित की गई।


## वर्ग पहेली-21

**बाएं से दाएं**

5. 1. सीखना 2. समझना 3. समझाना; बतलाना।
6. अस्तबल, घुड़साल, अश्वशाला।
7. थप्पड़, चांटा, झापड़।
9. 1. किसी कार्य या बात में लगा हुआ 2. प्रसन्न 3. अनुरक्त 4. युक्त, सहित।
10. एक प्रकार का गान, एक ताल।

**ऊपर से नीचे**

1. दुकान।
2. 1. आत्मवाद 2. अध्यात्मवाद।
3. 1. अवरोध, रुकावट, बाधा 2. प्रतिकूलता, विपरीतता 3. आपसी अनबन या बिगाड़ 4. असंगति; विसंगति 5. लड़ाई, झगड़ा, संघर्ष।
4. 1. परिवार के लिए काम करने वाला व्यक्ति, गृहस्थ 2. संसार के प्रपंच में उलझा हुआ व्यक्ति, संसारी 3. व्यवहारकुशल व्यक्ति।
8. 1. तरह, समान, सदृश, तुल्य 2. ऐसा।




### वर्ग पहेली -20 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 कु | ब | ड़ा | ■ | 2 अ | ■ | 3 ह |
| रे | ■ | ■ | 4 अ | भि | जि | त |
| शी | ■ | ■ | ■ | धा | ■ | म |
| ■ | 5 अं | 6 शा | प | न | ■ | ति |
| 7 का | बु | क | ■ | ■ | 8 फु | ■ |
| ■ | जा | ■ | ■ | ■ | हा | ■ |
| ■ | ■ | 9 ज | हा | ज़ | रा | नी |

# 108 एम्बुलेंस से 12 हजार से अधिक घायल पहुंचे अस्पताल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : होली के दिन लापरवाही से गाड़ी चलाने की वजह से सड़क पर काफी दुर्घटनाएं हुईं, जिसकी वजह से अकेले होली के दिन कुल 12 हजार 331 लोगों को अस्पतालों में इलाज के लिए पहुंचाया गया। यह आंकड़ा केवल एंबुलेंस सेवा 108 का है, खुद व निजी साधन से भी तमाम मरीजों के अस्पताल पहुंचने का सिलसिला देखने को मिला।

ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज के टीवीएसके रेड्डी ने बताया कि विभिन्न अस्पतालों में भर्ती होने वालों में हरदोई के 353, लखनऊ के 344, लखीमपुर खीरी के 325, सीतापुर 289, बाराबंकी के 278 लोग शामिल थे। उन्होंने बताया कि होली के दिन सोमवार को कुल 12331 मरीजों में 1350 मामले सड़क हादसों थे। इसके अलावा अन्य मामलों के 2282 घायल मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रदेश में निःशुल्क एंबुलेंस सेवा प्रदान करने के लिए सभी 75 जिलों में 2200 एम्बुलेंस संचालित हो रही हैं।




### होली के दिन टॉप पांच इमरजेंसी वाले जिले

हरदोई – 353
लखनऊ– 344
लखीमपुर खीरी– 325
सीतापुर– 289
बाराबंकी– 278
बाक्स<bha>--</bha>
प्रदेश में कुल इमरजेंसी
होली के दिन– 12331

### होली के दिन

ट्रॉमा वेहिकुलर – 1350
ट्रॉमा नान वेहिकुलर– 2282

# आज राजग प्रत्याशियों के नामांकन में जाएंगे भाजपा के वरिष्ठ नेता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : भाजपा और राजग गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी बुधवार को नामांकन करेंगे। इस दौरान जिला मुख्यालयों पर आयोजित सभाओं को प्रदेश अध्यक्ष समेत दोनों उप मुख्यमंत्री, मंत्री आदि संबोधित करेंगे।

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी और कैबिनेट मंत्री व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह बुधवार को पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र से राज्य के पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद का नामांकन कराएंगे। जबकि उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी बिजनौर से राष्ट्रीय लोकदल के प्रत्याशी चंदन चौहान व नगीना लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी ओम कुमार के नामांकन में उपस्थित रहकर सभा को संबोधित करेंगे। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक सहारनपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राघव लखनपाल, कैराना लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप चौधरी के नामांकन के अवसर पर उपस्थित रहकर सभा को संबोधित करेंगे।

## सुडोकू -100

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | 4 | | 2 | | | | 3 |
| | 6 | | | | | 2 | | |
| 2 | | | | | 9 | | | 7 |
| | 2 | | | 7 | | | | 8 |
| 4 | | 7 | | | | 1 | | |
| | | | 6 | 1 | | | 9 | |
| | | | 5 | | | 6 | | 9 |
| | | 9 | | | | | 8 | |
| 1 | | | | 9 | | 4 | | 5 |

### सुडोकू -99 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 7 | 5 | 2 | 9 | 6 | 3 | 8 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 8 | 6 | 4 | 2 | 7 |
| 6 | 8 | 2 | 4 | 7 | 3 | 5 | 1 | 9 |
| 8 | 1 | 6 | 7 | 9 | 4 | 3 | 5 | 2 |
| 3 | 7 | 4 | 2 | 5 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 9 | 2 | 5 | 3 | 6 | 8 | 7 | 4 | 1 |
| 2 | 5 | 8 | 6 | 4 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 9 | 3 | 2 | 8 | 7 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 27 मार्च, बुधवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वितीया 17.06 तक तत्पश्चात तृतीया।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-चित्रा 16.16 तक तत्पश्चात स्वाती।

**मेष** – आज घर में अचानक मेहमान आ सकते हैं। अपनी जिम्मेदारियों के प्रति निष्ठावान रहेंगे। कोई महत्वपूर्ण व्यावसायिक अनुबंध हो सकता है। सरकारी जॉब कर रहे लोगों के ऊपर से दबाव कम होगा।

**वृष** – आज भोजन के प्रति अरुचि हो सकती है। पूजा-पाठ आदि को लेकर दिखावे से बचें। अपनी छुपी हुई प्रतिभा को उभारने के लिए प्रयास करेंगे। कारोबार में प्रतिस्पर्धा के बावजूद अच्छा आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

**मिथुन** – आज घर के सदस्यों पर अपना गुस्सा न निकालें। प्रेमीजन के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। कारोबार को लेकर बड़ा जोखिम न लें। संतान को लेकर आपको खर्च ज्यादा करना पड़ सकता है। पैरों में थकान के कारण थोड़े अनमने रहेंगे।

**कर्क** – आज महत्वपूर्ण उपकरण या वाहन खराब हो सकता है। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर अवश्य करें। पुराने साथियों के साथ मुलाकात होगी। व्यापार के दृष्टिकोण से ग्रह स्थिति पक्ष की नहीं है। मानसिक तनाव के कारण आप परेशान होंगे।

**सिंह** – आज शिक्षा के क्षेत्र में बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। दोपहर के बाद आपको आर्थिक परेशानियों से राहत मिलेगी। नए मित्र बन सकते हैं। कारोबार में बड़ा आर्थिक लाभ प्राप्त हो सकता है। छोटी दूरी की यात्रा हो सकती है।

**कन्या** – आज परिस्थितियों में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। अनावश्यक बातों पर आपको ध्यान नहीं देना चाहिए। नजदीकी रिश्तेदार आपसे धन उधार मांग सकते हैं। लोग आपकी बातों का गलत मतलब निकाल सकते हैं, इसीलिए नाप-तौल कर बातें करें।

**तुला** – आज भविष्य की योजनाओं को लेकर काफी आशावादी रहेंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। समाज में आपकी छवि निखरेगी। नई योजनाओं पर काम शुरू कर सकते हैं। परिवार के लोगों की जरूरतों पर धन खर्च करें।

**वृश्चिक** – आज लंबी दूरी की यात्रा बिल्कुल न करें। पुराना कर्ज आपको बहुत ज्यादा परेशान करेगा। किसी को भी कोई वादा न करें वरना आपको लगातार मानसिक दबाव का सामना करना पड़ेगा। आप थोड़ा सुस्त सा महसूस करेंगे।

**धनु** – आज सामाजिक कार्यों में आप भाग ले सकते हैं। अपनी बातों से लोगों को आकर्षित कर लेंगे। पैतृक संपत्ति से आपको धन लाभ होगा। व्यापार में आपकी आमदनी में वृद्धि होगी। अचल संपत्ति की खरीदारी का विचार बनाएंगे।

**मकर** – आज विदेश से जॉब के अवसर मिलने की संभावना बन रही है। संतान का उत्तम सहयोग प्राप्त होगा। नया काम शुरु करने के लिए दिन शानदार रहेगा। आप आवश्यक कार्यों को लेकर थोड़े लापरवाह हो सकते हैं। सभी काम आराम से व धीमी गति से करेंगे।

**कुंभ** – आज छोटी-छोटी बातों पर परिजनों के साथ उलझने से बचें। काल्पनिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। अति भावुक होने से आपको बचना चाहिए। कार्यक्षेत्र में लोग आपको कमतर आंक सकते हैं। घरेलू वातावरण थोड़ा अशांत रहेगा।

**मीन** – आज प्रेमीजन के साथ झगड़ा हो सकता है। किसी भी तरह के मनमुटाव को शीघ्र ही सुलझा लें वरना यह बड़े तनाव का कारण बन सकता है। घर पर भी आपका मन नहीं लगेगा। भागदौड़ वाले कार्यों के कारण थोड़ा हताश महसूस करेंगे।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
सीता और गीता – सुबह : 11.00
कर्तव्य – रात : 07.00

&pictures
ए फ्लाइंग जट्ट – सुबह : 11.18
चुप – रात : 08.00

SONY PIX
जर्नी 2 – सुबह : 10.49
वेनम – रात : 09.00

ZEE CINEMA
आर्टिकल 15 – सुबह : 09.40
जीरो – शाम : 05.25

colors CINEPLEX
कल हो न हो – सुबह : 11.21
फोर्स 2 – रात : 07.00

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर शाम : 05.25 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

रतनलाल- रमेश! तुम्हें देखता हूं तो मुझे सुरेश की याद आ जाती है।
रमेश- लेकिन मुझमें और सुरेश में शायद ही कोई बात कॉमन हो!
रतनलाल- क्यों नहीं!
पिछले दो साल से आप दोनों ने मुझसे पांच सौ रुपए कर्ज लिये थे। आज तक नहीं लौटाए।

दो नाली के कीड़े खाते समय आपस में बाते कर रहे थे।
एक कीड़ा- यह सामने वाला होटल कितना साफ है, हर चीज शीशे की तरह चमकती है।
दूसरा कीड़ा- मेहरबानी करो यार, कम-से-कम खाना खाते समय तो ऐसी घिनौनी बातें मत किया करो।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 1015 फ्लैग 1120 डीएमओ 895 बोल्ड 1185, **सम्भल-चन्दौसी**–शिवालिक 1010 फ्लैग 1125 बोल्ड 1180 डीएमओ 905।

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)–** | |
| गेहूंदड़ा | 2525–2550 |
| आरआर 21 | 2700–2750 |
| गेहूंफारम | 2800–2850 |
| जौ | 2000–2100 |
| ज्वार | 2600–4000 |
| बाजरा | 2125–2175 |
| मकाई | 2000–2200 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 5800–5900 |
| अरहर | 7500–8000 |
| मसूर | 5500–5600 |
| मटर | 3700–4000 |
| उड़दहरा | 10000–10200 |
| उड़दकाला | 6000–8000 |
| मूंग | 8500–8800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 14500–14700 |
| अरहरस्पेशल1 | 12200–12300 |
| चनादाल | 7100–7200 |
| मटरदाल | 4950–5050 |
| मसूरमलका | 7000–7100 |
| मसूरदाल | 7100–7200 |
| उड़ददाल | 9000–12000 |
| उड़द धोवा | 10500–13000 |
| मूँगदाल | 8800–10300 |
| मूँग धोवा | 9800–11500 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000–2300 |
| बासमती नं.1 | 8500–10000 |
| सेला | 2500–3000 |
| बासमती नं.2 | 6500–7500 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1490–1550 |
| मैदा | 1450–1500 |
| सूजी | 1500–1550 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1430–1475 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 4900–4950 |
| अलसी | 4500–4600 रुपये। |

# मुंबई में रहते हैं सबसे ज्यादा अरबपति

## हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट के अनुसार भारतीयों ने चीन के बीजिंग को भी पीछे छोड़ा

मुंबई, एजेंसी

भारत की वित्तीय राजधानी मुंबई ने अरबपतियों की संख्या के मामले में चीन के बीजिंग को पीछे छोड़ दिया है। मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया में सबसे अधिक अरबपति मुंबई में रहते हैं। हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट के अनुसार, मुंबई में कुल 92 अरबपतियों के आवास हैं, जबकि बीजिंग में यह संख्या 91 है।



सूची के अनुसार, भारत में 271 अरबपति हैं, जबकि चीन में यह संख्या 814 है। वैश्विक अमीरों की यह सूची भारत में बढ़ती असमानता पर चिंता व्यक्त करने वाली एक रिपोर्ट के कुछ दिन बाद आई है। 'भारत में आय और धन असमानता, 1922-2023: अरबपति राज का उदय' शीर्षक वाले एक पत्र के अनुसार, भारत में शीर्ष एक प्रतिशत आबादी के पास 2023 में 40 प्रतिशत संपत्ति थी, जबकि 2000 की शुरुआत में यह आंकड़ा 22.6 प्रतिशत था। हुरुन की रिपोर्ट के अनुसार रिलायंस इंडस्ट्रीज के मुकेश अंबानी ने 115 अरब अमेरिकी डॉलर की संपत्ति के साथ सबसे अमीर भारतीय के रूप में बरकरार हैं। अंबानी की संपत्ति में पिछले साल 33 अरब डॉलर का इजाफा हुआ। रिपोर्ट में कहा गया कि एक शॉर्ट सेलर की रिपोर्ट के बाद हुए नुकसान की कुछ हद तक भरपाई करने में गौतम अडाणी सफल रहे हैं और पिछले साल उनकी कुल संपदा में 62 प्रतिशत का इजाफा हुआ।

वैश्विक स्तर पर, टेस्ला के मालिक एलन मस्क इस सूची में शीर्ष पर हैं। अंबानी 231 अरब अमेरिकी डॉलर की संपत्ति के साथ सूची में 10वें स्थान पर हैं। अडाणी 15वें स्थान पर हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि नए अरबपतियों के मामले में भारत से सूची में 94 नए नाम शामिल हुए, जबकि चीन से 55 नए नाम शामिल हुए।

### बीते साल 50 करोड़ रुपये या उससे अधिक कीमत के लक्जरी घरों की बिक्री 51 प्रतिशत बढ़ी



**नई दिल्ली।** बीते कैलेंडर साल 2023 में मजबूत मांग के चलते 50 करोड़ रुपये और उससे अधिक कीमत वाले लक्जरी घरों की बिक्री मूल्य के हिसाब से 51 प्रतिशत बढ़कर 4,319 करोड़ रुपये हो गई। रियल एस्टेट सलाहकार जेएलएल इंडिया के आंकड़ों के अनुसार, 50 करोड़ रुपये और उससे अधिक कीमत वाले कम से कम 45 मकान 2023 में 4,319 करोड़ रुपये में बेचे गए। कैलेंडर वर्ष 2022 में इस मूल्य वर्ग में 2,859 करोड़ रुपये मूल्य के कम से कम 29 मकान बिके थे। जेएलएल के अनुसार, इन लक्जरी मकानों में बंगला और अपार्टमेंट दोनों शामिल हैं। इसमें प्राथमिक बाजार और पुन बिक्री लेनदेन भी शामिल हैं। इसमें कोई उपहार और संयुक्त उद्यम लेनदेन शामिल नहीं हैं। जेएलएल इंडिया के मुख्य अर्थशास्त्री एवं अनुसंधान प्रमुख सामंतक दास ने कहा–2023 में बेचे गए 45 लक्जरी मकानों में से 14 मकान 100 करोड़ रुपये और उससे अधिक कीमत के थे। इनमें से अधिकतर (79 प्रतिशत) मुंबई में बेचे गए।

## एलआईसी को 39.39 लाख रुपये का जीएसटी मांग नोटिस मिला

**नई दिल्ली।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) पर कर अधिकारियों ने 2017-18 के लिए माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के कम भुगतान के लिए लगभग 39.39 लाख रुपये का मांग नोटिस भेजा है। बीमा कंपनी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

एलआईसी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी को तीन जनवरी, 2024 को केंद्रीय जीएसटी, गांधीनगर के अतिरिक्त आयुक्त से ब्याज और जुर्माने के लिए एक संचार/मांग आदेश प्राप्त हुआ है। कंपनी ने कहा कि उसने 26 मार्च, 2024 को आयुक्त (अपील), अहमदाबाद के समक्ष वित्त वर्ष 2017-18 के लिए 19,64,584 रुपये के जीएसटी और जुर्माने तथा ब्याज के साथ 19,74,584 रुपये के नोटिस के खिलाफ अपील दायर की है।

## इरडा ने किया पॉलिसी सरेंडर से संबंधित नियमों में बदलाव

नई दिल्ली, एजेंसी

- 2024 के तहत छह नियमों को एक एकीकृत ढांचे में मिलाया

बीमा नियामक इरडा ने इंश्योरेंस सेक्टर की कंपनियों और ग्राहकों के लिए बड़ी खबर दी है। इरडा के नए नियमों के तहत पालिसी सरेंडर की अवधि से सरेंडर वैल्यू तय होगी। आसान शब्दों जितनी अधिक पालिसी सरेंडर की अवधि होगी उतनी अधिक सरेंडर वैल्यू मिलेगी। ये नए नियम 1 अप्रैल, 2024 से लागू होने वाले हैं। बीमा नियामक इरडा ने कई नियमों को नोटिफाई किया है। इसमें बीमा पॉलिसी वापस या सरेंडर करने से जुड़ा शुल्क भी शामिल है। इसमें बीमा कंपनियों को ऐसे चार्ज का खुलासा पहले ही करना होता है। पहले बीमा कंपनियां सरेंडर में केवल जमा ही लौटाती थीं, उसमें भी मनमाने नियम और अवधि लागू होती थी।

इरडा (बीमा उत्पाद) विनियमन, 2024 के तहत छह नियमों को एक एकीकृत ढांचे में मिलाया गया है। इसका उद्देश्य बीमा कंपनियों को उभरती बाजार मांग के अनुसार तेजी से कदम उठाने में सक्षम बनाना, कारोबार सुगमता को बेहतर करना और बीमा को बढ़ावा देना है। भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण ने कहा कि ये नियम उत्पाद डिजायन और मूल्य निर्धारण में बेहतर कामकाज को बढ़ावा देते हैं। इसमें पॉलिसी वापसी पर गारंटीशुदा मूल्य और विशेष वापसी मूल्य से जुड़े नियमों को मजबूत करना शामिल है। नए नियम एक अप्रैल, 2024 से प्रभाव में आएंगे। यह निर्धारित करते हैं कि यदि पॉलिसी खरीद के तीन साल के भीतर लौटायी या वापस की जाती है, तो वापसी मूल्य समान या उससे भी कम रहने की संभावना है।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 77,500 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 68,750 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 51,200–51,400 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 66,050 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,900 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 75,000 |
| चांदी तैयार | 75,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 90, 500 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 66,400 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 65,400 |
| चांदी पक्की | 742 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 66,300 |
| चांदी आभूषण | 74,800। |

## चालू वित्त वर्ष के पहले 11 माह में रूस को भारत का इंजीनियरिंग निर्यात हुआ दोगुना

कोलकाता, एजेंसी

चालू वित्त वर्ष 2023-24 के पहले 11 माह यानी फरवरी तक रूस को भारत का इंजीनियरिंग निर्यात दोगुना होकर 1.22 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद (ईईपीसी) ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

पिछले वित्त वर्ष में भारत से रूस को इंजीनियरिंग निर्यात 61 करोड़ 66.8 लाख डॉलर का रहा था। ईईपीसी ने बयान में कहा कि इस अवधि के दौरान अमेरिका को निर्यात सालाना आधार पर सात प्रतिशत घटकर 15.95 अरब डॉलर का रह गया है। चीन के मामले में, यह मामूली घटकर 2.38 अरब डॉलर रहा है। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 2.40 अरब डॉलर रहा था। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और ऑस्ट्रेलिया को निर्यात सकारात्मक रहा। इन देशों के साथ भारत का मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) है। फरवरी तक, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के लिए निर्यात सालाना आधार पर 16 प्रतिशत बढ़कर 5.22 अरब डॉलर का हो गया, जबकि ऑस्ट्रेलिया के लिए निर्यात पांच प्रतिशत बढ़कर 1.30 अरब डॉलर का रहा।

## सरकार की नीतियों से चीनी कीमतों में स्थिरता

**नई दिल्ली।** चीनी क्षेत्र के लिए सरकार की नीतियों ने पिछले कुछ वर्षों में घरेलू बाजारों में चीनी की खुदरा कीमतों में स्थिरता और गन्ना किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सरकार की नीति सुसंगत बनी हुई है, देश की जरूरतों को पूरा करने के लिए नीतियों को गतिशील और लचीला होना चाहिए क्योंकि गन्ने की फसल कृषि-जलवायु परिस्थितियों पर निर्भर करती है। कहा-यह ध्यान रखना उचित है कि भारत में चीनी की कीमतें स्थिर रही हैं, जबकि चीनी की वैश्विक कीमतों में अभूतपूर्व अस्थिरता देखी गई, जो वर्ष 2023 में 13 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है।

## एसएंडपी ने वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाया

नई दिल्ली, एजेंसी

- एजेंसी ने 2024-25 के लिए 6.4% से बढ़ाकर 6.8% कर दिया

एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने अगले वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर मंगलवार को 6.8 प्रतिशत कर दिया। अमेरिका स्थित एजेंसी ने पिछले साल नवंबर में मजबूत घरेलू गति के बीच वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की वृद्धि 6.4 प्रतिशत होने का अनुमान लगाया था। चालू वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय अर्थव्यवस्था में 7.6% की वृद्धि होने का अनुमान है।

एसएंडपी ने एशिया प्रशांत के लिए अपने 'इकोनॉमिक आउटलुक' में कहा-एशियाई उभरती बाजार (ईएम) अर्थव्यवस्थाओं के लिए हम आम तौर पर मजबूत वृद्धि का अनुमान लगाते हैं, जिसमें भारत, इंडोनेशिया, फिलीपींस और वियतनाम अग्रणी हैं। एजेंसी के अनुसार, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया जैसी बड़े पैमाने पर घरेलू मांग-आधारित अर्थव्यवस्थाओं में घरेलू खर्च करने की क्षमता पर उच्च ब्याज दरों और मुद्रास्फीति के प्रभाव ने दूसरी छमाही में क्रमिक सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि को कम किया है। एसएंडपी ने कहा-हमे उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2024-25 (मार्च 2025 को समाप्त) में भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 6.8 प्रतिशत हो जाएगी।




**चालू खाते का घाटा घटकर 10.5 अरब डॉलर पर:** देश का चालू खाते का घाटा (कैड) चालू वित्त वर्ष 2023-24 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में घटकर 10.5 अरब डॉलर यानी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 1.2 प्रतिशत रहा है। आरबीआई के जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### लट्ठमार होली की उद्घोषणा करके फंसी महिला उप निरीक्षक

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** इंदौर में होली के त्योहार पर पुलिस के वाहन से उद्घोषणा के जरिए आम लोगों को ''पुलिस की लट्ठमार होली'' की चेतावनी देना एक महिला उप निरीक्षक को महंगा पड़ सकता है। इस उद्घोषणा का कथित वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद उप निरीक्षक से जवाब-तलब किया गया है। वीडियो में महिला उप निरीक्षक कहती सुनाई पड़ रही हैं, जनता से निवेदन है कि आचार संहिता का ध्यान रखें। अपने-अपने घर चले जाएं। चार बजे (शाम) तक होली खेलने का समय निर्धारित किया गया था। अपने घर पर रहें, वरना पुलिस द्वारा लट्ठमार होली का आयोजन किया जाएगा।

### मुंबई की इमारत में लगी आग, 50 लोगों को सुरक्षित बचाया गया

**मुंबई।** मुंबई के उपनगरीय मुलुंड इलाके में छह मंजिला कॉर्पोरेट पार्क इमारत में मंगलवार की सुबह आग लग गई लेकिन समय रहते करीब 50 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला लिया गया और इसमें कोई हताहत नहीं हुआ है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। नगर निगम के एक अधिकारी ने बताया कि आग पूर्वाह्न नौ बजकर करीब 25 मिनट पर छठी मंजिल पर लगी और इमारत में धुआं भरने की वजह से विभिन्न मंजिलों पर लोग फंस गए। उन्होंने बताया कि सीढ़ियों की मदद से लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

# लाइसेंस रद करने में केंद्र से जवाब-तलब

## दिल्ली उच्च न्यायालय में सीपीआर ने एफसीआरए को लेकर दायर की है याचिका

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने सार्वजनिक 'थिंक-टैंक' सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च (सीपीआर) की उस याचिका पर केंद्र सरकार से जवाब मांगा है जो उसने एफसीआरए लाइसेंस रद करने के खिलाफ दायर की है। न्यायमूर्ति चंद्र धारी सिंह ने पिछले सप्ताह पारित एक आदेश में केंद्र सरकार के फैसले के खिलाफ संगठन की अपील पर नोटिस जारी किया और उसके वकील को दो सप्ताह में एक संक्षिप्त जवाब दाखिल करने का समय दिया। आदेश में कहा गया है कि सरकार के वकील ने अपील का "जोरदार विरोध" किया।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 10 जनवरी को भारत के आर्थिक हितों को प्रभावित करने और विकास परियोजनाओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों और कानूनी लड़ाई में सहायता के लिए विदेशी धन का कथित रूप से दुरुपयोग करने के लिए सीपीआर के विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) पंजीकरण को रद कर दिया। जब किसी संगठन का एफसीआरए पंजीकरण रद्द या निलंबित किया जाता है, तो उसे विदेश या विदेशी दानदाताओं से कोई भी धन प्राप्त करने से रोक दिया जाता है।




सार्वजनिक 'थिंक-टैंक' ने सरकार के कदम को "समझ से बाहर और अनुपातहीन" करार दिया है। सीपीआर का एफसीआरए लाइसेंस आखिरी बार 2016 में नवीनीकृत किया गया था और 2021 में नवीनीकरण होना था। सितंबर 2022 में आयकर विभाग द्वारा एक सर्वेक्षण किए जाने के बाद 'थिंक-टैंक' जांच के दायरे में आया। इसका एफसीआरए लाइसेंस फरवरी 2023 में 180 दिन के लिए निलंबित कर दिया गया था जिसे बाद में 180 दिन के लिए बढ़ा दिया गया था।

### न्यायालय का वनों की सुरक्षा के लिए केंद्र को निर्देश

दिल्ली उच्च न्यायालय ने उस याचिका पर केंद्र से जवाब मांगा है, जिसमें पूछा गया था कि क्या राष्ट्रीय राजधानी में वन क्षेत्र को जमीन कब्जाने वाले और भू-माफियाओं की अवैध गतिविधियों या अतिक्रमण से बचाने के लिए किसी तरह के सुरक्षा बल तैनात किए जा सकते हैं। अदालत का यह निर्देश उस याचिका पर आया जिसमें केंद्र सरकार को दिल्ली सरकार के वन एवं वन्यजीव विभाग में पर्याप्त संख्या में भारतीय वन सेवा (आईएफएस) अधिकारियों को तैनात करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। प्रधान मुख्य वन संरक्षक ने जवाब में कहा कि वन अधिकारियों को जमीन कब्जाने वालों और माफियाओं से लगातार धमकी मिलती रहती है और वन क्षेत्रों में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) को तैनात करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। हालांकि, केंद्र की ओर से पेश अधिवक्ता ने कहा कि सीआईएसएफ नियम ऐसी तैनाती की अनुमति नहीं देते हैं।

### सेना प्रमुखों ने मनाया बांग्लादेश का 53वां स्वतंत्रता दिवस...



भारत के सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और बांग्लादेश के बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) ने पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी के बाहरी इलाके में बांग्लादेश के 53वें स्वतंत्रता दिवस के जश्न के दौरान फल और मिठाइयों का आदान-प्रदान किया। • एजेंसी

## भाजपा ने कांग्रेस नेताओं को हिमाचल गुजरात के उपचुनावों में बनाया उम्मीदवार

**नई दिल्ली।** भाजपा ने मंगलवार को विभिन्न राज्यों के उपचुनावों के लिए अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए। पार्टी ने हाल ही में अयोग्य ठहराए गए कांग्रेस के छह पूर्व विधायकों को हिमाचल प्रदेश विधानसभा उपचुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया है। पिछले दिनों इन विधायकों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली थी। कांग्रेस सहित अन्य दलों से हाल ही में भाजपा में शामिल हुए पूर्व विधायकों को पार्टी ने गुजरात में उम्मीदवार बनाया है। इनमें चार कांग्रेस के हैं। गुजरात में भाजपा ने अर्जुन मोधवाडिया, चतुरसिंह चावड़ा और अरविंद लाडानी को उपचुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया है। भाजपा ने सिक्किम विधानसभा की नौ सीटों के अलावा पश्चिम बंगाल की दो और कर्नाटक की एक सीट पर उपचुनाव के लिए भी अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी।

## नि:शुल्क दवाओं की न हो कोई कमी : केजरीवाल

नई दिल्ली, एजेंसी

- मोहल्ला क्लीनिक को लेकर ईडी की हिरासत से दिया निर्देश

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने राष्ट्रीय राजधानी के मोहल्ला क्लीनिक और अस्पतालों में दवाओं और जांच की सुविधा की कमी को दूर करने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत से निर्देश जारी किए हैं।

दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने मंगलवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। यह ईडी की हिरासत से केजरीवाल द्वारा जारी किया गया दूसरा निर्देश है। बाद में दिन में भारद्वाज ने कहा कि बुधवार को दिल्ली विधानसभा का सत्र आहूत किया गया है। भारद्वाज ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, कल दिल्ली विधानसभा का सत्र है। मुख्य सचिव को आदेश दिया है कि अस्पतालों और मोहल्ला क्लीनिक में मुफ़्त दवाइयों और मुफ़्त जांच की स्थिति बतायें और यदि कोई कमी हो तो उसको ठीक करने का पूरी योजना लेकर आएं ताकि मैं विधानसभा को सूचित कर सकूं। मुख्यमंत्री के आदेश का विवरण साझा करते हुए भारद्वाज ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दिल्ली में स्वास्थ्य सेवा हमेशा अरविदं केजरीवाल की प्राथमिकता रही है।

## गांधी परिवार के साथ संबंध होने के चलते वरुण को लिए टिकट नहीं दिया : अधीर

**बहरामपुर (प.बंगाल)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी ने मंगलवार को दावा किया कि गांधी परिवार से संबंध होने के कारण भाजपा ने वरुण गांधी को लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए टिकट नहीं दिया । उन्होंने वरुण गांधी को कांग्रेस में शामिल होने का न्योता भी दिया। चौधरी ने वरुण को एक "दबंग नेता" बताया और कहा कि वह एक साफ छवि वाले पढ़े लिखे व्यक्ति हैं। निवर्तमान लोकसभा में कांग्रेस के नेता चौधरी ने कहा-वह एक दबंग नेता और बहुत शिक्षित व्यक्ति हैं। उनकी छवि साफ-सुथरी है। वरुण गांधी का गांधी परिवार से संबंध है। यही कारण है कि भाजपा ने उन्हें (लोकसभा चुनाव के लिए) टिकट देने से इनकार कर दिया। मुझे लगता है कि उन्हें (कांग्रेस में शामिल होने) आना चाहिए, हमें बहुत खुशी होगी।

## मोदी के खिलाफ अपशब्द बोल रहे विपक्षी इनको रोके निर्वाचन आयोग : भाजपा

नई दिल्ली, एजेंसी

- आचार संहिता उल्लंघन पर समान दृष्टिकोण अपनाए आयोग

भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ तमिलनाडु की मंत्री अनिता राधाकृष्णन समेत विपक्षी नेताओं की आपत्तिजनक टिप्पणियों और उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं होने का मुद्दा उठाया। पार्टी ने निर्वाचन आयोग से चुनाव आचार संहिता उल्लंघन के खिलाफ स्वयं ही कड़े कदम उठाने का अनुरोध किया। भाजपा ने आचार संहिता उल्लंघन के मामलों में विभिन्न राज्यों में चुनाव अधिकारियों के 'अलग-अलग' रुख अपनाए जाने का जिक्र किया और दावा किया कि कर्नाटक, तेलंगाना, केरल, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में नेताओं के खिलाफ ज्यादा कुछ नहीं किया गया है। इन सभी राज्यों में भाजपा की प्रतिद्वंद्वी पार्टियों की सरकार है।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और महासचिव विनोद तावड़े सहित भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने इस 'विसंगति' को रेखांकित करने के लिए निर्वाचन आयोग से मुलाकात की। तावड़े ने बाद में संवाददाताओं से कहा कि विपक्षी नेता लगातार मोदी के विरूद्ध अपशब्द कह रहे हैं और महिला शक्ति तथा भारतीय संस्कृति को बदनाम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया अभी शुरू हुई है और आयोग को आचार संहिता के किसी भी उल्लंघन के खिलाफ स्वतः संज्ञान लेकर कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि तमिलों के खिलाफ विवादास्पद टिप्पणी के लिए कर्नाटक से लोकसभा चुनाव लड़ रहीं केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे के खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश की गई लेकिन तमिलनाडु के एक मंत्री और द्रमुक नेता की आपत्तिजनक टिप्पणी की कोई निंदा नहीं की गई। इस संदर्भ में तावड़े ने शिवसेना नेता संजय राउत द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तुलना मुगल बादशाह औरंगजेब से करने पर भी प्रकाश डाला, जिसे कई धार्मिक कट्टरपंथी मानते हैं।

## हेमंत सोरेन की याचिका पर उच्चतम न्यायालय में 1 अप्रैल को सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उस याचिका पर एक अपैल को सुनवाई करने वाला है, जिसमें विधानसभा सत्र में शामिल होने की अनुमति देने से इनकार करने के उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी गई है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के. वी.विश्वनाथन की पीठ सोरेन की याचिका पर सुनवाई करेगी, जिन्हें धन शोधन के एक मामले में 31 जनवरी को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया था। सोरेन ने 23 फरवरी से शुरू और दो मार्च को संपन्न हुए विधानसभा के बजट सत्र में शामिल होने देने की झारखंड उच्च न्यायालय से अनुमति मांगी थी।

## कांग्रेस युवाओं का भविष्य बनाना चाहती और भाजपा भटकाना

नई दिल्ली, एजेंसी


- कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रोजगार के मुद्दे को लेकर मंगलवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और कहा कि उनकी पार्टी युवाओं का भविष्य बनाना चाहती है और भाजपा उन्हें भटकाना चाहती है।

राहुल गांधी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''नरेन्द्र मोदी जी, क्या आपके पास रोज़गार के लिये कोई योजना थी भी? यही सवाल आज हर युवा की ज़ुबान पर है। गली-गली, गांव-गांव भाजपा वालों से पूछा जा रहा है- आखिर हर साल दो करोड़ नौकरी देने का झूठ क्यों बोला गया था?'' उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 'युवा न्याय' के तहत रोज़गार क्रांति का संकल्प लिया है। कांग्रेस नेता के अनुसार-हमारी गारंटी है कि हम सरकार में आते ही 30 लाख सरकारी पदों को भरेंगे, हर शिक्षित युवा को 'पहली नौकरी पक्की' योजना के तहत 1 लाख रुपये सालाना की नौकरी देंगे और कानून बना कर पेपर लीक से मुक्ति दिलाएंगे। राहुल गांधी ने कहा, ''यह वक्त दो विचारधाराओं की नीतियों के फर्क को पहचानने का है। कांग्रेस युवाओं का भविष्य बनाना चाहती है और भाजपा उन्हें भटकाना। भ्रम का जाल तोड़ कर युवाओं को अपने ही हाथों अपनी तकदीर बदलनी होगी।



### अरुणाचल पर चीन के दावे का खंडन करे सरकार



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को कहा कि अरुणाचल प्रदेश भारत का एक अविभाज्य हिस्सा है और मोदी सरकार को चीन द्वारा इस राज्य पर दावा किए जाने का बहुत सख्ती से खंडन करना चाहिए। चीन ने सोमवार को एक बार फिर यह दावा किया कि अरुणाचल प्रदेश ''हमेशा'' उसका क्षेत्र रहा है। हालांकि भारत ने बीजिंग के दावे को ''बेतुका'' और ''हास्यास्पद'' बताकर खारिज कर दिया। खरगे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया कि अरुणाचल प्रदेश भारत का एक अविभाज्य हिस्सा है। उन्होंने यह भी कहा, ''कांग्रेस अरुणाचल प्रदेश पर चीन के किसी भी दावे की कड़ी निंदा और विरोध करती है। यह एक महीने में चौथी बार है, जब चीन ने पूरी तरह से हास्यास्पद और बेतुके दावे किए हैं।'' खरगे का कहना है कि स्थानों का नाम बदलकर और दूसरे देशों से संबंधित क्षेत्रों के नक्शे दोबारा बनाकर बेतुके दावे करने में चीन का रिकॉर्ड सर्वविदित है।

# समाचार प्रकाशन के खिलाफ प्री-ट्रायल निषेधाज्ञा गलत, शीर्ष कोर्ट ने पलटा आदेश

नई दिल्ली, एजेंसी



- अंतर्राष्ट्रीय मीडिया समूह ब्लूमबर्ग से जुड़ी अवमानना याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया फैसला

अभिव्यक्ति की आजादी के मामले में सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की पीठ ने अंतर्राष्ट्रीय मीडिया समूह ब्लूमबर्ग से जुड़ी अवमानना याचिका पर फैसला सुनाया। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन जजों की पीठ ने कहा, अदालतों को असाधारण मामलों को छोड़कर किसी समाचार लेख के प्रकाशन के खिलाफ एकपक्षीय निषेधाज्ञा नहीं देना चाहिए।

अदालत ने साफ किया कि लेखक की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार और जनता के जानने के अधिकार पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। इस टिप्पणी के साथ शीर्ष अदालत ने देश की मशहूर मीडिया समूह के खिलाफ कथित तौर पर अपमानजनक समाचार लेख का प्रकाशन रोकने वाले ट्रायल कोर्ट के आदेश को भी निरस्त कर दिया।

अंतर्राष्ट्रीय मीडिया समूह ब्लूमबर्ग पर जी एंटरटेनमेंट के खिलाफ अपमानजनक लेख लिखने का आरोप है। निचली अदालत ने लेख को हटाने का निर्देश दिया था, लेकिन शीर्ष अदालत ने कहा कि सामग्री के प्रकाशन के खिलाफ निषेधाज्ञा मामले की सुनवाई पूरी होने के बाद ही दी जानी चाहिए। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन-न्यायाधीशों की पीठ ने कहा, किसी लेख के प्रकाशन के खिलाफ 'प्री-ट्रायल निषेधाज्ञा' जैसे आदेश से लेखक की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और जनता के जानने के अधिकार पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। कोर्ट में तीन जजों की पीठ में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे।

अदालत ने कहा कि निषेधाज्ञा, विशेष रूप से एकपक्षीय नहीं होनी चाहिए। कोर्ट ने साफ किया कि जिस सामग्री का प्रकाशन प्रतिबंधित करने की मांग की गई है, वह 'दुर्भावनापूर्ण' या 'स्पष्ट रूप से झूठी' है, यह साबित हुए बिना निषेधाज्ञा का आदेश नहीं दिया जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि दूसरे शब्दों में मुकदमे का ट्रायल शुरू होने से पहले लापरवाही से अंतरिम निषेधाज्ञा जैसे आदेश 'सार्वजनिक बहस का गला घोंटने की तरह' हैं।

# मोदी ने की बेल्जियम के पीएम से फोन पर बात, मुद्दों पर चर्चा



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने बेल्जिम समकक्ष अलेक्जेंडर डी क्रू से फोन पर बात की है। इस दौरान दोनों शीर्ष नेताओं के बीच पश्चिम एशिया में शांति, सुरक्षा की बहाली और रूस-यूक्रेन युद्ध के मुद्दे पर चर्चा हुई। गौरतलब है कि फोन पर बातचीत के दौरान, पीएम मोदी ने पिछले सप्ताह ब्रुसेल्स में पहले परमाणु ऊर्जा शिखर सम्मेलन की सफल मेजबानी के लिए डी क्रू को भी बधाई दी। फोन पर बातचीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट साझा किया। जिसमें उन्होंने लिखा, बेल्जियम के प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर डी क्रू से बात की।

# टेक दिग्गज गूगल ने 22 लाख यूट्यूब वीडियो किए डलीट

*टेक दिग्गज गूगल का कहना है कि कंपनी ने अपनी नीतियों का उल्लंघन करने के लिए 22.5 लाख से अधिक यूट्यूब वीडियो को प्लेटफार्म से हटा दिया है। गूगल ने पिछले साल अक्टूबर से दिसंबर के बीच यह कार्रवाई की है। इससे पहले, कंपनी ने अप्रैल और जून के बीच नीतियों का उल्लंघन करने के लिए भारत में अपने प्लेटफॉर्म से 20 लाख से अधिक वीडियो को हटाए थे। गूगल ने बताया है कि उल्लंघन के आरोप में वीडियो हटाने की सूची में अमेरिका और रूस जैसे देशों को पछाड़ते हुए भारत शीर्ष पर रहा है।*

- गूगल ने कहा कि हमने पिछले एक साल में करीब 12 हजार करोड़ रुपये के स्कैम भी रोके हैं। कंपनी के अनुसार, गूगल पे पर हमने लोगों को उनकी पसंदीदा भाषा में संदिग्ध लेनदेन के बारे में तुरंत अलर्ट किया और धोखाधड़ी के प्रयासों को तुरंत रोक दिया। इसकी वजह से पिछले साल अकेले गूगल पे ने 12 हजार करोड़ रुपये के घोटाले रोके हैं।

## नीतियों का उल्लंघन करने पर हुई कार्रवाई

गूगल ने कहा कि इन वीडियो को नीतियों का उल्लंघन करने पर डिलीट किया गया है। गूगल के अनुसार, अक्टूबर और दिसंबर 2023 में दिशानिर्देशों का उल्लंघन करने के लिए भारत में उत्पन्न होने वाले लगभग 22 लाख वीडियो हटाए हैं। इससे पहले, कंपनी ने अप्रैल और जून 2023 के बीच नीतियों का उल्लंघन करने के लिए भारत में अपने प्लेटफॉर्म से 20 मिलियन से अधिक वीडियो को हटाया था। ग्लोबल स्तर पर, वीडियो-स्ट्रीमिंग दिग्गज ने इसी अवधि के दौरान नियम उल्लंघन के लिए 6 .48 मिलियन से अधिक वीडियो को हटाया था।

## गूगल ने विश्वभर के देशों के 90 लाख वीडियो हटाए

यूट्यूब के आंकड़ों के अनुसार, 12 लाख से अधिक वीडियो हटाते हुए सिंगापुर इस सूची में दूसरे स्थान पर और अमेरिका लगभग आठ लाख वीडियो हटाते हुए तीसरे स्थान पर है। इंडोनेशिया लगभग सात लाख वीडियो हटाने के साथ चौथे स्थान पर है, जबकि रूस में पांच वीडियो हटाए गए हैं। वैश्विक स्तर पर 2023 की चौथी तिमाही के दौरान यूट्यूब ने अपने सामुदायिक मानदंडों का उल्लंघन करने के कारण 90 लाख से अधिक वीडियो हटा दिए। इनमें से 96 प्रतिशत से अधिक वीडियो के बारे में लोगों के बजाय मशीनों के जरिये जानकारी मिली। वीडियो को हानिकारक या खतरनाक सामग्री, बाल सुरक्षा, हिंसक या ग्राफिक सामग्री, नग्नता और यौन सामग्री, गलत सूचना और अन्य सामुदायिक मानदंडों का उल्लंघन करने के लिए हटा दिया गया था।

## एक नजर

### म्यांमार में अभय ठाकुर नए राजदूत के रूप में संभालेंगे कमान

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ राजनयिक अभय ठाकुर को म्यांमार में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है। वह वर्तमान में विदेश मंत्रालय में विशेष कार्याधिकारी के तौर पर कार्यरत हैं। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार बताया है कि, भारतीय विदेश सेवा (आईएफएफ) के 1992-बैच के अधिकारी ठाकुर ने भारत की जी20 की अध्यक्षता के दौरान जी20 प्रक्रिया के सूस-शेरपा के रूप में कार्य किया था। विदेश मंत्रालय ने कहा, अभय ठाकुर को म्यांमार संघ गणराज्य में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है, जो जो वर्तमान में मंत्रालय में विशेष कार्याधिकारी हैं।

### भारतीय मूल के प्रख्यात गणितज्ञ डॉ. टी एन सुब्रमण्यम का निधन

**न्यूयॉर्क।** भारतीय मूल के प्रख्यात गणितज्ञ डॉ. टी एन सुब्रमण्यम, जो अमेरिकी ऑटो दिग्गज जनरल मोटर्स के संस्थापक और निदेशक थे, 26 मार्च मंगलवार को 76 वर्ष की उम्र में उनका का निधन हो गया। सुब्रमण्यम 1979 में अमेरिका चले गए। भारत और अमेरिका में अकादमिक क्षेत्र में प्रसिद्ध थे। वह अपने पीछे गणित की दुनिया के लिए गणितीय मॉडल और सिद्धांतों की एक समृद्ध विरासत छोड़ गए हैं। उन्हें जनरल मोटर्स द्वारा जीएम कारों के लिए गणितीय मॉडल बनाने के लिए काम पर रखा गया था। बाद में, उन्होंने ऑटोमोटिव विनिर्माण कंपनी के लिए रूट वन कंपनी की स्थापना की, जो सभी जीएम कारों और जीपीएस सिस्टम के लिए ऑटो-फाइनेंसिंग संभालती है।

### लद्दाख के लोगों से किए वादे पूरे करें पीएम मोदी : सोनम वांगचुक

**लेह।** लद्दाख को राज्य का दर्जा दिए जाने और संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर अनशन पर बैठे शिक्षा सुधारक सोनम वांगचुक ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से लोगों से किए वादे पूरा करने की अपील की। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किए एक वीडियो में कमजोर दिख रहे वांगचुक ने लद्दाख के लोगों से राष्ट्र हित में इस बार बहुत सावधानीपूर्वक अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने का आह्वान किया। उनके अनशन को मंगलवार को 21 दिर पूरे हो गए। वांगचुक लेह में छह मार्च से शून्य से नीचे तापमान में जलवायु अनशन कर रहे हैं।

### अमेरिका:ट्रैफिक रोकने पर पुलिस अधिकारी को मारी गोली, मौत

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के न्यूयॉर्क में एक ट्रैफिक पुलिस अधिकारी की गोली मारकर हत्या कर दी। घायल पुलिस अधिकारी को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों को मृत घोषित कर दिया। पत्रकारों को संबोधित करते हुए मेयर एरिक एडम्स ने कहा कि यह एक बेहद दर्दनाक घटना है। पुलिस ने बताया कि अधिकारियों ने जवाबी गोलीबारी की और गाड़ी में सवार एक व्यक्ति को घायल कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि घायल अधिकारी को क्षेत्रीय अस्पताल ले जाया गया, जहां पुलिस अधिकारी की मौत हो गई।

# हर देश को राष्ट्रीय संप्रभुता बनाए रखने का अधिकार : एस जयशंकर

## द.चीन सागर में फिलीपींस से विवाद के बीच चीन को दो टूक- भारत करेगा फिलीपींस की मदद

मनीला, एजेंसी

दक्षिण चीन सागर में चीन के साथ फिलीपींस के विवाद के बीच भारत के विदेश मंत्री जयशंकर ने प्रतिक्रिया दी है। जयशंकर ने कहा कि भारत अपनी राष्ट्रीय संप्रभुत्ता को बनाए रखने में फिलीपींस का समर्थन करता है।

जयशंकर ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि मनीला में फिलीपींस के विदेश मंत्री एनरिक मनालो के साथ उनकी बहुत अच्छी बातचीत हुई। उन्होंने कहा कि मैं अपनी राष्ट्रीय संप्रभुत्ता बनाए रखने के लिए फिलीपींस को भारत के समर्थन को मजबूती से दोहराता हूं।

उन्होंने इंडो-पैसिफिक, दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के संगठन (आसियान), पश्चिम एशिया, यूक्रेन, गुट निरपेक्ष आंदोलन और संयुक्त राष्ट्र सहित वैश्विक, क्षेत्रीय और बहुपक्षीय मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। जयशंकर ने कहा कि हम अपना सहयोग बढ़ाने के लिए तत्पर हैं।

उन्होंने कहा मैं इस अवसर पर फिलीपींस की राष्ट्रीय संप्रभुता को बनाए रखने के लिए भारत के समर्थन को दोहराता हूं। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे दुनिया बदल रही है। यह जरूरी है कि भारत और फिलीपींस उभरते मॉडल को आकार देने में अधिक निकटता से सहयोग करें। विदेश मंत्री ने कहा कि प्रत्येक देश को अपनी राष्ट्रीय संप्रभुत्ता को बनाए रखने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि हमने इस पर भी चर्चा की है। जयशंकर ने कहा कि हाल ही में भारत और फिलीपींस के बीच द्विपक्षीय संबंधों में बहुत उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।



फिलीपींस में मंगलवार को द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा करते विदेश सचिव एनरिक मनालो और जयशंकर।

### जयशंकर-एनरिक मनालो के बीच हुई बातचीत

जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने कहा कि फिलीपींस के विदेश मंत्री एनरिक मनालो के साथ गर्मजोशी भरी बातचीत हुई। जयशंकर ने कहा कि इस बैठक में राजनीतिक, रक्षा, सुरक्षा और समुद्री सहयोग, व्यापार और निवेश, बुनियादी ढांचा, विकास सहयोग, शिक्षा, डिजिटल, प्रौद्योगिकी, संस्कृति और वाणिज्य क्षेत्र में संबंधों को आगे बढ़ाने पर व्यापक चर्चा हुई।

### फिलीपींस के समर्थन को लेकर भारत पर बौखलाया चीन

फिलीपींस के साथ चल रहे समुद्री सीमा विवाद को लेकर चीन ने चेतावनी जारी करते हुए कहा कि इस मुद्दे पर तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने भारत से दक्षिण चीन सागर पर चीन के संप्रमुभता के दावों का सम्मान करने की अपील भी की है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि समुद्री विवाद संबंधित देशों के बीच का मुद्दा है और कोई भी तीसरा पक्ष इसमें हस्तक्षेप करने की स्थिति में नहीं है।हम संबंधित पक्ष से दक्षिण चीन सागर के मुद्दों के तथ्यों का सामना करने, चीन की संप्रभुता और समुद्री हितों और दक्षिण चीन सागर में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए क्षेत्रीय देशों द्वारा किए गए प्रयासों का सम्मान करने का आग्रह करते हैं।

# अमेरिका ने जासूसी के लिए चीनी कंपनियों पर लगाये प्रतिबंध

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने चीनी सरकार पर एक व्यापक साइबर जासूसी अभियान चलाने का आरोप लगाया है। अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि चीन की साइबर जासूसी से वैश्विक स्तर पर लाखों लोग प्रभावित हुए हैं। इसने अमेरिकी अधिकारियों, राजनेताओं और कई अन्य लोगों को निशाना बनाया है। इस कारण चीनी कंपनी एडवांस्ड पर्सिस्टेंट थ्रेट 31 पर प्रतिबंध लगाए गए हैं।

यूएस सरकार पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (पीआरसी) से जुड़े इस एपीटी 31 के खिलाफ कई कार्रवाई कर रही है। इसके जाल में अब तक अमेरिकी अधिकारियों, राजनेताओं सहित कई लोग फंस चुके हैं। साथ ही विभिन्न अमेरिकी आर्थिक और रक्षा संस्थाओं और अधिकारियों, विदेशी लोकतंत्र कार्यकर्ताओं, शिक्षाविदों और सरकारी अधिकारियों को भी निशाना बना चुका है। अमेरिकी विदेश विभाग ने सात पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (पीआरसी) हैकरों के खिलाफ आपराधिक आरोपों की घोषणा की है। कई संगठनों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। झाओ, नी और वुहान जियाओरुइज़ी साइंस एंड टेक्नोलॉजी कंपनी, लि. पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की।

# पश्चिमोत्तर पाक में आत्मघाती हमला, चीन के 6 लोगों की मौत

पेशावर, एजेंसी

चीन के बेहद करीबी माने जाने वाले देश पाकिस्तान में मंगलवार को आत्मघाती बम हमले में छह चीनी नागरिकों की मौत हो गई।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसा, घटना उत्तर पश्चिमी पाकिस्तान में आत्मघाती हमलावर के चीनी नागरिकों के काफिले पर अटैक कर दिया, जिसमें भयानक विस्फोट हो गया और छह की मौत हो गई। हमले में कितने लोग घायल हुए हैं फिलहाल इसकी जानकारी नहीं है।

क्षेत्रीय पुलिस प्रमुख मोहम्मद अली ने समाचार एजेंसी रॉयटर्स को बताया कि आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से लदे एक वाहन से चीनी इंजीनियरों के एक काफिले को टक्कर मारी। सभी चीनी इंजीनियर इस्लामाबाद से खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के दासू में अपने शिविर जा रहे थे। मोहम्मद अली ने कहा, हमले में छह चीनी नागरिक और उनके पाकिस्तानी ड्राइवर मारे गए हैं। उन्होंने कहा कि दासू में प्रमुख बांध हैं और इस क्षेत्र में पहले भी इस तरह के हमले हो चुके हैं। साल 2021 में एक बस में हुए विस्फोट में नौ चीनी नागरिकों समेत 13 लोगों की मौत हो गई थी।

### दूसरे सबसे बड़े एयरबेस पर हमला, 4 आतंकी ढेर

पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में आतंकियों ने सोमवार रात तुर्बत अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट और नौसेना एयरबेस पर हमले का प्रयास किया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने नौसेना एयरबेस में हमले को नाकाम करते हुए चार आतंकियों को मार गिराया। वहीं, हमले में सिद्दीक एयरबेस को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। अधिकारियों ने बताया कि जब आतंकियों ने बलूचिस्तान के तुर्बत जिले में नौसैनिक सुविधा में घुसने की कोशिश की तो उन्हें तुरंत पहचान लिया गया और मार दिया गया। हालांकि, पाकिस्तानी सेना ने इस घटना पर अभी कोई टिप्पणी नहीं की है। शुरुआती रिपोर्ट में बताया गया था कि सोमवार की रात आतंकवादियों ने तुर्बत अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (टीयूके) और पाकिस्तान के दूसरे सबसे नौसेना एयर स्टेशन पीएनएस सिद्दीक पर हमला कर दिया। दोनों सुविधाओं के पास भारी गोलीबारी और विस्फोट होने की सूचना थी।

### अभ्यास करते सैनिक...



**श्रीनगर :** बारामूला संभाग के गुलमर्ग सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर तैनात भारतीय सेना स्की गश्ती दल, जम्मू-कश्मीर पुलिस बचाव दल ने उच्च बर्फ स्तर और खराब मौसम की स्थिति में हिमस्खलन बचाव कार्यों में अपनी असाधारण क्षमताओं का प्रदर्शन किया। इस प्रशिक्षण का केंद्र उच्च प्रशिक्षित के सहयोग से है, जो बर्फ के नीचे दबे व्यक्तियों का पता लगाने में माहिर हैं। भारतीय सेना हिमस्खलन बचाव दल के साथ मिलकर काम करते हुए, संभावित हिमस्खलन पीड़ितों की तेजी से पहचान करने और उनका पता लगाने के लिए खतरनाक बर्फ से ढके परिदृश्यों को नेविगेट करते हैं।

# अमेरिका के बाल्टीमोर में जहाज के टकराने से ढहा सबसे लंबा ब्रिज

**बाल्टीमोर, एजेंसी।** बाल्टीमोर का सबसे लंबा फ्रांसिस स्कॉट ब्रिज मंगलवार सुबह एक बड़े मालवाहक जहाज से टकरा जाने के बाद पानी में ढह गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पुल के ढहने से पहले उसमें आग लग गई और कई वाहन नीचे नदी में गिर गए।

जब पुल ढहा तो लगभग सात निर्माण श्रमिक और तीन से चार नागरिक वाहन उस समय ब्रिज पर मौजूद थे। बड़े पैमाने पर हताहत होने की जानकारी सामने आई है। घटना के बाद पुल को वाहनों की आवाजाही के लिए बंद कर दिया गया है। अधिकारियों ने सुरक्षा कारणों से दोनों दिशाओं में जाने वाली सभी लेन बंद कर दी हैं। घटना स्थल पर रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।

बता दें कि मैरीलैंड के बाल्टीमोर में जो ब्रिज है उसकी लंबाई 1.6 मील (2.57 किमी) है। इसका नाम फ्रांसिस स्कॉट ब्रिज है। फ्रांसिस स्कॉट की के नाम पर बने इस पुल को 1977 में खोला गया था।

# महिला सशक्तिकरण को लेकर वैश्विक मंच पर मजबूत भारत

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

- रुचिरा कंबोज ने संयुक्त राष्ट्र में रखा मजबूत पक्ष, यूएन ने की तारीफ



महिला सशक्तिकरण को लेकर भारत ने संयुक्त राष्ट्र में प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराई है। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने इस सम्मेलन में हिस्सा लिया। न्यूयॉर्क स्थित भारतीयों के स्थाई मिशन द्वारा बताया गया कि न्यूयॉर्क में महिलाओं की स्थिति पर 68वें आयोग में भारत द्वारा मजबूत पक्ष रखा गया।

इस सम्मेलन में भारत की ओर रुचिरा कंबोज ने हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने महिला सशक्तिकरण के साथ साथ लैंगिक समानता पर भी अपना मजबूत पक्ष रखा, जिसकी सभी ने खुलकर तारीफ भी की। न्यूयॉर्क स्थित भारतीयों के स्थायी मिशन द्वारा ट्वीट किया गया कि न्यूयॉर्क में महिलाओं की स्थिति पर 68वें आयोग में भारत ने प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराई। भारत द्वारा पैनल में अपने विचार रखे गए और सशक्त पहल की गई। इस वैश्विक मंच पर भारत ने लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण का नेतृत्व किया। आगे बताया गया है कि इस बार भारत द्वारा लैंगिग समानता और महिला सशक्तिकरण पर प्रस्तुति दी गई।

**चेतावनी** द्वीपों के लिए बढ़ रहा खतरा, नासा ने जारी की चिंताजनक रिपोर्ट

# अलनीनो ने तेजी से बढ़ाया समुद्र का जलस्तर

बबलू चंद्रा, नैनीताल

**अमृत विचार :** पिछला वर्ष अलनीनो के नाम रहा। इस दौरान मौसमी बदलाव काफी उतार चढ़ाव पर रहे और शीतकाल लगभग सूखे की भेंट चढ़ गया। इन सबसे परे समुद्र का जलस्तर बढ़ाने में अलनीनो ने बड़ी भूमिका निभाई। नासा ने वर्ष 2023-24 की रिपोर्ट में चिंताजनक खुलासा किया है।

निःसंदेह वैश्विक ताप समुद्री तटों को निगलने में लगा हुआ है। ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं। जिसका असर समुद्र के जलस्तर में पड़ना स्वाभाविक है। यह सूचना आम इंसान की नजर से भले ही साधारण हो, लेकिन वैज्ञानिकों को बड़ी चिंता में डालने वाली है। नासा के अनुसार समुद्र के स्तर में वृद्धि दुनिया भर के तटीय समुदायों को प्रभावित कर रही है, विशेष रूप से समुद्री द्वीपों लिए, जिनके समुद्र में समा जाने से कतई इंकार नही किया जा सकता। हाल में सक्रिय रहा अलनीनो वैश्विक समुद्र स्तर में तेजी से बढ़ोतरी कर गया। डेटासेट से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर वर्ष 2022-23 के जलस्तर का मापन किया गया। जिससे पता चला कि इस वर्ष 0.3 इंच समुद्र के जलस्तर में बढ़ोतरी हुई है। पिछले आंकड़ों की तुलना में यह जलस्तर बहुत तेजी से बड़ा है। जिसकी वजह अलनीनो की सक्रियता रही। नासा के नेतृत्व में यह विश्लेषण समुद्र स्तर के डेटासेट पर आधारित है। जिसमें 30 से अधिक वर्षों के उपग्रह के आंकड़े शामिल किए गए।



समुद्र तट से सटे होनोलूलू द्वीप शहर की तस्वीर।

### 30 वर्ष में 9.4 सेमी बढ़ा समुद्र का जलस्तर

नासा के मुताबिक 1993 के बाद से 23 के बीच वैश्विक औसत समुद्र स्तर में 9 .4 सेंटीमीटर की वृद्धि हुई है। वृद्धि की दर हाल के वर्षों में अधिक रही है। 1993 में 0 .07 इंच (0 .18 सेंटीमीटर) आंकी की गई थी। जिसकी तुलना में अब लगभग दोगुनी से भी अधिक होकर हो चुकी है। वर्तमान दर 0 .17 इंच (0 .42 सेंटीमीटर) प्रति दर्ज की गई है। नासा की समुद्र स्तर परिवर्तन टीम और वाशिंगटन मे महासागर भौतिकी कार्यक्रम के सामुहिक शोध में यह खुलासा हुआ है।

# हमास ने युद्धविराम के नए प्रस्ताव को किया खारिज

**यरूशलम।** हमास ने इजराइल पर नए युद्धविराम प्रस्ताव की प्रमुख मांगों की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए खारिज कर दिया है। इस प्रस्ताव में युद्धविराम और बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने को कहा गया था।

चरमपंथी समूह ने कहा कि उसने मध्यस्थों को सूचित किया है कि वह अपनी मूल स्थिति पर कायम है, जिसे मार्च की शुरुआत में बताया गया था। इसमें कहा गया है कि इजराइल ने 'व्यापक युद्धविराम, गाजा से (बंधकों की) वापसी, विस्थापित लोगों की वापसी और वास्तविक कैदियों की अदला-बदली' की उसकी मूल मांगों का जवाब नहीं दिया है। हमास के बयान से कुछ समय पहले ही संयुक्त राष्ट्र ने गाजा में बंदी बनाए गए सभी लोगों की रिहाई और तत्काल युद्धविराम करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। इस संबंध में इजराइल-अमेरिका के बीच गतिरोध पैदा हो गया।

# भारत का उद्देश्य शांति-सद्भावना को बढ़ाना

जिनेवा, एजेंसी

- जिनेवा में आईपीयू के सम्मेलन में बोले राज्यसभा के उपसभापति

जिनेवा में अंतर-संसदीय संघ (आईपीयू) की 148वीं सभा में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह ने शिरकत की। हरिवंश ने सम्मेलन में कहा कि बढ़ती परस्पर निर्भरता और परस्पर जुड़ाव के युग में दुनिया को कई अंतर्राष्ट्रीय चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

संसदीय कूटनीति इन जटिल चुनौतियों का समाधान करते हुए राष्ट्रों के बीच सहयोग और शांति को बढ़ावा देने का एक अवसर प्रदान करती है। हरिवंश ने कहा कि भारत क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर संसदीय भागीदारी को बढ़ावा देने में विश्वास करता है और अपने ज्ञान और अनुभव को साझा करके क्षमता निर्माण में अन्य देशों की मदद करने के लिए भी तैयार है। गौरतलब है कि पहले सेशन के दौरान पाकिस्तान को आड़े हाथ लेते हुए उन्होंने भारत के खिलाफ लगातार की जा रही बेतुकी बयानबाजी को खारिज किया।



सम्मेलन के दूसरे भाग के दौरान में हरिवंश नारायण सिंह ने संसदीय कूटनीतिः अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए पुलों का निर्माण विषय पर सम्मेलन को संबोधित किया। हरिवंश ने दूर-दूर तक शांति और सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए प्राचीन भारतीय इतिहास का जिक्र भी किया। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने उन्होंने जी20 और पी30 सम्मेलनों की उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला, जो 'वसुधैव कुटुम्बकम' के प्राचीन दर्शन पर आधारित थे। उन्होंने भारत को 'लोकतंत्र की जननी' बताते हुए कहा कि भारत में प्राचीन काल से विचार-विमर्श और सलाहकार निकाय काम करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि लगभग 220 ईसा पूर्व सम्राट अशोक ने शांति और अहिंसा का संदेश फैलाने के लिए भारत से दक्षिण-पूर्व एशिया में कई राजदूत भेजे। इसके अलावा, 48 ईस्वी में, अयोध्या की राजकुमारी राजनयिक संबंध स्थापित करने के लिए दक्षिण कोरिया गईं और वहां राजकुमार से शादी की। उन्होंने कहा कि 'वसुधैव कुटुंबकम' (एक पृथ्वी, एक परिवार) भारतीय सभ्यता का मूल है जो भारत की जी-20 अध्यक्षता का विषय भी था। उन्होंने कहा कि यह वास्तव में इस बहस के आज के विषय यानी अंतरराष्ट्रीय शांति के लिए पुलों का निर्माण को दर्शाता है।